GM
GOOD
MAN
(P&D)

OXFORD CURRENT ENGLISH TRANSLATION

Md. Shamim

शिक्षक एवं शैक्षिक संस्थानों हेतु विशेष सूचना

विगत कई दशकों से अनुभवी एवं विद्वान् शिक्षकों ने यह अनुभव किया है कि Good Man (P&D) की पुस्तकों के वर्गानुसार पठन-पाठन से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपेक्षाकृत अल्प अवधि एवं न्यून श्रम में ही शत-प्रतिशत सफलता मिलती है। वर्गानुसार वे पुस्तकें निम्नलिखित हैं—

वर्ग I–II के लिए

- ☐ Oxford Baby English Translation
- ☐ Oxford Baby English Grammar
- ☐ Oxford Baby Pictorial Essays & Conversations
- ☐ सहज शिशु हिन्दी व्याकरण और रचना
- ☐ ***Goodman's*** बेबी जी॰ के॰, जी॰ एस॰ एवं रीजनिंग

वर्ग III–IV के लिए

- ☐ Oxford Basic English Translation
- ☐ Oxford Basic English Grammar
- ☐ Oxford Basic Pictorial Essays & Conversations
- ☐ सहज बाल हिन्दी व्याकरण और रचना
- ☐ ***Goodman's*** बेसिक जी॰ के॰, जी॰ एस॰ एवं रीजनिंग

वर्ग V–VI के लिए

- ☐ Oxford Easy English Translation
- ☐ Oxford Easy English Grammar
- ☐ Oxford Easy Essays Letters & Conversations
- ☐ सहज प्रारंभिक हिन्दी व्याकरण और रचना
- ☐ ***Goodman's*** ईजी जी॰ के॰, जी॰ एस॰ एवं रीजनिंग

वर्ग VII–VIII के लिए

- ☐ Oxford Junior English Translation
- ☐ Oxford Junior English Grammar
- ☐ Oxford Junior Essays Letters & Conversations
- ☐ सहज जूनियर हिन्दी व्याकरण और रचना
- ☐ ***Goodman's*** जूनियर जी॰ के॰, जी॰ एस॰ एवं रीजनिंग

वर्ग IX, X एवं +2 के लिए

- ☐ Oxford Current English Translation
- ☐ Oxford Current English Grammar
- ☐ Oxford Current Essays & Letters (for IX & X)
- ☐ Oxford Senior Essays & Letters (for +2)
- ☐ **Oxford Current Comprehension & Composition**
- ☐ सहज हाईस्कूल हिन्दी व्याकरण और रचना
- ☐ ***Goodman's*** करंट जी॰ के॰, जी॰ एस॰ एवं रीजनिंग

☐ ***Goodman's*** Key to English Grammar

For CBSE/ICSE/CISCE

For Std. I–II

- ☐ ***Goodman's*** Baby English Grammar & Composition
- ☐ ***Goodman's*** Baby G.K., G.S. & Reasoning
- ☐ सहज शिशु हिन्दी व्याकरण और रचना

For Std. III–IV

- ☐ ***Goodman's*** Basic English Grammar & Composition
- ☐ ***Goodman's*** Basic G.K., G.S. & Reasoning
- ☐ सहज बाल हिन्दी व्याकरण और रचना

For Std. V–VI

- ☐ ***Goodman's*** Easy English Grammar & Composition
- ☐ ***Goodman's*** Easy G.K., G.S. & Reasoning
- ☐ सहज प्रारंभिक हिन्दी व्याकरण और रचना

For Std. VII–VIII

- ☐ ***Goodman's*** Junior English Grammar & Composition
- ☐ ***Goodman's*** Junior G.K., G.S. & Reasoning
- ☐ सहज जूनियर हिन्दी व्याकरण और रचना

For Std. IX, X & +2

- ☐ ***Goodman's*** Current English Grammar & Composition
- ☐ ***Goodman's*** Current G.K., G.S. & Reasoning
- ☐ सहज हाईस्कूल हिन्दी व्याकरण और रचना

- ☐ ***Goodman's*** Key to English Grammar & Composition

For UPSC, State PSC, UGC Net, JRF, Slat, etc.

- ☐ ***Goodman's*** General English
- ☐ ***Goodman's*** Objective General English
- ☐ ***Goodman's*** सामान्य हिंदी
- ☐ ***Goodman's*** वस्तुनिष्ठ सामान्य हिंदी

- ☐ ***Goodman's*** हिंदी साहित्य का वस्तुनिष्ठ स्वरूप
- ☐ ***Goodman's*** साहित्यिक निबंध
- ☐ ***Goodman's*** स्तरीय हिंदी निबंध

उपर्युक्त तीनों पुस्तकों के लेखक—प्रो० (डॉ०) **गणेश प्रसाद**, पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य, हिन्दी विभाग, बी० आर० ए० बिहार वि० वि० मुजफ्फरपुर (बिहार), संप्रति : परामर्शक इग्नू एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना

—**Publisher**

For Fundamental Concept of English Translation

OXFORD CURRENT ENGLISH TRANSLATION

New Edition

Must Read Chapter No. 21:
Short Forms for
Spoken & Written English

Prof R. K. Sinha

M. A. (English), M. Ed.

GOOD MAN (P & D)
GOODMAN HOUSE, BARIPATH, LANGERTOLI, PATNA – 800 004

Published by
Birendra Kumar Sinha
Good Man (P & D), Goodman House, Baripath, Langertoli
Opp. Popular Palace, Patna – 800 004 (Bihar)
Office Nos. : 9835223140, 9939776584
Only For Complaints & Suggestions : 9835406788
Website : www.goodmanpnd.com
e-mail : bksinhagm@gmail.com
facebook.com/goodmanhousepatna

© Author

All rights reserved under the copyright act. No part of this publication may be reproduced, transcribed, transmitted, stored in a retrieval system or translated into any language or computer language, in any form or by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopy or otherwise without the prior permission of the copyright owner. Any person who does any unauthorised act in relation to this publication may be liable to criminal prosecution and civil claims for damages.

Jurisdiction : All disputes with respect to this publication shall be subject to the jurisdiction of the courts, tribunals and forums of Patna, Bihar only.

First Edition : 1994
Reprint : 1995, 1996, 1997, 1998, 1999, 2000, 2001, 2002, 2003, 2004, 2005, 2006, 2007 2008, 2009, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016, 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022

ISBN : 81–89145–00–2

असली Hologram की पहचान—इस किताब के Cover पर Good Man (P & D) का असली Hologram सटा हुआ है जिसकी विशेषताएँ इस प्रकार हैं—

यह Hologram 3D-effect वाला है जो पूर्णतः latest technology पर आधारित है। इसके मध्य में एक ग्लोबनुमा आकृति है जिस पर GM लिखा हुआ है। यह ग्लोब बाहर निकला हुआ प्रतीत होता है। पुस्तक को थोड़ा हिलाने-डुलाने पर ग्लोब और GM हिलता-डुलता नजर आता है। ग्लोब के ऊपर दाईं तरफ एक चिड़िया पंख फैलाए हुए है। पुस्तक को थोड़ा हिलाने-डुलाने पर चिड़िया पंख फैलाए उड़ती हुई नजर आती है। ग्लोब के बाएँ-दाएँ मोतियों की एक-एक लड़ी है। पुस्तक को बाएँ-दाएँ हिलाने पर ये लड़ियाँ चमकती और हिलती हुई नजर आती हैं। ग्लोब के नीचे GOOD MAN (P & D) विभिन्न रंगों में लिखा हुआ दिखाई पड़ता है। पुस्तक को बाएँ-दाएँ हिलाने-डुलाने पर Hologram के ऊपरी भाग में महीन तारों के छल्ले एक जगह से दूसरी जगह खिसकते नजर आते हैं।

The correct price of this publication is the price printed on this page. Any revised price indicated by a rubber stamp or by a sticker or by any other means is incorrect and should be unacceptable.

Price : ₹ 70/- (Seventy only)

Typesetter : Seen Graphics, Patna – 800 006, Mobile : 9835066546
Printed at : B. Printer, Patna – 800 006

लेखक, R.K. Sinha की घोषणा

प्रिय पाठक महोदय,

जब से 'OXFORD' नाम से Grammar एवं Translation की विभिन्न पुस्तकें अँगरेजी शिक्षा-जगत् में आप सबके प्यार और विश्वास के कारण विख्यात होने लगी, तब से नकली लेखक और कपटी प्रकाशक की गिद्ध-दृष्टि इस पर पड़ने लगी, फलतः वे कभी 'R. K. Sinha' के नाम पर, तो कभी 'OXFORD' के नाम पर मेरी पुस्तकों की नकल करके कुछ पुस्तकें प्रकाशित करते रहें हैं। वे अपनी नकली पुस्तकें चलाने और मेरी original पुस्तकों को दबाने के लिए वे कुछ बुकसेलरों/विद्यालयों को बहुत ज्यादा Discount भी देने का प्रयास करते रहे हैं, फिर भी आप शिक्षकों/अभिभावकों/विद्यार्थियों/ईमानदार बुकसेलरों की सजग दृष्टि के कारण वे कभी सफल न हुए। आज तक उन शरारती तत्वों को असफलता ही हाथ लगी है। शैक्षिक जगत् को भ्रमित करनेवाला यह खेल अब हमेशा के लिए पूरी तरह समाप्त होना चाहिए।

अतः मैंने GOOD MAN (P & D) के प्रकाशक महोदय से आग्रह किया है कि अभी फिलहाल प्रत्येक बुक-कॅवर के ऊपर अंकित मेरे नाम (R.K. Sinha) को होलोग्राम (स्टीकर) से ढककर मार्केटिंग किया जाए, बाद में सन् 2020 से कॅवर के ऊपर से नाम हटा दिया जाए। संभव हो तो 'OXFORD' शब्द भी पुस्तकों के नाम से, सन् 2025 से हटा दिया जाय। किताब के तीसरे पृष्ठ पर लेखक के रूप में मेरा नाम है और हमेशा रहेगा। हाँ, आवश्यकता है आप लोगों का प्यार और विश्वास इसी तरह मिलता रहे। आप सिर्फ और सिर्फ GOOD MAN (P & D) को हमेशा ध्यान में रखकर ही पुस्तक खरीदें।

असली किताब की पहचान—

1. किताब के कॅवर के ऊपर बायीं तरफ यह (logo) देखें।
2. किताब के तीसरे पृष्ठ के निचले भाग में निम्नलिखित नाम-पता देखें :

GOOD MAN (P & D)
GOODMAN HOUSE, BARIPATH, LANGERTOLI, PATNA - 800 004

3. असली होलोग्राम की पहचान से संबद्ध सूचनाएँ भी अवश्य पढ़ें।

Edition 2018 के संबंध में

यह पुस्तक विगत कई दशकों से अँगरेजी पठन-पाठन के क्षेत्र में सबसे बड़ा कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। करोड़ों पाठक मात्र इस पुस्तक के द्वारा अनुवाद के माध्यम से **Spoken English** और Fundamental Grammatical Matter को सीखकर अँगरेजी भाषा में महारत हासिल कर चुके हैं। फिर भी, लगभग 12.5% Below Average पाठकों को अभी भी Spoken English एवं 'Articles' के प्रयोग में थोड़ी-बहुत कठिनाई होती रही है। चूँकि प्रकाशक महोदय, **प्रो॰ बी॰ के॰ सिन्हा** का लक्ष्य 100% पाठकों को पूर्णतः संतुष्ट करना है, अतः इस New Edition में उनके निदेशानुसार निम्नलिखित बातों पर बल दिया गया है—

1. Spoken English में Accuracy एवं Fluency बढ़ाने के लिए लगभग प्रत्येक Chapter के अंत में, **Solution** के रूप में Solved Exercises दिए गए हैं, उन्हें बार-बार पढ़ें, इनसे Word-stock और Fluency में बढ़ोतरी होगी; Spoken English का आपका स्वप्न साकार होगा।

2. संपूर्ण पुस्तक में दिए गए Exercises (Advanced Learner's Exercises, Miscellaneous Exercises एवं Exercises for Revision को छोड़कर) के अंतर्गत लगभग वे सभी शब्द रेखांकित किए गए हैं जिनके पहले 'The' का प्रयोग आवश्यक है।

3. समय-समय पर शत-प्रतिशत शिक्षक/अभिभावक/विद्यार्थी इस पुस्तक की भूरि-भूरि प्रशंसा करते रहे हैं, लेकिन साथ-ही-साथ उनका सुझाव भी रहा है कि Advanced Learner's Exercises, Miscellaneous Exercises एवं Exercises for Revision के यदि Solutions मिल जाएँ, तो यह पुस्तक और भी उपयोगी सिद्ध होगी। उनके इस सुझाव को देखते हुए New Edition 2018 में, उपर्युक्त सारे Exercises के **Solutions** Solved Exercises के रूप में उपलब्ध करा दिए गए हैं।

भविष्य में शिक्षक/अभिभावक/विद्यार्थी के अन्य सुझावों की पूर्ववत् प्रतीक्षा सधन्यवाद रहेगी।

—लेखक

Edition 2020 के संबंध में

इस Edition में निम्नलिखित बातों पर विशेष बल दिया गया है :

1. Spoken & Written English में प्रयुक्त विभिन्न Short Forms की सही जानकारी के लिए एक नया Chapter No. 21 जोड़ा गया है, इसे अवश्य पढ़ें। हाँ, Question Tags वाले चैप्टर को भी एक बार अवश्य देख लें।
2. Vocabulary में निहित कुछ words के synonyms और Verb Forms वाले चैप्टर में Verbs के -s/es form भी जोड़े गए हैं, ताकि विद्यार्थियों का ज्ञानवर्द्धन हो।
3. Advanced Learner's Exercises, Miscellaneous Exercises एवं Exercises for Revision के जो solutions दिए गए हैं, वे वस्तुत: शिक्षकों की शैक्षणिक सुविधा हेतु हैं। उक्त Exercises को Test के रूप में, विद्यार्थियों से, कक्षा में ही बनवाएँ। विद्यार्थी नकल न कर लें, अत: Translation की इस पुस्तक को Test के समय अपने पास रख लें। फिर विद्यार्थियों से हिन्दी / अँगरेजी के वाक्यों को Dictate करके लिखवाएँ, फिर उन्हें Translate करने के लिए कहें। हिन्दी और अँगरेजी अनुवाद सीखने के साथ-साथ विद्यार्थियों की हिन्दी और अँगरेजी शब्दों की वर्तनी भी शुद्ध हो जाएगी।
4. Edition 2018 में Advanced Learner's Exercises, Miscellaneous Exerices एवं Exercises for Revision के जो solutions जोड़े गए थे, उनमें कहीं-कहीं कुछ Errors आ गए थे, उन्हें इस Edition में सुधार दिया गया है।

अब यह पुस्तक पहले की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध होगी, फिर भी आप शिक्षकों के सुझाव की प्रतीक्षा रहेगी।

–लेखक

CONTENTS

Chapter Headings *Page No.*

1. Use of Am, Is and Are 9
2. Use of Was and Were 20
3. Use of Shall be and Will be 26
4. Use of A, An and The 34
5. Use of This, That, These and Those 51
6. Possessive Adjectives, Possessive Pronouns & Possessive Case of Nouns 54
7. Use of Verb 'to have' 69
8. Use of Infinitive with Verb 'to have' 77
9. Use of Infinitive with Verb 'to be' 87
10. The Tense 95
11. The Future Tense & Future Time 176
12. Adjectives of Quantity and Number 193
13. Some More Hints on Interrogative Sentences 196
14. Question Tags 205
15. Introductory 'There' 220
16. Introductory 'It' 228
17. Use of Can, May, Should, Must & Ought 232
18. Forms of Subjects 237
19. Voice 251
20. Direct & Indirect Speech/Narration 268
21. Short Forms for Spoken & Written English 286
22. Exercises for Revision 288
23. Verb Forms 312

❑ ❑ ❑

1. Use of Am, Is and Are

जब वाक्य के अंत में 'हूँ, है, हो' या 'हैं' मुख्य क्रिया के रूप में रहता है, तब वाक्य के कर्ता के अनुसार am/is/are का प्रयोग होता है, जैसा कि आप नीचे दिए गए उदाहरणों में पाएँगे।

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I am happy. मैं खुश हूँ।	We are happy. हमलोग खुश हैं।
Second Person	You are happy. तुम खुश हो। आप खुश हैं।	You are happy. तुमलोग खुश हो। आपलोग खुश हैं।
Third Person	He She It Ram] is happy. वह/राम खुश है।	They The boys] are happy. वे लोग खुश हैं। लड़के खुश हैं।

अब इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ें और समझने का प्रयास करें—

1. मैं गरीब हूँ।	I am poor.
2. मैं चालाक हूँ।	I am clever.
3. हमलोग धनी हैं।	We are rich.
4. आप बुद्धिमान् हैं।	You are wise.
5. आपलोग स्वस्थ हैं।	You are healthy.
6. तुम/तुमलोग वीर हो।	You are brave.
7. वह (पु॰) ईमानदार है।	He is honest.
8. वह (स्त्री॰) लंबी है।	She is tall.
9. वह (निर्जीव) मजबूत है।	It is strong.
10. वह (स्त्री॰) सुंदर है।	She is beautiful.
11. रामू दुबला है।	Ramu is thin.
12. वे लोग मेहनती हैं।	They are laborious.
13. लड़के नटखट हैं।	The boys are naughty.
14. मेरा दोस्त उदास है।	My friend is sad.
15. तुम और मैं प्रसन्न हूँ।	You and I are happy.

16. राम और श्याम अच्छे हैं। Ram and Shyam are good.
17. गीता कमजोर है। Geeta is weak.
18. भारतीय बहादुर हैं। Indians are brave.
19. आप सही हैं। You are right.
20. तुम गलत हो। You are wrong.
21. मैं सही हूँ। I am right.

Note: ऊपर दिए गए वाक्यों में अगर भूतकालिक समयसूचक शब्द रहे, तो वाक्यों का अनुवाद have been/has been के प्रयोग से होगा। जैसे—''मैं दो दिनों से बीमार हूँ'' का अनुवाद "I have been ill for two days" होगा, परंतु ''मैं बीमार हूँ'' का अनुवाद "I am ill" होगा। इस अंतर को ध्यान में रखें। have been/has been का प्रयोग Present Perfect Tense और Present Perfect Continuous Tense में विस्तारपूर्वक किया गया है।

Exercise 1

Translate into English—

मैं खुश (happy) हूँ। मैं स्वस्थ हूँ। मैं चालाक हूँ। तुम बुद्धिमान् हो। आपलोग मेहनती हैं। तुमलोग ईमानदार हो। आप बहादुर हैं। हमलोग अमीर हैं। हमलोग दयालु हैं। राम तेज है। श्याम उदास है। वह मोटा है। वह मोटी है। वह दुबला है। वह दुबली है। ललन मजबूत है। वह (निर्जीव) कड़ा है। बच्चा उदास है। बच्चे उदास हैं। वे लोग स्वस्थ हैं। वे लोग भूखे हैं। वह पागल है। सीता सुंदर है। राम दयालु है। लड़का अच्छा है। लड़के अच्छे हैं। मोहन डरपोक है। मेरा भाई चालाक है। गीता कमजोर है। वह दुष्ट है। वे क्रूर हैं। तुम और मैं भूखा हूँ। राम और मैं प्रसन्न (happy) हूँ। तुम और गीता अमीर हो। राम और श्याम तेज हैं। वे लोग मजबूत और मेहनती हैं। राम और मदन बहादुर एवं तेज हैं।

Vocabulary: स्वस्थ—healthy, चालाक—clever, बुद्धिमान्—wise, मेहनती—laborious, ईमानदार—honest, बहादुर—brave, अमीर—rich, दयालु—kind, तेज—intelligent, उदास—sad, मोटा—fat, दुबला—thin, मजबूत—strong, कड़ा—hard, भूखा—hungry, पागल—mad, crazy, सुंदर—beautiful, अच्छा—good, डरपोक—timid, coward, कमजोर—weak, दुष्ट—wicked, क्रूर—cruel.

ऊपर आपने am/is/are के बाद adjective का प्रयोग किया है। अब am/is/are के बाद noun के प्रयोग को देखें—

1. मैं एक विद्यार्थी हूँ। I am a student.
2. तुम एक गायक हो। You are a singer.
3. आप एक डॉक्टर हैं। You are a doctor.
4. वह एक अभियंता है। He is an engineer.
5. वह एक गायिका है। She is a singer.
6. रीता एक नर्स है। Reeta is a nurse.
7. हमलोग विद्यार्थी हैं। We are students.

8. आपलोग किसान हैं।	You are farmers.
9. राम और श्याम डॉक्टर हैं।	Ram and Shyam are doctors.
10. वे लोग शिक्षक हैं।	They are teachers.
11. तुमलोग लड़के हो।	You are boys.
12. रीता और गीता गायिका हैं।	Reeta and Geeta are singers.

अब इन वाक्यों को पढ़ें और समझें :

1. वे एक शिक्षक हैं।	He is a teacher.
2. वे एक गायिका हैं।	She is a singer.
3. वे एक अभिनेता हैं।	He is an actor.

Exercise 2

Translate into English—

मैं एक किसान हूँ। आप एक कवि हैं। तुम एक नौकर हो। वह एक नर्स है। वह एक कलाकार है। वह एक गायिका है। वह एक अभियंता है। वे एक शिक्षक हैं। रवि एक नेता है। श्याम एक डाकिया है। रीता एक डॉक्टर है। आपलोग डॉक्टर हैं। वे लोग किसान हैं। रामू और गोपी नौकर हैं। तुम एक किसान हो। तुमलोग किसान हो। आप एक अफसर हैं। आपलोग अफसर हैं। राम एक लेखक है। राम और श्याम लेखक हैं। मैं कवि हूँ। हमलोग कवि हैं। वह नर्तकी है। वे नर्तकियाँ हैं। मेरे पिता नेता हैं। मेरे दोस्त लोग नेता हैं। लड़का एक छात्र है। लड़के छात्र हैं। शिक्षक एक लेखक है। शिक्षक लोग लेखक हैं।

Vocabulary : किसान—farmer, cultivator, peasant, कवि—poet, नौकर—servant, नर्स—nurse, कलाकार—artist, गायिका—singer, अभियंता—engineer, शिक्षक—teacher, नेता—leader, डाकिया—postman, डॉक्टर—doctor, अफसर—officer, लेखक—writer, नर्तकी—dancer, विद्यार्थी/छात्र—student, pupil.

Negative Sentences (नकारात्मक वाक्य)

आप ऐसे वाक्यों पर विचार करें जो नकारात्मक (negative) हैं। जैसे—मैं खुश नहीं हूँ। वे लोग किसान नहीं हैं।

ऐसे वाक्यों का अनुवाद करना बहुत ही आसान है। आप am/is/are के बाद सिर्फ not लगा दें।

Solved Examples:

1. मैं बुरा नहीं हूँ।	I am not bad.
2. तुम चालाक नहीं हो।	You are not clever.
3. हमलोग क्रूर नहीं हैं।	We are not cruel.
4. राम धनी नहीं है।	Ram is not rich.
5. वे लोग ईमानदार नहीं हैं।	They are not honest.
6. राम और रवि तैयार नहीं हैं।	Ram and Ravi are not ready.

7. लड़के कमजोर नहीं हैं।	The boys are not weak.
8. वह चोर नहीं है।	He is not a thief.
9. तुम छात्र नहीं हो।	You are not a student.
10. हमलोग नेता नहीं हैं।	We are not leaders.
11. आपलोग मंत्री नहीं हैं।	You are not ministers.
12. वे लोग शिक्षक नहीं हैं।	They are not teachers.

Exercise 3

Translate into English—

मैं दुःखी (sad) नहीं हूँ। मैं डरपोक नहीं हूँ। हमलोग भूखे नहीं हैं। हमलोग तैयार (ready) नहीं हैं। तुम अस्वस्थ नहीं हो। आप मोटे नहीं हैं। आपलोग मेहनती नहीं हैं। वह पागल नहीं है। वह मोटी नहीं है। रवि आलसी नहीं है। किसान आलसी नहीं है। किसान लोग आलसी नहीं हैं। गीता कुरूप नहीं है। वे लोग अशिक्षित नहीं हैं। बच्चा भूखा नहीं है। बच्चे भूखे नहीं हैं। मेरा भाई बहरा नहीं है। भारतीय किसान धनी नहीं हैं। मदन और गणेश फुरतीले नहीं हैं। वह (स्त्री०) प्रसन्न नहीं है। मैं नौकर नहीं हूँ। हमलोग नेता नहीं हैं। तुम किसान नहीं हो। आप चोर नहीं हैं। आपलोग शिक्षक नहीं हैं। वह नर्स नहीं है। वह छात्र नहीं है। लता डॉक्टर नहीं है। वे लोग अभियंता नहीं हैं। विजय और मोहन गायक नहीं हैं। मेरे पिताजी डॉक्टर नहीं हैं। मेरे शिक्षकगण नेता नहीं हैं।

Vocabulary: डरपोक—timid, coward, भूखा—hungry, अस्वस्थ—unhealthy, unwell, मोटा—fat, मेहनती—laborious, पागल—mad, crazy, आलसी—idle, lazy, कुरूप—ugly, अशिक्षित—uneducated, बच्चे—children, kids, बहरा—deaf, भारतीय—Indian, धनी—rich, wealthy, फुरतीला—active, प्रसन्न—happy, नेता—leader, चोर—thief, अभियंता—engineer, गायक—singer.

Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्य)

कुछ प्रश्नवाचक वाक्य 'क्या' से शुरू होते हैं। जैसे—क्या तुम चालाक हो ? क्या आप डॉक्टर हैं ?

ऐसे वाक्य जो 'क्या' से शुरू हों, उनका अनुवाद Subject के अनुसार Am/Is/Are से शुरू करें। जैसे—

1. क्या मैं अंधा हूँ ?	Am I blind?
2. क्या आप बहरे हैं ?	Are you deaf?
3. क्या वह मोटी है ?	Is she fat?
4. क्या तुम गरीब हो ?	Are you poor?
5. क्या बच्चे भूखे हैं ?	Are the children hungry?
6. क्या वह नाविक है ?	Is he a sailor?
7. क्या तुम छात्र हो ?	Are you a student?
8. क्या आपलोग किसान हैं ?	Are you farmers?

Negative Interrogative Sentences

1. क्या आप भाग्यशाली नहीं हैं ?	Are you not lucky?
2. क्या तुम डरपोक नहीं हो ?	Are you not timid?
3. क्या वह मोटी नहीं है ?	Is she not fat?
4. क्या वह चोर नहीं है ?	Is he not a thief?
5. क्या वे लोग नेता नहीं हैं ?	Are they not leaders?
6. क्या आपके चाचा डॉक्टर नहीं हैं ?	Is your uncle not a doctor?

Exercise 4

Translate into English—

क्या मैं पागल हूँ ? क्या तुम तैयार हो ? क्या हमलोग गलत हैं ? क्या वह विनम्र है ? क्या वे लोग थके हैं ? क्या रीता निर्दोष है ? क्या आपका भाई तेज है ? क्या रामू दुष्ट नहीं है ? क्या मैं भाग्यशाली नहीं हूँ ? क्या वह बेईमान नहीं है ? क्या बच्चा नटखट नहीं है ? क्या बच्चे नटखट नहीं हैं ? क्या आपकी पत्नी शर्मीली नहीं है ? क्या तुम बेईमान नहीं हो ? क्या हमारे देश के नेता महान् नहीं हैं ? क्या मैं नौकर हूँ ? क्या मैं छात्र नहीं हूँ ? क्या हमलोग शिक्षक हैं ? क्या हमलोग अभियंता नहीं हैं ? क्या तुम डाकिया हो ? क्या तुम एक किरानी नहीं हो ? क्या आपलोग डॉक्टर हैं ? क्या वह गायिका है ? क्या लड़की नर्तकी नहीं है? क्या लड़कियाँ नर्तकियाँ नहीं हैं ? क्या वे लोग चोर हैं ? क्या वे लोग डाकू नहीं हैं ?

Vocabulary: पागल—mad, crazy, तैयार—ready, गलत—wrong, विनम्र—humble, थका—tired, निर्दोष—innocent, blameless, तेज—intelligent, दुष्ट—wicked, भाग्यशाली—lucky, fortunate, बेईमान—dishonest, नटखट—naughty, पत्नी—wife, शर्मीली—shy, bashful, हमारे देश के नेता—the leaders of our country, महान्—great, नौकर—servant, डाकिया—postman, किरानी—clerk, गायिका—singer, नर्तकी—dancer, चोर—thief, डाकू—robber, dacoit.

Why & How का प्रयोग

जब वाक्य में क्यों (Why) या कैसे (How) प्रयुक्त रहता है, तब Sentence की बनावट इस प्रकार हो जाती है—

Why
How] + am / is / are + subject + (not) + complement?

Complement का अर्थ 'पूरक' होता है। आप यहाँ Complement के स्थान पर adjective/noun दें।

Solved Examples:

1. मैं कैसे दोषी हूँ ?	How am I guilty?
2. हमलोग कैसे गरीब हैं ?	How are we poor?
3. वे लोग कैसे बुरे हैं ?	How are they bad?

4. वह क्यों दुःखी है ? Why is he sad?
5. तुम क्यों तैयार नहीं हो ? Why are you not ready?
6. वे लोग क्यों उपस्थित नहीं हैं ? Why are they not present?
7. आप कैसे बेईमान नहीं हैं ? How are you not dishonest?
8. मैं कैसे एक चोर हूँ ? How am I a thief?
9. हमलोग कैसे नेता नहीं हैं ? How are we not leaders?
10. आपके पिताजी कैसे एक कवि नहीं हैं ? How is your father not a poet?
11. तुम एक डॉक्टर क्यों नहीं हो ? Why are you not a doctor?

Exercise 5

Translate into English—

मैं कैसे बेईमान (dishonest) हूँ ? वह क्यों तैयार है ? रीता क्यों अनुपस्थित है ? आप कैसे निर्दोष हैं ? तुम क्यों रंज हो ? वे लोग क्यों गरीब हैं ? तुम क्यों परेशान हो ? लड़के क्यों भूखे है ? मरीज क्यों दुःखी है ? मरीज लोग क्यों दुःखी हैं ? हमलोग कैसे क्रूर हैं ? वह कैसे कुरूप है ? वह क्यों बीमार है ? आप क्यों गरीब हैं ? वह क्यों उपस्थित नहीं है ? सीता कैसे सुन्दर नहीं है ? वे लोग क्यों संतुष्ट नहीं हैं ? मैं कैसे दयालु नहीं हूँ ? विद्यार्थीगण कैसे नेक और विनम्र नहीं हैं ? तुम क्यों प्रसन्न नहीं हो ? आप क्यों नियमित नहीं हैं ? मैं कैसे नियमित नहीं हूँ ? पिताजी क्यों तैयार नहीं हैं ? आपलोग कैसे बेईमान नहीं हैं ? वह कैसे धनी नहीं है ? मैं कैसे एक अच्छा आदमी नहीं हूँ ? वह कैसे एक चोर है ? आप एक नेता क्यों नहीं हैं ? आपलोग क्यों डॉक्टर नहीं हैं ? वह क्यों एक नर्स है ?

Vocabulary: अनुपस्थित—absent, निर्दोष—innocent, blameless, रंज—angry, annoyed, गरीब—poor, परेशान—troubled, distressed, भूखा—hungry, मरीज—patient, दुःखी—sad, क्रूर—cruel, कुरूप—ugly, बीमार—ill, sick, उपस्थित—present, सुन्दर—beautiful, संतुष्ट—satisfied, दयालु—kind, नेक—gentle, good, virtuous, विनम्र—humble, प्रसन्न—happy, glad, नियमित—regular, अच्छा आदमी—good man, चोर—thief, नेता—leader, नर्स—nurse.

अब आपको पिछले Exercises में दिए गए sentence patterns को मिलाकर दिया जा रहा है। जैसे—

1. वह गरीब है। He is poor.
2. वह गरीब नहीं है। He is not poor.
3. क्या वह गरीब है ? Is he poor?
4. क्या वह गरीब नहीं है ? Is he not poor?
5. वह कैसे गरीब है ? How is he poor?
6. वह कैसे गरीब नहीं है ? How is he not poor?

Exercise 6

Translate into English—

बच्चे क्यों भूखे हैं ? आप मूर्ख और घमंडी हैं। क्या वह तैयार नहीं है ? वे लोग क्यों उदास हैं ? मेरा दोस्त दोषी नहीं है। वे लोग शिक्षित नहीं हैं। क्या आप पागल हैं ? वह कैसे बेईमान नहीं है ? तुमलोग क्यों थके हो ? वह कैसे सुंदर नहीं है ? आप अशिक्षित हैं। क्या तुम्हारा भाई मेहनती नहीं है ? वे लोग विनम्र क्यों नहीं हैं ? आप क्यों उदास हैं ? मोहन एक नेता नहीं है। वे एक शिक्षक हैं। क्या हमलोग किसान नहीं हैं ? आप कैसे एक कलाकार हैं ? आपलोग कैसे चोर नहीं हैं ? क्या तुम्हारे भाई लोग नाविक हैं ? क्या मेरे पिताजी गायक नहीं हैं ? क्या हमलोग खिलाड़ी हैं ? आपलोग अच्छे विद्यार्थी हैं। मेरे पड़ोसी लोग हाकिम हैं।

Vocabulary: भूखा—hungry, मूर्ख—foolish, घमंडी—proud, arrogant, तैयार—ready, दोषी—guilty, faulty, शिक्षित—educated, पागल—mad, crazy, बेईमान—dishonest, थका—tired, सुंदर—beautiful, अशिक्षित—uneducated, मेहनती—laborious, विनम्र—humble, कलाकार—artist, नाविक—sailor, गायक—singer, खिलाड़ी—player, पड़ोसी—neighbour, हाकिम—officer.

Note: अगर आप Ex 6 आसानी से नहीं बना पाते या अधिक गलतियाँ करते हैं, तो Ex 1 से Ex 5 तक को पुनः दोहराएँ।

अब हम कुछ ऐसे वाक्यों पर विचार करें जिनके अंत में 'होता है', 'रहता है', 'लगता है' इत्यादि रहते हैं। ऐसे वाक्यों से यदि किसी का स्वभाव सूचित हो, तो उनकी अँगरेजी is/am/are से बनेगी। जैसे—

1. दूध उजला होता है।	Milk is white.
2. दूध मीठा होता है।	Milk is sweet.
3. पानी ठंडा होता है।	Water is cold.
4. चीनी मीठी होती है। चीनी मीठी लगती है।	Sugar is sweet.
5. आदमी मरणशील होता है।	Man is mortal.
6. शिक्षक दयालु होते हैं।	Teachers are kind.
7. बच्चे नटखट होते हैं।	Children are naughty.
8. सूर्य गरम होता है।	The sun is hot.
9. सिंह बहादुर होता है।	The lion is brave.
10. दूध लाभदायक होता है।	Milk is useful.
11. आम मीठा होता है।	The mango is sweet.
12. गरीब ईमानदार होते हैं।	The poor are honest.

[milk, water और sugar Material Nouns हैं। अतः सामान्य अर्थ में इनके पहले 'the' का प्रयोग नहीं होगा।]

Exercise 7

Translate into English—

साधु (saint) दयालु होते हैं। गाय नेक होती है। बिल्ली फुरतीली (active) होती है। गरीब ईमानदार होते हैं। किसान परिश्रमी होते हैं। आम मीठा लगता है। घोड़े और कुत्ते वफादार होते हैं। शिक्षक दयालु होते हैं। कोयला काला होता है। चीनी मीठी होती है। पानी ठंडा होता है। बर्फ ठंडी होती है। आग गरम होती है। साँप डरावना होता है। भारतीय किसान मेहनती होते हैं। मनुष्य मरणशील होता है। सिंह मजबूत होता है। बच्चे नटखट होते हैं। माँ दयालु होती है। बच्चे सीधे होते हैं। चाँदनी रात ठंडी होती है। सूर्य गरम होता है।

Vocabulary: दयालु—kind, नेक—gentle, गरीब लोग—the poor (poor का अर्थ है गरीब तथा the poor का अर्थ है गरीब लोग और यह plural number में है। इस वाक्य में गरीब का अर्थ है—गरीब लोग), किसान—farmer, परिश्रमी—laborious, मीठा—sweet, वफादार—faithful, loyal, reliable, शिक्षक—teacher, कोयला—coal, काला—black, चीनी—sugar, बर्फ—snow, ice, ठंडी—cold, आग—fire, गरम—hot, साँप—snake, डरावना—fearful, fearsome, भारतीय किसान—Indian farmer, मनुष्य—man, मरणशील—mortal, सिंह—lion, माँ—mother, सीधा—simple, innocent, चाँदनी रात—a moonlit night, सूर्य—sun.

Negative Sentences

1. सोना काला नहीं होता है। — Gold is not black.
2. माँ क्रूर नहीं होती है। — Mother is not cruel.
3. बर्फ गरम नहीं होती है। — Ice is not hot.

Interrogative Sentences

1. क्या दूध लाभदायक होता है? — Is milk useful?
2. क्या साधु दयालु होते हैं? — Are saints kind?
3. क्या बच्चे बुरे होते हैं? — Are children bad?

Negative Interrogative Sentences

1. क्या दूध लाभदायक नहीं होता है? — Is milk not useful?
2. क्या साँप डरावना नहीं होता है? — Is the snake not fearful?

How & Why के साथ प्रयोग

1. दूध कैसे लाभदायक होता है? — How is milk useful?
2. माँ क्यों दयालु होती है? — Why is mother kind?
3. चीनी क्यों मीठी लगती है? — Why is sugar sweet?
4. भारतीय किसान धनी क्यों नहीं होते हैं? — Why are Indian farmers not rich?

Exercise 8

Translate into English—

[A]

गरीब लोग बेईमान (dishonest) नहीं होते हैं। साँप (snake) वफादार नहीं होता है। साधु बेईमान नहीं होते है। मनुष्य अमरणशील नहीं होता है। कोयल उजली नहीं होती है। दूध काला नहीं होता है। सोना काला नहीं होता है। कुछ गायें सीधी नहीं होती हैं। माँ क्रूर नहीं होती है। मनुष्य जन्म से (by birth) बुरा नहीं होता है।

[B]

क्या गायें सीधी होती हैं ? क्या फल लाभदायक होता है ? क्या कुत्ता वफादार होता है ? क्या गरीब लोग परिश्रमी होते हैं ? क्या सोना पीला होता है ? क्या दूध मीठा होता है ? क्या बच्चे (children/kids) नटखट होते हैं ? क्या धनी प्रसन्न रहते हैं ? क्या साधु दयालु होते हैं ? क्या आदमी मरणशील होता है ?

[C]

क्या साँप डरावना नहीं होता है ? क्या शिक्षक दयालु नहीं होते हैं ? क्या बर्फ ठंडी नहीं होती है ? क्या अँगरेजी दवा लाभदायक नहीं होती है ? क्या आम मीठा नहीं होता है ? क्या भारतीय किसान मेहनती नहीं होते हैं ? क्या बनावटी फूल सुंदर नहीं होते हैं ? क्या कोयला (coal) काला नहीं होता है ?

[D]

दूध क्यों मीठा होता है ? साधु क्यों दयालु होते हैं ? साँप कैसे डरावना होता है ? बनावटी फूल कैसे सुंदर नहीं होते हैं ? दूध क्यों लाभदायक होता है ? चीनी क्यों मीठी लगती है ? सिंह क्यों मजबूत होता है ? भारतीय छात्र कैसे मेहनती नहीं होते हैं ? गायें क्यों सीधी (gentle) होती हैं ? मनुष्य क्यों मरणशील होता है ?

Vocabulary: गरीब लोग—the poor, वफादार—faithful, trustworthy, loyal, अमरणशील—immortal, कोयल—cuckoo, उजला—white, दूध—milk, काला—black, सोना—gold, डरावना—fearful, fearsome, फल—fruit, लाभदायक—useful, advantageous, पीला—yellow, मरणशील—mortal, बर्फ—snow, ice, अँगरेजी दवा—Englishmedicine, बनावटी फूल—artificial flower.

Exercise 9

Translate into English—

फूल (flower) क्यों सुंदर होते हैं ? क्या तुम गरीब हो ? दवा कैसे लाभदायक होती है ? क्या तुम तैयार नहीं हो ? क्या साँप सुंदर नहीं होता है ? दूध क्यों उजला होता है ? वह क्यों गरीब है ? क्या रवि उदास नहीं है ? क्या कुत्ते वफादार नहीं होते हैं ? क्या राज नेक है ? गाय नेक होती है। क्या भारतीय किसान मेहनती नहीं होते हैं ? क्या चीनी (sugar) मीठी नहीं होती है ? क्या साधु बुरे नहीं होते हैं ? राम कैसे तैयार नहीं है ? बर्फ सफेद होती है। भेड़िए खतरनाक होते हैं। आकाश नीला होता है। सूर्य (sun) क्यों गरम रहता है ? क्या संगीत मधुर नहीं होता है ?

क्या बच्चे भूखे नहीं हैं ? तुमलोग क्यों निर्दय हो ? मनुष्य मरणशील होता है। सोना क्यों चमकीला होता है ? क्या आकाश नीला नहीं होता है ? क्या मनुष्य मरणशील नहीं होता है ? क्या आपलोग ईमानदार (honest) नहीं हैं ? मैं कैसे सही नहीं हूँ ? क्या तुम गलत (wrong) हो ? क्या हमलोग बुरे (bad/indecent) आदमी हैं ?

Vocabulary: सुंदर—beautiful, lovely, pretty, दवा—medicine, लाभदायक—useful, advantageous, वफादार—faithful, loyal, trustworthy, नेक—gentle, good, virtuous, भेड़िया—wolf, खतरनाक—dangerous, आकाश—sky, नीला—blue, संगीत—music, मधुर—sweet, melodious, निर्दय—cruel, heartless, मरणशील—mortal, चमकीला—bright, सही—right.

Exercise 10 (Advanced Learner's)

Translate into English—

राम और श्याम दोस्त हैं। राम उदास है, परन्तु (but) श्याम प्रसन्न।

श्याम : तुम क्यों उदास हो ? तुम प्रसन्न क्यों नहीं हो ?
राम : मैं उदास हूँ, क्योंकि मेरा भाई बीमार (ill) है।
श्याम : तुम्हारा भाई क्यों बीमार है ? क्या वह हमेशा (always) बीमार रहता है ? क्या वह अस्वस्थ (unhealthy/unwell) है ?
राम : हाँ, वह अस्वस्थ और कमजोर है। वह मजबूत नहीं है।
श्याम : क्या वह नेक (gentle) और विनम्र (humble) है ?
राम : हाँ, वह नेक और विनम्र है। वह घमंडी (proud) नहीं है।

Exercise 11 (Advanced Learner's)

Translate into English—

भारतीय किसान मेहनती (laborious) है। वे फुरतीले और मजबूत हैं। वे गरीब हैं, परंतु आलसी (lazy) और बेकार (useless) नहीं। मैं तैयार हूँ, परंतु आप तैयार नहीं हैं। आप क्यों तैयार नहीं हैं ? वह पागल नहीं है। वह असंतुष्ट (dissatisfied) है। वह क्यों नियमित नहीं है ? वह अस्वस्थ और कमजोर है, इसलिए नियमित नहीं है। क्या तुम्हारी माँ दयालु नहीं है ? वह दयालु है। क्या आप थके हैं ? नहीं, मैं थका नहीं हूँ। मैं बूढ़ा और कमजोर हूँ, परंतु (but) थका नहीं हूँ। क्या बच्चे नटखट नहीं होते हैं ? हाँ, बच्चे नटखट होते हैं, परंतु मेरे बच्चे नटखट नहीं हैं। तुम्हारे शिक्षक दयालु हैं, परंतु वे कड़े (strict) हैं। क्या भारतीय किसान गरीब हैं, क्योंकि वे मेहनती नहीं हैं ? नहीं, भारतीय किसान गरीब हैं, क्योंकि वे शिक्षित (educated) नहीं हैं। क्या सोना काला होता है ? नहीं, सोना काला नहीं होता। यह पीला होता है। क्या आपलोग शिक्षक हैं ? नहीं, हमलोग शिक्षक नहीं हैं। हमलोग नेता हैं।

Vocabulary: फुरतीला—active, brisk, मजबूत—strong, powerful, परंतु—but, कमजोर—weak, इसलिए—so, बूढ़ा—old, नटखट—naughty.

Solved Exercise 10

Ram and Shyam are friends. Ram is sad but Shyam is happy.

Shyam : Why are you sad? Why are you not happy? (Why aren't you happy?)
Ram : I am sad because my brother is ill. (I'm sad because my brother is ill.)
Shyam : Why is your brother ill? Is he always ill? Is he unhealthy?
Ram : Yes, he is unhealthy and weak. (Yes, he's unhealthy and weak.) He is not strong. (He isn't strong./He's not strong.)
Shyam : Is he gentle and humble?
Ram : Yes, he is gentle and humble. He is not proud/arrogant.

Solved Exercise 11

Indian farmers are laborious. They are active and strong. They are poor but not lazy and useless. I am ready but you are not ready. Why are you not ready? (Why aren't you ready?) He is not mad. (He isn't mad. *or,* He's not mad.) He is dissatisfied. Why is he not regular? (Why isn't he regular?) He is unhealthy and weak, so he is not regular. Is your mother not kind? (Isn't your mother kind?) She is kind. Are you tired? No, I am not tired. I am old and weak but not tired. Are children not naughty? Yes, children are naughty but my children are not naughty. Your teacher is kind but he is strict. Are Indian farmers poor because they are not laborious? No, Indian farmers are poor because they are not educated. Is gold black? No, gold is not black. It is yellow. (It's yellow.) Are you teachers? No, we are not teachers. (No, we aren't teachers. *or,* No, we're not teachers.) We are leaders. (We're leaders.)

Hints:

1. Spoken English के लिए इन्हें याद रखें—Is not = Isn't; Are not = Aren't; I am = I'm; He is = He's; We are = We're; It is = It's.

2. Exercise 1 से 9 तक में रेखांकित शब्दों के पहले 'The' का प्रयोग करें, अन्यथा अनुवाद गलत हो जाएगा। इसी प्रकार अन्य Exercises में रेखांकित शब्दों के पहले 'The' का प्रयोग अवश्य करें। कहीं-कहीं शब्दों को रेखांकित नहीं भी किया गया है। अगर वहाँ 'The' का प्रयोग आवश्यक हो, तो 'The' का प्रयोग अवश्य करें।

3. Advanced Learner's Exercises, Miscellaneous Exercises या Exercises for Revision को आप स्वयं ईमानदारी से बनाएँ, ताक-झाँक न करें, फिर Solved Exercises से मिला लें, गलत होने पर समझने का प्रयास करें और उसे सही कर लें।

4. चूँकि Solved Exercises से मिलाते समय आप अन्य बातों के अलावा 'The' के प्रयोग को भी समझ सकते हैं, अतः Advanced Learner's Exercises, Miscellaenous Exercises या Exercises for Revision में 'The' के प्रयोग के लिए किसी भी शब्द को रेखांकित नहीं किया गया है।

❑❑❑

2. Use of Was and Were

जब वाक्य के अंत में 'था, थी, थीं' या 'थे' मुख्य क्रिया के रूप में रहता है, तब was/were का प्रयोग होता है, जैसा कि आप नीचे दिए गए उदाहरणों में पाएँगे।

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I was happy. मैं खुश था।	We were happy. हमलोग खुश थे।
Second Person	You were happy. तुम/आप खुश थे।	You were happy. तुमलोग/आपलोग खुश थे।
Third Person	He She It Ram] was happy. वह/राम खुश था/थी।	They The boys] were happy. वे लोग खुश थे। वे लोग खुश थीं। लड़के खुश थे।

अब इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ें—

1. मैं गरीब था।	I was poor.
2. हमलोग तैयार थे।	We were ready.
3. आप थके थे।	You were tired.
4. सीता लाचार थी।	Sita was helpless.
5. वह लंबी थी।	She was tall.
6. वे लोग अशिक्षित थे।	They were uneducated.
7. लड़के तैयार थे।	The boys were ready.
8. वह एक किरानी था।	He was a clerk.
9. हमलोग हाकिम थे।	We were officers.
10. आपलोग किसान थे।	You were farmers.
11. वह एक चालक था।	He was a driver.
12. लड़के विद्यार्थी थे।	The boys were students.
13. रामू और गोपी किसान थे।	Ramu and Gopi were farmers.
14. वे लोग डॉक्टर थे।	They were doctors.
15. वे एक डॉक्टर थे।	He was a doctor.

Exercise 12

Translate into English—

मैं खुश था। हमलोग गरीब थे। आप मेहनती थे। आपलोग संतुष्ट थे। तुम तैयार थे। तुमलोग अनुपस्थित थे। वह बूढ़ा था। वह उदास थी। भिखारी भूखा था। भिखारी भूखे थे। वे लोग अमीर थे। बच्चा उदास था। बच्चे उदास थे। मेरा भाई उपस्थित था। तुम और मदन अमीर थे। राम और श्याम उपस्थित थे। भारत धनी था। आपका भाई मूर्ख था। आपके भाई मूर्ख थे। महात्मा गाँधी महान् थे। वे लोग बुद्धिमान् थे। हमलोग खिलाड़ी थे। आपलोग विद्यार्थी थे। वे लोग शिक्षक थे। राम और मदन किसान थे। मैं एक डॉक्टर था। तुम एक कवि थे। आप एक लेखक थे। वे एक शिक्षिका थीं। श्याम बाबू एक वकील थे। मेरे मित्रगण नेता थे।

Vocabulary: मेहनती—laborious, संतुष्ट—satisfied, अनुपस्थित—absent, बूढ़ा—old, भिखारी—beggar, भूखा—hungry, उपस्थित—present, मूर्ख—foolish, महान्—great, बुद्धिमान्—wise, खिलाड़ी—player, कवि—poet, लेखक—writer, शिक्षिका—teacher, वकील—advocate, lawyer, नेता—leader.

Negative Sentences

Negative Sentences बनाना आप सीख चुके हैं। was/were के साथ भी वैसा ही करें, यानी was/were के बाद not लगा दें। जैसे—

1. मैं दोषी नहीं था। — I was not guilty.
2. आप बेईमान नहीं थे। — You were not dishonest.
3. मोहन गरीब नहीं था। — Mohan was not poor.
4. वे लोग कमजोर नहीं थे। — They were not weak.
5. हमलोग भिखारी नहीं थे। — We were not beggars.
6. तुम एक चालक नहीं थे। — You were not a driver.
7. रीता एक नर्स नहीं थी। — Reeta was not a nurse.
8. लड़के छात्र नहीं थे। — The boys were not students.

Exercise 13

Translate into English—

मैं तैयार नहीं था। तुम उपस्थित नहीं थे। आपलोग वफादार नहीं थे। हमलोग गरीब नहीं थे। गीता गोरी (fair-complexioned) नहीं थी। मेरा भाई विद्वान् नहीं था। तुम नियमित नहीं थे। वह मूर्ख नहीं थी। डाकू निर्दय नहीं था। वह दोषी नहीं था। वह अशिक्षित नहीं थी। कहानी (story) रोचक नहीं थी। वह सही नहीं था। मैं गलत नहीं था। तुम्हारी माँ उपस्थित नहीं थी। वे लोग शिक्षित नहीं थे। लड़के बुरे नहीं थे। पिताजी व्यस्त नहीं थे। मैं कलाकार नहीं था। हमलोग खिलाड़ी नहीं थे। तुम एक अभियंता नहीं थे। आपलोग नेता नहीं थे। वह गायक नहीं था। मैं टंकक नहीं था। वे लोग चोर नहीं थे। रामू एक साधु नहीं था। वे लोग राजा नहीं थे। वह रानी (queen) नहीं थी। मेरा भाई अभिनेता (actor) नहीं था।

Vocabulary: वफादार—faithful, loyal, trustworthy, विद्वान्—learned, scholar, नियमित—regular, मूर्ख—foolish, डाकू—robber, dacoit, निर्दय—cruel, heartless, दोषी—guilty, faulty, अशिक्षित—uneducated, ignorant, रोचक—interesting, सही—right, गलत—wrong, शिक्षित—educated, बुरा—bad, evil, व्यस्त—busy, कलाकार—artist, खिलाड़ी—player, अभियंता—engineer, गायक—singer, टंकक—typist, चोर—thief, साधु—saint, राजा—king.

Interrogative Sentences

कुछ प्रश्नवाचक वाक्य 'क्या' से शुरू होते हैं। आप ऐसे वाक्यों का अनुवाद Subject के अनुसार Was/Were से शुरू करें। जैसे—

Solved Examples:

1. क्या मैं गलत था ?	Was I wrong?
2. क्या मैं पागल था ?	Was I mad?
3. क्या वे दुःखी थे ?	Were they sad?
4. क्या सीता सुंदर थी ?	Was Sita beautiful?
5. क्या लड़के चालाक थे ?	Were the boys clever?
6. क्या राम और श्याम दोषी थे ?	Were Ram and Shyam guilty?
7. क्या आप कवि थे ?	Were you a poet?
8. क्या वे लोग नेता थे ?	Were they leaders?

Negative Interrogative Sentences

1. क्या तुम पागल नहीं थे ?	Were you not mad?
2. क्या गीता बहरी नहीं थी ?	Was Geeta not deaf?
3. क्या मैं भाग्यशाली नहीं था ?	Was I not lucky?
4. क्या भारतीय किसान मेहनती नहीं थे ?	Were Indian farmers not laborious?
5. क्या वे लोग किसान नहीं थे ?	Were they not farmers?

Exercise 14

Translate into English—

क्या मैं गलत था ? क्या तुम सही थे ? क्या गीता पागल थी ? क्या नेता लोग ईमानदार थे ? क्या भारत की जनता जागरूक थी ? क्या आम कच्चे थे ? क्या आप बीमार थे ? क्या सेब स्वादिष्ट था ? क्या उसका चेहरा चमकीला था ? क्या तुमलोग सतर्क थे ? क्या शिक्षकगण उपस्थित थे ? क्या भारतीय नेता ईमानदार थे ? क्या पुस्तकें अच्छी थीं ? क्या वे लोग पागल नहीं थे ? क्या तुम तैयार नहीं थे ? क्या मौसम सुहावना नहीं था ? क्या हमलोग प्यासे नहीं थे ? क्या वे लोग ग्रामवासी थे ? क्या मैं एक अच्छा विद्यार्थी नहीं था ? क्या आपलोग डॉक्टर थे ? क्या आपलोग

पुस्तक-विक्रेता (bookseller) थे ? क्या वह एक छात्र नहीं था ? क्या वे लोग दोस्त नहीं थे ? क्या वे लोग दुश्मन थे ?

Vocabulary: गलत—wrong, सही—right, पागल—mad, crazy, ईमानदार—honest, भारत की जनता—the people of India, जागरूक—cautious, कच्चा—unripe, स्वादिष्ट—tasty, tasteful, चेहरा—face, चमकीला—bright, सतर्क—alert, cautious, मौसम—weather, सुहावना—pleasant, प्यासा—thirsty, ग्रामवासी—villager, rural, दुश्मन—enemy (इसका plural—enemies).

When (कब), Why (क्यों), How (कैसे) इत्यादि का प्रयोग

आपने am/is/are के साथ why/how का प्रयोग करना सीखा है। अगर आपको Exercise 5 में कोई कठिनाई न हुई हो, तो इस Lesson में भी आपको कोई कठिनाई नहीं होगी।

जब प्रश्नवाचक वाक्यों में 'कब/क्यों/कैसे' रहता है, तब वाक्यों की बनावट इस प्रकार हो जाती है—

When
Why + was/were + S + (not) + complement?
How

Solved Examples:

1. तुम क्यों उदास थे ?	Why were you sad?
2. वे लोग कैसे बुरे थे ?	How were they bad?
3. मैं क्यों क्रूर था ?	Why was I cruel?
4. सीता क्यों परेशान थी ?	Why was Sita troubled?
5. हमलोग, क्यों तैयार थे ?	Why were we ready?
6. आप कब बीमार थे ?	When were you ill?
7. तुम क्यों तैयार नहीं थी ?	Why were you not ready?
8. सीता कैसे दयालु नहीं थी ?	How was Sita not kind?
9. वे लोग कब थके थे ?	When were they tired?
10. आप कब एक डॉक्टर थे ?	When were you a doctor?
11. वे लोग क्यों चोर थे ?	Why were they thieves?

Exercise 15

Translate into English—

वह क्यों तैयार था ? वह कैसे निर्दय थी ? राज क्यों थका था ? वह कब थकी थी ? सीता क्यों लाचार थी ? राम का भाई कब बीमार था ? तुम क्यों उदास थे ? आप कब उपस्थित थे ? वह क्यों बुरा था ? वे लोग क्यों अशिक्षित थे ? आप कैसे भाग्यशाली थे ? वे लोग क्यों आश्चर्यचकित थे ? मै कैसे नियमित नहीं था ? आप कैसे दोषी नहीं थे ? राज कैसे गलत था ? महात्मा गाँधी कैसे महान् नहीं थे ? तुम क्यों उपस्थित नहीं थे ? वह कब रंज था ? राज कब बीमार नहीं था ? तुमलोग

तैयार क्यों नहीं थे ? वह संतुष्ट क्यों नहीं थी ? दरवाजा क्यों खुला था ? हमलोग कैसे लाचार (helpless) नहीं थे ? आप कब एक डॉक्टर थे ? वह कब एक डाकू (robber) था ? वह कब एक नर्स थी ? वे लोग कब मेरे दोस्त थे ? मैं कैसे एक अच्छा आदमी नहीं था ? आपलोग क्यों अच्छे खिलाड़ी (player) नहीं थे ?

Vocabulary: निर्दय—cruel, heartless, थका—tired, अशिक्षित—uneducated, भाग्यशाली—lucky, fortunate, आश्चर्यचकित—surprised, astonished, नियमित—regular, दोषी—guilty, faulty, गलत—wrong, महान्—great, रंज—angry, annoyed, संतुष्ट—satisfied, दरवाजा—door, खुला—open.

Exercise 16

Translate into English—

वे लोग बुद्धिमान् (wise) हैं। वे लोग बुद्धिमान् थे। क्या आप संतुष्ट (satisfied) नहीं हैं ? क्या आप संतुष्ट नहीं थे ? मेरा नौकर वफादार और परिश्रमी (laborious) नहीं है। मेरा नौकर वफादार और परिश्रमी नहीं था। आप क्यों चुप (silent) हैं ? आप क्यों चुप थे ? क्या तुम घमंडी नहीं हो ? क्या तुम घमंडी नहीं थे ? वह क्यों धनी नहीं था ? वह क्यों धनी नहीं है ? क्या हमलोग बेवकूफ हैं ? क्या हमलोग बेवकूफ थे ? उसका व्यवहार बुरा था। उसका व्यवहार बुरा है। हमलोग अभिनेता नहीं हैं। हमलोग अभिनेता नहीं थे। वे लोग मेरे भाई हैं। वे लोग मेरे भाई थे। क्या वह एक चालक है ? क्या वह एक चालक था ? क्या आप नेता नहीं हैं ? क्या आपलोग नेता नहीं थे ? क्या मैं एक शिक्षक नहीं हूँ ? क्या हमलोग शिक्षक नहीं थे ? दूध क्यों लाभदायक (useful/advantageous) होता है ? क्या बच्चे नटखट (naughty) नहीं होते ?

Vocabulary: वफादार—faithful, loyal, trustworthy, घमंडी—proud, arrogant, बेवकूफ—foolish, stupid, व्यवहार—behaviour, manner, treatment, बुरा—bad, indecent, अभिनेता—actor, चालक—driver, pilot.

Exercise 17

Translate into English—

मैं दयालु हूँ। मैं दयालु था। क्या तुम दयालु नहीं हो ? मेरा स्कूल अच्छा है। मेरे मित्रगण अच्छे हैं। वे दयालु हैं। विद्यार्थी दयालु होते हैं। मैं थका (tired) हूँ। आप भी (also) थके हैं। इसलिए हमलोग तैयार नहीं हैं। क्या आप तैयार हैं ? क्या तुम्हारे पिताजी नेक हैं ? हाँ, वे नेक हैं। क्या तुम घमंडी हो ? नहीं, मैं घमंडी नहीं हूँ। क्या वे लोग उदास हैं ? हाँ, वे लोग उदास हैं। वे लोग खुश क्यों नहीं हैं ? मेरी माँ क्यों रंज नहीं है ? मेरी माँ दयालु है। माँ दयालु होती है। मेरा भाई दयालु था। वह कैसे दयालु था ? क्या तुम तैयार नहीं थे ? नहीं, मैं तैयार था। आप कैसे तैयार थे ? क्या मैं सही (right) नहीं था ? हाँ, आप सही थे। हमलोग गलत (wrong) थे। क्या भारतीय किसान मेहनती नहीं थे ? क्या भारत गरीब था ? क्या भारत गरीब नहीं है ? क्या तुम्हारे रहन-सहन का स्तर ऊँचा (high) है ? क्या रोगी लाचार होता है ? क्या प्रत्येक व्यक्ति महान् (great) नहीं होता ? क्या प्रत्येक फूल आकर्षक (attractive) नहीं होता? क्या आपके मित्रगण नेता हैं ? नहीं, वे लोग नेता नहीं हैं।

Vocabulary: नेक—gentle, virtuous, good, रंज—angry, annoyed, रहन-सहन का स्तर—the standard of living, रोगी—patient, लाचार—helpless, प्रत्येक व्यक्ति—every man, everybody, everyone.

Exercise 18 (Advanced Learner's)

Translate into English—

कल (yesterday) आप उदास थे, परंतु आज (today) आप प्रसन्न हैं। कल शिक्षक महोदय उपस्थित थे, परंतु आज वे अनुपस्थित हैं। कल आप क्यों तैयार नहीं थे ? आज आप क्यों तैयार हैं ? कल मैं थका था, इसलिए तैयार नहीं था। नहीं, कल आप उदास थे, इसलिए तैयार नहीं थे। मेरा भाई वर्ग में (in the class) उपस्थित था। मैं अनुपस्थित था, क्योंकि मैं अस्वस्थ और कमजोर था। कल आप रंज थे। आप क्यों रंज (angry) थे ? मैं रंज नहीं था। मैं उदास था। मैं उदास और भूखा था। भारतीय किसान गरीब और लाचार (helpless) थे, क्योंकि वे बेवकूफ और अशिक्षित थे। आप क्यों धनी नहीं हैं ? मैं धनी नहीं हूँ, क्योंकि मैं चालाक और परिश्रमी नहीं हूँ। क्या आपका कुत्ता वफादार है ? हाँ, मेरा कुत्ता वफादार है, परंतु मेरा नौकर वफादार नहीं है। अँगरेज (The English/Englishmen) चालाक और मेहनती थे, इसलिए वे हमारे शासक (ruler) थे। क्या आप तैयार थे ? मैं तैयार नहीं था, परंतु अब (now) मैं तैयार हूँ। तुम क्यों तैयार नहीं हो ? मैं तैयार नहीं हूँ, क्योंकि मैं थका हूँ। क्या साधु महान् होते हैं ? कुछ (some) साधु महान् होते हैं, परंतु कुछ बहुत बुरे।

Solved Exercise 18

Yesterday, you were sad but you are happy today. Yesterday, the teacher was present but he is absent today. Why were you not ready yesterday? (Why weren't you ready yesterday?) Why are you ready today? Yesterday, I was tired, so I was not ready. No, you were sad yesterday, so you were not ready. My brother was present in the class. I was absent because I was unhealthy and weak. Yesterday, you were angry. Why were you angry? I was not angry. (I wasn't angry.) I was sad. I was sad and hungry. Indian farmers were poor and helpless because they were foolish and uneducated. Why are you not rich? I am not rich because I am not clever and laborious. Is your dog faithful? Yes, my dog is faithful but my servant is not faithful. The English were clever and laborious, so they were our rulers. Were you ready? I was not ready but now I am ready. Why are you not ready ? I am not ready because I am tired. Are saints great? Some saints are great but some are very bad.

Hints: रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें। Spoken English के लिए इन्हें ध्यान में रखें—Was not = Wasn't; Were not = Weren't.

* * *

3. Use of Shall be and Will be

जब वाक्य के अंत में 'गा/गे/गी' हो और वाक्य के भाव से स्पष्ट हो कि दी गई स्थिति भविष्य में स्थायी रूप से बनी रहेगी, तब shall be/will be का प्रयोग होगा, जैसा कि आप नीचे दिए गए उदाहरणों में पाएँगे।

सामान्यतः I/We के साथ shall be तथ अन्य सभी Subjects के साथ will be का प्रयोग होता है।

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I shall be happy. मैं खुश रहूँगा।	We shall be happy. हमलोग खुश रहेंगे।
Second Person	You will be happy. तुम खुश रहोगे।	You will be happy. तुमलोग खुश रहोगे।
Third Person	He She It Ram] will be happy वह/राम खुश रहेगा/रहेंगे।	They The boys] will be happy. वे लोग खुश रहेंगे/रहेंगी। लड़के खुश रहेंगे।

Solved Examples:

1.	मैं खुश रहूँगा।	I shall be happy.
2.	मैं तैयार रहूँगा।	I shall be ready.
3.	हमलोग भूखे रहेंगे।	We shall be hungry.
4.	तुम उपस्थित रहोगे।	You will be present.
5.	रीता बीमार रहेगी।	Reeta will be ill.
6.	वे लोग ईमानदार रहेंगे।	They will be honest.
7.	वह भूखा रहेगा।	He will be hungry.
8.	वह महान् आदमी बनेगा।	He will be a great man.
9.	वह एक नेता होगा।	He will be a leader.
10.	हमलोग नेता बनेंगे।	We shall be leaders.
11.	रीता एक नर्स बनेगी।	Reeta will be a nurse.

Note: यहाँ आप यह जान लें कि shall be और will be का प्रयोग यह दर्शाता है कि कोई स्थिति भविष्य में स्थायी रूप से बनी रहेगी। अगर आप किसी को देखकर वेशभूषा से किसान होने का अनुमार लगाते हैं और कहते हैं, "वह एक

किसान होगा।'' तो इसका अनुवाद "He would be a farmer" होगा और यह वर्तमान समय का बोध कराएगा। यहाँ इसकी अँगरेजी He will be a farmer नहीं होगी। He will be a farmer का अर्थ है कि आनेवाले समय में वह एक किसान बनेगा और अपनी स्थिति को कायम रखेगा।

Exercise 19

Translate into English—

मैं तैयार रहूँगा। आप दयालु रहेंगे। तुम अनुपस्थित रहोगे। मैं बीमार रहूँगा। मैं स्वस्थ रहूँगा। सीता उदास रहेगी। तुम दोषी होगे। श्याम धनी रहेगा। आप प्रसन्न रहेंगे। वह बीमार रहेगी। तुम बेकार रहोगे। वह अनुपस्थित रहेगा। वे दुःखी रहेंगे। तुम भूखे रहोगे। भारतीय ईमानदार रहेंगे। गरीब किसान गरीब रहेंगे। अमीर लोग अमीर रहेंगे। गरीब लोग गरीब रहेंगे। तुम एक डॉक्टर बनोगे। मैं एक डॉक्टर बनूँगा। तुम एक अच्छे आदमी बनोगे। वह महान् बनेगा। तुम भाग्यशाली रहोगे। वह नेता होगा। वह तेज होगा। मैं संतुष्ट (satisfied) रहूँगा। तुम परेशान रहोगे। वह थका रहेगा। वे आश्चर्यित रहेंगे। तुम्हारा भाई तेज होगा।

Vocabulary: दोषी—guilty,faulty, बेकार—useless/unemployed, अमीर लोग—the rich, गरीब लोग—the poor, भाग्यशाली—lucky, fortunate, नेता—leader, परेशान—troubled, distressed, आश्चर्यित—surprised, astonished.

Note : 'प्रतिज्ञा' तथा 'दृढ़-निश्चय' का भाव दिखाने के लिए I/We के साथ will तथा You/He/She/It/They के साथ shall का प्रयोग किया जाता है। यदि हिन्दी के वाक्यों में आप कर्ता के बाद 'अवश्य' लिखा देखें, तो समझें कि इनमें प्रतिज्ञा या दृढ़-निश्चय का भाव है और तब First Person के साथ will तथा Second/Third Person के साथ Shall का प्रयोग वांछनीय होगा।

Solved Examples:

1. मैं अवश्य तैयार रहूँगा।	I will be ready.
2. वे लोग अवश्य उपस्थित रहेंगे।	They shall be present.
3. तुम अवश्य तेज होगे।	You shall be intelligent.
4. मैं अवश्य संतुष्ट रहूँगा।	I will be satisfied.
5. मैं एक डॉक्टर अवश्य बनूँगा।	I will be a doctor.

Exercise 20

Translate into English—

वह अवश्य प्रसन्न रहेगा। तुम अवश्य स्वस्थ रहोगे। मैं अवश्य तैयार रहूँगा। मैं अवश्य थका रहूँगा। मैं अवश्य महान् बनूँगा। हमलोग अवश्य भूखे रहेंगे। तुम अवश्य परेशान रहोगे। वे लोग अवश्य दोषी रहेंगे। सीता अवश्य भाग्यशाली होगी। राम अवश्य उपस्थित रहेगा। तुम अवश्य उपस्थित रहोगे। वे लोग अवश्य उदार होंगे। गरीब लोग अवश्य दुःखी रहेंगे। तुम अवश्य एक अच्छा आदमी

बनोगे। वे अवश्य नेता बनेंगे। वे लोग अवश्य परेशान रहेंगे। सीता अवश्य सुंदर होगी। मैं अवश्य आपका सेवक (servant) बनूँगा। मेरा भाई अवश्य नेक होगा। वे लोग अवश्य भूखे रहेंगे। तुम अवश्य एक बड़ा आदमी (a great man) बनोगे। वह अवश्य तैयार रहेगा। बच्चे अवश्य प्रसन्न होंगे।

Negative Sentences

Negative Sentence का अनुवाद करने के लिए shall/will के बाद 'not' लगाना पड़ता है और 'not' के बाद be या be के बाद कोई पूरक। जैसे—

1. मैं तैयार नहीं रहूँगा।	I shall not be ready.
2. वह महान् नहीं होगा।	He will not be great.
3. सीता परेशान नहीं रहेगी।	Sita will not be troubled.
4. वे लोग भूखे नहीं रहेंगे।	They will not be hungry.
5. मैं किसान नहीं बनूँगा।	I shall not be a farmer.

Exercise 21

Translate into English—

मैं प्रसन्न नहीं रहूँगा। मैं उपस्थित नहीं रहूँगा। मैं भूखा नहीं रहूँगा। हमलोग थके नहीं रहेंगे। हमलोग प्रसन्न नहीं रहेंगे। तुमलोग दोषी नहीं रहोगे। आप बीमार नहीं रहेंगे। वह महान् नहीं बनेगा। गीता सुंदर नहीं होगी। तुम्हारा भाई तेज नहीं होगा। मैं संतुष्ट नहीं रहूँगा। गरीब लोग गरीब नहीं रहेंगे। अमीर लोग अमीर नहीं रहेंगे। वह एक डॉक्टर नहीं बनेगा। वह भाग्यशाली नहीं होगा। तुम दोषी नहीं होगे। गीता बीमार नहीं होगी। वह तेज नहीं होगा मैं योग्य नहीं रहूँगा। वे लोग अनपढ़ नहीं रहेंगे। मेरा रहन-सहन साधारण नहीं होगा। मैं व्यस्त (busy) नहीं रहूँगा।

Vocabulary : योग्य—competent, suitable, qualified, अनपढ़—illiterate, uneducated, रहन-सहन—mode of living, साधारण—simple, ordinary.

Interrogative Sentences

प्रश्नवाचक वाक्यों के शुरू में यदि 'क्या' लगा रहे, तो आप अनुवाद की शुरुआत Subject के अनुसार Shall/Will से करें। जैसे—

1. क्या राम तैयार रहेगा ?	Will Ram be ready?
2. क्या मैं परेशान रहूँगा ?	Shall I be troubled?
3. क्या वे लोग भूखे रहेंगे ?	Will they be hungry?
4. क्या तुम महान् बनोगे ?	Will you be great?
5. क्या वे लोग नेता बनेंगे ?	Will they be leaders?
6. क्या तुम एक डॉक्टर बनोगे ?	Will you be a doctor?

Exercise 22

Translate into English—

क्या राम महान् बनेगा ? क्या वे ईमानदार बनेंगे ? क्या मैं परेशान रहूँगा ? क्या सीता तैयार रहेगी ? क्या बच्चे भूखे रहेंगे ? क्या तुम्हारा भाई एक डॉक्टर बनेगा ? क्या भारतीय ईमानदार होंगे ? क्या वह नेक होगा ? क्या सीता लंबी होगी ? क्या राधा बीमार रहेगी ? क्या मैं संतुष्ट रहूँगा ? क्या मेरे रहन-सहन का स्तर साधारण रहेगा ? क्या तुम प्रसन्न रहोगे ? क्या सभी विद्यार्थी (all the students) उपस्थित रहेंगे ? क्या बच्चे उदास रहेंगे ? क्या आप दोषी होंगे ? क्या मैं स्वस्थ रहूँगा ? क्या आप नेक रहेंगे ? क्या तुम थके रहोगे ? क्या सीता सुंदर होगी ? क्या बच्चे तैयार रहेंगे ? क्या वे उदास रहेंगे ? क्या आपलोग शिक्षक बनेंगे ? क्या वह नर्स बनेगी ?

Vocabulary: परेशान—troubled, distressed, संतुष्ट—satisfied, pleased, रहन-सहन का स्तर—the standard of living, साधारण—simple, ordinary.

Negative Interrogative Sentences

Solved Examples:

1. क्या मैं स्वस्थ नहीं रहूँगा ?	Shall I not be healthy?
2. क्या गीता बीमार नहीं रहेगी ?	Will Geeta not be ill?
3. क्या वे लोग उपस्थित नहीं रहेंगे ?	Will they not be present?
4. क्या आपलोग नेक नहीं रहेंगे ?	Will you not be gentle?
5. क्या आप नेक नहीं बनेंगे ?	Will you not be gentle?
6. क्या आप शिक्षक नहीं बनेंगे ?	Will you not be a teacher?

उपर्युक्त वाक्यों का अनुवाद इस प्रकार किया गया है—

Shall
Will] + Subject + not + be + complement?

Exercise 23

Translate into English—

क्या आप परेशान नहीं रहेंगे ? क्या रीता दोषी नहीं होगी ? क्या वे किसान नहीं बनेंगे ? क्या आप प्रसन्न नहीं रहेंगे ? क्या आप एक डॉक्टर नहीं बनेंगे ? क्या आप भाग्यशाली नहीं रहेंगे ? क्या वे लोग परेशान नहीं रहेंगे ? क्या वह बीमार नहीं होगी ? क्या आप क्रिकेट के खिलाड़ी नहीं बनेंगे ? क्या रामू किसान नहीं होगा ? क्या वह क्रुद्ध नहीं रहेगा ? क्या वह दु:खी नहीं होगा ? क्या तुम्हारा दोस्त उपस्थित नहीं रहेगा ? क्या वह मेरा मददगार नहीं होगा ? क्या गीता शिक्षित नहीं रहेगी ? क्या श्यामा खुश नहीं रहेगी ?

Vocabulary: क्रिकेट के खिलाड़ी—a cricket player, a cricketer, क्रुद्ध—angry, annoyed, मददगार—helper, assistant, शिक्षित—educated, literate.

कब (When), क्यों (Why), कैसे (How), कहाँ (Where) इत्यादि का प्रयोग shall be/will be के साथ—

प्रश्नवाचक वाक्यों में 'कब, क्यों, कहाँ, कैसे' इत्यादि रहे, तो सबसे पहले इनकी अँगरेजी लिखें; फिर shall/will; इसके बाद क्रमशः subject, be और complement (पूरक) दें। इसके लिए इस structure को ध्यान में रखें—

When Why How Where	shall/will	subject	(not)	be	complement?

Solved Examples:

1. वे लोग क्यों अनुपस्थित रहेंगे ?	Why will they be absent?
2. रामू क्यों थका रहेगा ?	Why will Ramu be tired?
3. मैं क्यों बीमार रहूँगा ?	Why shall I be ill?
4. आप कैसे प्रसन्न रहेंगे ?	How will you be happy?
5. वह कब थकी रहेगी ?	When will she be tired?
6. रामू क्यों थका नहीं रहेगा ?	Why will Ramu not be tired?
7. तुम डॉक्टर क्यों नहीं बनोगे ?	Why will you not be a doctor?
8. वह कहाँ प्रसन्न रहेगा ?	Where will he be happy?

Exercise 24

Translate into English—

तुम क्यों भूखे रहोगे ? वह क्यों रंज रहेगा ? वह कब विद्वान् होगा ? आप कब और कैसे मेहनती रहेंगे ? मैं कैसे परेशान रहूँगा ? आपलोग क्यों दुःखी रहेंगे ? वह क्यों किसान बनेगा ? तुम क्यों नेता नहीं होगे ? गीता क्यों बीमार नहीं रहेगी ? वे लोग कैसे दयालु रहेंगे? अमीर लोग क्यों अमीर रहेंगे ? मेरी पत्नी कैसे भाग्यशाली होगी ? वह क्यों तैयार नहीं रहेगा ? तुम क्यों दोषी होगे ? वह क्यों थकी रहेगी ? वे लोग कब भूखे रहेंगे ? मेरा देश कब महान् होगा ? मैं कैसे स्वस्थ रहूँगा ? वह कहाँ प्रसन्न रहेगा ? वह कब डॉक्टर बनेगी ? मैं कब अभियंता बनूँगा ? वे लोग कैसे नेता बनेंगे ? आप क्यों एक चालक (driver) बनेंगे ?

Vocabulary: विद्वान्—learned, scholar, पत्नी—wife, मेरा देश—my country, महान्—great.

Exercise 25

Translate into English—

मैं दयालु रहूँगा। आप अंधे होंगे। मेरा देश महान् होगा। क्या तुम ईमानदार रहोगे ? क्या सीता तैयार रहेगी ? क्या मैं परेशान रहूँगा ? क्या वे लोग थके रहेंगे ? क्या तुम उदास नहीं रहोगे ? क्या राज दोषी नहीं होगा ? क्या मैं उदास नहीं रहूँगा ?

क्या मैं परेशान नहीं रहूँगा ? क्या हमलोग भूखे नहीं रहेंगे ? क्या गरीब लोग स्वस्थ नहीं रहेंगे ? गीता बीमार नहीं रहेगी। वे लोग क्यों उदास रहेंगे ? मैं क्यों दोषी रहूँगा ? वे कैसे भाग्यशाली होंगे ? मेरा दोस्त क्यों दुःखी रहेगा ? वह क्यों थकी रहेगी ? तुम क्यों गरीब नहीं रहोगे ? वह क्यों भूखा नहीं रहेगा ? आपलोग कैसे स्वस्थ नहीं रहेंगे ? वह क्यों एक डॉक्टर नहीं बनेगा ? आप कैसे थकी नहीं रहेंगी ? वह क्यों प्रसन्न नहीं रहेगा ? आप कब ईमानदार होंगे ? तुम कब अच्छा आदमी बनोगे ? तुम कब परिश्रमी (laborious) बनोगे ? वह कब सुखी रहेगा ? हमलोग कब मंत्री (minister) बनेंगे ?

Exercise 26

Translate into English—

मैं शिक्षित हूँ। मेरे पिता शिक्षित थे। मेरा पुत्र शिक्षित होगा। आप गरीब हैं। गरीब लोग ईमानदार होते हैं। क्या गरीब लोग ईमानदार रहेंगे ? क्या भारतीय धनी नहीं बनेंगे ? आप दोषी नहीं थे। वे लोग दोषी नहीं रहेंगे। आप खुश रहेंगे। क्या तुम ईमानदार नहीं हो ? वह क्यों अप्रसन्न था ? बच्चे कैसे नटखट होते हैं ? दूध क्यों उजला होता है ? माता दयालु होती है। सोना चमकीला होता है। क्या सूर्य गरम नहीं होता है ? आप क्यों ईमानदार हैं ? मेरा भाई क्यों दोषी था ? आप तैयार नहीं रहेंगे। वह क्यों भूखा रहेगा ? गरीब लोग गरीब नहीं रहेंगे। अमीर लोग अमीर होंगे और गरीब लोग गरीब होंगे। हम तैयार हैं। हम सदा तैयार रहेंगे।

Vocabulary: शिक्षित—educated, literate, नटखट—naughty, roguish, mischievous, चमकीला—bright, sparkling, सदा—always, constantly.

Exercise 27

Translate into English—

मेरा स्कूल अच्छा है। सभी विद्यार्थी नेक हैं। वे तेज और ईमानदार हैं। वे मेहनती हैं। वे अच्छे थे। वे अच्छे हैं और अच्छे रहेंगे। वे कभी उदास नहीं रहते थे। क्या तुम प्रसन्न रहते हो ? क्या तुम अच्छे हो ? क्या तुम मेहनती हो ? मेरा दोस्त मेहनती नहीं था। वह सुस्त था। वह घमंडी था। परंतु अब वह सुस्त और घमंडी नहीं है। क्या तुम नेक नहीं बनोगे ? क्या तुम तेज नहीं बनोगे ? तुम क्यों उदास रहोगे ? क्या तुम खुश नहीं रहते हो ? तुम कब तेज बनोगे ? क्या तुम बीमार थे ? वह क्यों तैयार नहीं है ? तुम कब तैयार रहोगे ? क्या वह उदास नहीं था ? क्या रामू मूर्ख नहीं था ? क्या वह सही था ? क्या तुम एक डॉक्टर नहीं बनोगे ? क्या वे लोग ईमानदार नहीं थे ? क्या तुम्हारा भाई उदास रहेगा ? आप कैसे गरीब थे ? क्या आप गरीब नहीं हैं ? क्या हम नेक और ईमानदार नहीं बनेंगे ? वह क्यों खुश नहीं था ? वह कैसे तेज बनेगा ? हम कैसे अच्छे आदमी बनेंगे ?

Vocabulary: कभी नहीं—never, सुस्त—idle, lazy.

Exercise 28

Correct the sentences which are incorrect—

1. You and I am kind.
2. They are kind not.
3. Why is you kind?
4. Why Ram are laborious?
5. How I am guilty?
6. Was you ready?
7. Why was I not ready?
8. Sita were not happy?
9. You will not ready?
10. Will be you ready?
11. Will I happy?
12. You and I will not be happy?
13. How I shall be ready?
14. How will be they ready?
15. How you are ready?
16. Why Ram and Shyam was ready?
17. Will she be laborious?

Exercise 29 (Advanced Learner's)

Translate into English—

क्या कल तुम उदास थे ? मैं कल उदास नहीं था। मैं प्रसन्न हूँ और प्रसन्न रहूँगा। कुछ लड़के (Some boys) तुमसे अप्रसन्न थे। मैं प्रसन्न हूँ, क्योंकि मेरा बेटा भाग्यशाली होगा। क्या आप कल तैयार रहेंगे ? हाँ, मैं तैयार रहूँगा, परंतु आप तैयार नहीं रहेंगे। क्या भारत के लोग (The people of India) दु:खी रहेंगे ? नहीं, वे प्रसन्न रहेंगे, क्योंकि वे ईमानदार बनेंगे। भारत एक महान् देश बनेगा। हम महान् बनेंगे। महात्मा गाँधी क्या महान् नहीं थे ? वे महान् थे। वे कैसे महान् थे ? वे महान् थे, क्योंकि वे सत्यवादी (truthful) और ईमानदार थे। क्या आप भाग्यशाली नहीं हैं ? मैं भाग्यशाली नहीं हूँ, परंतु मैं परिश्रमी हूँ और मैं अवश्य सफल (successful) रहूँगा। मैं मेहनती हूँ इसलिए धनी बनूँगा। मैं बूढ़ा नहीं हूँ; मैं थका हूँ। कुछ समय के बाद (after some time) मैं सक्रिय (active) होऊँगा और एक अच्छा आदमी बनूँगा। कोई आदमी भूखा नहीं रहेगा, क्योंकि हम मेहनती हैं। मैं क्यों डॉक्टर नहीं बनूँगा ? तुम डॉक्टर नहीं बनोगे, क्योंकि तुम मेहनती नहीं हो और भाग्यशाली भी नहीं। चूँकि (since) तुम दयालु नहीं हो, तुम साधु नहीं बनोगे। मैं दृढ़ हूँ और दृढ़ (rigid/inflexible/resolute/determined) रहूँगा। मैं यह जानकर (to know) आश्चर्यित हूँ कि (that) वह एक नेता बनेगा।

Solved Exercise 29

Were you sad yesterday? I was not sad yesterday. (I wasn't sad yesterday?) I am happy and shall be happy. Some boys were unhappy/ displeased with you. I am happy because my son will be lucky. Will you be ready tomorrow? Yes, I shall be ready but you will not be ready. (Yes, I shall be ready but you won't be ready.) Will the people of India be sad? No, they will be happy because they will be honest. India will be a great country. We shall be great. Was Mahatma Gandhi not great? (Wasn't Mahatma Gandhi great?) He was great. How was he great? He was great because he was truthful and honest. Are you not lucky? (Aren't you lucky?) I am not lucky but I am laborious and I will be successful. (I'm not lucky but I'm laborious and I'll be successful. *or,* I am not lucky but I am laborious and I shall definitely be successful.) I am laborious so I shall be rich. I am not old; I am tired. After some time, I shall be active and a good man. Nobody will be hungry because we are laborious. (Anyone/Anybody will not be hungry because we are laborious. *or,* Anybody/Anyone won't be hungry because we are laborious.) Why shall I not be a doctor? (Why shan't I be a doctor?) You will not be a doctor because you are not laborious and lucky too. Since you are not kind, you will not be a saint. I am rigid and shall be rigid. I am surprised to know that he will be a leader.

Hints:

1. Spoken English के लिए इन्हें याद रखें—Are not = Aren't; Was not = Wasn't; Shall not = Shan't; Will not = Won't; I will = I'll; I am = I'm.

2. रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an'का भी प्रयोग करें।

3. Solved Examples को पढ़ते समय अन्य बातों के अलावा Articles (a, an एवं the) के प्रयोग को भी समझने का प्रयास करें।

❑❑❑

4. Use of A, An and The

(I) इन वाक्यों में a/an के प्रयोग पर ध्यान दें।

1. यह एक गाय है।	This is a cow.
2. वह एक बैल है।	That is an ox.
3. मै एक शिक्षक हूँ।	I am a teacher.
4. मै एक कलाकार हूँ।	I am an artist.
5. वह चोर है।	He is a thief.
6. वे एक हाकिम हैं।	He is an officer.
7. यह पानी है।	This is water.
8. यह तेल है।	This is oil.
9. वह मोहन है।	That is Mohan.

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि a/an का प्रयोग Singular Countable Noun (एकवचन गणनीय संज्ञा) के पहले होता है। Plural Noun/Uncountable Noun/Proper Noun के पहले a/an का प्रयोग नहीं होता है।

जहाँ a का प्रयोग उस शब्द के पहले होता है, जिसका उच्चारण व्यंजन-ध्वनि (consonant sound) से शुरू होता हैं, वहीं an का प्रयोग उस शब्द के पहले होगा, जिसका उच्चारण स्वर-ध्वनि (vowel sound) से शुरू हो।

Exercise 30

Translate into English—

यह एक घोड़ा है। वह एक हाथी है। यह एक अंडा है। वह एक सेब है। यह छाता है। वह दवात है। यह बैल है। वह गधा है। यह उल्लू है। यह चींटी है। वह कुल्हाड़ी है। यह नारंगी है। वह आम है। मैं एक लेखक हूँ। तुम एक कलाकार हो। आप एक अफसर हैं। राम एक हिंदुस्तानी है। तुम एक हिंदु हो। वह एक संपादक है। आप एक अँगरेज हैं। यह पानी है। वह आटा है। यह तेल है। यह चाय है। वह सीता है। मैं मदन हूँ। मैं कवि हूँ। तुम रवि हो। मैं छात्र हूँ।

Note: ''यह छाता है'' और ''यह एक छाता है''—इन दोनों ही वाक्यों की अँगरेजी "This is an umbrella" होगी। यहाँ आप यह जान लें कि हिंदी के ऐसे वाक्यों में 'एक' का प्रयोग Singular Countable Noun के साथ हो या न हो, अँगरेजी के वाक्यों में 'a/an' का प्रयोग अवश्य होगा। इसी प्रकार, ''मैं लड़का हूँ'' का अँगरेजी अनुवाद "I am boy" नहीं होगा, बल्कि "I am a boy" होगा। "I am boy" गलत वाक्य है।

Vocabulary: अंडा—egg, छाता—umbrella, दवात—inkwell, उल्लू—owl, चींटी—ant, कुल्हाड़ी—axe, नारंगी—orange, लेखक—writer, कलाकार—artist, अफसर—officer, हिंदुस्तानी—Indian, हिंदू—Hindu, संपादक—editor,

अँगरेज—Englishman, the English, पानी—water, आटा—flour, तेल—oil, चाय—tea, कवि—poet, छात्र—student, pupil.

(II) यदि Noun के पहले Adjective हो, तो a/an का प्रयोग Adjective के पहले होगा। यदि Noun के पहले Adverb + Adjective हो, तो a/an का प्रयोग Adverb के पहले होगा। साथ-ही-साथ यह ध्यान रखना है कि a/an का प्रयोग अपने से सबसे नजदीक आनेवाले शब्द के उच्चारण के अनुसार होगा। जैसे—

He is a man.
He is an old man.
He is a good man.
He is a very good man.
Ram is an editor.
Ram is a good editor.
Ram is an honest editor.
Ram is a very honest editor.

Solved Examples:

1. मैं एक लड़का हूँ।	I am a boy.
2. मैं एक ईमानदार लड़का हूँ।	I am an honest boy.
3. मैं एक बहुत ईमानदार लड़का हूँ।	I am a very honest boy.
4. वह एक आदमी है।	He is a man.
5. वह एक दयालु आदमी है।	He is a kind man.
6. वह एक तेज आदमी है।	He is an intelligent man.
7. यह एक अंडा है।	This is an egg.
8. यह एक सड़ा अंडा है।	This is a rotten egg.
9. वह एक बहुत मजबूत बैल है।	That is a very strong ox.
10. यह लाल स्याही है।	This is red ink.

Exercise 31

Translate into English—

आप एक कवि हैं। आप एक आदर्श कवि हैं। आप एक प्रसिद्ध कवि हैं। आप एक शिक्षक हैं। आप एक ईमानदार शिक्षक हैं। आप एक बेईमान शिक्षक हैं। आप एक बहुत अच्छे शिक्षक हैं। वह एक धनी व्यक्ति है। वह एक ईमानदार व्यक्ति है। तुम एक तेज विद्यार्थी हो। यह एक लाल कलम है। वह एक मजबूत बैल है। यह एक अच्छी पुस्तक है। तुम एक ईमानदार लड़के हो। वह एक आदर्श अभिनेता है। राम बाबू एक अच्छे कलाकार हैं। वे एक आदर्श कलाकार हैं। यह एक सुंदर छाता है। यह एक बहुत सुंदर छाता है। यह एक काला छाता है। यह काली स्याही है। यह गंदा पानी है। यह सड़ा अंडा है। यह मीठा सेब है।

Vocabulary: कवि—poet, आदर्श—ideal, exemplar, प्रसिद्ध—famous, well known, ईमानदार—honest, बेईमान—dishonest, तेज—intelligent, अभिनेता—actor, कलाकार—artist, गंदा—dirty, polluted, सड़ा—rotten.

आप जानते हैं कि a, e, i, o, u को vowels कहा जाता है। परंतु आप पाते हैं कि अनेक शब्द vowel letter से प्रारंभ होते हैं, किंतु उनका उच्चारण consonant की तरह होता है। अतःउनके पहले a का ही प्रयोग होता है, an का नहीं। अर्थात्, vowel letter और vowel sound में अंतर है। आपको vowel sound के पहले an लगाना है। अनेक शब्द a, e, i, o या u से शुरू हो सकते हैं, परंतु यह आवश्यक नहीं कि उनके उच्चारण स्वर-ध्वनि से शुरु हो। अतः आप याद रखें कि a/an के प्रयोग के लिए शब्द के spelling पर ध्यान न देकर, उसके उच्चारण पर ध्यान देना होता है।

आवश्यक नोट—कोई शब्द vowel sound से शुरू हो रहा है या consonant sound से, इसे निश्चित रूप से जानने के लिए एक बहुत ही सरल नियम है। जिस शब्द के पहले a/an का प्रयोग करना हो, उसे हिंदी में लिखें। यदि उसका पहला अक्षर (letter) हिंदी में व्यंजन हो, तो उसके पहले a का प्रयोग करें। यदि उसका पहला अक्षर (letter) हिंदी में स्वर हो, तो an का प्रयोग करें—

हिंदी में स्वर—अ आ इ ई ....

हिंदी में व्यंजन—क ख ग घ ....

कुछ शब्द लें—

(i) egg (एग)—इसका पहला अक्षर 'ए' हिंदी में स्वर है, अतः इसके पहले an का प्रयोग होगा।

(ii) table (टेबल)—यहाँ पहला अक्षर 'ट' व्यंजन है, अतः a का प्रयोग होगा।

कुछ परेशानी में डालनेवाले उदाहरण लें—

European—यहाँ 'e' को देखकर आप 'an' लगा देंगे, जो गलत होगा। आप इसे खुद हिंदी में लिखकर देखें—'यूरोपियन'। यहाँ 'य' हिंदी का व्यंजन है, अतः 'a European' होगा।

निम्नलिखित शब्दों के साथ a/an के प्रयोग को ध्यान से देखकर समझें—

a university	(यूनिवर्सिटी)	व्यंजन-ध्वनि (य)
an hour	(आवर)	स्वर-ध्वनि (आ)
an honest man	(ऑनिस्ट)	स्वर-ध्वनि (ऑ)
an M.A.	(एम॰ ए॰)	स्वर-ध्वनि (ए)
a one-rupee note	(वन-रुपी नोट)	व्यंजन-ध्वनि (व)
a young man	(यंग)	व्यंजन-ध्वनि (य)

Exercise 32

निम्नलिखित शब्दों के पहले a/an का प्रयोग करें (जहाँ आवश्यक हो)—

S.D.O.
N.C.C. officer
Urdu poet
F.O.
horse
house
hotel
one-sided game
artist
editor
inkwell
small inkwell

L.P. School
M.A.
B.A.
I.A.
I.A.S.
S.P.
M.Sc.
M.L.A.
M.L.C.
M.P.
honest man
hour
hill

one-rupee note
one-eyed man
unique sight
European
university professor
Indian apple
useful animal
ant
bag
old house
umbrella
Indian ox
one-man committee

egg
rotten egg
eggs
intelligent horse
horse
boy
honest boy
very honest boy
yellow flower
oil
unique idea
ants
Europeans

Solved Examples:

1. जॉन यूरोप का है।	John is a European.
2. तुम एक ईमानदार आदमी हो।	You are an honest man.
3. तुम एम॰ ए॰ हो।	You are an M.A.
4. तुम बी॰ ए॰ हो।	You are a B.A.
5. वह एस॰ डी॰ ओ॰ है।	He is an S.D.O.
6. वह एक आँखवाला आदमी है।	He is a one-eyed man.

Exercise 33

Translate into English—

वह एक ईमानदार आदमी है। तुम एक उर्दू के कवि हो। श्याम बाबू एक एम॰ पी॰ हैं। आप एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हैं। जॉन यूरोपियन है। यह मजदूरों का यूनियन है। यह अद्वितीय दृश्य है। यह एक-तरफा खेल था। यह एक रुपए का नोट है। सीता एक आदर्श लड़की है। तुम एम॰ ए॰ हो। पांडेय जी एम॰ एल॰ ए॰ हैं। यह उपयोगी पुस्तक है। गाय एक लाभदायक जानवर है। यह एक होटल है। यह एक अच्छा बैल है। तुम एक अच्छे कलाकार हो।

Vocabulary: ईमानदार आदमी—honest man, उर्दू के कवि—Urdu poet, यूनिवर्सिटी प्रोफेसर—university professor, यूरोपियन—European, मजदूरों का यूनियन—union of labourers, अद्वितीय दृश्य—unique sight, एक-तरफा खेल—one-sided game, एक रुपए का नोट—one-rupee note, आदर्श लड़की—ideal girl, उपयोगी पुस्तक—useful book, होटल—hotel, कलाकार—artist.

The का प्रयोग

1. The का प्रयोग Singular Common Noun के पहले पूरी जाति का बोध कराने के लिए होता है। जैसे—

गाय एक जानवर है।	The cow is an animal.
गाय दूध देती है।	The cow gives milk.
घोड़ा उपयोगी होता है।	The horse is useful.
सिंह बहादुर होता है।	The lion is brave.
बिल्ली मांस खाती है।	The cat eats meat.

परंतु पूरी जाति का बोध कराने के लिए Plural Common Noun के साथ the का प्रयोग नहीं होता। जैसे—

गायें दूध देती हैं।	Cows give milk.
घोड़े उपयोगी होते हैं।	Horses are useful.
लड़के नटखट होते हैं।	Boys are naughty.

2. The का प्रयोग सामान्य अर्थ में Proper Noun तथा Uncountable Noun (अगणनीय संज्ञा) के साथ नहीं होता। जैसे—

राम एक लड़का है।	Ram is a boy.
दूध लाभदायक होता है।	Milk is useful.
शहद मीठा होता है।	Honey is sweet.
शराब हानिकारक होती है।	Wine is harmful.
सोना पीला होता है।	Gold is yellow.

3. The का प्रयोग उस Noun के पहले होगा जो खास/निश्चित/पूर्वपरिचित हो और जिसे वक्ता और श्रोता पहले से जानते हों। इस स्थिति में Noun Singular हो या Plural, Countable हो या Uncountable, 'the' का प्रयोग होगा। जैसे—

(a) बच्चे नटखट हैं। ~ The children are naughty.

(यहाँ children से पूरी जाति का बोध नहीं हो रहा है। हमारा तात्पर्य कुछ निश्चित बच्चों से है। अतः the का प्रयोग आवश्यक है।)

(b) बच्चे नटखट होते हैं। ~ Children are naughty.

(यहाँ the children नहीं होगा, क्योंकि पूरी जाति का बोध कराना है।)

(c) कुरसी टूटी है। ~ The chair is broken.

(कोई निश्चित कुरसी—अतः the का प्रयोग)

(d) कुरसियाँ टूटी हैं। ~ The chairs are broken.

(निश्चित कुरसियाँ—अतः the का प्रयोग)

(e) कुरसियाँ उपयोगी होती हैं। ~ Chairs are useful.

(यहाँ chairs से पूरी जाति का बोध हो रहा है। चूँकि यह Plural Number में है, इसलिए इसके पहले the का प्रयोग नहीं होगा।)

(f) गायें बीमार हैं। ~ The cows are ill.

(खास/निश्चित गायें—अतः the का प्रयोग)

(g) गायें सीधी होती हैं । ~ Cows are gentle.
(पूरी जाति का बोध कराने के लिए Plural Noun के साथ the का प्रयोग नहीं होगा।)

(h) पानी गंदा है । ~ The water is dirty.
(खास/निश्चित पानी—अत: the का प्रयोग)

(i) पानी उपयोगी होता है । ~ Water is useful.
(सामान्य अर्थ में the का प्रयोग नहीं होगा।)

(j) आदमी मरणशील होता है । ~ Man is mortal.
(सामान्य अर्थ में the का प्रयोग नहीं होगा।)

(k) आदमी पागल है । ~ The man is mad.
(खास/निश्चित व्यक्ति की चर्चा है।)

(l) घोड़े अच्छे नहीं थे । ~ The horses were not good.
(खास/निश्चित/पूर्वपरिचित घोड़े)

(m) घोड़ा मजबूत था । ~ The horse was strong.

(n) चावल अच्छा नहीं है । ~ The rice is not good.

(o) दूध मीठा है । ~ The milk is sweet.

(p) दूध मीठा होता है । ~ Milk is sweet.

(q) लड़के तैयार हैं । ~ The boys are ready.

(r) कलम लाल थी । ~ The pen was red.

(s) कलमें लाल थीं । ~ The pens were red.

Exercise 34

Translate into English—

[A] हाथी मजबूत होता है । घोड़ा उपयोगी (useful) होता है । गाय एक जानवर है। कुत्ता एक वफादार जानवर है। गाय एक चौपाया जानवर है । गाय नेक होती है। घोड़े उपयोगी होते हैं। गायें नेक होती हैं। बच्चे नटखट होते हैं। बिल्लियाँ फुरतीली होती हैं। दूध लाभदायक होता है। शहद मीठा होता है। सोना पीला होता है। कोयला काला होता है। लोहा मजबूत होता है। नमक उपयोगी होता है। चाँदी उजली होती है।

[B] बच्चे (children/kids) ईमानदार होते हैं। बच्चे ईमानदार हैं। गायें काली हैं। गायें उपयोगी होती हैं। कुत्ते वफादार हैं। कुत्ते वफादार होते हैं। पानी गरम है। पानी उपयोगी होता है। चाय गरम है। चाय गरम होती है। सोना अच्छा नहीं था। सोना कीमती होता है। घोड़ा तेज था। लड़का चालाक है। घोड़े कमजोर हैं। शहद अच्छा है। कुरसी नई है। घड़ी पुरानी थी। कलमें अच्छी हैं। लड़के तैयार हैं। आदमी ईमानदार था। दूध अच्छा है। दूध उजला होता है। किसान लोग मेहनती हैं। किसान मेहनती होते हैं।

Vocabulary: मजबूत—strong, powerful, वफादार—faithful, loyal, trustworthy, चौपाया—four-footed, फुरतीला—active, brisk, शहद—honey, सोना—gold, पीला—yellow, कोयला—coal, लोहा—iron, नमक—salt, चाँदी—silver, गरम—hot, कीमती—costly, precious, चालाक—clever, cunning, नया—new, पुराना—old, मेहनती—laborious, industrious.

Some Specific Uses of 'The'

(I) समुद्र (sea), महासागर (ocean), नदी (river), खाड़ी (gulf, bay), पर्वत श्रेणी (ranges of mountains), द्वीपपुंज (group of islands), मरुभूमि (desert), महाकाव्य (epic), जहाज (ship), हवाईजहाज (aeroplane), समाचारपत्र (newspapers), वाद्य-यंत्र (musical instrument), ऐतिहासिक स्थान/मकान (historical place/building) इत्यादि के नामों के पहले the लगता है। जैसे—

The Pacific Ocean, The Ganges, The Himalayas, The West Indies, The Ramayan, The Koran/Qur'an, The Times of India, The tabla, The Tajmahal, The Red Fort, etc.

Solved Examples:

1. रामायण हिंदुओं का एक धर्मग्रंथ है।	The Ramayan is a religious book of the Hindus.
2. गंगा एक पवित्र नदी है।	The Ganges is a holy river.
3. इंडियन नेशन एक लोकप्रिय दैनिक था।	The Indian Nation was a popular daily.
4. एवरेस्ट हिमालय की सबसे ऊँची चोटी है।	Everest is the highest peak of the Himalayas. (Everest चोटी है; चोटी के नाम के पहले the नहीं लगता।)
5. तबला बिहार में प्रसिद्ध है।	The tabla is famous in Bihar.
6. ताजमहल बहुत सुंदर है।	The Tajmahal is very beautiful.

Exercise 35

Translate into English—

रामायण एक महाकाव्य है। बाइबल, भगवद्गीता और कुरान भी महाकाव्य हैं। गंगा एक लंबी नदी है। गंगा बहुत प्रसिद्ध है। यमुना, बूढ़ी गंडक और बागमती भी प्रसिद्ध नदियाँ हैं। हिमालय भारत के उत्तर में है। 'हिन्दुस्तान' एक प्रसिद्ध समाचारपत्र है। तबला बिहार में प्रसिद्ध है। हारमोनियम एक वाद्य-यंत्र है। ताजमहल बहुत प्रसिद्ध है। लाल किला लाल है। ताजमहल संगमरमर से बना है। रिपल्स एक जहाज था। प्रशांत महासागर बहुत गहरा है। बंगाल की खाड़ी बहुत गहरी है।

Vocabulary: बाइबल—the Bible, भगवद्गीता—the Bhagwadgita, कुरान—the Koran, the Qur'an, महाकाव्य—epic, गंगा—the Ganges, लंबा—

long, नदी—river, प्रसिद्ध—famous, हिमालय—the Himalayas, भारत के उत्तर में—in the north of India, समाचारपत्र—newspaper, तबला—tabla, हारमोनियम—harmonium, वाद्य-यंत्र—musical instrument, लाल किला—the Red Fort, संगमरमर—marble, बना है—is made of, रिपल्स—the Repulse, जहाज—ship, प्रशांत महासागर—the Pacific Ocean, गहरा—deep, बंगाल की खाड़ी—the Bay of Bengal.

(II) Superlative degree के पहले the लगता है; जैसे—

राम सबसे अच्छा लड़का है। ~ Ram is the best boy.

(III) जब Adjective का प्रयोग Noun की तरह किया जाता है, तब उसके पहले the लगता है; जैसे—

गरीब (लोग) ईमानदार होते हैं। ~ The poor are honest.

अंधे (लोग) नहीं देख सकते हैं। ~ The blind cannot see.

Note: ऐसी स्थिति में the + adjective को Plural Number में होना समझा जाता है।

(IV) आकाशीय पिंड के नाम (names of heavenly bodies) के पहले the का प्रयोग होता है। जैसे—

The earth moves around the sun.

The moon is beautiful.

Look at the sky.

(V) क्रमसूचक संख्याएँ (Ordinary numbers) जब अक्षरों में लिखी जाती हैं, तब उनके पहले the का प्रयोग होता है। जैसे—

पहला लड़का—the first boy   दसवाँ लड़का—the tenth boy

Some Solved Examples:

1. वह वर्ग का सबसे तेज लड़का है।	He is the most intelligent boy of the class.
2. गरीब लोग मेहनती होते हैं।	The poor are laborious. (ध्यान दें कि the poor, the rich, the old, etc. का प्रयोग Plural Noun की तरह होता है।)
3. बूढ़े लोग अक्लमंद होते हैं।	The old are wise.
4. चाँद सुंदर है।	The moon is beautiful.
5. पृथ्वी गोल है।	The earth is round.
6. मैं पहला लड़का था।	I was the first boy.
7. वह पाँचवाँ आदमी था।	He was the fifth man.

Exercise 36

Translate into English—

श्यामा मेरे मुहल्ले की सबसे सुंदर लड़की है। वह मेरे वर्ग का सबसे तेज लड़का है। यह परीक्षा के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है। गरीब लोग ईमानदार होते हैं। अमीर लोग घमंडी होते हैं। बूढ़े लोग कमजोर होते हैं। युवा (young) परिश्रमी होते हैं। अंधे आशाहीन होते हैं। गरीब की मदद करो। अमीर लोग दयालु नहीं होते हैं। अंधे लोग मूर्ख नहीं होते हैं। सूर्य गोल है। सूर्य गरम रहता है। पृथ्वी हमारी माँ है। क्या पृथ्वी गोल नहीं है ? क्या पृथ्वी अमर नहीं है ? चाँद प्यारा है। चाँद आकर्षक है। आकाश नीला है। तारा चमकीला होता है। सीता पहली लड़की है। जनवरी साल का पहला महीना होता है। ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है। यह दसवाँ प्रश्न (question) है।

Vocabulary: सबसे सुंदर लड़की—the most beautiful girl, सबसे तेज लड़का—the most intelligent boy, परीक्षा के लिए—for the examination, सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण प्रश्न—the most important question, परिश्रमी—laborious, industrious, अंधा—blind, आशाहीन—hopeless, मदद करना—to help, सूर्य—sun, गोल—round, गरम—hot, पृथ्वी—earth, अमर—immortal, चाँद—moon, प्यारा—lovely, आकर्षक—attractive, आकाश—sky, नीला—blue, तारा—star, चमकीला—bright, पहली लड़की—the first girl, साल का पहला महीना—the first month of the year, ईमानदारी—honesty, नीति—policy.

The Omission of Articles

(Articles का लोप)

(I) Plural Countable Noun के पहले a/an कभी नहीं लगता। जहाँ तक the का सवाल है, आप यह जान लें कि अगर Plural Countable Noun का प्रयोग सामान्य अर्थ में किया जाए तो उसके साथ the का प्रयोग नहीं होगा। यदि Plural Noun से निश्चित व्यक्तियों या वस्तुओं का बोध हो, तो the का प्रयोग अवश्य होगा। जैसे—

(a) बच्चे निर्दोष होते हैं। ~ **Children are innocent.** (सभी बच्चे सामान्य रूप से)

(b) बच्चे निर्दोष हैं। ~ **The children are innocent.** (निश्चित/खास बच्चे)

(c) इस जगह के बच्चे अच्छे हैं। ~ **The children of this place are good.** (निश्चित/खास बच्चे—अतः यहाँ the का प्रयोग आवश्यक है।)

(II) Uncountable Noun (material/absract) और Proper Noun के पहले सामान्य अर्थ में article का प्रयोग नहीं होता है। जैसे—

(a) राम अच्छा लड़का है। ~ **Ram is a good boy.** (यहाँ a/the Ram लिखना गलत होगा।)

(b) दूध उजला होता है। ~ **Milk is white.** (milk material noun है, अतः सामान्य अर्थ में article का प्रयोग नहीं होगा।)

(c) ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है। ~ Honesty is the best policy. (honesty abstract noun है, अतः सामान्य अर्थ में the का प्रयोग honesty के पहले नहीं होगा।)

परंतु जब इन्हें निश्चित बनाने के लिए इनके बाद preposition + noun रहे, तो इनके पहले the का प्रयोग होगा, जैसा कि नीचे दिए गए उदाहरणों से स्पष्ट है—

1. रामायण के राम एक आदर्श मानव हैं।	The Ram of the Ramayan is an ideal man.
2. कालिदास भारत के शेक्सपियर हैं।	Kalidas is the Shakespeare of India.
3. भारत का सोना अच्छा होता है।	The gold of India is good.

उपर्युक्त वाक्यों में Ram, Shakespeare और gold के बाद 'of' Preposition आने से ये Countable Noun की भाँति हो गए हैं, और साथ-ही-साथ ये particularised भी हो गए हैं। अतः ऐसे वाक्यों में noun के पहले the का प्रयोग आवश्यक होता है। इसी प्रकार—

4. एक गरीब आदमी की ईमानदारी संदेहात्मक होती है।	The honesty of a poor man is doubtful.
5. कश्मीर की सुंदरता प्रशंसनीय है।	The beauty of Kashmir is praiseworthy.
6. इस गाय का दूध अच्छा है।	The milk of this cow is good.
7. दूध अच्छा होता है।	Milk is good.
8. बिहार के लोग अच्छे होते हैं।	The people of Bihar are good.

(III) बीमारियों / पर्वों / ऋतुओं / सप्ताह के दिनों / महीनों / द्रव / पदार्थ /भोजन/ खेल-कूद / भाषाओं के नाम के पहले सामान्य अर्थ में article का प्रयोग नहीं होता। जैसे—

1. हिंदी एक धनी भाषा है।	Hindi is a rich language.
2. कॉलरा (हैजा) एक खतरनाक बीमारी है।	Cholera is a dangerous disease.
3. मैं फुटबॉल खेलता हूँ।	I play football.
4. होली हिंदुओं का धार्मिक पर्व है।	Holi is a sacred festival of the Hindus.
5. जनवरी साल का पहला महीना है।	January is the first month of the year.
6. मैं प्रतिदिन दूध पीता हूँ।	I drink milk everyday.

Exercise 37

Translate into English—

राम एक लड़का है। रामायण के राम बहादुर हैं। कालिदास एक महान् कवि हैं। वे भारत के शेक्सपियर हैं। दूध लाभदायक होता है। गाय का दूध लाभदायक होता है। सोना आकर्षक (attractive) होता है। भारत का सोना आकर्षक होता है। सोना आकर्षक है। पानी गंदा है। इस नदी का पानी गंदा है। कुत्ते खतरनाक (dangerous) होते हैं। इस शहर के कुत्ते खतरनाक हैं। कुत्ते खतरनाक हैं। सुंदरता एक कीमती रत्न है। कश्मीर की सुंदरता प्रसिद्ध है। ईमानदारी एक अच्छी नीति है। श्याम की ईमानदारी प्रसिद्ध है। सच्ची दोस्ती दुर्लभ है। सच्ची दोस्ती दुनिया में सबसे अच्छी चीज है। राम और सुग्रीव की दोस्ती अनुकरणीय है। कृष्ण और सुदामा के बीच की दोस्ती बहुत प्रसिद्ध है। अँग्रेजी एक समृद्ध भाषा है। हिंदी एक रोचक भाषा है। उत्तर प्रदेश की हिंदी अच्छी है। फुटबॉल विश्व में प्रसिद्ध है। क्रिकेट विश्व में प्रसिद्ध है। रविवार सप्ताह का अंतिम दिन है। इस माह का रविवार मेरे लिए (for me) अच्छा नहीं है। जनवरी सल का पहला महीना है। 2005 ई० की जनवरी मेरे लिए अच्छी थी। जनवरी, फरवरी और मार्च पर्व से भरे रहते हैं। जाड़ा, गरमी और बरसात तीन महत्त्वपूर्ण ऋतुएँ हैं। जाड़ा दुःखदायी होता है। बरसात का मौसम कठिनाइयों से भरा रहता है। लकवा बहुत खतरनाक बीमारी है।

Hints & Vocabulary : भारत का सोना—the gold of India, ऐसे शब्द-समूह का अनुवाद करते वक्त आप उलटा शुरू करें यानी पहले 'सोना', तब 'का' और फिर 'भारत' का अनुवाद करें। इसी प्रकार 'इस शहर के कुत्ते' का अनुवाद करते वक्त पहले 'कुत्ते', तब 'के' और फिर इस शहर' का अनुवाद करें—'the dogs of this town.' अगर आप सीधे अनुवाद करते हैं और लिखते हैं—this town of dogs तो यह गलत होगा।

Vocabulary : गंदा—dirty, polluted, शहर—town, city, सुंदरता—beauty, कीमती—costly, precious, रत्न—gem, jevel, ईमानदारी—honesty, नीति—policy, सच्चा—true, दोस्ती—friendship, दुर्लभ—rare, सबसे अच्छी चीज—the best thing, अनुकरणीय—imitable, कृष्ण और सुदामा के बीच की दोस्ती—the friendship between Krishna and Sudama, समृद्ध—enriched, भाषा—language, रोचक—interesting, agreeable, फुटबॉल—football, विश्व—world, क्रिकेट—cricket, सप्ताह—week, अंतिम दिन—the last day, माह—month, पर्व से भरे—full of festivals, जाड़ा—winter, गरमी—summer, बरसात—rainy season, महत्त्वपूर्ण—important, ऋतु—season, दु:खदायी—painful, कठिनाइयों से भरा—full of difficulties, लकवा—paralysis, बीमारी—disease.

Exercise 38

Translate into English—

आप कवि थे। वह एक बूढ़ा आदमी था। आप एक अफसर थे। आप एक बेईमान अफसर थे। सीता एक तेज लड़की थी। वह एक हाथी था। तुम एक आदर्श पुत्र थे। मैं एक कलाकार था। तुम एक मूर्ख कलाकार थे। आप एक तेज डॉक्टर

थे। वह एम॰ ए॰ था। श्याम बाबू एक एम॰ पी॰ थे। तुम्हारा दोस्त एक यूरोपियन था। मैं एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर था। वह पुस्तक लाभदायक थी। लड़के नटखट थे। कमरा साफ था। गाय बहुत काली थी। उस कुएँ का पानी मीठा था। इस गली (lane, alley, street) के कुत्ते खतरनाक थे। गरीब लोग बेसहारा थे। आकाश नीला था। राम मेरे वर्ग का सबसे तेज लड़का था। ताजमहल विश्व के सात आश्चर्यों में एक है। सीता पहली लड़की थी। वह दसवाँ लड़का था। कालिदास महान् कवि थे। भारत का सोना प्रसिद्ध था। वह एक कवि होगा। तुम एक अफसर बनोगे। वह एक एम॰ पी॰ बनेगा। तुम्हारे पिता एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर बनेंगे। भारत के बच्चे ईमानदार बनेंगे। तुम पहले भारतीय होगे। ईमानदारी सबसे अच्छी नीति होगी। तुम मेरे वर्ग के सबसे तेज लड़के होगे। गरीब लोग बेसहारा रहेंगे। मैं भारतीय हूँ; भारतीय था और हमेशा एक भारतीय रहूँगा। लड़के बुरे थे। तबला बिहार में प्रसिद्ध था। क्रिकेट बिहार में प्रसिद्ध होगा। इस शहर की सुंदरता प्रशंसनीय थी। सच्ची दोस्ती दुर्लभ न थी।

Vocabulary : अफसर—officer, बेईमान अफसर—dishonest officer, आदर्श—ideal, कलाकार—artist, मूर्ख—foolish, साफ—clean, बेसहारा—helpless, सबसे तेज लड़का—the most intelligent boy, विश्व के सात आश्चर्यों में एक—one of the seven wonders of the world, दसवाँ—tenth, सबसे अच्छी नीति—the best policy, भारतीय—Indian, हमेशा—always, प्रशंसनीय—praiseworthy, सच्ची दोस्ती—true friendship, दुर्लभ—rare, scarce.

Negative & Interrogative Sentences

1. आप एक एम॰ पी॰ नहीं हैं।	You are not an M.P.
2. तुम एक तेज लड़के नहीं हो।	You are not an intelligent boy.
3. तुम एक कलाकार नहीं थे।	You were not an artist.
4. गरीब लोग बेसहारा नहीं थे।	The poor were not helpless.
5. क्या आप भारतीय हैं ?	Are you an Indian ?
6. क्या आपलोग भारतीय हैं ?	Are you Indians ?
7. क्या कमरा साफ नहीं था ?	Was the room not clean ?
8. क्या आप एक आदर्श नागरिक नहीं बनेंगे ?	Will you not be an ideal citizen ?
9. क्या आपके पिताजी यूनिवर्सिटी प्रोफेसर नहीं बनेंगे ?	Will your father not be a university professor ?

Exercise 39

Translate into English—

सीता एक तेज लड़की नहीं थी। तुम एक एम॰ पी॰ नहीं थे। वह एक अमेरिकन नहीं था। तुम सबसे तेज लड़के नहीं हो। सोना कीमती नहीं है। वह लड़का कलाकार नहीं है। तुम बेसहारा नहीं रहोगे। सीता पहली लड़की नहीं थी। मैं एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर नहीं था। यह एक-तरफा खेल नहीं था। तुम एक आदर्श नागरिक नहीं

बनोगे। क्या आप यूरोपवासी हैं ? क्या सीता आदर्श पत्नी है ? क्या आप एम॰ पी॰ नहीं बनेंगे ? क्या तुम एक कलाकार नहीं हो ? क्या वह एक ईमानदार व्यक्ति बनेगा ? क्या भारत का सोना प्रसिद्ध नहीं था ? क्या भारतीय किसान परिश्रमी नहीं हैं ? क्या सूर्य गरम नहीं रहेगा ? क्या दूध उबला नहीं था ? क्या आकाश साफ नहीं था ? क्या इस शहर के कुत्ते खतरनाक थे ? क्या आप मानवता के लिए खतरा होंगे ? क्या राम बाबू एक एम॰ पी॰ नहीं हैं ? क्या तुम एफ॰ ओ॰ थे ? क्या आप फॉरेस्ट अफसर बनेंगे ? क्या मेरा भाई बिहार का दारा सिंह नहीं है ? क्या मैं एक तेज लड़की नहीं हूँ ? क्या लकवा खतरनाक बीमारी नहीं रहेगी ? क्या होली एक महत्त्वपूर्ण (important) पर्व नहीं है ? क्या फुटबॉल अच्छा खेल नहीं है ? क्या बच्चे तैयार नहीं हैं ? क्या हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है ? क्या सोना महँगा होता है ? क्या मार्च साल का तीसरा महीना नहीं है ? क्या रामायण लोकप्रिय नहीं है ? क्या गंगा नदी नहीं है ? क्या माउंट एवरेस्ट हिमालय की सबसे ऊँची चोटी नहीं है ? क्या ताजमहल प्रसिद्ध है ? क्या इंडियन नेशन लोकप्रिय नहीं था ? क्या जाड़ा सुहावना नहीं होता है ? क्या बच्चे नटखट नहीं होते हैं ?

Vocabulary: अमेरिकन—American, सबसे तेज लड़का—the most intelligent boy, कीमती—costly, precious, कलाकार—artist, एक-तरफा खेल—one-sided game, आदर्श—ideal, नागरिक—citizen, यूरोपवासी—European, साफ—clear, मानवता के लिए खतरा—a danger for humanity, लकवा—paralysis, पर्व—festival, खेल—game, play, राष्ट्रभाषा—national language, महँगा—dear, expensive, लोकप्रिय—popular, माउंट एवरेस्ट—Mount Everest, सबसे ऊँची—the highest, चोटी—peak, सुहाना—pleasant.

Solved Examples:

1. आप क्यों एक आदर्श नागरिक नहीं हैं ?	Why are you not an ideal citizen?
2. तुम कैसे एक तेज लड़के हो ?	How are you an intelligent boy?
3. (वह) पुस्तक क्यों उपयोगी थी ?	Why was the book useful?
4. आप एक एम॰ पी॰ क्यों नहीं होंगे ?	Why will you not be an M.P.?
5. भारत का सोना क्यों प्रसिद्ध है ?	Why is the gold of India famous?
6. आप एक कलाकार क्यों नहीं होंगे ?	Why will you not be an artist?
7. राम तुम्हारे वर्ग का सबसे तेज लड़का क्यों था ?	Why was Ram the most intelligent boy of your class?
8. तुम कैसे हमेशा ईमानदार आदमी रहोगे ?	How will you always be an honest man?
9. वह कैसे एक भारतीय है ?	How is he an Indian?

Exercise 40

Translate into English—

राम एक हाकिम क्यों नहीं होगा ? आप कैसे एम॰ पी॰ बनेंगे ? वह एक कलाकार क्यों नहीं था ? तुम एक आदर्श पुत्र क्यों नहीं रहोगे ? आकाश क्यों लाल था ? चाँद क्यों उदास है ? सूर्य हमेशा क्यों गरम रहता है ? ईमानदारी सबसे अच्छी नीति क्यों और कैसे है ? वह कैसे एक भारतीय नहीं है ? तुम कैसे एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हो ? तुम कैसे यूरोपियन हो ? तुम कैसे एक ईमानदार व्यक्ति हो ? गरीब क्यों गरीब रहेंगे ? कालिदास कैसे भारत के शेक्सपियर हैं ? ताजमहल क्यों आकर्षक है ? भारत का सोना क्यों प्रसिद्ध है ? दूध क्यों गरम है ? लड़के क्यों उदास हैं ? नदी कैसे गंदी है ? क्या सोना कीमती नहीं होता है ? क्या सोना अच्छा है ? क्या गायें नेक हैं ? क्या घोड़े उपयोगी हैं ? मानव-जाति क्यों खतरे में है ? बूढ़े लोग क्यों अक्लमंद होते हैं ? प्रशांत महासागर क्या सबसे गहरा महासागर नहीं है ? उस कुएँ का पानी क्यों मीठा था ? चाय अच्छी थी। चाय गरम थी। चाय गरम होती है। होली हिंदुओं का धार्मिक पर्व क्यों है ? अँगरेजी सबसे लोकप्रिय भाषा क्यों नहीं है ? बुधवार सप्ताह का पहला दिन क्यों नहीं होता है ? क्या क्रिकेट सबसे लोकप्रिय खेल नहीं है ? क्या जनवरी सुहावनी होती है ?

Vocabulary : हाकिम/पदाधिकारी—officer, आदर्श—ideal, examplar, prototype, नीति—policy, मानव-जाति—mankind, humanity, खतरे में—in danger, अक्लमंद—wise, प्रशांत महासागर—the Pacific Ocean, धार्मिक—religious, पर्व—festival, लोकप्रिय—popular, सुहावनी—pleasant.

Exercise 41

Use 'a', 'an' or 'the' where necessary—

1. I am ...... honest.
2. I am ...... very honest.
3. I am ...... honest boy.
4. ...... milk is useful for health.
5. ...... milk was very sweet.
6. ...... milk of this cow is very sweet.
7. ...... tea was hot.
8. I saw a boy. ..... boy was very intelligent.
9. ...... horses were very bad.
10. ...... man is mortal.
11. This is ...... interesting story.
12. You are ..... European.
13. ...... hour is enough.
14. Have you ...... one-rupee note ?
15. It was ...... one-sided game.
16. He is ...... university professor.

17. Ramu is ...... one-eyed man.
18. You are ...... B.A.
19. He is ..... M.A.
20. You are ...... B.D.O.
21. He is ...... good editor.
22. It was ..... unique sight.
23. Are you ..... I.A.S.?
24. He is ..... F.O.
25. Are you ...... forest officer ?
26. This is ...... ink.
27. This is ...... inkwell.
28. I have ...... oranges.
29. Have you ...... old pens ?
30. ...... girl I met yesterday has come today.
31. ...... gold is yellow.
32. ...... gold of India is not very yellow.
33. ...... water is useful for life.
34. ...... water of this well is pure.
35. ...... watch was old.
36. I have ...... watch.
37. I lost ...... watch you gave me.
38. ...... Ram of ...... Ramayan is ...... ideal personality.
39. ...... roads of my village are damaged.
40. ...... horse is ...... useful ...... animal.
41. ...... poor are honest.
42. He is ...... most important man of ...... party.
43. ...... moon moves around ...... earth.
44. ...... moon is beautiful.
45. ...... Mount Everest is ...... highest peak of ...... Himalayas.
46. ...... Indian Nation was ...... important daily.
47. I am ...... first boy of my class.
48. ...... Ganges is a holy river.
49. ...... tabla and ...... harmonium are famous in ...... Bihar.
50. ...... Tajmahal is ...... historical building.
51. ...... Pacific Ocean is very deep.
52. ...... dogs bark at night.
53. ...... dogs of this place do not bark.

54. Kalidas is ...... Shakespeare of India.
55. ...... cholera is a dangerous disease.
56. ...... Holi is ...... important festival of ...... Hindus.
57. ...... Monday is ...... first day of ...... week.
58. ...... January has thrity-one days.
59. Cricket is ...... most popular game of ...... world.
60. I like ...... Hindi not because I am ...... Hindu but because I am ...... Indian.
61. ...... mankind is in danger.
62. ...... man you met yesterday is ...... very bad man.
63. I am learning ...... English.
64. Do you play ...... violin ?
65. Do you play ...... cricket ?
66. I have ...... H.M.T. watch.
67. Do you take ...... coffee ?
68. ...... coffee was very good.

Hints: (1) no article, adjective (honest) के बाद कोई noun नहीं है। (2) × (3) an (4) no article, milk uncountable noun है जो सामान्य अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। (5) the (कोई निश्चित दूध) (6) the (इस गाय का दूध—खास प्रकार का दूध) (7) the (निश्चित चाय) (8) the (वही लड़का जिसको मैंने देखा।) (9) the (खास घोड़े) (10) × (man पूरी मानव-जाति के लिए) (11) an (12) a (13) an (14) a (वन-रुपी नोट) (15) a (16) a (17) a (18) a (19) an (20) a (21) a (22) a (23) an (24) an (25) a (26) × (27) an (28) × (plural noun) (29) × (30) the (वही लड़की जिससे मैं कल मिला।) (31) × (32) the (भारत का सोना, खास प्रकार का) (33) × (34) the (35) the (36) a (37) the (वही घड़ी—खास घड़ी) (38) the, the, an (39) the (40) a/the, a, × (41) the (42) the, the (43) the, the (44) the (45) × (चोटी), the, the (46) the, an, (47) the (48) the (49) the, the, × (50) the, a (51) the (52) × (53) the (54) the (55) × (56) ×, an, the (57) ×, the, a/the (58) × (59) the, the (60) ×, a, an (61) × (62) the, a (63) × (64) the (65) × (66) an (67) × (68) the.

Exercise 42 (Advanced Learner's)

Translate into English—

तुम संतुष्ट हो, क्योंकि तुम एक एम॰ पी॰ हो। मेरा बेटा एम॰ ए॰ है और मैं बी॰ ए॰, फिर भी (yet) हमलोग प्रसन्न हैं। क्या भारत का सोना विश्व में प्रसिद्ध (famous in the world) नहीं है ? क्या गरीब लोग बेसहारा (helpless) नहीं हैं ? गरीब लोग क्यों बेसहारा रहेंगे ? कालिदास संस्कृत के सबसे महान् कवि थे। वे बहुत विद्वान् थे, परंतु शुरू में (in the beginning) वे बहुत मूर्ख थे। गंगा, हिमालय, सूर्य, चाँद, तारे इत्यादि भगवान् की महान् कलाकृतियाँ (great artistic creations) हैं। ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है। क्या आप ईमानदार नहीं हैं ? मैं

ईमानदार आदमी हूँ और हमेशा ईमानदार रहूँगा। इस नदी का पानी साफ है। पानी हमलोगों के लिए आवश्यक (essential) है। क्या आप एम॰ ए॰ हैं ? तब आप एक पढ़े-लिखे (educated) व्यक्ति हैं। आप एक B.D.O. अवश्य बनेंगे। मैं जो हूँ, वही रहूँगा (I shall be what I am)। तुम कैसे तेज नहीं हो ? क्या आप यूरोपियन नहीं हैं ? नहीं, मैं भारतीय हूँ और भारतीय रहूँगा। क्या होली तुम्हारे लिए महत्त्वपूर्ण नहीं है ? आज चाँद उदास है, क्योंकि तुम उदास हो। क्या कलम अच्छी नहीं है ? क्या लड़के बुरे नहीं हैं ? क्या तबला, गिटार, हारमोनियम और रेडियो बिहार में प्रसिद्ध नहीं हैं ? क्या आप I.A.S. नहीं बनेंगे ? क्या चाय मीठी है ? लड़के क्यों तैयार नहीं हैं ? क्या पुस्तक अच्छी नहीं है ? क्या रामायण के राम दयालु नहीं थे? क्या यह एक रुपए का नोट (one-rupee note) है ? सीता की सुंदरता (beauty) वर्णन से परे (beyond description) है।

Solved Exercise 42

You are satisfied because you are an M.P. My son is an M.A. and I am a B.A, yet we are happy. Is the gold of India not famous in the world? Are the poor not helpless? (Aren't the poor helpless?) Why will the poor be helpless? Kalidas was the greatest poet of Sanskrit. He was a great scholar but in the beginning he was very foolish. The Ganges, the Himalayas, the sun, the moon, stars etc. are great artistic creations of God. Honesty is the best policy. Are you not honest? (Aren't you honest?) I am an honest man and shall always be honest. The water of this river is clean. Water is essential for us. Are you an M.A.? Then you are an educated person. You shall be a B.D.O. (You will definitely be a B.D.O.) I shall be what I am. How are you not intelligent? (How aren't you intelligent?) Are you not a European? No, I am an Indian and shall be an Indian. Is Holi not important for you? (Isn't Holy important for you?) Today the moon is sad because you are sad. Is the pen not good? Are the boys not bad? Are the tabla, the guitar, the harmonium and the radio not famous in Bihar? Will you not be an I.A.S? (Won't you be an I.A.S.?) Is the tea sweet? Why are the boys not ready? Is the book not good? Was the Ram of the Ramayan not kind? (Wasn't the Ram of the Ramayan kind?) Is this a one-rupee note? The beauty of Sita (Sita's beauty) is beyond description.

Note: दवात की अँगरेजी inkwell होती है, ink-pot नहीं।

Hints: चूँकि इस chapter में Articles (a, an एवं the) के संबंध में अच्छी तरह समझाया गया है और काफी Solved Examples भी दिए गए हैं, अत: इनके प्रयोग कहाँ-कहाँ होंगे या न होंगे, आप स्वयं ध्यान रखें; Solved Examples और Solved Exercise को पढ़ते समय भी इन बातों को समझने का प्रयास करें।

Spoken English के लिए इन्हें याद रखें—Is not = Isn't; Are not = Aren't; Was not = Wasn't; Will not = Won't.

❑❑❑

5. Use of This, That, These and Those

This—यह That—वह	एकवचन	These—ये, ये सब Those—वे, वे सब	बहुवचन

1. 'This, That, These' और 'Those' Demonstrative Pronouns/ Adjectives हैं। This/These से निकटता और That/Those से दूरी का बोध होता है।

2. This/That के साथ Singular Noun तथा Singular Verb का प्रयोग होता है और These/Those के साथ Plural Noun तथा Plural Verb का।

Solved Examples:

(a) यह एक गाय है।	This is a cow.
(b) वह एक बैल है।	That is an ox.
(c) यह चाय है।	This is tea.
(d) वह दूध है।	That is milk.
(e) यह राम है।	This is Ram.
(f) वह मोहन है।	That is Mohan.
(g) ये लड़के हैं।	These are boys.
(h) वे लड़कियाँ हैं।	Those are girls.
(i) यह लड़की सुंदर है।	This girl is beautiful.
(j) ये लड़कियाँ सुंदर हैं।	These girls are beautiful.
(k) वे लड़के चोर हैं।	Those boys are thieves.

Note: "वह राम है" का अनुवाद "He is Ram/That is Ram" होगा। "That is Ram" तब होगा जब राम की तरफ इशारा करते हुए उसे निर्देशित करना हो। इसी प्रकार "वे लड़के हैं" का अनुवाद "Those are boys" तब होगा जब उन्हें निर्देशित करना हो।

Exercise 43

Translate into English—

यह घोड़ा है। वह हाथी है। यह अंडा है। वह सेब है। यह पानी है। वह दूध है। यह राम है। वह मोहन है। ये बिल्लियाँ हैं। ये कुत्ते हैं। ये कलमें हैं। वे पुस्तकें हैं। ये बच्चे हैं। वे स्त्रियाँ हैं। यह लड़का नेक है। ये लड़के नेक हैं। यह आदमी चोर है। ये आदमी चोर हैं। यह लड़का एक तेज विद्यार्थी है। ये लड़के तेज विद्यार्थी हैं। वह गाय काली है। वे गायें काली हैं। वह आदमी एक नेता है। वे आदमी लोग नेता हैं। ये बच्चे भिखारी हैं। वे बच्चे विद्यार्थी हैं। ये लड़के मेरे दोस्त हैं। वे लड़कियाँ मेरी बहनें हैं। यह पेड़ हरा था। ये पेड़ हरे थे। वह लड़का

मेरा दोस्त था। वे लड़के मेरे दोस्त थे। यह लड़का एक डॉक्टर बनेगा। ये लड़के डॉक्टर बनेंगे। वह पेड़ हरा रहेगा। वे पेड़ हरे रहेंगे।

Vocabulary : बच्चे—children, kids, स्त्रियाँ—women, आदमी लोग—men, भिखारी—beggar, पेड़—tree, हरा—green.

Negative & Interrogative Sentences

1. यह मक्खन नहीं है।	This is not butter.
2. वे लड़के चोर नहीं थे।	Those boys were not thieves.
3. यह लड़की नर्स नहीं बनेगी।	This girl will not be a nurse.
4. क्या ये पुस्तकें पुरानी हैं ?	Are these books old ?
5. क्या वह बच्चा आपका पुत्र है ?	Is that child your son ?
6. क्या ये कुरसियाँ टूटी थीं ?	Were these chairs broken ?
7. क्या वे शिक्षकगण नेता बनेंगे ?	Will those teachers be leaders ?
8. क्या वे लड़के मूर्ख नहीं हैं ?	Are those boys not foolish ?
9. क्या ये पेड़ हरे नहीं हैं ?	Are these trees not green ?

Exercise 44

Translate into English—

यह आम नहीं है। यह तेल (oil) नहीं है। वह गधा नहीं है। ये गायें नहीं हैं। वे बैल नहीं हैं। यह लड़का बुरा नहीं है। वह लड़की सुंदर नहीं है। ये लड़कियाँ मेरी बहनें नहीं हैं। वे लड़के मेरे दोस्त नहीं हैं। ये नदियाँ सूखी (dry) नहीं थीं। वे लोग डॉक्टर नहीं थे। वे बच्चे बीमार न थे। यह नदी (river) सूखी नहीं रहेगी। ये विद्यार्थी डॉक्टर नहीं बनेंगे। यह पेड़ हरा नहीं रहेगा। क्या ये पुस्तकें उपयोगी (useful) हैं ? क्या ये लड़के अच्छे विद्यार्थी नहीं हैं ? क्या वह गाय काली थी ? क्या वे चोर लोग तुम्हारे भाई थे ? क्या ये नेता अच्छे आदमी नहीं थे ? क्या यह लड़का डॉक्टर बनेगा ? क्या वे पेड़ हमेशा (always) हरे रहेंगे ? क्या ये लड़के किसान नहीं बनेंगे ? क्या यह शहर सुंदर नहीं होगा ?

Solved Examples :

1. ये बच्चे क्यों उदास हैं ?	Why are these children sad ?
2. यह काला क्यों है ?	Why is this black ?
3. ये बच्चे कैसे हैं ?	How are these children ?
4. ये लड़के क्यों अनुपस्थित थे ?	Why were these boys absent ?
5. ये बच्चे कैसे स्वस्थ रहेंगे ?	How will these children be healthy ?
6. ये लड़कियाँ नर्स क्यों नहीं बनेंगी ?	Why will these girls not be nurses?
7. वे क्या हैं ?	What are those?

8. यह लड़की क्या है ?	What is this girl?
9. भारत के प्रधानमंत्री कौन हैं ?	Who is the Prime Minister of India?
10. भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?	Who was the first President of India?

Exercise 45 (Miscellaneous)

Translate into English—

यह मक्खन कैसे नहीं है ? वह लड़की दुबली क्यों है ? ये सड़कें कैसे चौड़ी नहीं हैं ? वे नदियाँ क्यों सूखी हैं ? यह क्यों लाल है ? यह बच्चा क्यों उदास है ? वह पेड़ कब हरा था ? ये गायें कब बीमार थीं ? वे लड़के कब नौकर थे ? ये लड़कियाँ कब नर्तकियाँ थीं ? क्या वे बच्चे बेसहारा नहीं थे ? वह नदी कब सूखी थी ? वह आदमी कब पागल था ? ये बच्चे कैसे महान् बनेंगे ? यह पेड़ कैसे हरा होगा ? यह बालक कैसे स्वस्थ होगा ? ये लड़के कब मेरे दोस्त बनेंगे ? वे लड़कियाँ डॉक्टर क्यों नहीं बनेंगी ? ये क्या हैं ? यह लड़का क्या है ? वे लड़के क्या हैं ? वह पुस्तक कहाँ थीं ? बिहार के मुख्यमंत्री (Chief Minister) कौन हैं ? भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (Prime Minister) कौन थे ?

Vocabulary: मक्खन—butter, दुबला—thin, lean, सड़क—road, चौड़ा—wide, सूखा—dry, नर्तकी—dancer, बेसहारा—helpless, महान्—great.

Solved Exercise 45

How is this not butter? (How isn't this butter?) Why is that girl thin? How are these roads not wide? (How aren't these roads wide?) Why are those rivers dry? Why is this red? Why is this child sad? When was that tree green? When were these cows ill? When were those boys servants? When were these girls dancers? Were those children not helpless? (Weren't those children helpless?) When was that river dry? When was that man mad? How will these children be great? How will this tree be green? How will this child be healthy? When will these boys be my friends? Why will those girls not be doctors? (Why won't those girls be doctors?) What are these? What is this boy? (What's this boy?) What are those boys? Where was that book? Who is the Chief Minister of Bihar? (Who's the Chief Minister of Bihar?) Who was the first Prime Minister of India?

Hints: Articles (a, an एवं the) के प्रयोग कहाँ-कहाँ होंगे, खयाल रखें।

Spoken English के लिए इन्हें याद रखें—Is not = Isn't; Are not = Aren't; Were not = Weren't; Will not = Won't; What is = What's; Who is = Who's.

❑❑❑

6. Possessive Adjectives, Possessive Pronouns & Possessive Case of Nouns

'my, our, your, his, her, its' और 'their' Possessive Adjectives हैं। इनका प्रयोग अधिकार या संबंध का भाव व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

my	मेरा, मेरी, मेरे
our	हमारा, हमारी, हमारे, हमलोगों का, हमलोगों की, हमलोगों के
your	तुम्हारा, तुम्हारी, आपका, अपकी, तुमलोगों का, आपलोगों का
his	उसका, उसकी, उसके (पुं॰ के लिए)
her	उसका, उसकी, उसके (स्त्री॰ के लिए)
their	उनलोगों का, उनलोगों की, उनलोगों के
its	इसका, इसकी, इसके, उसका, उसकी, उसके (नपुं॰ के लिए)

Solved Examples:

1. यह मेरी पुस्तक है। This is my book.
2. यह हमारा स्कूल है। This is our school.
3. वह तुम्हारा कुत्ता है। That is your dog.
4. यह उसकी (पुं॰) गाय है। This is his cow.
5. यह उसकी (स्त्री॰) गाय है। This is her cow.
6. वह उनलोगों का गाँव है। That is their village.
7. यह इसकी पूँछ है। This is its tail.
8. ये मेरी पुस्तकें हैं। These are my books.
9. वे तुम्हारे कुत्ते हैं। Those are your dogs.
10. मेरी गाय काली है। My cow is black.
11. मेरी गायें काली हैं। My cows are black.
12. उनलोगों की गायें उजली हैं। Their cows are white.

Exercise 46

Translate into English—

—यह मेरी पुस्तक है। ये मेरी पुस्तकें हैं मेरी पुस्तक अच्छी है। मेरी पुस्तकें अच्छी हैं। यह हमारा कुत्ता है। ये हमारे कुत्ते हैं। हमारा गाँव अच्छा है। हमारे गाँव अच्छे हैं। वह तुम्हारी टोपी है। वे तुम्हारी टोपियाँ हैं। तुम्हारी कलम लाल है। तुम्हारी कलमें लाल हैं। यह उसकी (पुं॰ गाय है। ये उसकी गायें हैं। उसका दोस्त नेक है। उसके दोस्त लोग नेक हैं। यह उसकी साड़ी है। ये उसकी साड़ियाँ

हैं। उसकी साड़ी कीमती है। उसकी साड़ियाँ कीमती हैं। उसकी पत्नी सुंदर है। उसका पति युवा है। यह उनलोगों का पेड़ है। ये उनलोगों के पेड़ हैं। उनलोगों का गाँव अच्छा है। उनलोगों के दोस्त लोग अच्छे हैं। यह इसकी पूँछ है। इसकी पूँछ लंबी है। इसकी टाँगें मजबूत हैं।

Vocabulary: गाँव—village, टोपी—cap, साड़ी—saree, कीमती—costly, precious, पत्नी—wife, युवा—young, पति—husband, पूँछ—tail, लंबा—long, मजबूत—strong, टाँग—leg.

Solved Examples :

1. राम मेरा भाई है।	Ram is my brother.
2. मेरा भाई एक अभियंता है।	My brother is an engineer.
3. मेरे भाई लोग अभियंता हैं।	My brothers are engineers.
4. वह तुम्हारी बहन है।	She is your sister.
5. तुम्हारी बहनें डॉक्टर हैं।	Your sisters are doctors.
6. उसके मित्रगण खिलाड़ी हैं।	His friends are players.
7. तुम्हारा दोस्त मेरा दोस्त है।	Your friend is my friend.
8. उसके दोस्त लोग मेरे दोस्त हैं।	His friends are my friends.

Exercise 47

Translate into English—

तुम मेरे दोस्त हो। तुमलोग मेरे दोस्त हो। आपका भाई एक डॉक्टर है। आपके भाई लोग डॉक्टर हैं। आपका भाई मेरा दोस्त है। आपके भाई लोग मेरे दोस्त हैं। सीता तुम्हारी बहन है। सीता और गीता तुम्हारी बहनें हैं। वह आपका पड़ोसी है। वे लोग आपके पड़ोसी हैं। मैं उसका दोस्त हूँ। हमलोग उसके दोस्त हैं। उसका दोस्त एक कवि है। उसके मित्रगण कवि हैं। राम बाबू उसके पति हैं। उसका पति मेरा दोस्त है। उसकी (स्त्री॰) बहनें मेरी सहेलियाँ हैं। मैं उनलोगों का मददगार हूँ। हमलोग उनलोगों के दोस्त हैं। उनलोगों के दोस्त डॉक्टर हैं। उसका पति उनलोगों का पड़ोसी है। हमलोगों के दुश्मन उनलोगों के दोस्त हैं।

Vocabulary : दोस्त—friend, डॉक्टर—doctor, पड़ोसी—neighbour, कवि—poet, पति—husband, बहन—sister, सहेली—friend, मददगार—helper, assistant, दुश्मन—enemy, adversary.

Solved Examples:

1. राम मेरा दोस्त था।	Ram was my friend.
2. वे लोग मेरे दोस्त थे।	They were my friends.
3. उसके भाई लोग तुम्हारे दोस्त थे।	His brothers were your friends.
4. मेरी पत्नी एक डॉक्टर थी।	My wife was a doctor.
5. उनलोगों का मुखिया एक नेता था।	Their headman was a leader.

6. तुम उसके दोस्त थे।	You were his friend.
7. आप हमलोगों के शिक्षक थे।	You were our teacher.
8. आपलोग हमारे शिक्षक थे।	You were our teachers.
9. उसके पति अनुपस्थित रहेंगे।	Her husband will be absent.
10. हमलोग हमेशा आपके दोस्त रहेंगे।	We shall always be your friends.

Exercise 48

Translate into English—

आपलोग मेरे दोस्त थे। मैं आपका पड़ोसी था। आपका भाई मेरा दोस्त था। आपका भाई एक अभियंता था। आपके भाई लोग अभियंता थे। हमारा नेता चोर था। हमारे नेता लोग चोर थे। तुम हमारे पड़ोसी थे। आपलोग उनलोगों के साथी थे। वह उसकी बहन थी। उसका पति एक गायक था। उसकी पत्नी एक डॉक्टर थी। उसके भाई लोग आपके दोस्त थे। उनलोगों का गाँव मेरा गाँव था। उनलोगों के दोस्त उसके पड़ोसी थे। हमलोग आपके विद्यार्थी थे। आप हमलोगों के शिक्षक थे। उसका भाई एक बहुत अच्छा गायक था। उसके भाई लोग बहुत अच्छे गायक थे। हमारे दोस्त लोग नेता बनेंगे। वे लोग आपके मददगार होंगे। मैं उनलोगों का पड़ोसी रहूँगा। वे लोग मेरे पड़ोसी रहेंगे। हमारे नेता लोग ईमानदार बनेंगे। वे लोग हमेशा मेरे दोस्त रहेंगे।

Vocabulary: पड़ोसी—neighbour, अभियंता—engineer, गायक—singer, मददगार—helper, assistant.

अपना/अपनी/अपने का अनुवाद

हिंदी के वाक्य में Noun और Pronoun के साथ 'अपना', 'अपनी', 'अपने' इत्यादि शब्दों का प्रयोग होता है; जैसे—मैं अपने घर में हूँ। तुम अपने वर्ग में हो। वह अपना काम करता है। ऐसे वाक्यों में प्रयुक्त अपना/अपनी/अपने की अँगरेजी Possessive द्वारा बनती है।

'मैं' के लिए अपना/अपनी/अपने—my
'तुम' के लिए अपना/अपनी/अपने—your
'हमलोगों' के लिए अपना/अपनी/अपने—our

अर्थात्, Possessive Adjectives से 'अपना/अपनी/अपने' की अँगरेजी बनाई जाती है। जैसे—

मैं अपने घर में हूँ।	I am in my house.
हमलोग अपने घरों में हैं।	We are in our houses.
तुम अपने घर में हो।	You are in your house.
राम अपने घर में है।	Ram is in his house.
सीता अपने घर में है।	Sita is in her house.
वे अपने खेतों में हैं।	They are in their fields.
बच्चे अपने वर्ग में हैं।	The children are in their class.

पिछले पृष्ठ पर दिए गए वाक्यों में 'अपना' की अँगरेजी भिन्न-भिन्न कर्ताओं के अनुसार भिन्न-भिन्न हैं। अतः 'अपना/अपनी/अपने' की अँगरेजी देते वक्त उनके साथ आनेवाले **Noun/Pronoun** को ध्यान में रखें और दिए गए **Pronoun** के **Possessive Case** का ही प्रयोग करें।

यदि **Noun** के साथ 'अपना' शब्द आए तो अभीष्ट **Noun** के लिए उपयुक्त **Pronoun** के **Possessive Case** का प्रयोग करें, अर्थात् राम के लिए his, सीता के लिए her, बच्चे/लड़के लिए their।

Exercise 49

Translate into English—

तुम अपने खेत (field) में हो। सीता अपने घर में है। मैं अपने देश में हूँ। वह अपने गाँव में है। वे लोग अपने कार्यालय में हैं। हमलोग अपने गाँव में हैं। वह (मकड़ी) अपने जाला में है। राम अपनी पाठशाला में है। मैं अपने खेत में हूँ। लड़के अपनी पाठशाला में हैं। राम और श्याम अपने कमरे में हैं। सीता अपने कमरे में है। सीता अपने घर में है।

Vocabulary: मकड़ी—spider, जाला—web, देश—country, कार्यालय—office, खेत—field, land, कमरा—room.

आपने देखा है कि किसी **Noun/Pronoun** के साथ 'अपना' शब्द प्रयुक्त रहने पर 'अपना' का अनुवाद उसे **Pronoun** या **Noun** के बदले आनेवाले उपयुक्त **Pronoun** के **Possessive Case** के रूप में होता है।

परंतु, जहाँ **Noun/Pronoun** के संबंधकारक (possessive case) के साथ 'अपना' शब्द रहे, तो 'अपना' का अनुवाद 'own' होगा, जैसे—

(a) यह तुम्हारा अपना घर है। ~ This is your own house.
[यहाँ 'तुम्हारा' और 'अपना' दोनों का प्रयोग है; अतः 'अपना' के लिए 'own' का प्रयोग हुआ है।]

(b) परंतु, ''यह तुम्हारा घर है'' का अनुवाद "This is your house" होगा।

(c) और, ''तुम अपने घर में हो'' का अनुवाद "You are in your house" होगा।

उपर्युक्त तीनों वाक्यों में निहित अंतर को समझें। पहले वाक्य में 'तुम्हारा' और 'अपना' दोनों हैं। अतः 'your own' का प्रयोग हुआ है।

Solved Examples :

1. यह मेरा अपना मकान है। This is my own house.
2. यह तुम्हारी अपनी पुस्तक है। This is your own book.
3. यह तुम्हारी पुस्तक है। This is your book.
4. तुम अपनी पुस्तक पढ़ते हो। You read your book.
5. मेरी अपनी पुस्तक बहुत अच्छी है। My own book is very good.

6. उनलोगों की अपनी पुस्तकें उपयोगी नहीं हैं।	Their own books are not useful.
7. यह मेरा अपना देश है।	This is my own country.
8. यह राम की अपनी पुस्तक है।	This is Ram's own book.
9. वह उसका अपना कथन था।	That was his own statement.
10. यह उसकी अपनी गाड़ी नहीं थी।	This was not his own car.

Exercise 50

Translate into English—

यह राम की अपनी गाय है। यह तुम्हारी अपनी पुस्तक है। वह उसका अपना घर है। वह मेरा अपना गाँव (**village**) है। ये तुम्हारी अपनी गायें हैं। मेरी अपनी पुस्तक यहाँ है। तुम्हारी अपनी पुस्तक वहाँ है। तुम्हारी अपनी पुस्तक बहुत अच्छी है। हमलोगों का अपना देश बहुत महान् है। सीता की अपनी गाय काली है। मोहन का अपना दोस्त बहुत विश्वासपात्र है। मेरी अपनी पुस्तक लाभदायक है। ये उनलोगों की अपनी गायें हैं। यह मेरी अपनी गलती है। वह तुम्हारी अपनी गलती है। यह मेरा अपना कथन है। वह उसकी अपनी इच्छा है। रामू उसका अपना दोस्त है। यह मेरी अपनी पुस्तक नहीं है।

Vocabulary : विश्वासपात्र—faithful, trustworthy, reliable, गलती—mistake, fault, कथन—statement, इच्छा—wish, will, desire.

Possessive Pronouns

निम्नलिखित Possessive Pronouns हैं—

mine, ours, yours, hers, his and theirs.

आपने पिछले पाठ में my, our, your, his, her, their और its का प्रयोग सीखा है। ये Possessive Adjectives हैं। इनका प्रयोग सदा Noun के पहले होता है।

Possessive Pronoun के साथ Noun जुड़ा नहीं रहता। अतः आप ऐसा नहीं लिखें—This is mine book.

इस संक्षिप्त सारणी को हमेशा ध्यान में रखें—

Personal Pronoun	*Possessive Adjective*	*Possessive Pronoun*
I	My	Mine
We	Our	Ours
You	Your	Yours
He	His	His
She	Her	Hers
They	Their	Theirs
It	Its	×

Solved Examples:

1. यह पुस्तक मेरी है।	This book is mine.
2. वह तुम्हारा है।	That is yours.
3. यह स्कूल हमारा है।	This school is ours.
4. यह साड़ी उसकी है।	This saree is hers.
5. वह घड़ी उसकी (पुं॰) है।	That watch is his.
6. वह उनलोगों का है।	That is theirs.
7. ये मेरे हैं।	These are mine.
8. वे पुस्तकें आपकी हैं।	Those books are yours.
9. ये साड़ियाँ उसकी हैं।	These sarees are hers.

Exercise 51

Translate into English—

यह मेरी गाय है। यह गाय मेरी है। ये गायें मेरी हैं। यह मेरा है। वह कलम तुम्हारी है। वह तुम्हारी कलम है। वह तुम्हारी है। वे कलमें तुम्हारी हैं। यह घर आपलागों का है। यह आपलोगों का घर है। यह गाँव हमारा है। यह हमारा गाँव है। ये कुत्ते हमारे हैं। वह हमारा है। यह उसकी साड़ी है। यह साड़ी उसकी है। ये साड़ियाँ उसकी हैं। यह कुत्ता उसका है। वह उसका कुत्ता है। ये कुत्ते उसके हैं। वह उसका है। यह उनलोगों का है। वे उनलोगों के घोड़े हैं। वे घोड़े उनलोगों के हैं। यह उनलोगों का है।

Solved Examples:

1. वह घर मेरा था।	That house was mine.
2. वह मेरा था।	That was mine.
3. ये गायें तुम्हारी थीं।	These cows were yours.
4. वह पुस्तक उसकी (पुं॰) थी।	That book was his.
5. ये साड़ियाँ उसकी थी।	These sarees were hers.
6. यह स्कूल हमलोगों का था।	This school was ours.
7. ये उनलोगों के थे।	These were theirs.
8. वह बैल मेरा होगा।	That ox will be mine.

Exercise 52

Translate into English—

वह पेड़ मेरा था। वे पेड़ मेरे थे। वे मेरे पेड़ थे। यह पुस्तक आपकी थी। ये पुस्तकें आपकी थीं। वह आपकी पुस्तक थी। वह तुम्हारा था। वे गायें तुम्हारी थीं। यह स्कूल हमारा था। वह हमारा था। वे गायें हमारी थीं। वे तुम्हारे बैल थे। यह साड़ी उसकी थी। ये साड़ियाँ उसकी थीं। वे उसकी थीं। यह उसका था। यह उसका गेंद था। ये गेंद उसके थे। वह उसका घोड़ा था। यह उनलोगों का था। ये उनलोगों के थे। यह हाथी उनलोगों का था। ये उनलोगों के हाथी थे। ये गायें मेरी होंगी। यह घर उसका होगा। वह हमलोगों का रहेगा। यह खेत (field/land) तुम्हारा होगा।

Possessive Case of Nouns

1. प्राणिबोधक Singular Noun को Possessive Case का रूप देने के लिए 's (apostrophe s) लगाया जाता है। जैसे—

राम की किताब	Ram's book
गाय की पूँछ	the cow's tail
मेरे दोस्त का नाम	My friend's name
सीता की बहनें	Sita's sisters

2. प्राणिबोधक Plural Noun के अंत में s रहता है तो उसे Possessive Case का रूप देने के लिए मात्र apostrophe (') का प्रयोग किया जाता है। अगर अंत में s न हो, तब 's देना होता है। जैसे—

लड़कों का स्कूल	boys' school
बच्चों का स्कूल	children's school
मर्दों का विचार	men's view
गाय का दूध	the cow's milk
गायों का दूध	cows' milk

3. मनुष्य एवं जानवरों को छोड़कर अन्य संज्ञाओं के साथ प्रायः 's का प्रयोग नहीं होता है। ऐसे गैरप्राणीबोधक Nouns के पहले of लगाकर उन्हें Possessive Case का रूप दिया जाता है। जैसे—

फूलों का रंग	the colour of the flowers
इस कुएँ का पानी	the water of this well
घर का दरवाजा	the door of the house
घर के दरवाजे	the doors of the house

4. प्राणिबोधक संज्ञाओं का Possessive Case आप दोनों प्रकार से यानी 's/apostrophe या of लगाकर बना सकते हैं। जैसे—

राम की गाय	the cow of Ram/Ram's cow
गाय का दूध	the milk of the cow/the cow's milk
राम के पिता	the father of Ram/Ram's father
लड़कों के नाम	the names of the boys/the boys' names

Note: जिस Noun के बाद of आए, उस Noun के पहले the अवश्य लगाएँ। जैसे—

the milk of cows
the gold of India
the number of the boys
the farmers of India

Solved Examples:

राम की किताब	Ram's book/the book of Ram

राम की किताबें	Ram's books/the books of Ram
बच्चों का स्वभाव	children's nature/the nature of children
गायों का रंग	the cows' colour/the colour of the cows
आकाश का रंग	the colour of the sky
बिहार की राजधानी	the capital of Bihar
कश्मीर की सुंदरता	the beauty of Kashmir
पुस्तक की कीमत	the price of the book
मेरे भाइयों का स्वभाव	My brothers' nature/the nature of my brothers

Exercise 53

Translate into English (in both ways where possible)—

राम के पिता, राम की पुस्तकें, गाय का दूध, मोहन का दोस्त, श्याम का गाँव, श्याम की बहनें, विद्यार्थियों की माँग, बच्चों की संख्या, बैलों की संख्या, औरतों का स्वभाव, भिखारियों का भविष्य, कुरसियों की संख्या, फूलों का रंग, छड़ी की लंबाई, राँची की जलवायु, पेड़ों की डालियाँ, इस गाँव के किसान, भारत के लोग, भारत की राजधानी, मेरे गाँव की सड़कें, मेरे स्कूल के सभी विद्यार्थी, आकाश का रंग, चाँद की सुंदरता, इस गाँव के गरीब लोग, इस नदी का पानी, घर का दरवाजा।

Vocabulary: गाँव—village, विद्यार्थी—student, pupil, माँग—demand, request, संख्या—number, औरत—woman (इसका Plural women), स्वभाव—nature, भिखारी—beggar, भविष्य—future, फूल—flower, रंग—colour, छड़ी—stick, लंबाई—length, जलवायु—climate, डाली—branch, लोग—people, भारत—India, राजधानी—capital, सड़क—road, सभी—all, आकाश—sky, चाँद—moon, सुंदरता—beauty, नदी—river, घर—house, home, दरवाजा—door.

Solved Examples:

1. यह राम की किताब है।	This is Ram's book. This is the book of Ram.
2. ये राम की किताबें हैं।	These are Ram's books. These are the books of Ram.
3. राम का भाई बीमार है।	Ram's brother is ill.
4. राम के भाई लोग बीमार हैं।	Ram's brothers are ill.
5. इस नदी का पानी गंदा है।	The water of this river is dirty.
6. पटना बिहार की राजधानी है।	Patna is the capital of Bihar.
7. मेरे भाइयों का स्वभाव अच्छा है।	My brothers' nature is good. The nature of my brothers is good.

8. टेबुल की ऊँचाई तीन फुट है। The height of the table is three feet.

Exercise 54

Translate into English (in both ways where possible)—

यह राम की पुस्तक है। यह मोहन की कलम है। राम का दोस्त नेक है। सीता की गाय काली है। मोहन का दोस्त एक एम॰पी॰ है। यह लड़कों का कमरा है। यह लड़कियों की पाठशाला है। यह गायों का घर है। लड़कों के पिता नेक हैं। यह लड़कों की पाठशाला है। राँची की जलवायु (climate) अच्छी है। इस नदी का पानी गंदा (dirty) है। इस पुस्तक की कीमत सौ रुपए है। फूल का रंग लाल है। इस स्कूल के बच्चे शैतान हैं। इस पेड़ के फल मीठे हैं। यह टेबुल का पाँव है। इस छड़ी की लंबाई सात फुट है। राम का स्वास्थ्य अच्छा था। इस पुस्तक के पन्ने उजले हैं। इस मकान का दरवाजा टूटा था। भारत के किसान गरीब हैं। इस कलम की कीमत मात्र दस रुपए है। लता की आवाज मधुर है। मेरे भाई का भाग्य अच्छा रहेगा। कश्मीर की सुंदरता प्रशसनीय है। भारत का भविष्य स्पष्ट है। इस कमरे की दीवारें रंगीन हैं। इस पुस्तक का आकार आकर्षक है।

Vocabulary: कीमत—price, cost, रंग—colour, शैतान (शरारती)—naughty, wicked, mischievous, पाँव—leg, छड़ी की लंबाई—the length of the stick, स्वास्थ्य—health, पन्ना—page, दरवाजा—door, टूटा—broken, मात्र—only, आवाज—voice, मधुर—sweet, melodious, भाग्य—luck, fortune, fate, सुंदरता—beauty, प्रशंसनीय—praiseworthy, भविष्य—future, स्पष्ट—clear, दीवार—wall, रंगीन—coloured, आकार—size, आकर्षक—attractive.

Note: 'कश्मीर की सुंदरता' का अँगरेजी अनुवाद करने के लिए उलटा शुरू करें, यानी पहले 'सुंदरता', फिर 'की' और तब 'कश्मीर' की अँगरेजी दें—The beauty of Kashmir. शुरू में the लगा दें। इसी प्रकार—

इस मकान का दरवाजा	the door of this house
राम की गायें	the cows of Ram

अगर apostrophe s लगाना हो, तो सीधा शुरू करें। जैसे—

राम की गायें	Ram's cows
मेरे दोस्त का घर	My friend's house

Solved Examples:

1. यह मेरी पुस्तक है। This is my book.
2. यह मेरी पुस्तक थी। This was my book.
3. यह मेरी पुस्तक होगी। This will be my book.
4. वह मेरा अपना मकान था। That was my own house.
5. वह मेरा दोस्त नहीं था। He was not my friend.

Exercise 55

Translate into English—

वह मेरा घर था। तुम मेरे दोस्त थे। वे लोग मेरे दोस्त रहेंगे। वह स्कूल उनलोगों का था। वह मेरा अपना खेत था। वह मेरा अपना मददगार (helper) होगा। यह देश अपना होगा। यह राम की गाय थी। वह श्याम का दोस्त होगा। वह अपने घर में था। वह खेत उसका होगा। वह गलती तुम्हारी थी। यह हमलोगों का रहेगा। यह गाय उनकी थी। ये गायें मेरी होंगी। ये पुस्तकें हमलोगों की हैं। यह उसका है। यह उसकी है। यह गाय तुम्हारी थी। यह कलम हमलोगों की थी। वह मेरा मददगार (helper) नहीं था। तुम उनलोगों के दोस्त न थे। वे हमलोगों के दोस्त नहीं होंगे। वह अपने घर में नहीं था। वह दुकान उसकी नहीं थी। ये गायें मेरी नहीं होंगी। सीता की गायें आपकी नहीं होंगी। वह मेरा अपना खेत नहीं है। वह मेरा अपना दोस्त नहीं था। वे तुम्हारे अपने दोस्त नहीं थे। राम की गायें अच्छी नहीं थीं। मेरे दोस्त की गायें आपकी नहीं होंगी। राम अपने दोस्त के घर में नहीं था।

Interrogative Sentences

Solved Examples :

1. क्या वह मेरा घर था ?	Was that my house ?
2. क्या तुम्हारी पुस्तकें मेरी हैं ?	Are your books mine ?
3. क्या यह मेरा नहीं है ?	Is this not mine ?
4. क्या वह बैल मेरा होगा ?	Will that ox be mine ?
5. क्या रामू की गायें आपकी नहीं हो जाएँगी ?	Will Ramu's cows not be yours ?
6. तुम्हारा क्या नहीं है ?	What is not yours ?
7. कौन मेरा है ?	Which is mine ?
8. तुम्हारा कौन है ?	Which is yours ?

Exercise 56

Translate into English—

क्या तुम मेरे दोस्त थे ? क्या वे लोग उनके दोस्त थे ? क्या तुम मेरे दोस्त रहोगे ? क्या वह अपने कमरे में था ? क्या हमलोगों का देश धनी नहीं था ? क्या रामू की गायें मेरी होंगी ? क्या यह पुस्तक तुम्हारी है ? क्या यह गाय उनलोगों की थी ? क्या यह घर उसका है ? क्या सीता मेरी अपनी सहेली नहीं होगी ? क्या यह मेरा अपना खेत होगा ? क्या आपका चेहरा (face) सुंदर नहीं है ? क्या आपकी अपनी पुस्तक उपयोगी (useful) नहीं है ? क्या सीता अपनी पाठशाला में नहीं है ? क्या राम और श्याम अपने कमरे में नहीं थे ? क्या उसकी अपनी पुस्तक अच्छी नहीं है ? क्या कश्मीर की सुंदरता (beauty) प्रशंसनीय नहीं थी ? क्या राम की गाय काली नहीं है ? क्या तुम बच्चों के पिता नहीं हो ? क्या वे तुम्हारे दोस्त नहीं होंगे ? क्या तुम्हारी अपनी गाय काली नहीं थी ? क्या वे लोग अपने घर में हैं ?

Solved Examples:

1. यह कैसे तुम्हारी पुस्तक है ?	How is this your book ?
2. यह पुस्तक कैसे तुम्हारी है ?	How is this book yours ?
3. मेरी गायें कैसे राम की गायें थीं ?	How were my cows Ram's cows ?
4. तुम कैसे मेरे अपने दोस्त हो ?	How are you my own friend ?
5. ये गायें कैसे तुम्हारी गायें होंगी ?	How will these cows be your cows ?
6. यह कैसे मेरा नहीं है ?	How is this not mine ?
7. क्या यह उनलोगों का है ?	Is this theirs ?
8. क्या यह उसकी नहीं है ?	Is this not hers/his ?

Exercise 57

Translate into English—

वह कैसे तुम्हारी बहन है ? तुम मेरे दोस्त क्यों नहीं थे ? वे लोग तुम्हारे मददगार क्यों होंगे ? वह किताब कैसे तुम्हारी थी ? वह दुकान तुम्हारी कब होगी ? वह तुम्हारा अपना खेत क्यों नहीं था ? यह किताब कैसे उसकी है ? मेरा क्या है ? तुम्हारा कुछ नहीं (nothing) है। ये उनलोगों के हैं। क्या यह मेरा नहीं है ? क्या यह तुम्हारा है ? यह बैल कैसे उसका था ? ये हमलोगों के पेड़ क्यों नहीं हैं ? यह घर मेरा अपना कब होगा ? तुम्हारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा था ? वे लोग कब अपने खेत में थे ? तुमलोग अपने गाँव में क्यों नहीं थे ? उनलोगों की अपनी पुस्तकें कैसे तुम्हारी थीं ? क्या मेरी पुस्तक मेरी नहीं है ? क्या तुम्हारी अपनी पुस्तक उनलोगों की है ? राम की अपनी पुस्तक क्यों फटी (torn) है ? राँची की जलवायु (climate) क्यों अच्छी है ? भारत की संस्कृति (culture) कैसे महान् थी ? कश्मीर की सुंदरता क्यों प्रशंसनीय है ? मेरा घर कब मेरा होगा ? ये क्यों मेरी गायें होंगी ? हमलोगों की दोस्ती अमर क्यों नहीं होगी ? उनका इरादा क्यों स्पष्ट नहीं था ? इस नदी का पानी क्यों मीठा नहीं था ? लड़कों का स्कूल क्यों बंद रहेगा ? तुम मेरे दोस्त क्यों नहीं हो ?

Vocabulary : मददगार—helper, assistant, दुकान—shop, खेत—field, land, सुंदरता—beauty, प्रशंसनीय—praiseworthy, दोस्ती—friendship, अमर—immortal, इरादा—intention, स्पष्ट—clear, vivid, बंद—closed.

Exercise 58 (Advanced Learner's)

Translate into English—

यह एक गाय है और वह एक बैल। क्या ये तुम्हारे नौकर हैं ? नहीं, ये मेरे नौकर नहीं हैं, ये मेरे दोस्त हैं। ये मेरे मददगार (helper) हैं। यह लड़का उदास क्यों है ? यह उदास नहीं है, यह नाराज है। यह घर एक अच्छा घर है जहाँ (where) हम सभी (we all) प्रसन्न और संतुष्ट हैं। ये गायें क्यों इतनी (so) मोटी हैं ? ये गायें इतनी मोटी हैं, क्योंकि ये मेरी निगरानी के अंतर्गत (under my care) हैं। यह लड़का हिंदी में एम० ए० है। इसका भाई बी० ए० है। ये लड़के प्रसन्न थे,

परंतु अब ये प्रसन्न नहीं हैं। क्या ये लड़के प्रसन्न नहीं रहेंगे ? ये बच्चे फूल के समान (like flowers) सुंदर हैं। वे बैल क्यों खतरनाक (dangerous) हैं ? वे भूखे और नाराज हैं। ये मेरे लिए (for me) हैं और वे तुम्हारे लिए। क्या ये गरीब लोग हमेशा गरीब रहेंगे ? ये किसान गरीब नहीं रहेंगे। क्या आप एक किरानी हैं ? नहीं, मैं किरानी नहीं हूँ। मैं एक हाकिम हूँ। क्या आपके भाई किरानी हैं ? हाँ, वे किरानी हैं। नहीं, वे किरानी थे, किंतु अब वे भी एक अफसर हैं। कल यह मेरे लिए तैयार क्यों नहीं था ? कल यह आपके लिए तैयार नहीं था, परंतु आज तैयार है। क्या तुम एक आदर्श नागरिक (ideal citizen) नहीं हो ? मैं हूँ और रहूँगा।

Exercise 59 (Advanced Learner's)

Translate into English—

मेरी पुस्तक लाल है, लेकिन आपकी पुस्तक सफेद। मेरा भाई चालाक और तेज है, लेकिन आपकी बहन सुस्त (dull) और अशिक्षित (uneducated)। उसका (her) भाई एक एम॰ पी॰ बनेगा तब वह खुश रहेगी। क्या यह उनलोगों का काम है ? नहीं, यह उनलोगों का काम नहीं है। ये तुम्हारे दोस्त नहीं हैं। क्या ये राम के भाई के दोस्त हैं ? नहीं, ये मेरे दोस्त हैं। ये उनके नहीं हैं। हमलोगों का देश महान् है, क्योंकि हमलोग आदर्श नागरिक (ideal citizen) हैं। क्या ये लाभदायक हैं ? मेरा अपना भाई मेरा दुश्मन था। मैं अपने घर में रहूँगा, क्योंकि मेरा अपना घर एक आदर्श घर है। क्या कल आप प्रसन्न थे ? हाँ, मैं प्रसन्न था, क्योंकि ये मेरे थे। तुम्हारा क्या है ? मेरा कुछ नहीं (nothing) है। ये पुस्तकें उसकी (पुं॰) हैं। यह कमरा उसका है। क्या सीता अपने घर में नहीं है ? क्या आप मेरे दोस्त नहीं हैं ? मैं आपका दोस्त था, लेकिन अब मैं राम का दोस्त हूँ, क्योंकि आप बेईमान हैं और राम ईमानदार। नहीं, मैं बेईमान नहीं हूँ। मैं आपका दोस्त हूँ और आपका दोस्त रहूँगा। तुम्हारा भाई क्यों डॉक्टर नहीं बनेगा ? मेरे पिता गरीब हैं; वे लाचार (helpless) हैं, इसलिए वह डॉक्टर नहीं बनेगा। तुम एक मामूली (ordinary) आदमी हो और एक मामूली आदमी रहोगे। मेरा अपना भाग्य ही मेरे विरुद्ध (against) है और मेरा दुश्मन (enemy) है। तुम्हारी अपनी बहन तेज है, लेकिन वह घमंडी है और उसका स्वभाव (nature) कड़ा (rough) है। चूँकि (since) आप शिक्षित नहीं हैं, अतः आप एक आदर्श नागरिक नहीं हैं। क्या ये पुस्तकें मेरी नहीं हैं ? ये कैसे तुम्हारी नहीं हैं ? ये पुस्तकें कैसे उनलोगों की हैं ? यह राम की है, तुम्हारी नहीं।

Exercise 60 (Advanced Learner's)

Translate into English—

राम का भाई अच्छा है, लेकिन राज की बहन अच्छी नहीं है। इस नदी का पानी अच्छा नहीं था, क्योंकि यह गंदा था। क्या पटना की जलवायु (climate) लाभदायक नहीं है ? पटना की जलवायु अच्छी है। सीता की सुंदरता चाँद की सुंदरता के बराबर (is equal to ....) है। भारत का भविष्य स्पष्ट नहीं था, क्योंकि भारत गुलाम (slave) था। परंतु अब भारत का भविष्य स्पष्ट है। भारत के लोग सक्रिय (active) हैं। मोहन का दोस्त एक एम॰ पी॰ का दोस्त था। बच्चों का विकास (development) स्पष्ट नहीं था। क्या पुस्तक की कीमत (price) अधिक नहीं है ? नहीं, पुस्तक की कीमत अधिक नहीं है, क्योंकि यह एक उपयोगी पुस्तक है। उसका

विचार (idea) सही था, लेकिन मैं गलत था। क्या यह तुम्हारा है ? क्या एक एम० एल० ए० का बेटा एक एम० एल० ए० बनेगा ? यह निश्चित (certain) नहीं है। कैसे एक एम० एल० ए० का बेटा एक एम० पी० बनेगा ? इस पुस्तक का रंग सफेद क्यों है ? यह सफेद है, क्योंकि यह सचाई (truthfulness) का प्रतीक (symbol) है। राम का दोस्त ईमानदार था, परंतु उसके दोस्त का दोस्त बेईमान। तुम क्यों थके हो ? तुम्हारा भाई कब तैयार था ? आप धनी क्यों नहीं रहेंगे ? मैं समय के फैसले (decision) के लिए (for) तैयार रहूँगा।

Exercise 61 (Advanced Learner's)

Translate into English—

भारत की संस्कृति (culture) पुरानी है। यह अभी तक (up to now) जिंदा (alive) है और जिंदा रहेगी। ये पुस्तकें मेरी हैं। क्या तुम्हारे घर की दीवार मजबूत नहीं है ? यह मजबूत है। वह स्कूल क्या तुम्हारा नहीं है ? वह मेरा नहीं है। वह उनलोगों का है, क्योंकि वे उस विद्यालय के विद्यार्थी हैं। क्या राम के दोस्त इस स्कूल के विकास (development) के लिए (for) तैयार रहेंगे ? क्या तुम थके नहीं थे ? मैं थका नहीं था। यह निर्णय (decision) उनलोगों का था। क्या यह तुम्हारा नहीं था ? यह फैसला कैसे तुम्हारा नहीं था ? तुम मेरे दोस्त हो। तुम कैसे मेरे दोस्त हो ? मैं तुम्हारा दोस्त हूँ, क्योंकि मैं तुम्हारे लिए हमेशा तैयार रहता हूँ। क्या रामू की ईमानदारी (honesty) संदेहात्मक है ? यह क्यों उसकी नहीं है ? यह उसका कैसे है ? इच्छा (desire) उनलोगों की थी। उनलोगों के दोस्त कैसे चालाक नहीं थे ? राज के दोस्त का स्वभाव (The nature of the friend of Raj) संदेहात्मक (doubtful) है। क्या वह तुम्हारा होगा ? कुछ (something) मेरा है और कुछ तुम्हारा, यही दुनिया का तरीका (the way of the world) है। क्या तुम्हारा भाई ईमानदार व्यक्ति नहीं बनेगा ? तुम एक अच्छे विद्यार्थी क्यों नहीं थे ? मैं एक अच्छा विद्यार्थी नहीं था, क्योंकि मैं शारीरिक रूप से (physically) कमजोर था। ये क्यों तुम्हारे नहीं होंगे ? क्या राम के दोस्त के भाई का बेटा एम० पी० नहीं बनेगा ?

Solved Exercise 58

This is a cow and that is an ox. Are these your servants? No, these aren't my servants, these are my friends. These are my helpers. Why is this boy sad? He isn't sad, he is angry. This house is a good house where we all are happy and satisfied. Why are these cows so fat? These cows are so fat because these are under my care. This boy is an M.A. in Hindi. His brother is a B.A. These boys were happy but now these aren't happy. Won't these boys be happy? These children are beautiful like flowers. Why are those oxen dangerous? Those are hungry and angry. These are for me and those are for you. Will these poor people always be poor? These farmers won't be poor. Are you a clerk? No, I am not a clerk. I am an officer. Is your brother a clerk? Yes, he is a clerk. No, he was a clerk but now he is also an officer. Why wasn't it ready for me yesterday? Yesterday, it wasn't ready for you but today it is ready. Aren't you an ideal citizen? I am (I'm) and shall be.

Solved Exercise 59

My book is red but your book is white. My brother is clever and intelligent but your sister is dull and uneducated. Her brother will be an M.P. then she will be happy. Is this their work? No, this isn't their work. These aren't your friends. Are these the friends of Ram's brother? No, these are my friends. These aren't theirs. Our country is great because we are ideal citizens. Are these useful? My own brother was my enemy. I shall be in my house because my own house is an ideal house. Were you happy yesterday? Yes, I was happy because these were mine. What is yours? Nothing is mine. (Anything is not mine. *or,* Anything isn't mine.) These books are his. This room is his. Isn't Sita in her house? Aren't you my friend? I was your friend but now I am Ram's friend (I was your friend but now I'm a friend of Ram), because you are dishonest and Ram is honest. No, I am not dishonest. I am your friend and shall be your friend. Why won't your brother be a doctor? My father is poor; he is helpless, so he (brother) won't be a doctor. You are an ordinary man and will be an ordinary man. (You're an ordinary man and will be the same.) My own fate is against me and an enemy of mine. Your own sister is intelligent but she is arrogant and her nature is rough. Since you aren't educated, so you aren't an ideal citizen. Aren't these books mine? How aren't these yours? How are these books theirs? This is Ram's, not yours.

Solved Exercise 60

Ram's brother is good, but Raj's sister isn't good. (The brother of Ram is good, but the sister of Raj is not good.) The water of this river wasn't good because it was dirty. Isn't the climate of Patna useful? The climate of Patna is good. Sita's beauty (the beauty of Sita) is equal to the beauty of the moon. The future of India wasn't clear because India was slave. But now the future of India is clear. The people of India are active. Mohan's friend was the friend of an M.P. The development of the children (the children's development) wasn't clear. Isn't the price of the book high? No, the price of the book isn't high because this is a useful book. His idea was right but I was wrong. Is this yours? Will the son of an M.L.A. be an M.L.A.? It isn't certain. How will the son of an M.L.A. be an M.P.? Why is the colour of this book white? It is white because it is the symbol of truthfulness. Ram's friend was honest, but the friend of his friend was dishonest. Why are you tired? When was your brother ready? Why won't you be rich? I shall be ready for the decision of the time.

Solved Exercise 61

The culture of India is old. Up to now, it is alive and will be alive. These books are mine. Is the wall of your house not strong? (Isn't the wall of your house strong?) It is strong. (It's strong.) Is that school not yours? That is not mine. (That's not mine. *or*, That isn't mine.) That is theirs because they are the students of that school. Will Ram's friends be ready for the development of this school? Were you not tired? (Weren't you tired?) I was not tired. (I wasn't tired.) This decision was theirs. Was it not yours? (Wasn't it yours?) How was this decision not yours? (How wasn't this decision yours?) You are my friend. How are you my friend? I am your friend because I am always ready for you. Is the honesty of Ramu doubtful? Why is this not his? How is this his? The desire was theirs. How were their friends not clever? (How weren't their friends clever?) The nature of the friend of Raj is doubtful. (The nature of Raj's friend is doubtful.) Will that be yours? Something is mine and something is yours, this is the way of the world. Will your brother not be an honest person? (Won't your brother be an honest person?) Why were you not a good student? (Why weren't you a good student?) I was not a good student because I was physically weak. Why will these not be yours? (Why won't these be yours?) Will the son of the brother of Ram's friend not be an M.P.? (Won't the son of the brother of Ram's friend be an M.P.? *or*, Won't the brother's son of Ram's friend be an M.P.?)

Hints:

1. रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें। वांछित कुछ शब्दों को जानबूझकर रेखांकित नहीं किया गया है, अतः आप अपने विवेक से 'the' का प्रयोग करें। साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

2. Solved Examples एवं Solved Exercises को पढ़ते समय भी अन्य बातों के अलावा Articles (a, an एवं the) के प्रयोग को समझने का प्रयास करें।

3. Spoken English में Fluency एवं Accuracy के लिए Solved Exercises को बार-बार पढ़ते रहें। साथ-ही-साथ इन्हें भी ध्यान में रखें—Is not = Isn't; Was not = Wasn't; Were not = Weren't; That is = That's; It is = It's; Will not = Won't; I am = I'm.

* * *

7. Use of Verb 'to have'

Verb 'to have' का रूप Present Tense में have/has, Past Tense में had और Future Tense में shall have/will have होता है।

Use of Have/Has

Have/Has का प्रयोग अनेक अर्थों (meanings) में होता है। इनके अनेक अर्थों में से एक अर्थ है 'रखना' और इससे अधिकार/संबंध का भाव प्रकट होता है। नीचे दी गई संक्षिप्त तालिका के अनुसार have/has का प्रयोग करें।

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I have a pen.	We have a pen.
Second Person	You have a pen.	You have a pen.
Third Person	He She It Ram has a pen.	They have a pen. The boys have a pen. Ram and Ravi have a pen.

Solved Examples:

1. मैं एक गाय रखता हूँ। या, मेरे पास एक गाय है।	I have a cow.
2. हमलोगों के पास एक कार है।	We have a car.
3. तुम्हारे पास एक सुंदर कलम है।	You have a fine pen.
4. उस लड़के के पास अँगूठी है।	That boy has a ring.
5. सीता के दो पुत्र हैं।	Sita has two sons.
6. मुझे एक दोस्त है।	I have a friend.
7. मेरे पास पर्याप्त पैसे हैं।	I have enough money.
8. कुत्ते के एक पूँछ होती है।	The dog has a tail.
9. उनलोगों के पास एक मकान है।	They have a house.
10. लड़कों के पास एक गेंद है।	The boys have a ball.

Exercise 62

Translate into English—

मुझे एक कलम है। मैं एक कार रखता हूँ। मेरे पास एक शब्दकोश है। हमलोगों के पास दस जीप हैं। हमलोगों को साहस है। आपको एक गाय है। तुम्हें एक लाल कलम है। आपलोगों को तीन घोड़े हैं। उसे एक साड़ी है। राम को एक सच्चा दोस्त है। गीता के चार पुत्र हैं। उनलोगों को एक मकान है। बच्चों को खिलौने

हैं। मेरी बहन को एक गुड़िया है। आपके दोस्तों के पास अच्छी पुस्तकें हैं। गाय के दो आँखें होती हैं। मुझे बुखार है। मेरे दोस्त को बुखार (fever) है। तुम्हें एक गाड़ी है। तुम्हारे पिताजी को एक कार है। तुम्हारे दोस्त लोग कार रखते हैं। उसे एक साइकिल है। राम के पास ईमानदारी है। आपके पास पर्याप्त समय है। उसे घमंड (pride/arrogance) है। मुझे संतुष्टि (satisfaction) है।

Vocabulary : शब्दकोश—dictionary, जीप—jeep, साहस—courage, spirit, vigour, सच्चा—true, खिलौना—toy, गुड़िया—doll, आँख—eye, साइकिल—bicycle, ईमानदारी—honesty, पर्याप्त—enough, sufficient, समय—time.

Negative Sentences

1. मेरे पास कलम नहीं है।	I have not a pen. *or,* I have no pen.
2. मेरे पास कलमें नहीं हैं।	I have no pens.
3. मेरे पास लाल कलमें नहीं हैं।	I have no red pens.
4. मेरे पास लाल कलम नहीं है।	I have not a red pen.
5. मेरे पास चार कलमें नहीं हैं।	I have not four pens.
6. मेरे पास दूध नहीं है।	I have no milk.
7. उसे साहस नहीं है।	He has no courage.
8. मुझे गाय नहीं है।	I have no cow.

Note : ऊपर Negative Sentences में कहीं no लगा है तो कहीं not। Not का प्रयोग Article या 'संख्यासूचक शब्द' (one, two, three, four ...) के पहले होता है और No का प्रयोग Noun या Adjective of Quality के पहले।

Exercise 63

Translate into English—

मेरे पास गाय नहीं है। मेरे पास सोना नहीं है। उसे हाथी नहीं है। राम को घमंड नहीं है। सीता को लाल फ्रॉक नहीं है। गोपाल को साहस नहीं है। हमलोगों के पास कार नहीं है। हमलोगों को स्वतंत्रता नहीं है। तुम्हें ताकत नहीं है। उसे ज्ञान नहीं है। उसे शांति नहीं है। मुझे चार गायें नहीं हैं। उसे एक अच्छी कार नहीं है। उसे कलमें नहीं हैं। मुझे गायें नहीं हैं। आपके पास अच्छी पुस्तकें नहीं हैं। उनलोगों को साहस नहीं है। मुझे बुखार नहीं है। मुझे अच्छे दोस्त नहीं हैं। हमें दूध नहीं है। राम के पास समय नहीं है। रीता को सुंदरता नहीं है। मुझे घमंड नहीं है। उनलोगों के पास काम नहीं है। तुम्हारे पास कुछ नहीं है। मेरे पास तुम्हारे लिए (for you) समय नहीं है। भगवान् के पास इनसान के लिए (for men/mankind) समय नहीं है, क्योंकि इनसान के पास भगवान् के लिए समय नहीं है।

Vocabulary : सोना—gold, घमंड—pride, arrogance, फ्रॉक—frock, साहस—courage, spirit, vigour, स्वतंत्रता—freedom, independence, ताकत—strength, capacity, ज्ञान—knowledge, शांति—peace, बुखार—fever, समय—time, सुंदरता—beauty, काम—work, कुछ नहीं—nothing, भगवान्—God.

Interrogative Sentences

Have/Has को Subject के पहले रखने से वाक्य Interrogative हो जाता है। जैसे—

1. क्या आपके पास कार है ?	Have you a car?
2. क्या राम को घमंड नहीं है ?	Has Ram no pride?
3. क्या रीता को गुड़िया है ?	Has Reeta a doll?
4. क्या बच्चों को खिलौने नहीं हैं ?	Have the children no toys?
5. मुझे कार क्यों नहीं है ?	Why have I not a car?
6. तुम्हारे पास मेरे लिए कब समय है ?	When have you time for me?
7. उसे कैसे घमंड नहीं है ?	How has he no pride?
8. उनलोगों के पास इतना धन कैसे है ?	How have they so much wealth ?

Exercise 64

Translate into English—

क्या मुझे एक कार है ? क्या मुझे घमंड है ? क्या हमलोगों को शांति है ? क्या हमें अच्छे दोस्त हैं ? क्या हमलोगों के पास एक कार है ? क्या वह एक घड़ी (watch) रखता है ? क्या तुम्हारे पास समय है ? क्या राम को घमंड है ? क्या वे लोग अच्छी पुस्तकें रखते हैं ? क्या तुम्हें भाई है ? क्या आपको मित्र नहीं है ? क्या तुम्हें बहन है ? क्या इस आदमी के दो बहनें नहीं हैं ? क्या इस व्यक्ति के पास कोई काम नहीं है ? क्या तुम्हारे पास पाँच रुपए हैं ? क्या राम के चार भाई हैं ? क्या तुम्हारे पास गाय नहीं है ? क्या आपके पास समय नहीं है ? क्या हमलोगों के पास दिमाग नहीं है ? क्या गीता को पति नहीं है ? तुम्हारे पास कलम क्यों नहीं है ? तुम्हारे पास शराब कैसे नहीं है ? सीता के पास दौलत क्यों है ? हमलोगों को घमंड कैसे है ? तुम्हारे पास कब इस काम के लिए समय है ? तुम्हारे पास मित्र क्यों नहीं है ? सीता के पास चार गायें और दो नौकर क्यों हैं ? तुम्हारे पास कैसे समय नहीं है ? मेरे पास कार क्यों नहीं है ? क्या तुम्हारे पास मेरे लिए समय है ? क्या आपको आँखें हैं ?

Vocabulary : शांति—peace, calmness, दिमाग—mind, sense, brain, पति—husband, शराब—wine, alcohol, दौलत—wealth, आँख—eye.

Exercise 65 (Advanced Learner's)

Translate into English—

तुम मेरे दुश्मन (enemy) हो। मैं तुम्हारा दुश्मन हूँ, क्योंकि मेरे पास तुम्हारे लिए पैसे (money) नहीं हैं। क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कोई (any) समय नहीं है ? मेरे पास नाम, प्रसिद्धि (fame) और पैसे (money) हैं। तुम्हारे पास क्या है ? आप क्यों तैयार नहीं हैं ? मैं तैयार नहीं हूँ, क्योंकि मेरे पास बहुत (a lot of) काम हैं। मेरे पास इस काम के लिए समय नहीं है। क्या वे पुस्तकें अच्छी नहीं हैं ? हाँ,

वे अच्छी हैं, परंतु मेरे पास खरीदने के लिए (to buy) पैसे नहीं हैं। तुम्हारे पास पैसे क्यों नहीं हैं ? मेरे पास करने के लिए (to do) काम नहीं है। तुम्हारे पास काम है, लेकिन तुम्हें इस बात का ज्ञान नहीं है। क्या रीता को सुंदरता नहीं है ? रीता को सुंदरता है, लेकिन यह सुंदरता बेकार (useless) है, क्योंकि उसे घमंड है। अगर (if) आपके पास मात्र (only) बी॰ ए॰ की डिग्री है और कोई विशेष ज्ञान (special knowledge) नहीं है, तो यह डिग्री बेकार है। क्या आपके पास देश के विकास के लिए (for the development of the country) समय है ? हाँ, मेरे पास समय है। मैं बहुत व्यस्त हूँ, परंतु देश के लिए हमेशा तैयार था और तैयार रहूँगा। तब आप एक अच्छे व्यक्ति हैं। मेरे पास खेलने के लिए (to play) वक्त नहीं है। आपके पास खेलने के लिए समय कैसे नहीं है ? आपको एक कार क्यों नहीं है ? मेरे पास कार नहीं है, क्योंकि मुझे इसकी जरूरत (need) नहीं है। और, वास्तव में (as a matter of fact/in reality/actually) मेरे पास पैसे भी नहीं है। मेरे पास पैसे हैं, लेकिन मुझे आराम (rest) नहीं है। क्या भारत को साहस नहीं है ? क्या मैं एक डॉक्टर बनूँगा। तुम एक डॉक्टर नहीं बनोगे, क्योंकि तुम्हारे पास इसके लिए पैसे नहीं हैं। चूँकि (since) तुम्हारे पास पैसे नहीं है, तुम्हारा कोई भविष्य (future) नहीं है। क्या इसमें शक्ति (strength, power) है ? क्या उसके भाषण (speech) में दम/बल (force) है ? क्या विद्यार्थी-जीवन में आनंद (pleasure/delight/joy) नहीं है ? क्या विवाहित जीवन (married life) में स्वतंत्रता (freedom) नहीं है ?

Had का प्रयोग

Had का प्रयोग बहुत ही आसान है। सभी Subjects के साथ 'Had' ही लगता है, क्योंकि Past Tense में Verb 'to have' का एक ही रूप 'had' है। यहाँ हम इसका प्रयोग भूतकाल में अधिकार/संबंध का भाव प्रकट करने में करेंगे। जैसे—

1. मुझे एक घोड़ा था।	I had a horse.
2. राम के पास समय नहीं था।	Ram had no time.
3. सीता के पास कलम नहीं थी।	Sita had not (hadn't) a pen.
4. क्या राम के पास बैल था ?	Had Ram an ox ?
5. क्या उसे कल दस रुपए थे ?	Had he ten rupees yesterday ?
6. तुम्हारे पास समय क्यों नहीं था ?	Why had you no time ?
7. उसे कब एक कार थी ?	When had he a car ?

Exercise 66

Translate into English—

[A]

मेरे पास एक गाय थी। हमलोगों के पास एक कार थी। सीता के पास एक गुड़िया (doll) थी। तुम्हें एक सुंदर चेहरा (face) था। मेरे पास पर्याप्त (enough/sufficient) समय था। वे लोग एक जीप रखते थे। मोहन के पास पुस्तकें थीं। लड़कों को कलमें थीं। मुझे बहुत-से (a lot of/many) दोस्त थे। मुझे आराम था। हमलोगों को आजादी (freedom) थी। तुम्हारे पास करने के लिए काम था। मुझे सोने (to sleep) के लिए वक्त था। राम को ज्ञान था। सीता को सुंदरता (beauty) थी। तुम्हें ताकत (strength) थी। उसे गहन (deep) ज्ञान (knowledge) था।

[B]

मेरे पास गाय नहीं थी। राम के पास कलमें नहीं थीं। तुम्हारे पास समय नहीं था। मेरे पास कार नहीं थी। तुम्हारे पास कुछ नहीं था। मुझे कोई दोस्त नहीं था। उनलोगों का कोई नेता नहीं था। आपके पास कोई दूसरा उपाय नहीं (no other alternative/way) था। तुमलोगों के पास काम नहीं था।

[C]

क्या मेरे पास एक गाय थी ? क्या श्याम बाबू के पास अच्छी पुस्तकें थीं ? क्या उनके पास एक उजला घोड़ा था ? क्या इस आदमी के पास दो नौकर थे ? क्या तुम्हारे पास समय नहीं था ? राम के पास समय नहीं था। सीता को कैसे सुंदरता नहीं थी ? मेरे पास धन (wealth) क्यों नहीं था ? हरि के जीवन में आनंद (pleasure, delight, joy) क्यों नहीं था ? तुम्हारे पास कार कब थी ? रीता के पुत्र क्यों नहीं थे ? उनलोगों के पास कैसे समय नहीं था ? तुम्हारे पास कब मेरे लिए वक्त था ? तुम्हारे पास अच्छी पुस्तकें नहीं थीं। तुम कब कार रखते थे ? तुम्हें कब बहुत-से दोस्त थे ? उसे कब अक्ल (wisdom/good sense/understanding) थी ? हमलोगों को कब संतुष्टि (satisfaction) थी ? उसके पास कैसे मेरे लिए पैसे थे ? तुम्हें कब पर्याप्त (enough/sufficient) समय नहीं था ? क्या गीता को अच्छा पति नहीं है ? क्या तुम्हें स्वतंत्रता (freedom) नहीं है ? राम के पास कार क्यों नहीं है ? तुम्हारे पास सोचने (to think) का समय नहीं था। उसे कब संतुष्टि थी ?

Exercise 67 (Advanced Learner's)

Translate into English—

आपके पास मेरे लिए (for me) क्या था ? मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ नहीं (nothing) था। तब आप कैसे मेरे दोस्त थे ? मैं तुम्हारा दोस्त नहीं था, तुम मेरे दोस्त थे। तुम्हारे दिल (heart) में क्या था ? तुम्हें कब मेरे लिए प्यार और सहानुभूति (sympathy) थी ? मुझे थी और अभी तक है। तुम्हारे दिमाग में शांति (peace) थी। तुम तैयार क्यों नहीं थी ? मैं तैयार नहीं थी, क्योंकि मेरे पास समय नहीं था। मुझे इरादा भी नहीं (also no intention) था। तुम्हारे पास इस काम को करने के लिए कैसे समय नहीं था ? क्या तुम्हारे पास कलम नहीं थी ? थी, परंतु इसमें स्याही नहीं थी। क्या तुम्हें कलम की जरूरत नहीं थी ? तुम्हें पागलपन (madness) था। वह मुझमें था, क्योंकि तुम मेरे दिमाग (mind/brain) में थे। मेरे पास यौवन (youth, adulthood) नहीं था। तुम्हारे दिमाग में क्या था और इस समय (now) तुम्हारे दिमाग में क्या है ? आप गायें क्यों नहीं रखते थे ? ऐसी बात नहीं है, (the matter is not so) मेरे पास गायें थीं। तुम तैयार नहीं थे, क्योंकि तुम्हें जाने की इच्छा (desire to go) नहीं थी।

Use of Shall have & Will have

सामान्यतया I/We के साथ shall have तथा अन्य Subject के साथ will have का प्रयोग होता है। जैसे—

1. मेरे पास एक कार होगी।	I shall have a car.
2. हमें सफलता मिलेगी।	We shall have success.

3. तुम्हें शांति मिलेगी। You will have peace.
4. राम को एक घर होगा। Ram will have a house.
5. उनलोगों के पास काम होगा। They will have work.
6. मेरे पास घोड़ा नहीं होगा। I shall not have a horse.
7. उसके पास पैसे नहीं रहेंगे। He will not have money.
8. क्या आपके पास कार होगी ? Will you have a car ?
9. हमें कैसे सफलता मिलेगी ? How shall we have success ?
10. आपको कब शांति मिलेगी ? When will you have peace ?

Note: shall/will के बाद has का प्रयोग कभी नहीं होता।

Exercise 68

Translate into English—

आपके पास चार गायें होंगी। मेरे पास एक अच्छी कार होगी। तुम्हारे पास दौलत होगी। उसे सफलता मिलेगी। हमें पर्याप्त पैसे रहेंगे। हमलोगों के पास एक मददगार होगा। सीता के एक पुत्र होगा। तुम्हारे पास कार नहीं होगी। तुम्हारे पास समय नहीं होगा। मेरे पास पैसे (money) नहीं रहेंगे। रोगी को राहत नहीं मिलेगी। तुम्हारे पास कोई काम नहीं होगा। तुम्हें शांति नहीं मिलेगी। राम को सफलता नहीं मिलेगी। क्या आपके पास कार होगी ? क्या मुझे दौलत नहीं होगी ? क्या भारत को एक अच्छा भविष्य होगा ? क्या विद्वानों को इज्जत मिलेगी ? क्या हमलोगों को पर्याप्त समय (enough time) नहीं मिलेगा ? क्या उनलोगों को इनाम मिलेगा ? तुम्हें कैसे इज्जत मिलेगी ? तुम्हारे पास समय क्यों नहीं होगा ? वे लोग इतनी संपत्ति क्यों रखेंगे ? भारत के पास खाद्य-समस्या क्यों नहीं रहेगी ? तुम्हारे पास मेरे लिए समय क्यों नहीं रहेगा ? क्या भारत के पास पर्याप्त तेल रहेगा ? क्या उनलोगों के पास करने के लिए कुछ नहीं (nothing to do) होगा ? तुम्हें कब अक्ल होगी ? क्या उसे गरीबों (the poor) के लिए दया (pity/mercy) होगी ?

Vocabulary : दौलत—wealth, सफलता—success, पर्याप्त—enough, पैसा—money, मददगार—helper, रोगी—patient, राहत—relief, comfort, कोई—any, शांति—peace, भविष्य—future, विद्वान् लोग—the learned/the scholar, इज्जत—respect, prestige, इनाम—prize, reward, सम्पत्ति—property, wealth, खाद्य-समस्या—food problem, तेल—oil, अक्ल—wisdom/good sense.

Exercise 69 (Advanced Learner's)

Translate into English—

मेरे पास हर चीज (everything) होगी। मुझे आनंद (pleasure/joy) और शांति मिलेगी। क्या तुम्हारे पास शांति रहेगी ? चूँकि (since) मेरे पास धैर्य है, मुझे शांति होगी। शादी के बाद (after marriage) तुम्हें एक नया जीवन मिलेगा। क्या तुम्हारे पास मेरे लिए समय रहेगा ? हाँ, मेरे पास समय रहेगा। क्या मुझे एक कार नहीं होगी ? तुम्हारे पास एक कार अवश्य होगी। तुम एक डॉक्टर बनोगे और तुम्हारे पास सफलता होगी। हमारे देश के पास खाद्य-समस्या (food problem) क्यों नहीं

रहेगी ? हमारे पास कोई समस्या नहीं रहेगी, क्योंकि हमारे पास खेती के लिए आधुनिक उपकरण (modern equipment for cultivation) होंगे। प्रत्येक व्यक्ति के पास रोटी और काम होगा। आप क्यों थके नहीं थे ? मैं थका नहीं था। क्या आपको काम करने के लिए हमेशा प्रबल इच्छा (strong desire to work) रहेगी ? हाँ, यह मेरे पास रहेगी। आपके पास गायें थीं, परंतु अब कोई गाय क्यों नहीं है ? क्या आपके पास कोई जानवर नहीं है ? भारत के पास पर्याप्त तेल नहीं है, परंतु भविष्य में इसके पास पर्याप्त रहेगा। मेरे पास कुछ नहीं है, परंतु भगवान् की दया से (by the mercy of God) मेरे पास हर चीज होगी। मैं खुश हूँ, क्योंकि मेरे जीवन में शांति रहेगी। मुझे आपसे कोई समस्या (no problem with you) नहीं रहेगी। मुझे अभी कुछ समस्याएँ हैं, परंतु कुछ दिनों में (in some days) मैं समस्याओं से मुक्त (free from) रहूँगा। मैं तैयार नहीं रहूँगा, क्योंकि मेरे पास समय का अभाव (lack of time) होगा। मुझे ऐसा मौका (such an opportunity) मिलेगा जब दुनिया मेरे जेब में होगी (will be in my pocket)। क्या यह हमलोगों का नहीं होगा ? तुम्हारे दोस्त कैसे तैयार नहीं रहेंगे ? क्या ये तुम्हारे नहीं हैं ? क्या राम महान् नहीं हैं ? वे लोग कैसे बुरे नहीं थे ? राम की गाय कैसे अच्छी नहीं है ? ये कैसे तुम्हारे नहीं होंगे ? क्या यह उनलोगों का होगा ? ये तुम्हारे क्यों नहीं थे ? क्या चाय गरम नहीं थी ?

Solved Exercise 65

You are my enemy. (You're my enemy.) I am your enemy because I have no money for you. (I'm your enemy because I have no money for you.) Have you not any time for me? (Haven't you any time for me? *or,* Have you no time for me?) I have name, fame and money. What have you? (What is there with you? *or,* What do you have?) Why are you not ready? I am not ready because I have a lot of work. I have no time for this work. Are those books not good? (Aren't those books good?) Yes, those are good but I have no money to buy. Why have you no money? I have no work to do. You have work but you have no knowledge about this matter. Has Rita no beauty? Rita has beauty but this beauty is useless because she has pride. If you have only a B.A. degree and no special knowledge, then this degree is useless. Have you time for the development of the country? Yes, I have time. I am very busy but I was ready for the country and will always be ready. Then, you are a good person. I have no time to play. How have you no time to play? Why have you not a car? (Why haven't you a car?) I have not a car because I have no need of it. And as a matter of fact, I have no money also. I have money but no rest. Has India no spirit? Shall I be a doctor? You will not be a doctor because you have no money for it. (You won't be a doctor because you have no money for it.) Since you have no money, you have no future. Has it strength? Has his speech force? Has student life no pleasure? (Is there no pleasure in student life?) Has married life no freedom? (Is there no freedom in married life?)

Solved Exercise 67

What had you for me? I had nothing for you. (I had not anything for you. *or,* I hadn't anything for you.) Then how were you my friend? I wasn't your friend, you were my friend. What was there in your heart? When had you love and sympathy for me? I had and I have upto now. You had peace in your mind. (There was peace in your mind.) Why were you not ready? (Why weren't you ready?) I wasn't ready because I had no time. I had also no intention. How had you no time to do this work? Hadn't you a pen? I had but there was no ink in it. Had you no need of a pen? You had madness. It was in me because you were in my mind. I had no youth. What was in your mind and what is in your mind now? Why had you no cows? The matter is not so, I had cows. You weren't ready because you had no desire to go.

Solved Exercise 69

I shall have everything. I shall have pleasure and peace. Will you have peace? Since I have patience, I shall have peace. After marriage, you will have a new life. Will you have time for me? Yes, I shall have time. Shall I not have a car? (Shan't I have a car?) You shall have a car. (You will definitely have a car.) You will be a doctor and you will have success. Why will our country have no food problem? We shan't have any problem because we shall have modern equipment for cultivation. Each person will have bread and work. Why weren't you tired? I wasn't tired. Will you always have a strong desire to work. Yes, I shall have it. You had cows but why haven't you any cow now? Haven't you any animal? India hasn't enough oil but in future it will have enough. I have nothing but by the mercy of God I shall have everything. I am happy because my life will have peace. I shall have no problem with you. I have some problems now but in some days I shall be free from problems. I shan't be ready because I shall have a lack of time. I shall have such an opportunity when this world will be in my pocket. Will it not be ours? (Won't it be ours?) How won't your friends be ready? Aren't these yours? Isn't Ram great? How weren't they bad? How isn't the cow of Ram good? How will these not be yours? (How won't these be yours?) Will it be theirs? Why weren't these yours? Wasn't the tea hot?

Note: Subject के साथ Have/has/had का Short Form देते समय ध्यान दें—
I have/had a pen. इसके बदले—I've/I'd a pen.—Wrong
I have/had eaten. इसके बदले---I've/I'd eaten.—Right
I have/had not eaten = I've/I'd not eaten=I haven't/hadn't eaten.—Right

❑❑❑

8. Use of Infinitive with Verb 'to have'

आप जानते हैं कि Verb 'to have' का रूप Present Tense में have/has, Past Tense में had और Future Tense में shall have/will have होता है। अब आप Verb 'to have' के साथ infinitive का प्रयोग करना सीखें। Infinitive का अर्थ है—to + verb (to go, to eat, to laugh, etc.)

Present Tense में प्रयोग

[Subject + have/has + infinitive.]

Solved Examples:

1. मुझे जाना है। या, मुझे जाना पड़ता है। या, मुझे जाना होता है।	I have to go.
2. मुझे पत्र लिखना है।	I have to write a letter.
3. आपको काम करना पड़ता है।	You have to work.
4. राम को पटना जाना है।	Ram has to go to Patna.
5. भारतीय किसानों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।	Indian farmers have to work hard.
6. उनलोगों को देश की सेवा करनी है।	They have to serve the country.

ऐसे वाक्यों से आवश्यकता, अनिवार्यता या बाध्यता का बोध होता है।

Exercise 70

Translate into English—

मुझे काम करना है। सोहन को भीख माँगनी पड़ती है। मुझे इस शहर में रहना है। श्याम को स्कूल जाना पड़ता है। मुझे बच्चों को पढ़ाना पड़ता है। मुझे उसे भूलना है। मुझे स्कूल पैदल जाना पड़ता है। मुझे कोलकाता जाना है। मुझे अपने दोस्त की मदद करनी है। राम को पढ़ना है। रीता को नाचना पड़ता है। उनलोगों को टहलना हैं। मुझे गरीबों (the poor) की मदद करनी है। मुझे यह काम करना पड़ता है। सीता को पढ़ाना होता है। मुझे कपड़े धोने पड़ते हैं। मुझे सवेरे जगना होता है (to get up early)। उसे अस्पताल जाना है। मुझे उसकी आज्ञा माननी (to obey) पड़ती है। तुमलोगों को स्कूल पैदल जाना पड़ता है। भारतीय किसानों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। श्याम को दिल्ली जाना है। सरकार को सड़कें बनानी पड़ती है। मुझे सुबह से शाम तक काम करना पड़ता है। मुझे साहब (officer, master) की खुशामद करनी पड़ती है। तुमलोगों को जीना पड़ता है। मुझे देश की

सेवा करनी है। मुझे बाजार जाना है। तुमलोगों को ठहरना पड़ता है। आपको कुछ (something) करना है। लता को कैंपस (campus) जाना है। उसे काम करना पड़ता है। मुझे बाजार पैदल जाना पड़ता है।

Vocabulary : काम करना—to work, भीख माँगना—to beg, रहना—to live, इस शहर में—in this town, पढ़ाना—to teach, भूलना—to forget, पैदल जाना—to go on foot, मदद करना—to help, पढ़ना—to read, नाचना—to dance, टहलना—to walk, यह काम करना—to do this work, कपड़ा धोना—to wash clothes, अस्पताल—hospital, कड़ी मेहनत करना—to work hard, सरकार—government, सड़कें बनाना—to build/to construct roads, सुबह से शाम तक—from morning to evening, खुशामद करना—to flatter, to carry favour (with), जीना—to live, सेवा करना—to serve, ठहरना—to stay.

Negative Sentences

[Subject + have/has + not + infinitive.]

1. मुझे काम नहीं करना है। या, मुझे काम नहीं करना पड़ता है। या, मुझे काम नहीं करना होता है।	I have not to work.
2. उसे नहीं खेलना है।	He has not to play.
3. उनलोगों को वहाँ नहीं ठहरना है।	They have not to stay there.
4. मुझे कुछ नहीं करना है।	I have not to do anything.

Interrogative Sentences

1. Have Has	+ subject + (not) + infinitive ?
2. Why When How Where What	+ have/has + subject + (not) + infinitive ?

(a) क्या राज को पढ़ना पड़ता है ?	Has Raj to read ?
(b) क्या तुम्हें काम करना पड़ता है ?	Have you to work ?
(c) क्या मुझे नहीं खाना है ?	Have I not to eat ? *Or,* Haven't I to eat ?
(d) उन्हें बच्चों को क्यों पढ़ाना पड़ता है ?	Why have they to teach the children ?
(e) तुम्हें क्या नहीं करना पड़ता है ?	What have you not to do ?
(f) गीता को कपड़े क्यों धोने पड़ते हैं ?	Why has Geeta to wash clothes ?

Exercise 71

Translate into English—

राम को कठिन परिश्रम नहीं करना पड़ता है। रीता को स्कूल नहीं जाना है। मोहन को नहीं पढ़ना है। उनलोगों को पैदल नहीं चलना पड़ता है। मुझे टिकट नहीं कटाना पड़ता है। मुझे काम नहीं करना है। तुम्हें कुछ नहीं करना है। तुम्हें अपने पति की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती है। क्या तुम्हें सुबह जगना पड़ता है ? क्या मेरे दोस्त को पत्र लिखना है ? क्या हमलोगों को पैदल जाना है ? क्या तुम्हें दूध नहीं खरीदना पड़ता है ? क्या उसे झूठ बोलना पड़ता है ? क्या तुम्हें पैदल नहीं जाना पड़ता है ? क्या बच्चों को कड़ी मेहनत नहीं करनी पड़ती है ? तुम्हें पटना नहीं जाना पड़ता है। गरीबों को क्यों कठिन परिश्रम करना पड़ता है ? गीता को कल मुंबई क्यों जाना है ? बच्चों को कब पढ़ना है ? रीता को गाना क्यों गाना पड़ता है ? तुम्हें यह काम क्यों नहीं करना पड़ता है ? उसे क्यों प्लेट साफ करना पड़ता है ? उसे पति के सामने क्यों हँसना पड़ता है ? आपको परीक्षा क्यों नहीं देनी है ? गीता को क्यों नृत्य नहीं करना पड़ता है ? तुम्हें कहाँ जाना है ? मुझे क्या करना है ? आपको क्यों घंटों (for hours) इंतजार करना पड़ता है ? सीता को क्या करना पड़ता है ? आपलोगों को कहाँ ठहरना है ?

Vocabulary : कठिन परिश्रम करना—to work hard, पैदल चलना/जाना—to go on foot, टिकट कटाना—to buy/to get tickets, प्रतीक्षा करना—to wait, सुबह जगना—to get up early, खरीदना—to buy, झूठ बोलना—to tell a lie, साफ करना—to wash, पति के सामने—before her husband, परीक्षा देना—to appear at the examination, इंतजार करना—to wait, ठहरना—to stay.

Exercise 72 (Advanced Learner's)

Translate into English—

तुम्हें पटना क्यों जाना है ? मुझे पटना किताब खरीदने जाना है। क्या आपको झूठ बोलना (to tell a lie) पड़ता है ? हाँ, यह सच है कि मुझे कभी-कभी (sometimes) झूठ बोलना पड़ता है। मेरे पास दूसरा कोई उपाय (any other alternative/way) नहीं है। मेरे पास यह समस्या (problem) है। क्या आपको ऑफिस पैदल जाना पड़ता है ? हाँ, मैं गरीब हूँ। मेरे पास साइकिल नहीं है। मेरे पास रिक्शे के लिए पैसे नहीं हैं, अतः मुझे पैदल जाना पड़ता है। मैं इसके लिए उदास था, परंतु अब नहीं हूँ। मेरे पास एक साइकिल अवश्य होगी। क्या आपको अपना समय बरबाद करना (to kill your time) पड़ता है ? हाँ, मेरे पास कुछ दिक्कतें (difficulties) हैं। क्या तुम्हें अपने दोस्तों के लिए प्यार है ? हाँ, मुझे है, परंतु उन्हें नहीं है। क्या आप शिक्षित (educated) नहीं हैं ? हाँ, मैं शिक्षित नहीं हूँ। मेरे पास ज्ञान (knowledge) नहीं है, इसलिए मुझे काम करना पड़ता है। अब मुझे पढ़ना है। मुझे अज्ञानता में (in ignorance) जीवन नहीं बिताना है (to spend)। मुझे अँधेरे (darkness) से बाहर निकलना (to come out of) है। मैं अशिक्षित नहीं रहूँगी। वह समय दूर नहीं है (the time is not far off) जब (when) अशिक्षित महिलाओं को समझ (understanding/good sense) होगी। सिर्फ तभी (only then) भारत महान् बनेगा और इसका नाम विश्व में प्रसिद्ध (famous in the world) होगा। आपको क्यों कुछ नहीं करना पड़ता है ? मुझे भगवान् का दिया सब कुछ

(everything given by God) है, इसलिए मुझे कुछ नहीं करना पड़ता है। ये गायें कैसे उनलोगों की हो जाएँगी ? क्या तुम्हारा अपना कथन (statement) तुम्हारे विरुद्ध (against) होगा ? अगर आपलोग मेहनती हैं तो आपलोग गरीब किसान नहीं रहेंगे। यह तुम्हारे लिए अच्छा रहेगा। अगर तुम भाग्यशाली नहीं हो तो तुम कैसे सफल (successful) रहोगे ? चूँकि (since) मैं परिश्रमी हूँ, मैं सफल रहूँगा।

Past Tense में प्रयोग

[Subject + had + infinitive.]

1. मुझे खेलना था। या, मुझे खेलना पड़ा।	I had to play.
2. मुझे काम करना पड़ा। या, मुझे काम करना था।	I had to work.
3. उसे भीख माँगनी पड़ी।	He/she had to beg.
4. उसे पढ़ाना पड़ा।	He/she had to teach.

Exercise 73

Translate into English—

मोहन को दौड़ना था। उसे खाना था। तुम्हें आना था। तुम्हें दौड़ना पड़ा। उसे झुकना पड़ा। मुझे पत्र लिखना पड़ा। उसे त्यागपत्र देना पड़ा। राम को पटना जाना पड़ा। गाँधीजी को उपवास करना पड़ा। उसे किताब खरीदनी पड़ी। उसे परीक्षा देनी पड़ी। मुझे झूठ बोलना पड़ा। सीता को जंगल जाना पड़ा। राम को रावण से लड़ना पड़ा। मुझे भीख माँगनी पड़ी। उसे पटना जाना था। मुझे एक बाघ मारना था। तुम्हें शादी करनी थी। मुझे सच बोलना पड़ा। उसे घर बेचना पड़ा। राम को पिता की आज्ञा माननी पड़ी। मुझे इंतजार करना पड़ा। कल मुझे पटना जाना था। उनलोगों को कुछ (something) करना था। मुझे अँगरेजी पढ़नी थी। राम को इंतजार करना पड़ा।

Vocabulary : झुकना—to bow down, to stoop, पत्र—letter, लिखना—to write, त्यागपत्र देना—to resign, उपवास करना—to fast, खरीदना—to buy, to purchase, परीक्षा देना—to appear at the examination, झूठ बोलना—to tell a lie, जंगल—forest, woods, लड़ना—to fight, सच बोलना—to speak the truth, बेचना—to sell, आज्ञा मानना—to obey, इंतजार करना—to wait.

Negative & Interrogative Sentences

Negative के लिए had के बाद not दें तथा Interrogative के लिए had को Subject के पहले रखें। जैसे—

1. तुम्हें वहाँ नहीं जाना था।	You had not to go there.
2. मुझे नहीं पढ़ना था।	I had not to read.
3. क्या उसे त्यागपत्र देना पड़ा ?	Had he/she to resign ?

4. क्या राम को झूठ नहीं बोलना पड़ा ? — Had Ram not to tell a lie ? (Hadn't Ram to tell a lie ?)
5. उसे क्यों जाना पड़ा ? — Why had he/she to go ?

Exercise 74

Translate into English—

क्या तुम्हें पटना जाना था ? मोहन को पटना नहीं जाना था। उसे नहीं दौड़ना पड़ा। क्या उसे दौड़ना पड़ा ? उसे उपवास नहीं करना पड़ा। तुम्हें सच नहीं बोलना पड़ा। क्या गाँधीजी को उपवास करना पड़ा ? क्या तुम्हें त्यागपत्र देना पड़ा ? क्या उनलोगों को भीख माँगनी पड़ी ? क्या तुम्हें झूठ नहीं बोलना पड़ा ? क्या सोहन को नहीं पढ़ना था ? क्या तुम्हें परीक्षा नहीं देनी पड़ी ? तुम्हें क्यों जाना पड़ा ? उसे कब जाना पड़ा ? उसे यह काम क्यों करना पड़ा ? सीता को कहाँ ठहरना (to stay) पड़ा ? मुझे अँगरेजी बोलनी पड़ी। क्या उसे परीक्षा नहीं देनी पड़ी ? हमलोगों को क्यों इंतजार करना पड़ा ? सीता को क्यों जंगल जाना पड़ा ? राम को क्यों लड़ना पड़ा ? आपको क्या करना पड़ा ? क्या आपको वह काम नहीं करना था ? क्या मुझे वह उपन्यास (novel) नहीं खरीदना पड़ा ? क्या मुझे जुर्माना नहीं देना पड़ा (to pay the fine) ? क्या बच्चों को स्कूल नहीं जाना पड़ा ? क्या आपको परीक्षा नहीं देनी थी ? क्या बच्चों को घंटों (for hours) इंतजार नहीं करना पड़ा ? क्या राम और सीता को अपने जीवन में संघर्ष नहीं करना पड़ा ? आपको क्या पढ़ना था ? सोहन को त्यागपत्र क्यों देना पड़ा ? आपको कैसे रात गुजारनी (to spend) पड़ी ?

Vocabulary : उपवास करना—to fast, सच बोलना—to speak the truth, त्यागपत्र देना—to resign, भीख माँगना—to beg, झूठ बोलना—to tell a lie, परीक्षा देना—to appear at the examination, बोलना—to speak, इंतजार करना—to wait, लड़ना—to fight, खरीदना—to buy/purchase, संघर्ष करना—to struggle.

Future Tense में प्रयोग

[Subject + shall/will + have + infinitive.]

Solved Examples:

1. मुझे पटना जाना पड़ेगा। — I shall have to go to Patna.
2. मुझे यह काम करना होगा। — I shall have to do this work.
3. राम को आज्ञा माननी होगी। — Ram will have to obey.

[इन वाक्यों से बाध्यता/अनिवार्यता का भाव व्यक्त होता है। अतः I/We के साथ will have तथा अन्य Subjects के साथ shall have का भी प्रयोग किया जा सकता है।

Exercise 75

Translate into English—

राम को पटना जाना होगा। तुम्हें यह काम करना होगा। मुझे कठिन परिश्रम

करना होगा। तुम्हें परीक्षा देनी होगी। उसे सच बोलना होगा। मुझे तुम्हारी मदद करनी होगी। मुझे आज्ञा माननी होगी। मुझे जवाब देना होगा। उसे मुझ पर निर्भर होना होगा। उसे पैदल जाना पड़ेगा। आपको मेरे पास (to me) आना पड़ेगा। उसे घर बेचना पड़ेगा। तुम्हें कपड़े साफ करने पड़ेंगे। तुम्हें दवा लेनी होगी। एक दिन तुम्हें पछताना पड़ेगा। मेरे दोस्त को मुंबई जाना पड़ेगा। तुम्हें एक डॉक्टर बनना पड़ेगा। आपको प्रमाणपत्र लाना पड़ेगा। सभी (everyone) को ईमानदार होना पड़ेगा। आपको जुर्माना देना पड़ेगा। हमें अपना जीवन-स्तर ऊँचा उठाना होगा। तुम्हें परीक्षा पास करनी होगा।

Vocabulary: कठिन परिश्रम करना—to work hard, परीक्षा देना—to appear at the examination, मदद करना—to help, आज्ञा मानना—to obey, जवाब देना—to answer, to reply, निर्भर होना—to depend/to rely (on), पैदल जाना—to go on foot, साफ करना—to wash, पछताना—to repent, to regret, दवा लेना—to take medicine, प्रमाण-पत्र—certificate, जुर्माना देना—to pay the fine, उठाना—to raise, to lift, जीवन-स्तर—the standard of living.

Negative & Interrogative Sentences

1. मुझे जुर्माना नहीं देना पड़ेगा। I shall not have to pay the fine.
or, I shan't have to pay the fine.

Note: shall + not —shan't; will + not—won't

2. क्या तुम्हें भीख माँगनी पड़ेगी ? Will you have to beg ?
3. तुम्हें क्या करना पड़ेगा ? What will you have to do ?
4. राम को पटना क्यों जाना पड़ेगा ? Why will Ram have to go to Patna ?
5. तुम्हें कब जाना होगा ? When will you have to go ?

आप यह जान चुके हैं कि negative बनाने के लिए shall/will के बाद not लगाया जाता है और interrogative बनाने के लिए Shall/will को Subject के पहले रखा जाता है।

Exercise 76

Translate into English—

तुम्हें काम नहीं करना पड़ेगा। गीता को कपड़े साफ नहीं करने पड़ेंगे। तुम्हें दवा नहीं खानी पड़ेगी। आपको मेरी मदद नहीं करनी होगी। क्या मुझे उसपर निर्भर होना (to depend on) पड़ेगा ? क्या तुम्हें पटना जाना होगा ? क्या आपको जुर्माना देना (to pay the fine) होगा ? आपको कब परीक्षा देनी होगी ? राम को क्या करना पड़ेगा ? राज को क्यों झुकना (to bow down) होगा ? उसे कहाँ जाना होगा ? मेरी बहन को कब परीक्षा देनी होगी ? तुम्हें डॉक्टर क्यों बनना पड़ेगा ? उसे क्यों पछताना (to repent/regret) पड़ेगा ? पार्टी को अपनी नीति क्यों बदलनी होगी ? सीता को क्यों दुःख का सामना करना पड़ेगा ? तुम्हें क्या करना होगा ? राम को

क्या नहीं करना होगा ? आपको कैसे इस शहर में ठहरना पड़ेगा ? मुझे प्रमाणपत्र क्यों लाना पड़ेगा ? आपको कैसे काम करना होगा ? क्या हमें अपना जीवन-स्तर ऊँचा उठाना होगा ? हमें अपना जीवन-स्तर क्यों ऊँचा उठाना होगा ? आपको दस रुपए जमा करने (to deposit) पड़ेंगे।

Vocabulary : नीति—policy, बदलना—to change, सामना करना—to face, to confront, दु:ख—distress, unhappiness, affliction, sorrow, grief.

Exercise 77 (Advanced Learner's)

Translate into English—

कल शाम में मुझे श्याम को दो रुपए देने पड़े। तुम्हें क्यों देने पड़े ? मुझे देने पड़े, क्योंकि वह अभाव में (in need) था। उसकी मदद करने के लिए (to help him) दूसरा कोई व्यक्ति नहीं था। सिर्फ (only) मैं ही वहाँ था। अतः यह मेरा कर्तव्य (duty) था जो (that) मुझे करना पड़ा। देश के लिए गाँधीजी को क्या करना पड़ा था ? उन्हें देश के लिए अपना सारा जीवन अर्पण करना पड़ा (to sacrifice his whole life)। गाँधीजी में निर्देश करने की क्षमता (power to guide) थी। यह उसी क्षमता का फल (result) है कि भारत आज आजाद (independent) है। हमें गाँधीजी के प्रति गहरी श्रद्धा (deep respect) है। मुझे यह करना पड़ा। मुझे उस काम को करने का इरादा नहीं था (had no intention of doing that work), परन्तु मुझे करना पड़ा। आपको पत्र क्यों लिखना पड़ा ? पत्र लिखना पड़ा, क्योंकि मैं चिंतित (anxious) और दु:खी (sad) था। मुझे बहुत काम करना पड़ता था, परंतु अब नहीं करना पड़ता। चूँकि (since) तुम्हारे पास पर्याप्त (enough/sufficient) धन है, इसलिए तुम्हें कोई काम नहीं करना पड़ता। एक गरीब व्यक्ति लाचार (helpless) होता है। उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मुझे चिंता (anxiety) थी, परंतु अब नहीं है। तुम्हें यह काम क्यों करना पड़ेगा ? मुझे यह काम करना पड़ेगा, क्योंकि मैं गरीब हूँ। क्या आप एक डॉक्टर बनना चाहते हैं ? अगर आपका जवाब (reply/answer) 'हाँ' है, तो इसके लिए (for it) आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। आपको क्या नहीं करना पड़ेगा ? मुझे हर (every, each) काम को करना पड़ेगा। तुम्हें कुछ नहीं करना पड़ेगा।

Exercise 78 (Miscellaneous)

Translate into English—

मेरा नाम राजेश है। मुझे दो दोस्त हैं—सुरेश और गणेश। सुरेश एक अच्छा लड़का है। उसके पिता एक किसान हैं। सुरेश के पास अच्छी पुस्तकें हैं। गणेश के पिता एक एस॰डी॰ओ॰ हैं। वे हाकिम हैं। गणेश भी एक नेक लड़का है। उसे घमंड (pride/arrogance) नहीं है। उसके पास मेरे लिए समय है। गणेश के पास एक कार थी। अभी उसके पास कोई कार नहीं है। परन्तु, उसके पास एक नई गाड़ी होगी। मुझे सुरेश के पास जाना है। मुझे उसकी मदद करनी है। मेरे पास सुरेश के लिए समय रहेगा। गणेश को सुरेश की मदद करनी होगी। गणेश को इनकार करने का साहस (courage to refuse) नहीं है।

Exercise 79

Translate into English—

मैं एक धनी व्यक्ति हूँ, पर मुझे घमंड नहीं है। मेरे पास चालीस गायें, बीस बैल और दस नौकर हैं। ये गायें मेरी अपनी हैं। ये बैल मेरे हैं। यह सुंदर मकान मेरा है। मेरे पास कार नहीं है। मुझे एक कार होगी। मुझे बहुत काम करना पड़ता है। मुझे बहुत लोगों से मिलना होता है। मुझे लोगों की मदद करनी पड़ती है। मुझे गरीबों की मदद करनी पड़ेगी। मेरे पास एक नौकर था। उसके पास गायें नहीं थीं। मुझे उसे एक गाय देनी पड़ेगी। मुझे उसे काम देना पड़ा। वह नौकर बहुत मेहनती है। उसे धन (wealth) होगा। उसे बहुत गायें होंगी। वह धनी होगा और मेरे समान बन जाएगा। क्या सभी गरीब धनी नहीं होंगे ?

Vocabulary : बहुत—a lot of, several, much, many, मिलना—to meet, देना—to give, मेरे समान—equal/similar to me.

Exercise 80 (Advanced Learner's)

Translate into English—

राम और श्याम दोस्त हैं। राम धनी आदमी है, लेकिन श्याम गरीब। राम अच्छा आदमी है। उसे गरीबों के लिए सहानुभूति है।

राम : श्याम, तुम गरीब क्यों हो ?

श्याम : मेरे पास पैसे नहीं हैं।

राम : तुम्हारे पास पैसे क्यों नहीं हैं?

श्याम : मेरे पिता एक गरीब किसान थे। उनके पास धन (wealth) नहीं था। वे गरीब थे, मैं गरीब हूँ और मेरे बच्चे गरीब रहेंगे।

राम : तुम्हारा विचार बिलकुल गलत है। तुम्हारे पास हिम्मत नहीं है। मेरे पिता गरीब थे, परंतु मैं धनी हूँ।

श्याम : मेरे पास बहुत-सी दिक्कतें हैं। मुझे बहुत काम करना पड़ता है। मुझे एक बड़े परिवार का बोझ सहन करना पड़ता है। मेरे पास पूँजी नहीं है। मैं कैसे धनी बनूँगा ?

राम : हिम्मत सबसे बड़ी पूँजी है। दुनिया में कोई गरीब नहीं है। अगर तुम्हारे पास साहस और ईमान्दारी है तो तुम अवश्य धनी बनोगे।

श्याम : मैं अवश्य धनी बनूँगा। मेरे पास पैसे होंगे। मेरे बच्चे गरीब नहीं रहेंगे। उनके पास एक सुंदर घर होगा। परंतु, मुझे कड़ी मेहनत करनी होगी। मुझे अब कोई समस्या नहीं है, क्योंकि मेरे पास अब हिम्मत है।

Vocabulary : गरीबों के लिए सहानुभूति—sympathy for the poor, विचार—idea, thought, हिम्मत—courage, दिक्कत—problem, difficulty, पूँजी—capital, बड़े परिवार का बोझ सहन करना—to bear the burden of a big family, ईमानदारी—honesty.

Solved Exercise 72

Why have you to go to Patna? I have to go to Patna to buy a book. Have you to tell a lie? Yes, it is true that I have to tell a lie sometimes. I have not any other alternative. I have this problem. Have you to go to office on foot? Yes, I am poor. I have not a bicycle. (I have no bicycle. *or,* I have not any bicycle. *or,* I haven't any bicycle.) I have no money for a rickshaw, so I have to go on foot. I was sad for it but I am not now. I will (I'll) have a bicycle. (I shall definitely have a bicycle.) Have you to kill your time? Yes, I have some difficulties. Have you love for your friends? Yes, I have but they don't have. Aren't you educated? Yes, I am not educated. I have no knowledge, so I have to work. Now, I have to study. I haven't to spend life in ignorance. I have to come out of darkness. I shan't be uneducated. The time isn't far off when uneducated women will have understanding. Only then India will be great and its name will be famous in the world. Why haven't you to do anything? (Why have you to do nothing?) I have everything given by God, so I haven't to do anything. How will these cows be theirs? Will your own statement be against you? If you are laborious, you won't be poor farmers. It will (It'll) be good for you. If you aren't lucky, how will you be successful? Since I am laborious, I shall be successful.

Solved Exercise 77

Yesterday evening, I had to pay ₹ 2 to Shyam. Why had you to pay? I had to pay because he was in need. There wasn't any other person to help him. Only I was there. Therefore, it was my duty that I had to do. What had Gandhiji to do for the country? He had to sacrifice his whole life for the country. Gandhiji had power to guide. This is the result of the same power that India is independent today. We have deep respect for Gandhiji. I had to do this. I had no intention of doing that work but I had to do. Why had you to write a letter? I had to write the letter because I was anxious and sad. I had to do a lot of work, but now I haven't to do. Since you have enough money, so you have not to do any work. A poor man is helpless. He has to do hard labour. I had anxiety but now I don't have. Why will you have to do this work? I shall have to do this work because I am poor. Do you want to be a doctor? If your reply is yes, you will have to do hard labour for it. What will you not have to do? (What won't you have to do?) I shall have to do every work. You will have to do nothing. (You will not have to do anything. *or,* You won't have to do anything.)

Solved Exercise 78

My name is Rajesh. I have two friends—Suresh and Ganesh. Suresh is a good boy. His father is a farmer. Suresh has good books. Ganesh's father is an S.D.O. He is an officer. Ganesh is also a gentle boy. He has no pride. He has time for me. Ganesh had a car. He has not any car now. But he will have a new car. I have to go to Suresh. I have to help him. I shall have time for Suresh. Ganesh will have to help Suresh. Ganesh has no courage to refuse.

Solved Exercise 80

Ram and Shyam are friends. Ram is a rich man but Shyam is poor. Ram is a good man. He has sympathy for the poor.

Ram : Shyam, why are you poor?

Shyam : I have no money.

Ram : Why have you no money?

Shyam : My father was a poor farmer. He had no wealth. He was poor, I am (I'm) poor and my children will be poor.

Ram : Your idea is absolutely wrong. You have no courage. My father was poor but I am rich.

Shyam : I have a lot of problems. I have to do a lot of work. I have to bear the burden of a big family. I have no capital. How shall I be rich?

Ram : Courage is the biggest capital. No one is poor in the world. If you have courage and honesty, you shall be rich.

Shyam : I will (I'll) be rich. (I shall definitely be rich.) I shall have money. My children will not be poor. (My children won't be poor.) They will have a beautiful house. But I shall have to do hard labour. I have no problem now, because I have courage now.

Hints:

1. रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

2. Solved Exercises में किसी-किसी वाक्य को दो या तीन ढंग से बनाया गया है, उन्हें समझने का प्रयास करें।

3. Spoken English के लिए इन्हें ध्यान में रखें—

Have not = Haven't; Has not = Hasn't; Will not = Won't; Shall not = Shan't; I will = I'll; It will = It' ll; I am = I'm.

* * *

9. Use of Infinitive with Verb 'to be'

Verb 'to be' का रूप Present Tense में am/is/are, Past Tense में was/were और Future Tense में shall be/will be होता है। अब आप Verb 'to be' के साथ infinitive का प्रयोग देखें। Infinitive का अर्थ है—to + verb (to go, to eat, to dance, etc.)

1. Subject + am/is/are + infinitive.

1. मैं जाने को हूँ। या, मैं जानेवाला हूँ।	I am to go.
2. सीता पढ़ने को है। या, सीता पढ़नेवाली है।	Sita is to read.
3. गाड़ी आने को है। या, गाड़ी आनेवाली है।	The train is to come.

ऐसे वाक्यों से यह बोध होता है कि कोई काम भविष्य में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा।

Exercise 81

Translate into English—

श्याम खाने को (to eat) है। मैं खानेवाला हूँ। तुम हँसने को हो। तुम रोनेवाले हो। मैं शादी करनेवाला हूँ। मैं गाड़ी खरीदनेवाला हूँ। वे मेरी देखभाल करनेवाले हैं। सीता मेरी मदद करनेवाली है। तुम त्यागपत्र देनेवाले हो। वे लोग खाने को हैं। आप जाने को हैं। हमलोग दौड़ने को हैं। रीता गाने को है। मोहन मदद करनेवाला है। गीता शादी करनेवाली है। तुमलोग गाने को हो। मैं सोने को हूँ। मैं एक पत्र लिखने को हूँ। वह गाने को है। राम और श्याम जाने को हैं। गाड़ी खुलने को है। तुम मैच खेलनेवाले हो।

Vocabulary: हँसना—to laugh, रोना—to weep, शादी करना—to marry, खरीदना—to buy, to purchase, देखभाल करना—to look after, मदद करना—to help, त्यागपत्र देना—to resign, सोना—to sleep, पत्र—letter, लिखना—to write, गाना—to sing, गाड़ी—train, खुलना—to depart, to start.

Negative & Interrogative Sentences

1. मैं नहीं जाने को हूँ।	I am not to go.
2. सीता नहीं पढ़नेवाली है।	Sita is not to read.
3. तुम नहीं दौड़ने को हो।	You are not to run.
4. क्या राम जाने को है?	Is Ram to go?

5. क्या हमलोग गानेवाले हैं?	Are we to sing?
6. क्या वे लोग नहीं आनेवाले हैं ?	Are they not to come?

Exercise 82

Translate into English—

वह परीक्षा नहीं देनेवाला है। मैं नहीं गाने को हूँ। वह मदद नहीं करने को है। मैं पत्र नहीं लिखनेवाला हूँ। गाड़ी नहीं खुलनेवाली है। वे लोग त्यागपत्र नहीं देनेवाले हैं। सरकार मदद नहीं करने को है। शिक्षक नहीं पढ़ाने को हैं। रीता नहीं गाने को है। वह शादी नहीं करनेवाला है। क्या आप दिल्ली जानेवाले हैं ? क्या वह गाने को है ? क्या मोहन परीक्षा देनेवाला है ? क्या वे लोग एक गाड़ी खरीदनेवाले हैं ? क्या वह त्यागपत्र नहीं देनेवाला है ? क्या तुम मोटरगाड़ी नहीं खरीदनेवाले हो ? क्या सरकार मदद नहीं करनेवाली है ? क्या वह नहीं गाने को है ? क्या आपका भाई नहीं आनेवाला है ? क्या तुम रेडियो खरीदनेवाले हो ? नहीं, मैं रेडियो नहीं खरीदनेवाला हूँ। क्या वह नहीं आनेवाली है ? क्या वे लोग इस काम को नहीं करनेवाले हैं ? क्या वर्षा होनेवाली है ?

Vocabulary: परीक्षा देना—to appear at the examination, गाड़ी—train, खुलना—to depart, to start, वर्षा होना—to rain.

यदि प्रश्नवाचक वाक्यों में 'कब, क्यों, कैसे, कहाँ, क्या' इत्यादि रहे, तो सबसे पहले When/Why/How/Where/What दें, फिर Subject के अनुसार am/is/are दें, तब Subject और अंत में Infinitive दें। अर्थात्, आपके वाक्य का यह structure होना चाहिए—

When (कब) Why (क्यों) How (कैसे) Where (कहाँ) What (क्या)	am/is/are	subject	(not)	to + V^1?

Solved Examples:

1. राम कब जानेवाला है ?	When is Ram to go?
2. तुम क्या करनेवाले हो ?	What are you to do?
3. वे लोग क्यों दौड़ने को हैं ?	Why are they to run?
4. आप पत्र क्यों नहीं लिखनेवाले हैं ?	Why are you not to write a letter?

Note: जब वाक्य में कर्ता के पहले 'क्या' रहता है तब what का प्रयोग नहीं होता है, परंतु कर्ता के बाद 'क्या' रहने पर प्रायः what का प्रयोग होता है।

Exercise 83

Translate into English—

तुम कब जानेवाले हो ? तुम मेरी मदद क्यों नहीं करनेवाले हो ? वे त्यागपत्र

क्यों देने को हैं ? वह कब कार खरीदनेवाला है ? श्याम कब आनेवाला है ? हमलोग कैसे मरनेवाले हैं ? तुम कहाँ जानेवाले हो ? राम क्या करनेवाला है ? मोहन कैसे कार खरीदनेवाला है ? सीता कैसे रोनेवाली है ? गीता क्यों नाचने को है ? लता क्यों नहीं पढ़ने को है ? आप कब नाचनेवाले हैं ? राम क्यों उपवास करने को है ? सरकार काम क्यों नहीं करनेवाली है ? आप परीक्षा क्यों नहीं देनेवाले हैं ? वह मेरी मदद क्यों नहीं करनेवाला है ? आप कहाँ शादी करनेवाले हैं ? वह स्कूल क्यों नहीं जाने को है ? वह पत्र क्यों नहीं लिखनेवाला है ? सीता को कैसे मुसकराना है ?

Vocabulary: मरना—to die, मुसकराना—to smile, to grin.

Exercise 84 (Advanced Learner's)

Translate into English—

तुम पटना क्यों जानेवाले हो ? मैं पटना जानेवाला नहीं हूँ। मुझे वहाँ ठहरना (to stay) है। मुझे वहाँ कुछ काम है। मेरा दोस्त आनेवाला है। मुझे इंतजार करना (to wait) है। मैं अपने दोस्त का स्वागत (to welcome, to receive) करने के लिए तैयार हूँ। क्या तुम्हारा दोस्त यहाँ ठहरनेवाला है ? नहीं, उसके पास इतना समय (so much time) नहीं है। उसके पास मेरे लिए कुछ संदेश (message) हैं। मुझे उसका संदेश प्राप्त करना होगा। तब ठीक है। मुझे इससे कुछ लेना-देना नहीं है (nothing to do with it)। मैं बाजार जाने को हूँ, क्योंकि मुझे कुछ मिठाइयाँ (sweets) खरीदनी हैं। मुझे मिठाइयाँ बाँटनी (distribute) हैं। मुझे दुकानदार को पैसे देने होंगे। परंतु, मेरे पास इस समय पैसे नहीं हैं। अब आपको क्या करना है ? मुझे पैसा लाना होगा। क्या आप मोटरगाड़ी खरीदनेवाले हैं ? हाँ, मैं खरीदनेवाला हूँ। परंतु, आपको इससे क्या करना है ? मुझे कुछ कहना है। अगर आप वास्तव में (really, actually) मोटरगाड़ी खरीदना चाहते हैं तो कृपया न खरीदें (please don't buy)। मेरे पास एक पुरानी गाड़ी है। यह सस्ती (cheap) और मजबूत है। यह आपके लिए उपयुक्त (suitable) होगी। चूँकि (since) आपकी आमदनी (income) सीमित (limited) है, आपको इसपर विचार करना (to consider) होगा। आपकी सलाह (advice) वास्तव में अच्छी है। आप अपनी गाड़ी कब बेचनेवाले हैं ? मैं बेचने के लिए तैयार हूँ और रहूँगा। क्या यह आपकी अपनी गाड़ी है ? हाँ, यह मेरी है। यह कैसे आपकी है ? यह कैसे मेरी नहीं है ? क्या आप यह साबित करनेवाले (to prove) हैं कि यह मेरी नहीं है ? नहीं, बात ऐसी नहीं है। मैं इसे खरीदने के लिए तैयार हूँ। तब मुझे कोई समस्या नहीं है। हमारी अपनी आवश्यकताएँ (needs) पूरी होंगी (will be fulfilled)। आप क्यों चिंतित हैं ? मैं चिंतित (anxious) हूँ, क्योंकि मुझे इस खराब मौसम (bad weather) में बाहर जाना है। क्या आपको हमेशा जाना पड़ता है ? नहीं, सिर्फ आज जाना है।

was/were + infinitive का प्रयोग

Solved Examples:

1. मैं पढ़ने को था। या, मैं पढ़नेवाला था।	I was to read.

2. तुम सोने को थे। या, तुम सोनेवाले थे।	You were to sleep.
3. राम त्यागपत्र देने को था।	Ram was to resign.
4. मेरे पिता अवकाश प्राप्त करने को थे।	My father was to retire.

ऐसे वाक्यों से यह बोध होता है कि भूतकाल में कोई काम किसी योजना/कार्यक्रम के अनुसार होनेवाला था, परंतु किसी कारणवश न हो सका।

Exercise 85

Translate into English—

मैं पढ़ने को था। वह शादी करने को था। हमलोग परीक्षा देने को थे। राम दिल्ली जाने को था। वे घर बेचने को थे। तुम गाने को थे। वह खेलनेवाला था। मैं एक बाघ मारनेवाला था। गीता रोनेवाली थी। वे हँसनेवाले थे। वह खरीदने को थी। रीता गाने को थी। मैं नहीं जाने को था (**I was not to go**)। वे त्यागपत्र नहीं देने को थे। मैं शादी नहीं करनेवाला था। वे एक मोटरगाड़ी नहीं खरीदने को थे। वे मेरी सहायता नहीं करनेवाले थे। वह नहीं गानेवाला था। मैं नहीं जानेवाला था। मेरे पिता अवकाश प्राप्त नहीं करनेवाले थे। शिक्षक नहीं पढ़ाने को थे। तुम नहीं पढ़नेवाले थे। मेरा दोस्त मदद नहीं करनेवाला था। वे काम नहीं करने को थे।

Vocabulary: शादी करना—to mary, परीक्षा देना—to appear at the examination, बेचना—to sell, खरीदना—tobuy, to purchase, त्यागपत्र देना—to resign, अवकाश प्राप्त करना—to retire.

Interrogative Sentences

प्रश्नवाचक वाक्यों में Was/Were को Subject के पहले रखें।

Solved Examples:

1. क्या राम खाने को था?	Was Ram to eat?
2. क्या मैं पढ़ने को था?	Was I to read?
3. क्या वे पटना जाने को थे?	Were they to go to Patna?
4. क्या मैं परीक्षा नहीं देनेवाला था?	Was I not to appear at the examination?

Exercise 86

Translate into English—

क्या आप पढ़ने को थे? क्या आप शादी करने को थे? क्या रीता गाने को थी? क्या रीता काम करने को थी? क्या वह खेलने को था? क्या आप पटना जानेवाले थे? क्या वह आने को था? क्या शिक्षक पढ़ाने को थे? क्या तुम त्यागपत्र देने को थे? क्या तुम पटना नहीं जाने को थे? क्या तुम परीक्षा नहीं देने को थे?

क्या वे लोग सहायता नहीं करने को थे ? क्या राम और मोहन नहीं पढ़ने को थे ? क्या वे शहर छोड़ने (to leave the town) को थे ? क्या वे भाषण नहीं करने (not to make/to deliver a speech/lecture) को थे ? क्या तुम नहीं जाने को थे ? क्या लता पूजा (to worship) करनेवाली थी ? क्या लता आनेवाली है ? क्या तुम गानेवाले हो ? क्या आप नृत्य नहीं करने को थे ?

प्रश्नवाचक वाक्यों में 'कब', 'क्यों', 'कैसे', 'क्या', 'कहाँ' इत्यादि रहने पर वाक्यों का Structure प्रायः इस प्रकार होता है—

When Why How What Where	was/were	subject	not	to + V^1?

1. तुम क्या करने को थे ? What were you to do?
2. राम क्यों त्यागपत्र देने को था ? Why was Ram to resign?
3. तुम परीक्षा क्यों नहीं देने को थे ? Why were you not to appear at the examination?

Exercise 87

Translate into English—

मैं क्या करनेवाला था ? वे लोग क्यों जानेवाले थे ? सीता कब हँसने को थी ? राम कहाँ जानेवाला था ? वे कैसे तुम्हारी मदद करने को थे ? राम परीक्षा क्यों नहीं देनेवाला था ? आप कहाँ पढ़नेवाले थे ? सीता क्या खरीदने को थी ? वह क्यों शादी करने को था ? तुम्हारे पिता क्या पढ़ाने को थे ? वह अपना घर कब और क्यों बेचने को था ? गीता क्यों नृत्य करने को थी ? वह तुम्हें क्यों मारने को था ? वे लोग क्या करने को थे ? मेरा दोस्त कब पटना जानेवाला था ? सरकार कब मदद करने को थी ? शिक्षक कब पढ़ाने को थे ? हमलोग कब कार खरीदने को थे ? लता कब गानेवाली थी ? वे कब गाने को थे ? आपलोग कब जानेवाले थे ? तुम्हारा भाई यहाँ क्यों नहीं आनेवाला था ? वह क्यों यह काम नहीं करनेवाला था ? राम तुमसे क्यों मिलनेवाला था ? गाड़ी कब खुलनेवाली (to leave/to start/to depart) थी ?

Future Tense में प्रयोग

[Subject + shall be/will be + infinitive.]

Solved Examples:

1. मैं जानेवाला (जाने को) रहूँगा। I shall be to go.
2. वह पढ़ने को रहेगा। He will be to read.
3. मैं नहीं पढ़ने को रहूँगा। I shall not be to read.
4. वे नहीं आने को रहेंगे। They will not be to come.

(not को shall/will और be के बीच में रखें।)

Exercise 88

Translate into English—

तुम जानेवाले रहोगे। वह पढ़ने को रहेगा। आप खानेवाले रहेंगे। हमलोग प्रस्थान करनेवाले रहेंगे। रीता गानेवाली रहेगी। वे लोग परीक्षा देनेवाले रहेंगे। वे मदद करनेवाले रहेंगे। तुम्हारा भाई खेलने को रहेगा। गीता नहीं गानेवाली रहेगी। वे लोग मदद नहीं करने को रहेंगे। वह सड़ी नहीं खरीदने को रहेगी। वह नहीं मरनेवाला रहेगा। मैं नहीं आनेवाला रहूँगा वे लोग गाली नहीं देने (to abuse) को रहेंगे। तुम पटना जाने को रहोगे। वे देल्ली नहीं जानेवाले रहेंगे।

Vocabulary: प्रस्थान करना—to depart/to start/to leave/set off.

Hints: Spoken English के लिए ये Short Forms प्रयोग करें :

Shall not = Shan't; Will not = Won't; I will = I'll; We will = We'll.

Interrogative Sentences

प्रश्नवाचक वाक्यों में shall/will को Subject के पहले रखें।

Solved Examples:

1. क्या राम जाने को रहेगा ?	Will Ram be to go?
2. क्या तुम शादी करनेवाले रहोगे ?	Will you be to marry?
3. क्या वे त्यागपत्र नहीं देने को रहेंगे ?	Will they not be to resign? (*or*, Won't they be to resign?)
4. क्या तुम यह काम नहीं करने को रहोगे ?	Will you not be to do this work?
5. तुम क्या करनेवाले रहोगे ?	What will you be to do?
6. वह क्यों इस शहर को छोड़नेवाल रहेगा ?	Why will he be to leave this town?
7. राम क्यों नहीं विद्यालय जाने को होगा ?	Why will Ram not be to go to school? (*or*, Why won't Ram be to go to school?)

Exercise 89

Translate into English—

क्या वह जानेवाला रहेगा ? क्या सीता आनेवाली रहेगी ? क्या मैं नहीं खाने को रहूँगा ? क्या वे लोग मदद करने को होंगे ? क्या गीता नृत्य नहीं करनेवाली रहेगी ? क्या आप जाने को रहेंगे ? क्या वह नहीं जानेवली होगी ? क्या वह मरनेवाला रहेगा ? क्या मैं नहीं सोने को रहूँगा ? आप कब जानेवाले होंगे ? सीता कहाँ जानेवाली रहेगी ? वह नृत्य क्यों करने को होगी ? वे लोग कैसे मदद करनेवाले रहेंगे ? तुम शादी क्यों नहीं करनेवाले रहोगे ? तुम कब परीक्षा देनेको रहोगे ?

Exercise 90 (Advanced Learner's)

Translate into English—

क्या आप उस लड़की से शादी करनेवाले थे ? हाँ, मैं शादी करनेवाला था। मैं आपको उसके बारे में कहने ही वाला हूँ। आप क्या कहनेवाले हैं ? मैं कहनेवाला हूँ कि वह लड़की एम॰ ए॰ है, जबकि (whereas) आप मात्र बी॰ ए॰ (only a B.A.)। ओह ! यह साधारण बात है। कम-से-कम इस कारण (at least for this reason) यह कहना गलत है (wrong to say) कि वह मेरे लिए मैच (a match for me) नहीं है। यह तो मेरे लिए गर्व की बात है (a matter of pride) कि मैं मात्र बी॰ ए॰ हूँ और मुझे एक एम॰ ए॰ पत्नी के रूप में (an M.A. as my wife) मिलेगी। आप कब पढ़ानेवाले थे ? मैं नौ बजे पढ़ानेवाला था। आप क्यों तैयार हैं ? मैं तैयार हूँ, क्योंकि मैं जानेवाला था। आप कहाँ जानेवाले थे ? मैं बाजार जानेवाला था। क्या कोई आनेवाला है ? नहीं, कोई भी आनेवाला नहीं है। मुझे एक किताब खरीदनी थी। क्या वह आनेवाला नहीं रहेगा ? वह आनेवाला नहीं रहेगा। आप कार क्यों खरीदने को थे ? कार पुरानी थी। मुझे एक पुरानी गाड़ी खरीदनी थी। पिताजी आज आनेवाले थे। क्या वे साड़ियाँ तुम्हारी नहीं हैं ? क्या इस किताब के पन्ने नए नहीं हैं ? क्या तुम्हारे पास तुम्हारी अपनी गाड़ी नहीं है ? क्या तुम एक गाड़ी रखते थे ? तुम क्यों तैयार नहीं थे ? क्या मुझे तैयार होना पड़ेगा ? क्या आपको यह काम नहीं करना पड़ता है ?

Solved Exercise 84

Why are you to go to Patna? I am not to go to Patna. I have to stay there. I have some work there. My friend is to come. I have to wait. I am ready to welcome my friend. Is your friend to stay here? No, he has not so much time. (No, he hasn't so much time.) He has some messages for me. I will have to receive his message. Then it is right. I have nothing to do with it. (I have not to do anything with it. *or,* I haven't to do anything with it.) I am to go to market, because I have to buy some sweets. I have to distribute sweets. I shall have to pay to the shopkeeper. But I have no money this time. What have you to do now? I shall have to bring money. Are you to buy a motor car? Yes, I am to buy. But what have you to do with it? I have to say something. If you really want to buy a motor car then please don't buy. I have an old car. It is (It's) cheap and strong. It will be suitable for you. Since your income is limited, you will have to consider it. Your advice is really good. When are you to sell your car? I am ready to sell and shall be. Is this your own car? Yes, it is mine. How is it yours? How is it not mine? (How isn't it mine?) Are you to prove that this is not mine? No, the fact is not like this. I am ready to buy it. Then, I have not any problem. (Then, I haven't any problem. *or,* Then, I have no problem.) Our needs will be fulfilled. Why are you anxious? I am anxious because I have to go out in this bad weather. Have you always to go? No, I have to go today only.

Solved Exercise 90

Were you to marry that girl? Yes,I was to marry. I am about to say to you about her. What are you to say? I am to say that the girl is an M.A., whereas you are only a B.A. Ah ! This is a simple matter. At least for this reason it is wrong to say that she is not a match for me. It is a matter of pride for me that I am only a B.A and shall have an M.A as my wife. When were you to teach? I was to teach at nine o'clock. Why are you ready? I am ready because I was to go. Where were you to go? I was to go to market. Is someone to come? No, no one is to come. I had to buy a book Will he not be to come? (Won't he be to come?) He won't be to come. Why were you to buy a car? The car was old. I had to buy an old car. Father was to come today. Are those sarees not yours? (Aren't those sarees yours?) Are the pages of this book not new? (Aren't the pages of this book new?) Have you not your own car? (Haven't you your own car?) Had you a car? Why were you not ready? (Why weren't you ready?) Shall I have to be ready? Have you not to do this work? (Haven't you to do this work?)

Note:

1. Spoken English के लिए ये Short Forms प्रयोग करें :

Are not = Aren't; Is not = Isn't; Was not = Wasn't; Were not = Weren't; Shall not = Shan't; Will not = Won't; Have not = Haven't; Has not = Hasn't; Cannot = Can't; Could not =Couldn't; Should not = Shouldn't; I am = I'm; I will = I'll; I have = I've; I had = I'd; We are = We're; We have = We've; We had = We'd; He is/He has = He's; He had = He'd; He will = He'll; She will = She'll; They will = They'll; It will = It'll.

2. Have/Has/Had का Short Form देते समय विशेष ध्यान दें—

(a) I have/had a pen. इसके बदले—I've/I'd a pen. —Wrong

(b) I have/had eaten. इसके बदले—I've/I'd eaten. —Right

स्पष्ट है कि Have/Has/Had यदि Axilary Verb के रूप में हो, तभी हम Subject के साथ Short Form का प्रयोग करेंगे।

3. इस पुस्तक में, अधिकतर Exercises में शब्दों को रेखांकित किया गया है ताकि आप अनुवाद करते समय उस शब्द के पहले 'The' का प्रयोग कर सकें, हो सकता है किसी-किसी Exercise में वांछित शब्द को रेखांकित नहीं भी किया गया हो। यदि उस शब्द के पहले 'The' का प्रयोग आवश्यक है, तो 'The' का प्रयोग अवश्य करें, अन्यथा अनुवाद गलत हो जाएगा।

❑❑❑

10. The Tense

परंपरागत वैयाकरणों (traditional grammarians) के अनुसार Tense तीन प्रकार के होते हैं—

1. Present Tense (वर्त्तमानकाल)
2. Past Tense (भूतकाल)
3. Future Tense (भविष्यत्काल)

पुनः प्रत्येक के चार भेद हैं। Present Tense के चारों भेद इस प्रकार हैं—

(i) Present Indefinite Tense *or,* Simple Present Tense
(ii) Present Imperfect Tense/Present Continuous Tense
or, Present Progressive Tense
(iii) Present Perfect Tense
(iv) Present Perfect Continuous Tense

इसी तरह Past Tense और Future Tense के भी चार-चार भेद हैं। अब इन बारहों भेद की अलग-अलग विस्तारपूर्वक व्याख्या तथा उनके प्रयोग Active Voice में देखें।

Present Indefinite Tense

Present Indefinite Tense की क्रिया से प्रायः यह बोध होता है कि कार्य वर्तमानकाल में सामान्यतया होता है। इस प्रकार Present Indefinite Tense का प्रयोग मुख्यतः कर्ता के स्वभाव (nature) या आदत (habit) को व्यक्त करने के लिए होता है। इसका प्रयोग चिरंतन सत्य (eternal truth), सिद्धांत (principle), स्थायी कार्य (permanent activity) इत्यादि को व्यक्त करने के लिए होता है। इसके अलावा इसका प्रयोग कई अन्य परिस्थितियों, जैसे भविष्य में होनेवाले कार्यक्रम/निर्णय/शर्त का भाव व्यक्त करने में भी होता है।

Note : इस Tense से यह बोध नहीं होता कि अभीष्ट कार्य अभी (बोलते वक्त) हो रहा है या नहीं। ऐसा Present Imperfect Tense द्वारा व्यक्त होता है। Present Indefinite Tense प्रायः यह भाव व्यक्त करता है कि ऐसा होता है (न कि ऐसा हो रहा है)। जैसे—The cat eats meat (बिल्ली मांस खाती है)—इस वाक्य की क्रिया Present Indefinite Tense में है और इससे यह बोध होता है कि बिल्ली का स्वभाव मांस खाने का है, अर्थात् वह मांस खाया करती है। इस वाक्य का अभिप्राय यह नहीं है कि कोई खास बिल्ली अभी मांस खा रही है।

पहचान—हिन्दी वाक्य की जिस क्रिया के अंत में 'ता हूँ/ती हूँ/ते हैं/ती हो/ते हो/ती है/ता है' रहता है, उस क्रिया का अनुवाद प्रायः Present Indefinite Tense में होता है।

अँगरेजी में अनुवाद करने के लिए कर्ता के बाद क्रिया का मूल रूप दें। परन्तु यदि कर्ता Third Person के Singular Number में रहे, तो क्रिया में -s/es जोड़ दें।

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I eat.	We eat.
Second Person	You eat.	You eat
Third Person	He/She/It/Ram eats	They eat.

Solved Examples:

1. मैं खाता हूँ।	I eat.
2. हमलोग पढ़ते हैं।	We read.
3. तुम खेलते हो।	You play.
4. आपलोग पढ़ते हैं।	You read.
5. वह जाता है।	He goes.
6. वह जाती है।	She goes.
7. राम जाता है।	Ram goes.
8. राम और श्याम जाते हैं।	Ram and Shyam go.
9. वे लोग दौड़ते हैं।	They run.
10. बच्चे खेलते हैं।	Children play.
11. गाय चरती है।	The cow grazes.
12. गायें चरती हैं।	Cows graze.
13. मेरा भाई खेलता है।	My brother plays.
14. मेरे भाई लोग खेलते हैं।	My brothers play.

Exercise 91

Translate into English—

मैं खाता हूँ। मैं दौड़ता हूँ। हमलोग खाते हैं। हमलोग जानते हैं। तुम गाते हो। आपलोग हँसते हैं। रीता नाचती है। वह रोता है। वह खाती है। वे लोग पढ़ते हैं। लड़के पढ़ते हैं। वे पढ़ाते हैं। कुत्ता भूँकता है। कुत्ते भूँकते हैं। गाय खाती है। गायें खाती हैं। मैं पढ़ता हूँ। मेरा भाई पढ़ता है। हमलोग खाते हैं। हमलोगों की माँ प्यार करती है। हमलोगों के मित्रगण हँसते हैं। तुम पढ़ाते हो। तुम्हारा दोस्त जानता है। तुम्हारे बच्चे पढ़ते हैं। वह हँसता है। उसका भाई हँसता है। उसके भाई लोग दौड़ते हैं। नीता गाती है। नीता और गीता गाती हैं। सीता की सहेली आती है। वह लड़का पढ़ता है। राम और श्याम पढ़ते हैं। मेरे पिताजी टहलते हैं। मैं हँसता हूँ। मेरे भाई लोग हँसते हैं। लड़कियाँ दौड़ती हैं। तुम्हारा बेटा दौड़ता है।

Vocabulary: खाना—to eat, दौड़ना—to run, जानना—to know, गाना—to sing, हँसना—to laugh, नाचना—to dance, रोना—to weep, पढ़ना—to read, पढ़ाना—to teach, भूँकना—to bark, प्यार करना—to love, टहलना—to walk.

Some More Solved Examples:

[पहले Subject, फिर Verb और तब अन्य पद दें।]

1.	मैं एक पुस्तक पढ़ता हूँ।	I read a book.
2.	मैं स्कूल जाता हूँ।	I go to school.
3.	भारतीय किसान कड़ी मेहनत करते हैं।	Indian farmers work hard.
4.	मेरे पिताजी मुझे प्यार करते हैं।	My father loves me.
5.	सूर्य पूरब में उगता है।	The sun rises in the east.
6.	गाय घास खाती है।	The cow eats grass.
7.	मैं यह काम करता हूँ।	I do this work.
8.	मेरा भाई यह करता है।	My brother does this.
9.	मेरे भाई लोग यह काम करते हैं।	My brothers do this work.

Exercise 92

Translate into English—

गाय दूध देती है। गायें दूध देती हैं। राम पढ़ता है। राम और श्याम पढ़ते हैं। मैं खेलता हूँ। मेरे पिताजी मुझे प्यार करते हैं। हमलोग दौड़ते हैं। हमलोगों का नौकर बाजार जाता है। तुम स्कूल जाते हो। तुमलोगों के शिक्षक अँगरेजी पढ़ाते हैं। तुम्हारा भाई अपना काम करता है। मेरी गाय दूध देती है। मैं दूध पीता हूँ। मैं अपने देश को प्यार करता हूँ। मेरी माँ मुझे प्यार करती है। मैं राम की मदद करता हूँ। मैं अपनी पुस्तक पढ़ता हूँ। राम और श्याम रात में पढ़ते हैं। ये बच्चे अपनी गायों को खिलाते हैं। मैं वर्ग पाँच में पढ़ता हूँ। तुम भारत में रहते हो। वह सड़क पर दौड़ता है। सीता सुबह में जगती है। सूर्य पश्चिम में डूबता है। वह बाघ को मारता है। वह मुझे जानता है। चिड़िया आकाश में उड़ती है। राम सीता को पढ़ाते हैं। वह मुझे पढ़ाती है। राम और सीता पढ़ाते हैं। वे लोग इस बात को जानते हैं। मैं तुम्हें जानता हूँ।

Vocabulary: देना—to give, काम करना—to work, पीना—to drink, मदद करना—to help, रात में—at night, खिलाना—to feed, रहना—to live, सुबह में जगना—to get up in the morning, डूबना—to set, पश्चिम—west, मारना—to kill, जानना—to know, आकाश में—in the sky, उड़ना—to fly, बात—matter, thing, topic, subject.

Negative Sentences

(a) नकारात्मक वाक्य Subject के बाद do not/does not लगाकर बनाया जाता है। इस प्रकार वाक्य की बनावट होती है—

$$S + \text{do not/does not} + V^1.$$

(b) जब Subject, Third Person और Singular Number में रहता है, तब does not का प्रयोग होता है। अन्य Subjects के साथ do not का प्रयोग होता है। Main Verb में -s/es नहीं जुड़ता है।

(c) do not को don't और does not को doesn't भी लिखा और बोला जाता है। ऐसा प्रयोग प्रायः Spoken English में विशेष रूप से होता है।

Solved Examples:

1. मैं नहीं खाता हूँ।	I do not eat./I don't eat.
2. राम नहीं खाता है।	Ram does not eat. *or,* Ram doesn't eat.
3. हमलोग नहीं पढ़ते हैं।	We do not read. *or,* We don't read.
4. तुम स्कूल नहीं जाते हो।	You do not (don't) go to school.
5. गाय मांस नहीं खाती है।	The cow does not eat meat.
6. गायें मांस नहीं खाती हैं।	Cows do not eat meat.
7. राम नहीं पढ़ता है।	Ram does not read.
8. राम और श्याम नहीं पढ़ते हैं।	Ram and Shyam do not read.
9. मेरी गाय दूध नहीं देती है।	My cow does not give milk.
10. मेरी गायें दूध नहीं देती है।	My cows do not give milk.

Exercise 93

Translate into English—

मैं नहीं हँसता हूँ। मैं नहीं गाता हूँ। हमलोग नहीं नाचते हैं। तुमलोग नहीं पढ़ते हो। आप नहीं दौड़ते हैं। वह नहीं गाती है। वह नहीं गाता है। राम नहीं सोता है। मेरा भाई नहीं गाता है। मेरे भाई लोग नहीं गाते हैं। हमलोग तुम्हें प्यार नहीं करते हैं। हमलोगों का नौकर काम नहीं करता है। हमलोगों के नौकर काम नहीं करते हैं। तुम अँगरेजी नहीं जानते हो। तुम्हारे पिताजी तुम्हें प्यार नहीं करते हैं। तुम्हारे दोस्त तुम्हें प्यार नहीं करते हैं। तुम अपने देश को प्यार नहीं करते हो। आपलोग काम नहीं करते हैं। आपकी पत्नी आपकी मदद नहीं करती है। सीता और गीता काम नहीं करती हैं। बच्चे नहीं दौड़ते हैं। बच्चों के पिता ऑफिस में काम नहीं करते हैं। बिल्ली घास नहीं खाती है। बैल दूध नहीं पीता है। वह तुम्हें प्यार नहीं करती है। वह पटना में नहीं रहता है। तुम व्यायाम नहीं करते हो। वह तुम्हें पसन्द नहीं करती है। मैं तुमसे प्यार नहीं करता हूँ। मेरा कुत्ता दिन में नहीं भूँकता है। मैं तुम्हें नहीं जानता हूँ। मैं इस बात को नहीं जानता हूँ। मैं अँगरेजी नहीं जानता हूँ। वह प्यार नहीं करता है। मैं रात में नहीं घूमता हूँ।

Vocabulary: नाचना—to dance, सोना—to sleep, काम करना—to work, देश—country, मदद करना—to help, व्यायाम करना—to take exercise, पसन्द करना—to like, to prefer, भूँकना—to bark, घूमना—to walk, to wander.

Interrogative Sentences

(a) Do/Does + S + V^1?

(b) Do/Does + S + not + V^1? *or,* Don't/Doesn't + S + V^1?

प्रश्नवाचक वाक्य यदि 'क्या' से शुरू हो, तो आप वाक्य का अनुवाद Do/Does से शुरू करें। Do/Does के बाद Subject दें, तब (not) + V^1 + अन्य पद दें।

Solved Examples:

1. क्या मैं खाता हूँ ?	Do I eat?
2. क्या हमलोग पढ़ते हैं ?	Do we read?
3. क्या तुम गाते हो ?	Do you sing?
4. क्या आपलोग हँसते हैं ?	Do you laugh?
5. क्या रीता गाती है ?	Does Reeta sing?
6. क्या रीता और गीता गाती है ?	Do Reeta and Geeta sing?
7. क्या गाय घास खाती है ?	Does the cow eat grass?
8. क्या वे पढ़ते हैं ?	Do they read?
9. क्या बच्चे दौड़ते हैं ?	Do the children run?
10. क्या तुम उसे प्यार करते हो?	Do you love him?
11. क्या ये बच्चे भात खाते हैं ?	Do these children eat rice ?
12. क्या मेरी माँ खाना बनाती है?	Does my mother cook food?
13. क्या आप व्यायाम करते हैं ?	Do you take exercise?
14. क्या आप अँगरेजी नहीं जानते हैं ?	Do you not know English? *or,* Don't you know English?
15. क्या रीता गाना नहीं गाती है?	Does Reeta not sing a song? *or,* Doesn't Reeta sing a song?
16. क्या कुत्ते रात में नहीं भूँकते हैं ?	Do dogs not bark at night?
17. क्या आपके भाई लोग अँगरेजी नहीं जानते हैं ?	Do your brothers not know English?

Exercise 94

Translate into English—

क्या मैं खाता हूँ ? क्या मैं पढ़ता हूँ। क्या हमलोग दौड़ते हैं? क्या तुम गाते हो ? क्या सीता हँसती है ? क्या राम रोता है ? क्या राम और श्याम पढ़ते हैं ? क्या लड़के दौड़ते हैं ? क्या वह गाते है ? क्या वे लोग धूम्रपान करते हैं ? क्या तुम जानते हो ? क्या वह नफरत करती है ? क्या वे लोग व्यायाम करते हैं ? क्या सीता खाना बनाती है ? क्या आप पटना जाते हैं ? क्या तुमलोग स्कूल जाते हो ? क्या आप अँगरेजी जानते हैं ? क्या सूर्य पूरब में उगता है ? क्या तुम रोज स्कूल जाते हो ? क्या ये बच्चे अँगरेजी जानते हैं ? क्या तुम्हारा भाई अँगरेजी जानता है ? क्या तुम्हारा भाई कार चलाता है ? क्या उसका भाई अँगरेजी जानता है ? क्या रीता

की बहनें अँगरेजी जानती हैं ? क्या आपके भाई लोग दिल्ली में रहते हैं ? क्या आपलोग विज्ञान (science) नहीं जानते हैं ? क्या मैं तुमसे प्यार नहीं करता हूँ ? क्या वह श्याम की मदद नहीं करता है ? क्या तुम प्रतिदिन नहीं टहलते हो ? क्या नीता गाना नहीं गाती है ? क्या गाय घास नहीं खाती है ? क्या ये बच्चे सड़क पर नहीं दौड़ते हैं ? क्या रामू बाजार नहीं जाता है ? क्या तुम भात नहीं खाते हो ? क्या तुम रेखा को नहीं जानते हो ? क्या भारतीय किसान परिश्रम नहीं करते हैं ? क्या तुम रात में नहीं पढ़ते हो ? क्या लता अँगरेजी नहीं जानती है ?

Vocabulary: धूम्रपान करना—to smoke, नफरत करना—to hate/loathe, व्यायाम करना—to take exercise, उगना—to rise, रोज—everyday, कार चलाना—to drive a car, भात—rice, परिश्रम करना—to labour/work hard.

प्रश्नवाचक वाक्यों में what (क्या), where (कहाँ), when (कब), how (कैसे), why (क्यों), whom (किसको) इत्यादि का प्रयोग—

यदि प्रश्नात्मक वाक्यों में कब, क्यों, कहाँ, कैसे इत्यादि रहे, तो अनुवाद के लिए सबसे पहले इनकी अँगरेजी दें। उसके तुरंत बाद कर्ता के वचन के अनुसार do/does दें, फिर Subject दें और तब Verb (बिना s/es) का मूल रूप । अगर 'not' का प्रयोग करना हो, तो don't/doesn't दें या Subject के बाद not दें। इस प्रकार Sentence का Structure ऐसा हो जाता है—

What When Where Why How Whom	do/does	Subject	(not)	verb?

Solved Examples:

1. आप कहाँ रहते हैं ?	Where do you live?
2. वे लोग कहाँ पढ़ते हैं ?	Where do they read?
3. सीता क्या खाती है ?	What does Sita eat?
4. मैं क्या चाहता हूँ ?	What do I want ?
5. आपका भाई कैसे पढ़ता है ?	How does your brother read?
6. वे लोग कब काम करते हैं ?	When do they work?
7. तुम किन्हें पसन्द करते हो ?	Whom do you like?
8. तुम क्यों नहीं पढ़ते हो ?	Why do you not read?
9. सीता गाना क्यों नहीं गाती है ?	Why does Sita not sing a song? *or,* Why doesn't Sita sing a song?
10. बच्चे क्यों नहीं आते हैं ?	Why do the children not come? *or,* Why don't the children come?

Note: जब 'क्या' Subject के पहले रहता है, तब do/does का प्रयोग होता है, 'what' का नहीं, परन्तु जब 'क्या' Subject के बाद रहता है, तब what और do/does दोनों का प्रयोग होता है।

Exercise 95

Translate into English—

क्या राम पढ़ता है ? राम क्या पढ़ता है ? क्या तुम खाते हो ? तुम क्या खाते हो ? तुम क्या चाहते हो ? आप क्या करते हैं ? राम कहाँ रहता है ? वे कब पढ़ते हैं ? सीता क्या गाती है ? तुमलोग कब सोते हो ? वे लोग कैसे रहते हैं ? तुम झूठ क्यों बोलते हो ? तुम किन्हें पसन्द करते हो ? शिक्षक क्यों पढ़ाते हैं ? लड़के क्यों हो-हल्ला करते हैं ? राम क्यों टहलता है ? आपकी गाय कब दूध देती है ? राम स्कूल क्यों जाता है ? वह कब पुस्तक पढ़ती है ? तुम इस शहर में क्यों रहते हो ? आप वहाँ (there) क्यों जाते है ? तुम क्यों नहीं पढ़ते हो ? वह क्यों नहीं हँसती है ? वह क्यों नहीं रोती है ? वह क्यों नहीं सोता है ? मैं कैसे नहीं पढ़ता हूँ ? भगवान् कहाँ नहीं रहते हैं ? सीता कैसे नहीं रोती है ? आपकी गायें दूध क्यों नहीं देती हैं ? तुम दिल्ली में क्यों नहीं रहते हो ? वह ऐसा (so) क्यों नहीं करता है ? आप सुबह में क्यों नहीं जगते हैं ? आप क्या नहीं करते हैं ? मैं सब कुछ क्यों नहीं जानता हूँ ? आपका बेटा प्रतिदिन स्कूल क्यों नहीं जाता है ? क्या बच्चे मैदान में नहीं खेलते हैं ? क्या तुम्हारे भाई लोग यह काम करते हैं ? क्या मेरी गायें दूध नहीं देती हैं ? तुम्हारी गाय क्या देती है ? क्या तुम नहीं जानते हो ? मैं यह क्यों करता हूँ ? तुमलोग किसी को कैसे नहीं जानते हो ? क्या वे लोग झूठ नहीं बोलते हैं ? तुम कैसे सच बोलते हो ?

Vocabulary: चाहना—to want, to wish, to desire, करना—to do, झूठ बोलना—to tell a lie, किन्हें—whom, पसन्द करना—to like, to prefer, हो-हल्ला करना—to make a noise, to make a din, भगवान्—God, सुबह में जगना—to get up in the morning, सब कुछ—everything, all, मैदान—playground, playing field, field, किसी को—anybody, anyone, सच बोलना—to speak the truth.

Verb के पहले to लगाकर infinitive बनाया जाता है, जैसे—to go, to eat, to laugh, etc. अब हम ऐसे वाक्यों पर विचार करेंगे जिनमें दो क्रियाएँ रहती हैं, जैसे—मोहन पढ़ना चाहता है। यहाँ इस वाक्य में 'पढ़ना' और 'चाहता है' दो क्रियाएँ हैं। यह स्पष्ट है कि इस वाक्य की मुख्य क्रिया का अनुवाद Present Indefinite Tense में होगा और दूसरी क्रिया 'पढ़ना' का अनुवाद infinitive के रूप में अर्थात् 'to read' होगा। नीचे दिए गए वाक्यों के अनुवाद को देखें एवं समझें—

1. मोहन पढ़ना चाहता है।	Mohan wants to read.
2. मैं बाजार जाना चाहता हूँ।	I want to go to market.
3. वह मैच जीतना चाहती है।	She wants to win the match.
4. मैं ज्ञान पाने के लिए कॉलेज जाता हूँ।	I go to college to acquire knowledge.
5. मैं अनुवाद सीखने के लिए इस पुस्तक को पढ़ता हूँ।	I read this book to learn translation.

6. वह तैरना पसन्द करता है। He likes to swim.
7. वह टेनिस खेलना पसन्द करता है। He likes to play tennis.
8. मैं झूठ बोलना पसन्द नहीं करता। I do not like to tell a lie.
9. वह धनी होना चाहता है। He wants to be rich.
10. वह एक अच्छा आदमी बनना चाहता है। He wants to be a good man.
11. क्या वह जीतने की कोशिश करती है? Does she try to win?
12. क्या वह काम नहीं करना चाहता है? Does he not want to work?
13. वह स्कूल क्यों नहीं जाना चाहता है? Why does he not want to go to school? *or,* Why doesn't he want to go to school?

Exercise 96

Translate into English—

मैं जाना चाहता हूँ। तुम खेलना चाहते हो। गीता गाना चाहती है। मैं कहानियाँ (stories, tales) पढ़ना पसन्द करता हूँ। तुम गेंद खेलना चाहते हो। वह जीतना चाहती है। तुम काम करना चाहते हो। मैं दूध पीना पसन्द करता हूँ। वे लोग सोना चाहते हैं। अच्छे विद्यार्थी शिक्षक को आदर देने की कोशिश करते हैं। मैं पुस्तक खरीदने बाजार जाता हूँ। वह तंग करने आती है। वह नहीं पढ़ना चाहता है। तुम मछली पकड़ना पसन्द नहीं करते हो। वह परीक्षा पास करने की कोशिश नहीं करती है। क्या तुम हँसना चाहते हो? क्या तुम खाना चाहते हो? क्या वह सोना चाहती है? क्या राम मैच (match) जीतना चाहता है? क्या वे लोग मुझे पीटना चाहते हैं? क्या वह तुम्हारी मदद नहीं करना चाहता है? तुम क्या करना चाहते हो? सीता कब आना चाहती है? तुम वहाँ क्यों नहीं जाना चाहते हो? राम क्या पढ़ना चाहता है? तुम अपने दोस्त के प्यार (the love of your friend) को जीतने की कोशिश क्यों नहीं करते? तुम्हारे बच्चे स्कूल क्यों नहीं जाना चाहते? तुम ऐसा (so) करना क्यों चाहते हो? वह कैसे तुम्हारी मदद करना चाहता है? राम और श्याम कहाँ ठहरना चाहते हैं?

Vocabulary: चाहना—to want, पसन्द करना—to like, to prefer, जीतना—to win, आदर देना—to respect, कोशिश करना—to try, to attempt, खरीदना—to buy, to purchase, तंग करना—to vex, पकड़ना—to catch, परीक्षा पास करना—to pass the examination, पीटना—to beat, ठहरना—to stay.

अब कुछ ऐसे वाक्यों पर विचार करें जहाँ सीधे infinitive का प्रयोग नहीं होता, हालाँकि वाक्य की बनावट से लगता है कि वहाँ infinitive का प्रयोग होना चाहिए। जैसे—"वह तैरना जानता है" का अनुवाद यदि "He knows to swim" बना देंगे तो यह गलत होगा। ऐसे वाक्यों में धातु + ना (तैरना) से कार्य करने की रीति/विधि का बोध होता है, अर्थात् यह बोध होता है कि अभीष्ट कार्य कैसे

किया जाता है। ऐसे वाक्यों में 'धातु + ना' का अनुवाद how + infinitive द्वारा होता है। जैसे—

1. वह चाय बनाना जानती है।	She knows how to prepare tea.
2. उसे अँगरेजी बोलना नहीं आता है।	He does not know how to speak English.
3. वह नाचना जानती है।	She knows how to dance.
4. लता अच्छी तरह गाना गाना जानती है।	Lata knows how to sing a song well.
5. वह चाय बनाना सीखना चाहती है।	She wants to learn how to prepare tea.
6. वह साइकिल चलाना सीखता है।	He learns how to ride a bicycle.
7. क्या तुम चाय बनाना जानती हो ?	Do you know how to prepare tea?
8. तुमलोग तैरना नहीं जानते हो।	You do not know how to swim.
9. वह चाय बनाना क्यों नहीं जानती है ?	Why does she not know how to prepare tea?
10. क्या तुम यह काम करना जानते हो ?	Do you know how to do this work?

Exercise 97

Translate into English—

वह तैरना जानता है। मैं चाय बनाना जानता हूँ। रीता कार चलाना जानती है। वह नाचना नहीं जानता है। वह अँगरेजी बोलना सीखता है। रीता खाना बनाना नहीं जानती है। राज अँगरेजी बोलना नहीं जानता है। क्या आप तैरना जानते हैं ? क्या तुम कार चलाना जानते हो ? क्या वे लोग अँगरेजी लिखना जानते हैं ? क्या हमलोग क्रिकेट खेलना नहीं जानते हैं ? क्या आपकी पत्नी को पत्र लिखना नहीं आता है ? वे गणित पढ़ाना क्यों नहीं जानते हैं ? सीता भोजन बनाना क्यों नहीं जानती है ? क्या आप घोड़े की सवारी करना जानते हैं ? क्या आप इस काम को करना नहीं जानते हैं ? क्या रीता नाचना नहीं जानती है ? वह इस काम को करना जानता है। क्या तुम बच्चों को पढ़ाना जानती हो ? क्या तुम सफल होना (to be successful) जानते हो ? क्या आप रेडियो बंद करना जानते हैं ? क्या आप इस गाड़ी को चालू करना (start) नहीं जानते ?

Vocabulary: तैरना—to swim, चाय बनाना—to prepare tea, कार चलाना—to drive a car, अँगरेजी बोलना—to speak English, भोजन बनाना—to cook food, घोड़े की सवारी करना—to ride on a horse, रेडियो बंद करना—to switch off the radio.

अब हिन्दी के कुछ ऐसे वाक्यों पर विचार करें जिनके अंत में 'गा', 'गे', 'गी' इत्यादि रहते हैं, अर्थात् क्रियाएँ सामान्य भविष्यत् में रहती हैं। जैसे—

1. मुख्यमंत्री कल यहाँ आएँगे।
2. मैं अगले वर्ष शादी करूँगा।
3. हमलोग अगले सोमवार को 10 बजे पटना छोड़ेंगे।
4. टेस्ट मैच कल आरम्भ होगा।

उपर्युक्त वाक्यों से यह बोध होता है कि कोई कार्य भविष्य में पूर्वनिर्धारित योजना के अनुसार होनेवाला है। हिन्दी के ऐसे सामान्य भविष्यत्काल की क्रिया का अनुवाद Present Indefinite Tense के द्वारा होता है। अगर इनका अनुवाद Simple Future Tense की क्रिया से किया जाए तो इससे भविष्य में कार्य होने की आशा का बोध होगा और इससे मात्र future time का बोध होगा, भविष्य में पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य होने का नहीं । जैसे—

1. We shall buy a car next year.	(भविष्य में कार्य होने की आशा)
2. We buy a car next year.	(भविष्य में कार्य होने का निर्णय/की योजना)

Solved Examples:

1. मुख्यमंत्री कल यहाँ आएँगे।	The Chief Minister comes here tomorrow.
2. टेस्ट मैच कल आरम्भ होगा।	The test match starts tomorrow.
3. प्रधानमंत्री कल यहाँ नहीं आएँगे।	The Prime Minister does not come here tomorrow.
4. क्या कल मतदान आरम्भ होगा ?	Does the poll start tomorrow?
5. राष्ट्रपति यहाँ कब पहुँचेंगे ?	When does the President reach here?

[**Note:** ऐसे वाक्यों में Adverb of Time का रहना आवश्यक होता है, जैसे—अगले वर्ष, कल, सोमवार को, 10 बजे इत्यादि]

Exercise 98

Translate into English (Present Indefinite Tense का प्रयोग करें।)—

गाड़ी दस बजे खुलेगी। प्रधानमंत्री कल यहाँ आएँगे। वे लोग अगले वर्ष शादी करेंगे। टेस्ट मैच कल शुरू होगा। रीता कल एक गाड़ी खरीदेगी। वह दिल्ली के लिए कल रवाना होगा। मेरे पिताजी कल आएँगे। शिक्षामंत्री कल नहीं आएँगे। क्या मतदान कल शुरू होगा ? क्या प्रधानमंत्री कल आएँगे ? टेस्ट मैच कब शुरू होगा ? परीक्षा कब शुरू होगी ? वह कब कार खरीदेगा ? मुख्यमंत्री कब लौटेंगे ? आप दिल्ली के लिए कब प्रस्थान करेंगे ? परीक्षा सोमवार को शुरू होगी।

Vocabulary: गाड़ी—train, खुलना—to start, शादी करना—to marry, टेस्ट मैच—test match, रवाना होना—to start, मतदान—poll, परीक्षा—examination.

Exercise 99 (Miscellaneous)

A. *Translate into English—*

रीता अँगरेजी जानती है। राम और श्याम स्कूल नहीं जाते हैं। तुम क्यों पढ़ते हो ? सीता क्या चाहती है ? बच्चे नहीं सोते हैं। आपलोग काम करते है। गायें दूध देती हैं। तुम क्यों नहीं हँसते हो ? राम कहाँ रहता है ? सीता कब पढ़ती है ? तुम पटना क्यों जाना चाहते हो ? सीता क्या खाना चाहती है ? क्या लता गाती है ? लता क्या गाती है ? लता क्यों नहीं गाना चाहती है ? आप काम करना क्यों नहीं चाहते ? तुमलोग अपनी पुस्तकें पढ़ते हो। तुम्हारे भाई लोग अपना काम करते हैं। राज की बहनें गाना गाना चाहती हैं। वे क्या नहीं करना चाहती हैं ? क्या तुम इसे करने की कोशिश करते हो ? क्या वह तैरना नहीं जानता है ? क्या कॉलेज की लड़कियाँ खाना बनाना नहीं जानती हैं ? क्या तुम अँगरेजी बोलना जानते हो ? श्याम आपकी मदद क्यों नहीं करना चाहता ? आप कैसे परीक्षा की तैयारी करते हैं ? गरीब लोग कैसे रहते हैं ? प्रधानमंत्री कल यहाँ आएँगे। तुम क्या पढ़ते हो ? क्या तुम पढ़ते हो ? क्या तुम पत्र पढ़ना जानते हो ? मैं पत्र पढ़ना जानता हूँ, लेकिन लिखना नहीं जानता।

Vocabulary: परीक्षा की तैयारी करना—**to prepare for the examination,** गरीब लोग—**the poor.**

B. *Correct the following sentences—*

1. Ram and Shyam goes to school.
2. Why you reads English ?
3. Where do she lives ?
4. Why do not you do this ?
5. She knows to swim.
6. She does not lives in India.
7. She wants reads English.

Exercise 100 (Advanced Learner's)

Translate into English—

मैं जानता हूँ कि आप ईमानदार हैं। सभी लोग कहते हैं कि (that) ईमानदारी सबसे अच्छी नीति (the best policy) है। क्या आप जानते हैं कि वह शादी करने के लिए तैयार है ? आप ऐसा कहना क्यों चाहते हैं कि आपको मेरी जरूरत नहीं (don't need me) है ? क्या यह सही है कि आप मेरी मदद नहीं करना चाहते ? क्या आप जानते हैं कि आपकी गाय दूध नहीं देती ? मुझे आज बाजार जाना था, परन्तु मैं नहीं जाना चाहता। मुझे आपकी मदद की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेरे पास कोई समस्या नहीं (no problem) है। मेरी पत्नी चाय बनाना नहीं जानती है, क्योंकि वह चाय नहीं पीती। आप मेरी मदद लेना क्यों चाहते हैं ? चूँकि आप दयालु और धनी हैं, मैं आपकी मदद चाहता हूँ। लोग कैसे अपने आदमियों को ठगते (cheat) हैं ? हमें अपने बुरे विचारों पर नियंत्रण (control over our evil thoughts) नहीं है। हमारे पास लालच (greed) है और यह बुरे कर्मों के लिए दबाव डालती

(to force, to press) है। आप कुछ करना चाहते हैं, परन्तु करते नहीं, क्योंकि आप सक्रिय (active) नहीं हैं। क्या तुम यह बुरा काम धन के लिए करते हो ? क्या आप जानते हैं कि वह एक डॉक्टर बनेगा ? मैं जानता हूँ, परन्तु मुझे शक (doubt, suspicion) है। वह गरीब है, इसलिए उसे कठिनाइयों का सामना (to face difficulties) करना पड़ता है। क्या आप नहीं जानते कि मुझे यह काम पैसों के लिए (for money) करना पड़ता है ? क्या आप अपनी आँखें बंद कर लेते हैं (turn a blind eye) जब (when) आप समाज की बुराइयों का नग्न दृश्य (the naked scene of the evils of society) देखते हैं ? क्या आप नहीं जानते कि आपका लड़का समय पर (in time) स्कूल नहीं जाता है ?

Exercise 101 (Advanced Learner's)

Translate into English—

तुम मेरे लिए (for me) क्या करते हो ? मैं तुम्हारे लिए बहुत सारी चीजें (a lot of things) करता हूँ। क्या आपका भाई आपकी मदद करना नहीं चाहता ? वह चाहता है, परन्तु उसे समय का अभाव (a lack of time) है। अतः (so) वह मदद नहीं करता। अगर आप मेहनत करते हैं, तो आप महान् व्यक्ति बनेंगे। मेरा कुत्ता पागल है; वह रात में नहीं भूँकता, परन्तु दिन में भूँकता है। तब तुम इसे क्यों रखते हो ? क्यों नहीं तुम इसे बाहर निकाल देते हो ? मुझे उसके प्रति सहानुभूति (sympathy) है, इसलिए मैं ऐसा नहीं करता हूँ। मैं इसके लिए एक डॉक्टर से सलाह (to consult) लेनेवाला हूँ। मैंने तुम्हारे लिए एक घड़ी रखी थी, परन्तु मैं समझता हूँ कि तुम्हें इसकी जरूरत नहीं (don't need it)। क्या तुम किसी से नहीं झगड़ते (quarrel) हो ? क्या आप सोचते हैं कि मैं ऐसा करता हूँ ? मेरा स्वभाव (nature) ऐसा नहीं है। मैं सबको प्यार करता हूँ। मुझे सबके प्रति प्यार और सहानुभूति है। मैं महसूस करता हूँ (feel) जो आप महसूस करते हैं (what you feel)।

Present Imperfect Tense/Present Progressive Tense/ Present Continuous Tense

हिन्दी वाक्य की जिस क्रिया के अंत में 'रहा हूँ/रहे हो/ रहे हैं/रहा है' रहता है, उस क्रिया का अनुवाद प्रायः Present Imperfect Tense में होता है। जैसे—

(मैं) खा रहा हूँ।	(I) am eating.
(राम) जा रहा है।	(Ram) is going.

परन्तु आपको एक बात ध्यान में रखनी है कि अगर हिन्दी वाक्य के अंत में 'रहा हूँ/रही हो/रहे हो/रहा है' रहे और क्रिया के पहले भूतकालिक समयसूचक शब्द (जैसे—दो दिनों से, सुबह से, 9 बजे से इत्यादि) रहे, तो उस क्रिया का अनुवाद Present Perfect Continuous Tense के उपयुक्त Verb द्वारा होगा, न कि Present Continuous Tense के Verb द्वारा। जैसे—

(a) मैं दो घंटों से खा रहा हूँ। I have been eating for two hours.—Present Perfect Continuous Tense की क्रिया। (क्योंकि क्रिया के पहले 'दो घंटों' भूतकालिक समयसूचक शब्द का प्रयोग है।)

(b) मैं खा रहा हूँ। I am eating.—Present Continuous Tense की क्रिया।

Present Continuous Tense का प्रयोग मुख्यतः निम्नलिखित अवस्थाओं में होता है—

1. तात्कालिक वर्तमान (immediate present, now) का बोध कराने के लिए, अर्थात् क्रिया वर्तमान समय में बोलते या लिखते वक्त सम्पन्न हो रही है। जैसे—मैं पढ़ रहा हूँ (I am reading) । यहाँ पढ़ने का काम बोलते वक्त चालू है ।

2. इस क्रिया का प्रयोग उस काम के होने या चालू रहने का भी बोध कराने में होता है जो अभी तत्काल नहीं हो रहा है (इसी क्षण यानी बोलते वक्त), परन्तु अभीष्ट समय के आस-पास या 'इन दिनों' हो रहा है (for an action happening about this time but not necessarily at the moment of speaking)। जैसे—वह आजकल गणित पढ़ रहा है (He is reading mathematics these days.)—बोलते वक्त नहीं, परन्तु आजकल—about this time.

3. इस Tense का प्रयोग भविष्य में होनेवाले कार्यक्रम/योजना का बोध कराने के लिए भी होता है और इससे Future time का बोध होता है। जैसे—वह कल दिल्ली जा रहा है । (He is going to Delhi tomorrow.), परन्तु भविष्य में होनेवाले कार्यक्रम/योजना का बोध कराने के लिए भविष्यत्कालिक समयसूचक शब्द (जैसे—कल, सोमवार को, अगले साल इत्यादि) का रहना आवश्यक है।

4. इस Tense का प्रयोग कार्य करने के इरादे (intention) या संभावना (likelihood) का भी बोध कराने के लिए होता है और इससे future time का बोध होता है । जैसे—

(a) मैं मरने जा रहा हूँ।	I am going to die.
(b) मैं एक कार खरीदने जा रहा हूँ।	I am going to buy a car.

इस भाव के लिए भविष्यत्कालिक समयसूचक शब्द देना आवश्यक नहीं है ।

Structure: Present Imperfect Tense की क्रिया वाले वाक्य की बनावट होती है—

Subject + am/is/are + V-ing.

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I am going.	We are going.
Second Person	You are going.	You are going.
Third Person	He She It Ram] is going.	They The boys] are going.

Solved Examples:

1. मैं जा रहा हूँ।	I am going.

2. हमलोग पढ़ रहे हैं।	We are reading.
3. तुम स्कूल जा रहे हो।	You are going to school.
4. नीता भोजन बना रही है।	Neeta is cooking food.
5. लड़के शोरगुल कर रहे है।	The boys are making noises.
6. वे लोग हँस रहे हैं।	They are laughing.
7. तुम्हारे बच्चे सो रहे हैं।	Your children are sleeping.
8. मेरा भाई गाना गा रहा है।	My brother is singing a song.
9. वे लोग कुछ करने जा रहे हैं।	They are going to do something.
10. वह आजकल संगीत सीख रहा है।	He is learning music these days.
11. वह कल आ रही है।	She is coming tomorrow.
12. वह अगले सप्ताह दिल्ली जा रहा है।	He is going to Delhi next week.
13. मैं एक गाड़ी खरीदने जा रहा हूँ।	I am going to buy a car.
14. मैं कल एक गाड़ी खरीद रहा हूँ।	I am buying a car tomorrow.
15. प्रधानमंत्री कल लौट रहे हैं।	The Prime Minister is returning tomorrow.

Exercise 102

Translate into English—

मैं पढ़ रहा हूँ। तुम गा रहे हो। सीता हँस रही है। वे लोग पटना जा रहे हैं। मैं स्नान कर रहा हूँ। वह टहल रही है। हवा बह रही है। श्याम लिख रहा है। हमलोग बात कर रहे हैं। सीता प्रतीक्षा कर रही है। वह काम कर रहा है। लड़के हो-हल्ला कर रहे हैं। हमलोग खेल रहे हैं। सुरेश प्रार्थना कर रहा है। वे लोग झगड़ रहे हैं। वह सो रहा है। आपलोग रो रहे हैं। वह चिल्ला रहा है। मेरा भाई पटना जा रहा है। तुम्हारे बच्चे सड़क पर दौड़ रहे हैं। वह आजकल फ्रेंच सीख रही है। मि॰ सिन्हा अँगरेजी पढ़ा रहे हैं। सीता कल आ रही है। मैं अगले वर्ष लंदन जा रहा हूँ। वे लोग सोमवार को मैच खेलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री कल आ रहे हैं। गीता कल साड़ी खरीद रही है। मैं सोमवार को प्रस्थान कर रहा हूँ। मैं अगले सोमवार को पिकनिक पर जा रहा हूँ। वह मरने जा रहा है। मैं तुम्हारी मदद करने जा रहा हूँ। वह शादी करने जा रहा है। रीता अगले वर्ष शादी कर रही है। कुत्ते भूँक रहे हैं। राम और श्याम झगड़ रहे हैं। मेरा देश उन्नति कर रहा है। मैं अपना काम कर रहा हूँ।

Vocabulary: स्नान करना—to bathe (बेद), हवा—wind, बहना—to blow, बात करना—to talk, प्रतीक्षा करना—to wait, हो-हल्ला करना—to make a noise, प्रार्थना करना—to pray, झगड़ना—to quarrel, चिल्लाना—to cry, to shout, फ्रेंच—French, सीखना—to learn, अगले वर्ष—next year, पिकनिक पर जाना—to go on a picnic, मरना—to die, भूँकना—to bark, उन्नति करना—to progress.

Negative Sentences

am/is/are के बाद 'not' लगाएँ।

are + not के बदले aren't और is + not के बदले isn't भी दे सकते हैं।

Solved Examples:

1. मैं नहीं हँस रहा हूँ।	I am not laughing.
2. मैं हो-हल्ला नहीं कर रह हूँ।	I am not making a noise.
3. हमलोग घर नहीं जा रहे हैं।	We are not/aren't going home.
4. तुम नहीं पढ़ रहे हो।	You are not reading.
5. सीता नहीं टहल रही है।	Sita is not/isn't walking.
6. बच्चे नहीं खेल रहे हैं।	The children are not playing.
7. कुत्ता नहीं भूँक रहा है।	The dog is not barking.
8. मैं कल वहाँ नहीं जा रह हूँ।	I am not going there tomorrow.
9. रीता अगले वर्ष गाड़ी नहीं खरीदने जा रही है।	Reeta is not going to buy a car next year.
10. वह सोमवार को नहीं आ रही है।	She is not coming on Monday.
11. वे लोग कुछ नहीं करने जा रहे हैं।	They are going to do nothing.

Exercise 103

Translate into English—

मैं नहीं दौड़ रहा हूँ। श्याम नहीं पढ़ रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। हवा नहीं बह रही है। हमलोग बाजर नहीं जा रहे हैं। लड़के हो-हल्ला नहीं कर रहे हैं। आप मेरी मदद नहीं कर रहे हैं। सरकार गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रही है। सूर्य आकाश में नहीं चमक रहा है। मेरा दोस्त कल दिल्ली नहीं जा रहा है। तुम कुछ नहीं कर रहे हो। मैं उसे बरबाद नहीं कर रहा हूँ। मैं तुमसे नहीं झगड़ रहा हूँ। माँ रसोई नहीं बना रही है। मेरे दाँत दर्द नहीं कर रहे हैं। वह मेरे पास नहीं आ रही है। सीता पुस्तक नहीं खरीद रही है। वह चावल नहीं बेच रहा है। मेरे शिक्षक मुझे नहीं पढ़ा रहे हैं। वह चाय नहीं पी रही है। तुम कल एक गाड़ी नहीं खरीद रहे हो। गीता नहीं मरने जा रही है। वह अपने पिता के पास नहीं जा रही है। वह इस साल परीक्षा नहीं देने जा रहा है। सोहन और मोहन चाय नहीं पीने जा रहे हैं। वे लोग तुम्हारी मदद नहीं करने जा रहे हैं। मैं उससे शादी नहीं करने जा रहा हूँ। मैं इ अपने सिर पर नहीं रखने जा रहा हूँ। वर्षा नहीं हो रही है। वर्षा नहीं होने जा रही है।

Vocabulary: कुछ नहीं—nothing, चमकना—to shine/sparkle, बरबाद करना—to spoil, to destroy, रसई बनाना—to cook, दर्द करना—to ache, बेचना—to sell, चाय पीना—to take tea, मरना—to die, सिर पर—on the head, रखना—to put, वर्षा होना—to rain.

Interrogative Sentences

Interrogative Sentence का Strucuture :

(a) Am/Is/Are + S + V-ing?

(b) Am/Is/Are + S + not + V-ing? *or,* Aren't/Isn't + S + V-ing?

Solved Examples:

1. क्या मैं खा रहा हूँ ?	Am I eating?
2. क्या मैं नहीं खा रहा हूँ ?	Am I not eating? *or,* Aren't I eating?
3. क्या राम पढ़ रहा है ?	Is Ram reading?
4. क्या राम नहीं पढ़ रहा है ?	Is Ram not reading?
5. क्या बच्चे नहीं दौड़ रहे हैं ?	Are the children not running?
6. क्या आपकी पत्नी कल एक साड़ी खरीद रही है ?	Is your wife buying a saree tomorrow?
7. क्या तुम नहीं सोने जा रहे हो ?	Are you not going to sleep?
8. क्या तुम कल प्राचार्य से मिल रहे हो ?	Are you meeting the principal tomorrow?
9. क्या तुम इस साल परीक्षा दे रहे हो ?	Are you appearing at the examination this year?

[**Note:** Am I not = Aren't' I सही है, Amn't I नहीं होता ।]

Exercise 104

Translate into English—

क्या मैं रो रहा हूँ ? क्या सीता पत्र लिख रही है ? क्या आप पढ़ रहे हैं ? क्या हमलोग स्कूल जा रहे हैं ? क्या तुम काम कर रहे हो ? क्या वह तुम्हारी मदद कर रही है ? क्या बच्चे तैर रहे हैं ? क्या तुम हो-हल्ला कर रहे हो ? क्या तुम तैरना सीख रहे हो ? क्या वह एक पुस्तक खरीदने जा रहा है ? क्या तुम एक कार खरीद रहे हो ? क्या वह कल आ रही है ? क्या मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ ? क्या मैं नहीं खा रहा हूँ ? क्या वह नहीं सो रहा है ? क्या राम नहीं हँस रहा है ? क्या सीता पत्र नहीं लिख रही है ? क्या बच्चे शोरगुल नहीं कर रहे हैं ? क्या आप अगले वर्ष नई गाड़ी नहीं खरीद रहे हैं ? क्या वह पटना में नहीं ठहर रहा है ? क्या सरकार गरीबों की मदद नहीं कर रही है ? क्या तुम्हारा बेटा स्कूल नहीं जा रहा है ? क्या वह नहीं मरने जा रही है ? क्या तुम्हारा दोस्त शादी नहीं करने जा रहा है ? क्या वह अपना पाठ (lesson) याद नहीं कर रहा है ? क्या प्रधानमंत्री कल नहीं आ रहे हैं ? क्या आप कुछ नहीं कर रहे हैं ? क्या तुम्हारा भाई तुम्हारी मदद नहीं कर रहा है ? क्या वे लोग कानाफूसी नहीं कर रहे हैं ? क्या वह लुक-छिपकर नहीं देख रही है ? क्या तुम नहीं सिसक रही हो ?

Vocabulary: याद करना—to remember, to memorize, to learn, कानाफूसी करना—to whishper, लुक-छिपकर देखना—to peep, सिसकना—to sob.

What, When, Why, Where, How इत्यादि का प्रश्नवाचक वाक्यों में प्रयोग—

What When Why Where How	am/is/are	subject	(not)	V-ing?

Note : 'not' को Subject के बाद नहीं देकर Subject के पहले isn't/aren't के रूप में भी दे सकते हैं। याद रहे कि 'I' के साथ भी aren't ही लगेगा।

Solved Examples:

1. तुम क्या कर रहे हो ? (क्या तुम कर रहे हो?)	What are you doing? (Are you doing?)
2. राम कहाँ जा रहा है ?	Where is Ram going?
3. सीता कब आ रही है ?	When is Sita coming?
4. तुम इसे कैसे कर रहे हे ?	How are you doing this?
5. वे लोग पटना क्यों नहीं जा रहे हैं ?	Why are they not going to Patna?
6. वे लोग तुम्हारी मदद कों नहीं कर रहे हैं ?	Why are they not helping you? *or,* Why aren't they...?
7. तुम कब नई गाड़ी खरीदने जा रहे हो ?	When are you going to buy a new car ?
8. वह कैसे अगले हफ्ते अ रही है ?	How is she coming next week ?
9. तुम क्या सीखने की कोशिश कर रहे हो ?	What are you trying to learn?
10. तुम्हारा दोस्त तुम्हें अपनी गाड़ी क्यों नहीं दे रहा है ?	Why is your friend not giving you his car ?

Exercise 105

Translate into English—

वह कब आ रही है ? तुम कहाँ जा रहे हो ? आपलोग क्यों दौड़ रहे हैं ? सीता क्यों रो रही है ? मेरा भाई क्यो रो रहा है ? तुम्हारी बहन क्या कर रही है ? वे लोग कैसे परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं ? तुम कब गाड़ी खरीद रहे हो ? मोहन क्यों ऐसा कर रहा है ? तुम मुझे क्यों तंग कर रहे हो ? तुम पटना में कहाँ ठहर रहे हो ? वह कब परीक्षा दे रही है ? तुम स्कूल क्यों नहीं जा रहे हो ? वह शादी क्यों नहीं कर रहा है ? तुम अपनी जीविका का उपार्जन कैसे कर रहे हो ? राम की गायें दूध क्यों नहीं दे रही हैं ? आप मेरे यहाँ (to me) कब आ रहे हैं ? तुम क्यों नहीं पढ़ रहे हो ? आप कल कहाँ जा रहे हैं ? हमलोग क्या सीख रहे

हैं ? सरकार गरीबों की मदद क्यों नहीं कर रही है ? अपना देश उन्नति क्यों नहीं कर रहा है ? तुम उसकी कृपा पाने की कोशिश क्यों नहीं कर रहे हो ? तुम क्या करने जा रहे हो ? आप कैसे इसे करने की कोशिश कर रहे हैं ? वह कब पढ़ने आ रही है ? रीता गाना गाने क्यों नहीं जा रही है ? वह तुम्हारी मदद करने कब आ रही है ? लड़के कहाँ खेलने जा रहे हैं ? आप कब पढ़ाने जा रहे हैं ?

Vocabulary: परीक्षा की तैयारी करना—to prepare for the examination, तंग करना—to vex, to distress, जीविका—livelihood, उपार्जन करना—to earn, उन्नति करना—to progress, कृपा—favour, grace.

Exercise 106 (Miscellaneous)

Translate into English—

मैं आपकी सेवा कर रहा हूँ। तुम अपना काम क्यों नहीं कर रहे हो ? वह कब किताब खरीदने जा रहा है ? रीता नृत्य (dance) करने जा रही है। क्या राम नहीं पढ़ रहा है ? वे लोग क्या करने जा रहे हैं ? हमलोग कब पटना जा रहे हैं ? तुम कहाँ रह रहे हो ? भारतीय किसान कड़ी मेहनत कर रहे हैं। तुम कुछ नहीं कर रहे हो। मैं आपका इंतजार कर रहा हूँ। तुम क्यों मेरा इंतजार कर रहे हो ? क्या वे कल काठमांडू जा रहे हैं ? वे वहाँ क्यों जा रहे हैं ? वे लोग कैसे परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं ? तुम अपना स्वास्थ्य क्यों नहीं सुधार रहे हो ? मेरी माँ खाना नहीं बना रही है। विद्यार्थीगण अपना जीवन बरबाद कर रहे हैं। राम देश के लिए लड़ रहा है। मैं आपके लिए क्या कर रहा हूँ ? कुत्ते नहीं भूँक रहे हैं। राम और श्याम क्या नहीं कर रहे हैं ? तुम अगले माह एक गाड़ी खरीदने जा रहे हो। वह क्यों नहीं आ रही है ? तुम क्यों नहीं पढ़ने की कोशिश कर रहे हो ? श्याम दिल्ली से कब आ रहा है ? राम इस पुस्तक को क्यों खरीद रहा है ? गरीब लोग क्यों अपना श्रम बेच रहे हैं ? भारत की जनता अपनी जिम्मेवारी क्यों नहीं समझती ? मैं क्या नहीं कर रहा हूँ ? मैं देश के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूँ। तुम इसे कैसे करते हो ? राम कब पढ़ता है ? क्या तुम पढ़ना नहीं चाहते ? बच्चे दौड़ते हैं। मैं चाय बनाना जानता हूँ। वे लोग क्या सोचते हैं ? तुम इसे कैसे करना चाहते हो ? आपका भाई कब आना चाहता है ? क्या वह तैरना जानता है ?

Vocabulary: सेवा करना—to serve, इंतजार करना—to wait, स्वास्थ्य—health, सुधारना—to improve, बरबाद करना—to spoil, to destroy, लड़ना—to fight, गरीब लोग—the poor, श्रम—labour, भारत की जनता—the people of India, जिम्मेवारी—responsibility, समझना—to understand/perceive, कड़ी मेहनत करना—to work hard, सोचना—to think, to reflect (on/upon).

Exercise 107 (Advanced Learner's)

Translate into English—

आपलोग आजकल (these days/nowadays) क्या कर रहे हैं ? हमलोग कुछ नहीं (nothing) कर रहे हैं। आपलोग क्यों कुछ नहीं कर रहे हैं ? हमारे पास कोई काम नहीं है, इसलिए कुछ नहीं कर रहे हैं। हमलोग काम करना चाहते हैं, परन्तु

कोई काम देना नहीं चाहता। इसलिए हमलोग काम करने दिल्ली जा रहे हैं। वहाँ हमलोगों का भविष्य (future) अच्छा रहेगा। आप दिल्ली कब जा रहे हैं ? मैं आपसे यह बात कहना नहीं चाहता। क्या देश उन्नति कर रहा है ? हाँ, कर रहा है। मुझे आशा है (I hope) कुछ दिनों में इसका संसार में एक अच्छा स्थान (a good position in the world) होगा। मैं अपने दोस्त से मिलने जा रहा हूँ। वह आनेवाला था। वह इतना तेज है कि वह अवश्य एक डॉक्टर बनेगा। वह कैसे एक डॉक्टर बनने जा रहा है ? मैं समझता हूँ कि वह अपना कर्तव्य (duty) और भविष्य अच्छी तरह महसूस करता है। मैं इस पुस्तक को बेचने जा रहा हूँ। आप इस पुस्तक को कब बेचने जा रहे हैं ? क्या यह आपकी अपनी है ? नहीं, यह मेरी नहीं है। यह आपकी अपनी नहीं है और आप इसे बेचने जा रहे हैं। यह बुरी बात है। आपको जुर्माना देना होगा। तुम्हारे पास एक गाय थी। तुम उसे कब लाने जा रहे हो ? उसे लाने के लिए मेरे पास समय नहीं है। आप क्या करने जा रहे हैं ? मैं कहना नहीं चाहता जो (what) मैं करने जा रहा हूँ। क्या आप जानते है कि वह कल आ रही है ? आप क्यों इन नटखट बच्चों को मिठाई देने जा रहे हैं ? बच्चे नटखट होते हैं, परन्तु बुरे नहीं। मैं जानता हूँ कि आप कुछ नहीं करनेवाले हैं।

Exercise 108 (Advanced Learner's)

Translate into English—

हमलोग कल एक मैच खेलने जा रहे हैं। क्या तुम्हारे दोस्त लोग तैयार हैं ? कोई किसी की मदद नहीं करने जा रहा है। अब कुछ नए चेहरे (some new faces) आ रहे हैं। आप जानते हैं कि इस समय वर्षा हो रही है, फिर भी (yet) आप जाने को तैयार हैं। मुझे एक अत्यावश्यक (urgent) काम है, इसलिए मुझे जाना पड़ेगा। आपका जीवन (life) सुखद (pleasant) है, फिर भी आप मरने जा रहे हैं। आप महसूस (feel) करते और समझते (understand) हैं कि मेरा जीवन सुखों से भरा (full of pleasures) है, परन्तु वास्तविकता (reality) ठीक उलटी (just opposite) है। मैं अपने जीवन से लड़ रहा हूँ। अब मैं थक गया हूँ। मैं लड़ने की स्थिति में (in a position to fight) नहीं हूँ। अब मैं शांति (peace) की खोज में जा रहा हूँ। मुझे तभी शांति मिलेगी जब मैं मर जाऊँगा (only when I die)। आप गलत कदम उठाने (to take a wrong step) जा रहे हैं। आपके पास धैर्य (patience) और हिम्मत (courage) नहीं है। आप किसी बड़े संत (saint) से क्यों नहीं मिलते ? मुझे कहीं जाने की जरूरत नहीं हैं। तुम्हारा बेटा क्यों रो रहा है ? वे दूध लाने जा रहे हैं। अब हमलोगों को कोई कठिनाई नहीं होगी, क्योंकि हमलोग धनी बनने ज रहे हैं। मैं समझता हूँ कि आप अपना जीवन बरबाद करना चाहते हैं, क्योंकि आप कुछ नहीं कर रहे हैं। आपके दोस्त लोग आपको भ्रमित कर रहे हैं (misguiding)। वे आपकी प्रशंसा करते हैं, परन्तु वास्तव में (in reality) वे आपको बेवकूफ बना रहे हैं (fooling you)। वह सोचने (to think) की कोशिश कर रही है। आपलोग क्या करने को तैयार हैं ? क्या आपलोग अपने देश के लिए मरने को तैयार हैं ? बच्चे नहीं जानते कि उनके पास समझदारी (understanding) नहीं है।

Hints: लड़ना—to fight, थका—tired, खोजना—to search, कठिनाई—difficulty, बरबाद करना—to spoil/destroy, प्रशंसा करना—to praise.

Present Perfect Tense

हिन्दी की जिस क्रिया के अंत में 'चुका हूँ/चुकी हूँ/चुके है/चुके हो/चुका है/चुकी है' रहता है अथवा 'या हूँ/ई हूँ/ए हैं/ए हो/या है/ई हैं/ई है' रहता है अथवा 'ा है/ी है/े हैं' रहता है, उस क्रिया का अनुवाद प्राय: Present Perfect Tense में होता है । जैसे—

राम खा चुका है / राम ने खाया है। Ram has eaten.
मैं पढ़ चुका हूँ / मैंने पढ़ा है। I have read (रेड).

अनुवाद का नियम—ऐसी क्रियाओं का अनुवाद have/has + V^3 द्वारा होता है। जब Subject Third Person और Singular Number में रहता है, तब has + V^3 लगता है। अन्य Subject के साथ have + V^3 लगता है। इस नियम को सारणी द्वारा समझें—

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I have eaten.	We have eaten.
Second Person	You have eaten.	You have eaten.
Third Person	He She It Ram] has eaten.	They The boys] have eaten.

Present Perfect Tense का प्रयोग

यह Tense एक प्रकार से present और past का मिश्रण है। इससे ऐसे कार्य का बोध होता है जो भूतकाल में हुआ (हाल में, नजदीक में, अभी-अभी कुछ देर पहले या कुछ दिन पहले या इतने दिन पहले जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है), लेकिन जिसका संबंध present से है और जिसका मतलब विशेष अर्थ या perfection or implication Present Time से है। जैसे—उसने ताजमहल देखा है। He has seen the Tajmahal. इस वाक्य की क्रिया Present Perfect Tense में है। ताजमहल देखने का काम Past में हुआ। हो सकता है कि निकट भूत में हुआ हो या बहुत दिन पहले हुआ हो। इस तथ्य को Past Indefinte Tense द्वारा भी व्यक्त किया जा सकता है—He saw the Tajmahal। लेकिन Present Perfect Tense का प्रयोग इस वाक्य की क्रिया के प्रभाव को वर्तमान से जोड़ता है जो क्रिया past time में सम्पन्न हुई। अर्थात्, वाक्य का अभिप्राय यह हो सकता है—इसलिए वह ताजमहल के बारे में यह कह सकता है या इसलिए उसे दोबारा ताजमहल देखने की इच्छा नहीं है। अगर इस क्रिया का प्रयोग Past Indefinite Tense में किया जाए, तो ऐसा कोई अभिप्राय वर्तमान समय में नहीं निकलेगा।

कुछ अन्य वाक्य लें और उनका सम्बन्ध वर्तमान से जोड़ें—

1. उसने अपना कमरा साफ किया है। He has washed his room. (इसलिए उसका कमरा चमक रहा है।)

2. राम ने अपनी कलम खो दी है। Ram has lost his pen. (इसलिए वह पेंसिल से लिख रहा है / इसलिए वह उदास है / इसलिए वह डर रहा है कि उसके पिता उसे पीटेंगे।)

3. मैंने अपना पाठ याद कर लिया है। I have remembered my lesson. (इसलिए अब मै खेलने जा रहा हूँ। अब आप मुझसे पूछ सकते हैं या अब मुझे पिटने का डर नहीं है।

4. मैंने खा लिया है। I have eaten. (यहाँ वाक्य का अभिप्राय यह कहना हो सकता है—अब मुझे खाने की जरूरत नहीं है / इसलिए आप मेरी चिन्ता न करें / इसलिए मैं अब खाने के झंझट से मुक्त हूँ।)

5. क्या तुमने मेरे भाई को देखा है? Have you seen my brother? (प्रश्नकर्ता यह जानना चाहता है कि उसका भाई कहाँ है।)

आप देख रहे हैं कि क्रिया past time में सम्पन्न हुई, लेकिन उसका अभिप्राय (implication), प्रभाव, विशेष अर्थ (open, hidden or understood) वर्तमान समय से है—यही Present Perfect Tense का मुख्य प्रयोग है।

Note: यदि हिन्दी क्रियाओं का रूप देखकर यह लगे कि इनका अनुवाद Present Perfect Tense में होना चहिए, मगर इन क्रियाओं के पहले कोई भूतकालिक समयसूचक शब्द रहे (जैसे—गत सोमवार को, पाँच मिनट पहले, गत वर्ष, कुछ देर पहले, बहुत दिन पहले इत्यादि) जिससे यह भाव व्यक्त हो कि अभीष्ट कार्य भूतकाल में सम्पन्न हो गया, तो इन क्रियाओं का अँगरेजी अनुवाद Present Perfect Tense में न होकर Past Indefinite Tense में होगा। जैसे—

1. मैंने राम को देखा है। I have seen Ram. (सही है)

2. कल मैंने राम को देखा है। I have seen Ram yesterday. (गलत है)

दूसरे वाक्य में 'कल' भूतकालिक समयसूचक शब्द प्रयुक्त है। अतः अभीष्ट क्रिया का अनुवाद Past Indefinite Tense में होगा न कि Present Perfect Tense में। जैसे—

कल मैंने राम को देखा है ~ I saw Ram yesterday. (सही है)

(1) वह चार दिन पहले घर गय है। (2) राम ने गत वर्ष परीक्षा पास की है। (3) वह थोड़ी देर पहले गया है। (4) वह एक मिनट पहले आया है। (5) मेरा नौकर कल घर से आया है।

Solved Examples:

Affirmative Sentences

[Subject + have/has+V^3 + ...]

1. मैं खा चुका हूँ। I have eaten.
2. हमलोग पढ़ चुके हैं। We have read.
3. तुम खेल चुके हो। You have played.
4. राम सो चुका है। Ram has slept.

5. वह स्कूल गया है।	He has gone to school.
6. वे लोग जा चुके हैं।	They have gone.
7. लड़के आ गए हैं।	The boys have come.
8. मैंने उसे देखा है।	I have seen him.
9. तुमने इसे किया है।	You have done it.
10. सूर्य अस्त हो गया है।	The sun has set.

Negative Sentences

[Subject + have/has + not + V^3 + ……]

1. मैंने श्याम को नहीं देखा है।	I have not seen Shyam.
2. उसने मेरी मदद नहीं की है।	He has not helped me.
3. हमलोगों ने इस पेड़ को नहीं काटा है।	We have not cut this tree. *or,* We haven't cut this tree.
4. सूर्य अस्त नहीं हुआ है।	The sun has not set.
5. शिक्षक नहीं आए हैं।	The teacher has not come.
6. बच्चे स्कूल नहीं गए हैं।	The children have not gone to school.
7. वे लोग नहीं सोए हैं।	They have not slept.

Note : have + not के बदले haven't और has + not के बदले hasn't भी लिखा और बोला जाता है।

Exercise 109

Translate into English—

मैं खेल चुका हूँ। हमलोग पढ़ चुके हैं। तुम खा चुके हो। सीता जा चुकी है। वह सो चुका है। वे लोग खा चुके हैं। वह पटना गया है। मैंने काम कर लिया है। तुमने श्याम को पीटा है। उसने मेरी कलम तोड़ दी है। उसने कड़ी मेहनत की है। वह मुझे भूल गया है। उसने पाठ याद कर लिया है। सीता नहीं आई है। मैंने अपना काम नहीं किया है। श्याम ने रामू को नहीं पीटा है। उसने बाघ नहीं मारा है। मैंने तुम्हें नहीं पीटा है। शिक्षक नहीं आए हैं। लड़के स्कूल नहीं गए हैं। उसने मेरी सहायता नहीं की है। मैंने पाठ याद नहीं किया है। राम और श्याम यहाँ नहीं आए हैं। सूर्य नहीं निकला है। मैंने इस पेड़ को नहीं काटा है। मैंने ताजमहल नहीं देखा है। तुम्हारे नौकर ने खाना नहीं बनाया है। मेरे गाँव ने उन्नति नहीं की है। मैंने तुम्हें गाली नहीं दी है। वह वापस नहीं आया है। तुमने सच नहीं कहा है। मैंने झूठ नहीं कहा है। उसने किसी चोर को नहीं पकड़ा है।

Vocabulary: तोड़ना—to break, भूलना—to forget, याद करना—to remember/memorize/learn, पीटना—to beat, निकलना—to come out, देखना—to see, खाना बनाना—to cook food, उन्नति करना—to progress, गाली देना—to abuse, वापस आना—to return, to come back, सच कहना—to speak the truth, झूठ कहना—to tell a lie, पकड़ना—to arrest/catch/capture.

Interrogative Sentences

यदि वाक्य 'क्या' से शुरू हो, तो have/has को पहले रखें, फिर Subject और तब V^3 दें । अर्थात्, वाक्य की बनावट होगी—

1. Have/Has + Subject + V^3 ?
2. Have/Has + Subject + not + V^3 ? *or,* Haven't /Hasn't + S + V^3 ?

Solved Examples:

1. क्या तुमने राम को पीटा है ?	Have you beaten Ram?
2. क्या वे लोग यहाँ आए हैं ?	Have they come here?
3. क्या राम ने अपना काम किया है ?	Has Ram done his work?
4. क्या बच्चे सो चुके हैं ?	Have the children slept?
5. क्या आपका भाई आया है ?	Has your brother come?
6. क्या आपने नहीं खाया है ?	Have you not eaten? *or,* Haven't you eaten?
7. क्या आपने श्याम को नहीं देखा है ?	Have you not seen Shyam? *or,* Haven't you seen Shyam?
8. क्या श्याम ने झूठ नहीं कहा है ?	Has Shyam not told a lie?
9. क्या उनलोगों ने गरीबों को तंग नहीं किया है ?	Have they not vexed the poor? *or,* Haven't they vexed the poor?
10. क्या वह अपना काम नहीं कर चुकी है ?	Has she not done her work? *or,* Hasn't she done her work?

Exercise 110

Translate into English—

क्या आपने राम को देखा है ? क्या तुमने भगवान् को देखा है ? क्या आपने भोजन किया है ? क्या राम ने अपना काम किया है ? क्या वे लोग जा चुके हैं ? क्या भारत ने उन्नति की है ? क्या मेरे भाई ने कुछ नहीं (nothing) किया है ? क्या बच्चे पाठशाला नहीं गए हैं ? क्या आपका भाई नहीं खेल चुका है ? क्या आपने मैच नहीं जीता है ? क्या राम तुमसे नहीं मिला है ? क्या आपने दवा नहीं ली है ? क्या उसने परीक्षा पास नहीं की है ? क्या वे लोग तुम्हारे पास नहीं आए हैं ? क्या तुम्हारी पत्नी ने एक साड़ी खरीदी है ? क्या वह झूठ बोला है ? क्या वे लोग उपहार लाए हैं ? क्या तुमने उसे तंग नहीं किया है ? क्या राम पटना नहीं गया है ? क्या तुम झूठ नहीं बोले हो ? क्या उसने सच कहा है ? क्या उसने अपना काम नहीं किया है ?

Vocabulary: भोजन करना—to take meal, to eat, to dine, उन्नति करना—to progress, जीतना—to win, मिलना—to meet, दवा लेना—to take medicine, उपहार—present, gift, लाना—to bring, तंग करना—to vex.

Interrogative Sentences में कब, क्यों, कैसे, कहाँ, क्या इत्यादि रहने पर वाक्यों की बनावट इस प्रकार हो जाती है—

What When How Why Where	have/has	Subject	(not)	V^3 ?

[आप 'not' को have के साथ haven't तथा has के साथ hasn't के रूप में भी दे सकते हैं।]

Solved Examples:

1. आपने यह काम क्यों किया है ?	Why have you done this work?
2. आपने क्या किया है ?	What have you done?
3. राम ने गाड़ी क्यों खरीदी है ?	Why has Ram bought a car?
4. वे लोग कहाँ गए है ?	Where have they gone?
5. बच्चे कब आए हैं ?	When have the children come?
6. राम ने ऐसा क्यों किया है ?	Why has Ram done so?
7. तुमने परीक्षा की तैयारी कैसे की है ?	How have you prepared for the examination?
8. राम वहाँ क्यों नहीं गया है ?	Why has Ram not gone there?
9. बच्चे क्यों नहीं सोए हैं ?	Why have the children not slept?
10. तुमने राम की मदद क्यों नहीं की है ?	Why have you not helped Ram? *or,* Why haven't you helped Ram?
11. उनलोगों ने हमलोगों के लिए क्यों कुछ नहीं किया है ?	Why have they not done anything for us? (..done nothing...?)

Exercise 111

Translate into English—

वह कहाँ गया है ? सीता कब आई है ? हमलोगों ने क्या किया है ? राम क्यों जा चुका है ? उसने कैसे परीक्षा पास की है ? आपने यह कुरसी क्यों तोड़ी है ? आपने मेरी मदद क्यों की है ? सीता ने यह काम क्यों किया है ? मैंने क्या किया है ? आपने श्याम को क्यों पीटा है ? आपने अपनी गाड़ी क्यों बेची है ? राम ने पत्र क्यों नहीं लिखा है ? आपने यह काम क्यों नहीं किया है ? तुम वहाँ क्यों नहीं गए हो ? श्याम क्यों नहीं आया है ? वे अभी तक क्यों नहीं लौटे हैं ? तुमने काम समाप्त क्यों नहीं किया है ? उसने मेरी सहायता क्यों नहीं की है ? वह मुझे क्यों भूल गया है ? तुमने मेरे लिए (for me) क्या किया है ? वह कहाँ नहीं गई है ? उसने इस सवाल को कैसे बनाया है ? तुमने श्याम को कहाँ देखा है ? सरकार ने हमलोगों के लिए क्या किया है ? राम क्या कर चुका है ? आपने कैसे यह सोचा है ? तुमने बाघ कहाँ देखा है ?

Vocabulary: तोड़ना—to break, अभी तक—yet, up to now, लौटना—to return, to come back, समाप्त करना—to finish, to complete, भूलना—to forget, सवाल बनाना—to solve the sum, सोचना—to think/to reflect (on/upon).

Present Perfect Tense के साथ adverb/adverbials का प्रयोग

(a) इस Tense के साथ ever (कभी), never (कभी नहीं), always (हमेशा), occasionally (कभी-कभी), often (प्रायः), several times (अनेक बार), already (पहले से ही, पहले ही), yet (अब तक, अभी तक), just (तुरन्त), lately (हाल में), recently (हाल में), so far (अब तक, जहाँ तक), up to now (अभी तक), up to the present (वर्तमान समय तक), once (एक बार), twice (दो बार), इत्यादि adverbs/adverbials (क्रियाविशेषण/क्रिया-विशेषणात्मक) का प्रयोग होता है। इसके अलावा for/since का भी प्रयोग होता है।

(b) इस Tense के साथ ago (पहले) का प्रयोग नहीं होगा। जैसे—"I have seen him two years ago." (मैंने उसे दो वर्ष पहले देखा है।) Tense की दृष्टि से यह एक गलत वाक्य है। इसके बदले "I saw him two years ago." होगा।

(c) जैसा कि पहले बताया गया है, निम्नलिखित वाक्यों के अँगरेजी अनुवाद इस प्रकार न करें—

उसने गत वर्ष पास किया है।	He has passed last year. (गलत)
मेरा भाई कल आया है।	My brother has come yesterday. (गलत)

(d) always, often, ever, never, just, already का प्रयोग प्रायः main verb (V^3) के पहले होता है।

Solved Examples:

1. मैंने हमेशा आपकी मदद की है।	I have always helped you.
2. उसने कभी धूम्रपान नहीं किय है।	He has never smoked.
3. मैंने प्रायः राम की मदद की है।	I have often helped Ram.
4. वह तुरंत गया है।	He has just gone.
5. क्या तुमने कभी धूम्रपान किय है ?	Have you ever smoked?
6. मैंने वह फिल्म पहले ही देख ली है।	I have already seen that film.
7. वह अभी तक नहीं आया है।	He has not come yet.
8. मैंने उसे अनेक बार पीटा है।	I have beaten him several times.
9. उसने कभी-कभी मेरी मदद की है।	He has helped me occasionally.
10. अब तक/अभी तक/इस समय तक हमें कोई तकलीफ नहीं हुई है।	So far / Up to now / Up to the present we have had no problem (trouble).

Exercise 112

Translate into English—

वह तुरंत गया है। मैंने अभी अपना काम समाप्त किया है। वे पहले ही मैच जीत चुके हैं। मैंने श्याम की मदद की है। वह मुझसे कभी नहीं मिला है। क्या तुम कभी मुंबई गए हो ? उसने प्रायः गरीबों की मदद की है। आपने अभी तक पास नहीं किया है। मैंने उसकी अनेक बार मदद की है। उसने कभी-कभी अच्छा काम किया है। अभी तक सभी चीजें ठीक से गुजरी हैं (have passed well)। क्या मेरे पिताजी अभी तक नहीं आए हैं ? क्या उसने तुम्हें कभी नहीं देखा है ? क्या उनलोगों ने हमेशा गरीबों की मदद की है ? क्या तुमने कभी शराब नहीं पी है ? उनलोगों ने प्रायः आपको धोखा दिया है। मैंने ऐसा काम कभी नहीं किया है। श्याम ने हमेशा ऐसा किया है। क्या आप कभी लंदन गए हैं ?

Hints: धोखा देना—to cheat, to deceive, तुरन्त, अभी, पहले से इत्यादि की अँगरेजी ऊपर adverbs/adverbials के प्रयोग में देखें।

For/Since का प्रयोग

Present Perfect Tense के साथ भी for/since का प्रयोग होता है, जब वाक्य के भाव से यह स्पष्ट हो कि कोई कार्य-व्यापार (action or state) जो भूतकाल में शुरू हुआ और अभी भी जारी है या अभी तुरंत समाप्त हुआ है।

यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य है कि बहुत-से लोग यह समझते हैं कि जो स्थिति/कार्य past में शुरू हुआ और अभी भी जारी है, उसे व्यक्त करने के लिए मात्र Present Perfect Continuous Tense है। ऐसे भावों को व्यक्त करने के लिए वे Present Perfect Tense का प्रयोग करना गलत समझते हैं। जबकि यह धारणा बिलकुल गलत है। जैसे—"मैं दो दिनों से बीमार हूँ" का अँगरेजी अनुवाद "I have been ill for two days" है। यहाँ स्पष्टतः बीमार रहने की स्थिति दो दिन पहले शुरू हुई और अभी भी जारी है। लोग यहाँ continuity तथा have been को देखकर इस अँगरेजी वाक्य में प्रयुक्त verb को Present Perfect Continuous Tense की क्रिया मान बैठते हैं, जबकि इस sentence में main verb, 'been' है, जो verb 'to be' का V^3 रूप है। अतः प्रयुक्त Verb Phrase का ढाँचा have + v^3 है, जो Present Perfect Tense का होता है। Present Perfect Continuous Tense की क्रिया का रूप होता है—have/has + been + V-ing. चूँकि "I have been ill for two days" में have been तो है, लेकिन V-ing नहीं है, अतः निश्चित रूप से इस वाक्य में Present Perfect Continuous Tense की क्रिया प्रयुक्त नहीं है। Tense के नामकरण के लिए Verb Phrase का form देखना पड़ता है, चाहे वाक्य का जो भी अर्थ निकले। किसी भी Continuous Tense के लिए main verb का Present Participle (V-ing) का रहना आवश्यक है। पुनः 'मैं व्यस्त रहा हूँ" का अँगरेजी अनुवाद "I have been busy" है और इस अँगरेजी वाक्य की क्रिया Present Perfect Tense में है, क्योंकि मात्र have been (have + V^3) का प्रयोग है। have been के बाद यदि V-ing रहता तो यह Present Perfect Continuous Tense की क्रिया होती।

कुछ वाक्य, उनके भाव और उसमें प्रयुक्त Tense को देखें—

1. **"I have been suffering from fever."** इसमें **Present Perfect Continuous Tense** की क्रिया का प्रयोग है,क्योंकि **have been** के बाद **V-ing (suffering)** का प्रयोग है।

2. **"I have been ill for two days."** इसमें **Present Perfect Tense** की क्रिया का प्रयोग है, क्योंकि **have** के बाद V^3 **(be-was-been)** का प्रयोग है; **been** मुख्य क्रिया है। जबकि वाक्य के भाव से सष्ट है कि जो स्थिति दो दिन पहले शुरू हुई, अभी भी जारी है।

3. मैं चार दिनों से अनुपस्थित हूँ / रहा हूँ—**I have been absent for four days. (Present Perfect Tense** की क्रिया का प्रयोग—अनुपस्थिति चार दिनों से अभी तक जारी है।)

4. मैं 9 बजे से व्यस्त रहा हूँ—**I have been busy since 9 o'clock. (Present Perfect Tense** की क्रिया—9 बजे से व्यस्त है, अभी भी व्यस्त है—स्थिति जो **Past** में शुरू हुई थी, अभी भी जारी है।)

अतः जो **state/action** भूतकाल में शुरू हुआ और अभी जारी है या तुरन्त समाप्त हुआ है, के भाव को दिखाने के लिए हम **Present Perfect Tense** और **Present Perfect Continuous Tense** दोनों का प्रयोग कर सकते हैं। परन्तु ऐसा कुछ **certain verbs** की मदद से ही कर सकते हैं, जैसे—**live, work, rain, sleep, teach, stand, wait, etc.**

कुछ और उदाहरण लें—

1. मैंने सुबह से काम नहीं किया है।	**I have not worked since morning. (Present Perfect Tense** की क्रिया)
2. मैं सुबह से काम नहीं कर रहा हूँ।	**I have not been working since morning. (Present Perfect Continuous Tense** की क्रिया)
3. मैं गत रविवार से यहाँ नहीं हूँ।	**I have not been here since Sunday last. (Present Perfect Tense** की क्रिया)

कुछ **Verbs** ऐसे हैं जिनका प्रयोग हम **Present Perfect Tense** और **Present Perfect Continuous Tense** दोनों में कर सकते हैं, परंतु वैसे **Verbs** जो प्रायः **Continuous Tense** में प्रयुक्त नहीं होते, उनके लिए **Present Perfect Tense** का ही प्रयोग करना पड़ता है।

Present Perfect Tense स्थिति/कार्य के प्रभाव/विशेष अर्थ को वर्तमान से जोड़ता है, जबकि Present Perfect Continuous Tense इस बात पर जोर देता है कि शुरू से अब तक अभीष्ट समय कैसे गुजर रहा है। कोई स्थिति/कार्य Past में शुरू होकर अभी भी जारी है इसे Present Perfect Tense में व्यक्त करने के लिए कहीं-कहीं समयसूचक शब्द देना आवश्यक होता है, परन्तु Present Perfect Continuous Tense बिना समयसूचक शब्द के अभीष्ट continuity व्यक्त करता है। जैसे—

1. वह दस घंटे सो चुका है। या, वह दस घंटों से सोया हुआ है।	He has slept for ten hours. (इसलिए अब इसे जगाया जा सकता है या उसे जगाना चाहिए।)
2. वह दस घंटे से सो रहा है।	He has been sleeping for ten hours. (उसके दस घंटे सोते हुए बीते हैं।)
3. मैं दो दिनों से बीमार हूँ।	I have been ill for two days. (इसलिए मैं स्कूल नहीं जा रहा हूँ/ इसलिए मैं कमजोर हो गया हूँ।)

परंतु "I have been suffering from illness for two days" की क्रिया Present Perfect Continuous Tense में है, क्योंकि Verb का Structure 'have been + V -ing' है।

अब ऐसे वाक्यों के अनुवाद पर विचार करें जिनमें have been/has been का प्रयोग होता है। इनके साथ कभी-कभी for/since का भी प्रयोग होता है। अतः आप यह जानें कि for/since, have been/has been का प्रयोग कब और कहाँ होता है।

For का प्रयोग—जब अवधि (अर्थात् कितनी देर से/कितने समय से) दी रहती है, तब for का प्रयोग होता है। जैसे—एक मिनट से, एक घंटे से, आधा घंटे से, कुछ देर से, चार वर्षों से, कई वर्षों से, बहुत दिनों से इत्यादि।

Since का प्रयोग—जब निश्चित समय (किस घड़ी/किस दिन/किस साल—शुरू होने का समय—starting point) दिया रहता है, तब since का प्रयोग होता है। जैसे—1980 ई॰ से, Monday से, 10 बजे से, सुबह से, बचपन से, गत साल से, गत सप्ताह से, गत महीने से, कल से, जब से इत्यादि।

Have been/Has been का प्रयोग—(i) यदि हिन्दी वाक्यों में मुख्य क्रिया 'है/हो/हूँ/हैं' रहे, लेकिन इनके पहले समयसूचक शब्द + से रहे, जिससे यह स्पष्ट हो कि दी गई स्थिति Past में शुरू हुई और अभी भी कायम है, तो ऐसे वाक्यों की क्रियाओं का अनुवाद Present Perfect Tense द्वारा होगा। यहाँ am/is/are का प्रयोग न होकर have been/has been का प्रयोग होगा, जैसा कि इन वाक्यों से स्पष्ट है—

1. मैं चार दिनों से अनुपस्थित हूँ।	I have been absent for four days.

2. वह एक घंटे से यहाँ है।	He has been here for an hour.
3. तुम बहुत दिनों से बीमार हो।	You have been ill for a long time.
4. रीता बचपन से अच्छी गायिका रही है।	Reeta has been a good singer since her childhood.
5. मैं गत रविवार से यहाँ नहीं हूँ।	I have not been here since Sunday last.
6. मेरा बेटा बचपन से नटखट है।	My son has been naughty since his childhood.
7. वह 9 बजे से क्यों अनुपस्थित है ?	Why has he been absent since 9 o'clock?
8. तुम कब से व्यस्त हो ?	How long/Since when have you been busy?
9. मैं दस वर्षों से एक किरानी हूँ।	I have been a clerk for ten years.
10. वे लोग गत साल से यहाँ नहीं हैं।	They have not been here since last year.

(ii) कहीं-कहीं 'हूँ/हैं/हो/है' के बदले 'रहा हूँ/ रहे हैं/ रहे हो/रही है/रही हैं' वाक्य के अन्त में रहता है और वाक्य में कोई अन्य क्रिया नहीं रहती, तब भी अभीष्ट क्रिया का अनुवाद have been/has been से ही होता है। ऐसी स्थिति में वाक्य में समयसूचक शब्द रह भी सकता है और नहीं भी। जैसे—

1. मैं व्यस्त रहा हूँ।	I have been busy.
2. मैं बीमार रहा हूँ।	I have been ill.
3. वह एक सप्ताह से बीमार रही है।	She has been ill for a week.
4. मैं दस वर्षों से एक विद्यार्थी रहा हूँ।	I have been a student for ten years.
5. आप क्यों परेशान रहे हैं ?	Why have you been troubled?
6. क्या मेरी पत्नी एक अच्छी गायिका नहीं रही है ?	Has my wife not been a good singer?
7. क्या मैं सफल नहीं रहा हूँ?	Have I not been successful?

Exercise 113

Translate into English—

मैं चार दिनों से अनुपस्थित हूँ। वे लोग सोमवार से अनुपस्थित हैं। सीता चार दिनों से बीमार है। वह बचपन से तेज है। वह दस बजे से यहाँ है। मै गत सोमवार से व्यस्त हूँ। तुम दस बजे से यहाँ हो। वे लोग कुछ दिनों से व्यस्त हैं। मैं बीमार रहा हूँ। मैं व्यस्त रहा हूँ। मैं सफल रहा हूँ। वे शिक्षक रहे हैं। तुम व्यस्त रही हो। वे एक गायक रहे हैं। आप दो दिनों से व्यस्त रहे हैं। आप सुबह से व्यस्त

रहे हैं। सीता 2006 ई॰ से बीमार रही है। मैं बहुत दिनों से उपस्थित नहीं हूँ। वह बीमार नहीं रहा है। क्या तुम बीमार रहे हो ? क्या आप चार दिनों से अनुपस्थित हैं ? क्या आप गत सोमवार से व्यस्त हैं ? क्या सीता बचपन से नेक रही है ? क्या मैं बचपन से बेवकूफ (foolish, stupid) हूँ ? आप गत सोमवार से कहाँ हैं ? आप कुछ दिनों से कैसे व्यस्त हैं ? सीता बचपन से क्यों तेज है ? आप बचपन से क्यों बीमार रहे हैं ? वह चार दिनों से क्यों अनुपस्थित है ? तुम सुबह से क्यों व्यस्त नहीं हो ?

Vocabulary: अनुपस्थित—absent, उपस्थित—present, बीमार—ill, sick, तेज—intelligent, brilliant, बचपन—childhood, व्यस्त—busy, सफल—successful, गायक—singer, नेक—gentle, good, virtuous.

आपने देखा है कि Present Perfect Tense का प्रयोग उस स्थिति को भी दर्शाने के लिए किया जाता है जो past में शुरू हुई और अभी continue है। ऐसी स्थिति को verb 'to be' द्वारा व्यक्त किया गया है; अन्य क्रियाओं के साथ इस प्रकार का प्रयोग देखें। for/since का प्रयोग इस स्थिति में होता है जैसा कि आपको पहले बताया गया है।

Solved Examples:

1. उसने बचपन से साइकिल नहीं चलाई है।	He has not ridden a bicycle since his childhood. (वह अभी भी साइकिल चलाना नहीं जानता है।)
2. उसने मुझे दस वर्षों से पत्र नहीं लिखा है।	He has not written me a letter for ten years. (वह अभी भी पत्र नहीं लिखता है।)
3. हमलोग एक-दूसरे को दस वर्षों से जानते हैं/जान रहे हैं।	We have known each other for ten years. (हमलोग एक-दूसरे को अभी भी जानते हैं।)
4. हमलोग इस शहर में 2002 ई॰ से रह रहे हैं/रहते हैं।	We have lived in this town since 2002. (अभी भी रहते हैं।)
5. क्या तुमने हरि को बहुत दिनों से नहीं देखा है ?	Have you not seen Hari for several days?
6. उसने सुबह से क्या खाया है ?	What has she eaten since morning?

Exercise 114

Translate into English—

तुमने बचपन से कार नहीं चलाई है। वे बहुत दिनों से मुझसे नहीं मिले हैं। सीता ने सोमवार से कुछ नहीं खाया है। उन्होंने गत वर्ष से इस काम को नहीं किया है। मैंने सुबह से कुछ नहीं खाया है। मैं तुम्हें बहुत दिनों से जान रहा हूँ। मैंने तुम्हें 2005 ई॰ से मदद की है। उन्होंने गत सोमवार से पत्र नहीं लिखा है। मैंने

दस घंटा पढ़ा है। मैंने सुबह से काम किया है। उसने सुबह से आराम नहीं किया है। उसने बचपन से मृत शरीर नहीं देखा है। सरकार ने 1980 ई॰ से कुछ नहीं किया है। क्या आपने सोमवार से काम नहीं किया है ? क्या रामू ने दस साल भीख माँगी है ? तुमने 1988 ई॰ से क्या किया है ? उनलोगों ने गत सोमवार से कैसे कुछ नहीं किया है ? उसने सुबह से क्या पढ़ा है? सुबह से आपने क्या किया है ?

Vocabulary: कार चलाना—to drive a car, बहुत दिनों से—for a long time, मिलना— to meet, आराम करना—to take rest, मृत शरीर—a dead body, भीख माँगना—to beg.

Special Notes: इस प्रकार हम देखते हैं कि Present Perfect Tense ऐसी स्थिति (State) या कार्य (action) को व्यक्त करता है जो Past में सम्पन्न हुआ या जो past में शुरू हुआ और अभी तुरन्त समाप्त हुआ है या अभी जारी (continue) है। परन्तु वह स्थिति/कार्य किसी-न-किसी प्रकार वर्तमान से सम्बन्धित है या जिसका विशेष अर्थ/व्याख्या वर्तमान समय से निकलता है।

अतः इस Tense के साथ भूतकलिक समयसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं हो सकता, जो मात्र Past time का बोध कराता हो या वर्तमान से सम्बन्ध नहीं रखता। जैसे—राम ने गत सोमवार को काम किया है। यहाँ 'गत सोमवार' के प्रयोग से इस कार्य का सम्बन्ध वर्तमान से समाप्त हो गया है। उसने सोमवार को काम किया और अब वर्तमान से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः वाक्य की क्रिया का अनुवाद Past Indefinite Tense में होगा। परंतु "राम ने (गत) सोमवार से काम किया है" में 'गत सोमवार' देने पर भी स्पष्ट रहता है कि सोमवार से अभी तक काम किया गया है या काम अभी चालू है, अर्थात् कार्य का सम्बन्ध वर्तमान से है। इसका प्रभाव या विशेष अर्थ present में निकलता है (अर्थात्, उसके काम के आठ दिन पूरे हो गए हैं या अन्य कोई भी अर्थ जो context में suitable हो)। अतः इस वाक्य की क्रिया Present Perfect Tense में होगी।

1. राम ने गत सोमवार को काम किया है।	Ram worked on Monday last.
2. राम ने गत सोमवार से काम किया है।	Ram has worked since Monday last.

Infinite का प्रयोग

Verb के पहले to लगाकर infinitive बनाया जाता है। जैसे—to go, to eat, to dance, etc.

1. वह गया है।	He has gone.
2. वह पढ़ने गया है।	He has gone to read.
3. उसने जानना चाहा है।	He has wanted to know.
4. वह पक्षी मारने गया है।	He has gone to kill a bird.
5. उनलोगों ने तुम्हारी मदद करनी चाही है।	They have wanted to help you.

6. राम ने मैच जीतना चाहा है।	Ram has wanted to win the match.
7. उसने परीक्षा पास करने की कोशिश नहीं की है।	He has not tried to pass the examination.
8. तुमने क्या करना चाहा है ?	What have you wanted to do?
9. तुमने उसे पीटने की कोशिश क्यों की है ?	Why have you tried to beat him?
10. सीता ने इस काम को करने की कोशिश क्यों नहीं की है ?	Why has Sita not tried to do this work?

Exercise 115

Translate into English—

वह पटना जाना चाहता है। वह काम करने गया है। रीता खेलने गई है। मैंने तुम्हारी मदद करनी चाही है। उसने यह काम करना चाहा है। उसने सफलता प्राप्त करने की कोशिश की है। तुमने यह काम करने की कोशिश नहीं की है। राम ने तुम्हारी मदद नहीं करनी चाही है। वह काम करने नहीं गई है। तुम्हारा भाई एक गिलास पानी लाने गया है। सरकार ने गरीबों की मदद करनी चाही है। तुमलोगों ने कुछ करना नहीं चाहा है। क्या उन्होंने मैच जीतने की कोशिश की है ? क्या सीता ने अनुवाद सीखने की कोशिश की है ? क्या उनलोगों ने नहीं जानना चाहा है ? क्या सीता ने अँगरेजी बोलने की कोशिश की है ? आपने क्या जानना चाहा है ? आपने कब कुछ करना चाहा है ? क्या तुमने उसकी मदद करनी चाही है ? आपने परीक्षा पास करने के लिए क्या किया है ? तुमलोगों ने कैसे इस काम को करना चाहा है ? सरकार ने कब गरीबों के उत्थान के लिए कुछ करना चाहा है ? आपने अपने रहन-सहन का स्तर ऊँचा उठाने के लिए क्या किया है ? क्या आपने कभी मुझसे दोस्ती करने की कोशिश की है ? वह क्या मारने गया है ? गीता क्या करने गई है ? क्या वह गाना गाना चाहती है ? उसने सुबह से क्या करना चाहा है ?

Vocabulary: चाहना—to want, सफलता प्राप्त करना—to get success, कोशिश करना—to try, कुछ करना—to do something, मैच जीतना—to win the match, अनुवाद सीखना— to learn translation, अँगरेजी बोलना—to speak English, परीक्षा पास करना—to pass the examination, गरीबों के उत्थान के लिए कुछ करना—to do something for the advancement of the poor, ऊँचा उठाना—to raise, to lift, रहन-सहन का स्तर—the standard of living, दोस्ती करना—to form a friendship.

Exercise 116 (Miscellaneous)

Translate into English—

तुमने अपना काम कर लिया है। राम ने कुछ नहीं किया है। क्या श्याम ने राज को पीटा है ? तुमने क्या किया है ? आपने यह काम क्यों नहीं किया है ? तुम्हारे पिता ने तुम्हें क्यों पीटा है ? आपने श्याम को मारने की कोशिश क्यों की

है ? वह दस वर्षों से प्रसिद्ध गायक है। मैंने उसे बहुत दिनों से नहीं देखा है। क्या आपने कभी धूम्रपान करना चाहा है ? मैंने चार दिनों से कुछ नहीं किया है। वे कहाँ गए हैं ? आपने क्या पढ़ाया है ? क्या श्याम ने चोरी करने की कोशिश की है ? क्या आपने कभी उजला हाथी देखा है ? वे लोग कभी हमारे विरुद्ध नहीं गए हैं। उसने हमेशा गरीबों की मदद की है। वह दस दिनों से अनुपस्थित है। श्याम ने सुबह से क्या किया है ? हमने सोमवार से कोई काम नहीं किया है। वह बचपन से नटखट है। तुम कैसे व्यस्त रहे हो ? क्या आपने यह जानने की कोशिश की है ? वह क्या करने गया है ? क्या आपने कभी इस काम को करना चाहा है ?

Vocabulary: चोरी करना—to steal, हमारे विरुद्ध—against us.

Correct the following sentences—

(a) I am ill for two days.

(b) Yesterday I have seen Ram.

(c) I have seen not him since two days.

(d) Why he has gone there?

(e) I have gone there never.

(f) What you have wanted to do?

Exercise 117 (Advanced Learner's)

Translate into English—

आप मुझसे क्यों क्रोधित हैं (angry with me)? मैंने कुछ नहीं किया है। आपने कैसे कुछ नहीं किया है ? मैं सोमवार से अनुपस्थित हूँ। चूँकि आप बचपन से बदमाश हैं, मैं सोचता हूँ कि किसी दूसरे ने (anybody else) इसे नहीं किया है। मैंने कई बार आपसे मिलना चाहा है। मैंने जाना है कि आपने काम करने से इनकार किया है। आपने यह कैसे सोच लिया है ? क्या आप नहीं जानते कि वह हमेशा नेक रहा है ? क्या आप नहीं जानते कि उसने अनेक बार आपसे मिलना चाहा है ? वह क्यों मिलने में सफल नहीं रहा है? वह मुझसे मिलने क्यों आया है ? वह मेरे संपर्क (contact) में बहुत दिनों से नहीं है। वह हमेशा मुझसे रंज रहा है। क्या आपने ताजमहल देखा है ? हाँ, मैंने देखा है। मैं समझता हूँ कि ताजमहल अनेक वर्षों से आकर्षण का केन्द्र (centre of attraction) रहा है। आप कभी सफल नहीं रहे हैं। मैं बचपन से एक अच्छा गायक हूँ। आपने सुबह से कोई काम क्यों नहीं किया है ? मेरे पास समय नहीं था, इसलिए मैंने काम नहीं किया है। उसने तुमसे कभी प्यार नहीं किया है। आप गलतफहमी में (in mis/wrong understanding, misconception) रहे हैं। मुझे विश्वास है कि किसी ने मुझे नुकसान नहीं पहुँचाया है। चूँकि (since) उसने मुझे ठगा है, मैं उसे पसन्द नहीं करता हूँ। उसने आपका अपमान करने का साहस कैसे किया है (dared to insult you)? यह आश्चर्य है (it is surprising) कि उसने यह स्वीकार किया है (has admitted) कि उसने श्याम की पुस्तक चुराई है। उसके साथ मेरा सम्बन्ध वर्षों से अच्छा नहीं रहा है। (I have not been on good terms with him for years.)

Vocabulary: बदमाश—mischievous, इनकार करना—to refuse, to deny, नुकसान पहुँचाना—to harm, ठगना—to cheat, पसन्द करना—to like, to prefer.

Exercise 118 (Advanced Learner's)

Translate into English—

मैंने कड़ी मेहनत की है। मुझे सफलता मिलेगी। मैंने सारी दुनिया (world) देखी है। मुझे अब कोई समस्या नहीं है, क्योंकि मैंने दुनिया के तरीकों को सीख लिया है (I have learnt the ways of the world)। तुमने मेरी मदद मेरे लिए नहीं, वरन् अपने लिए की है। सरकार ने गरीबों के लिए अनेक स्कीमें प्रदान (has provided) की हैं। अब गरीबों को कोई समस्या नहीं होगी। उनके बुरे दिन (bad days) अब समाप्त हो गए हैं। सरकार ने घोषणा की है (has declared) कि भ्रष्टाचार (corruption) को भारत में कोई स्थान नहीं मिलेगा। वे कुछ नए नियम बनाने के लिए सक्रिय रहे हैं। मैंने अनेक व्यक्तियों से consult किया है जो (who) इस विचारधारा के हैं (are of the opinion) कि सरकार की यह घोषणा (declaration) वास्तव में (in reality) कोई positive importance नहीं रखती। वे मात्र हमें ठगने की कोशिश करते हैं, परन्तु हमलोग बेवकूफ नहीं हैं। हमलोग सब समझते हैं। क्या तुमने धूम्रपान करना छोड़ दिया है (give up)? नहीं, मैंने ऐसा नहीं किया है, क्योंकि यह मेरी आदत (habit) बन चुकी है। मैं इसका शिकार (victim) हो गया हूँ। मेरे सभी प्रयास (effort) बेकार रहे हैं। आपके पास गायें नहीं थीं। वे कहाँ से आ गई हैं? (Where have they come from?) मैंने कभी नहीं सोचा है कि यह मेरा है और वह तेरा। सब सबका है। आप जानेवाले थे, परन्तु गए नहीं। आपको परिश्रम करना पड़ता है, क्योंकि आपने बहुत समय (a lot of time) बरबाद किया है (have wasted)। आपने समय पर अपने-आपको जगा लिया है। आपको नहीं पछताना (to repent) पड़ेगा। आपने धूप में (in the sun) काम किया है, इसलिए आपकी त्वचा (skin) काली हो गई है (has grown black)। मैंने ताजमहल देखा है, अतः मुझे दोबारा देखने की जरूरत नहीं है। उसने अपनी कलम खो दी है, इसलिए वह स्कूल नहीं जाना चाहता। मैं बहुत व्यस्त रहा हूँ, इसलिए मैंने आपका काम नहीं किया है। मैंने शादी कर ली है, इसलिए मुझे एक घर की तलाश है (I am in search of a house)।

Present Perfect Continuous Tense

Present Perfect Continuous Tense की क्रिया से प्रायः यह बोध होता है कि जो काम past में शुरू हुआ, वह अभी भी जारी है।

पहचान :

(a) हिन्दी की जिन क्रियाओं के अन्त में 'ता रहा हूँ/ती रही हूँ/ता रहा है/ते रहे हो/ते रहे हैं' रहता है, उन क्रियाओं का अनुवाद Present Perfect Continuous Tense में होता है। जैसे—

मैं खाता रहा हूँ।	I have been eating.
वह पढ़ता रहा है।	He has been reading.

(b) यदि हिन्दी क्रियाओं के अन्त में 'रहा हूँ/रही हूँ/रही है/रहे हैं/रहे हो/रही हो/ रहा है' हो और इनके पहले भूतकालिक समयसूचक शब्द का प्रयोग हो (जैसे—एक घंटे से, दो घंटों से, दो वर्षों से, सुबह से, 9 बजे से, 2005 ई० से इत्यादि), तो इन क्रियाओं का अनुवाद Present Perfect Continuous Tense में होगा। जैसे—

वह सुबह से पढ़ रहा है।	He has been reading since morning.

Present Perfect Continuous Tense की क्रिया की बनावट—

have/has + been + V-ing.

संक्षिप्त सारणी

Person	*Singular*	*Plural*
1st Person	I have been eating.	We have been eating.
2nd Person	You have been eating.	You have been eating.
3rd Person	He She It Ram has been eating.	They have been eating. The boys have been eating.

Solved Examples:

1. मैं खाता रहा हूँ।	I have been eating.
2. वे लोग पढ़ते रहे हैं।	They have been reading.
3. सीता इंतजार करती रही है।	Sita has been waiting.
4. सीता दो वर्षों से इंतजार करती रही है।	Sita has been waiting for two years.
5. मैं दो वर्षों से रह रहा हूँ।	I have been living for two years.
6. वे लोग सुबह से दौड़ रहे हैं।	They have been running since morning.
7. मैं इस स्कूल में दस वर्षों से पढ़ रहा हूँ।	I have been reading in this school for ten years.
8. हमलोग 2005 ई० से अँगरेजी सीख रहे हैं।	We have been learning English since 2005.
9. वह सुबह से टहल रहा है।	He has been walking since morning.
10. बच्चे दो घंटों से हो-हल्ला कर रहे हैं।	The children have been making a noise for two hours.
11. गीता गत मंगलवार से काम कर रही है।	Geeta has been working since Tuesday last.
12. बच्चे घंटों से हो-हल्ला कर रहे हैं।	The children have been making a noise for hours.
13. वह टहलता रहा है।	He has been walking.

[समयसूचक शब्दों के पहले for/since का प्रयोग हुआ है, जैसा कि आपने Present Perfect Tense की क्रिया के साथ किया है।]

Exercise 119

Translate into English—

मैं खाता रहा हूँ। तुम कहते रहे हो। सीता सुबह से गाती रही है। वे लोग दो वर्षों से पढ़ते रहे हैं। मैं सुबह से दौड़ रहा हूँ। मैं 2006 ई॰ से इस स्कूल में पढ़ रहा हूँ। हमलोग अनेक वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। तुम गत सोमवार से अँगरेजी सीख रहे हो। वह चार वर्षों से परीक्षा की तैयारी कर रहा है। वह आठ घंटों से सो रही है। रीता 1989 ई॰ से वकालत कर रही है। मैं सुबह से आपका इंतजार कर रहा हूँ। वे लोग घंटों से तैर रहे हैं। मैं अनेक वर्षों से देश की सेवा कर रहा हूँ। वे गत सोमवार से बुखार से पीड़ित हैं (रहे हैं)। दो दिनों से वर्षा हो रही है। मैं 9 बजे से व्यायाम कर रहा हूँ।

Vocabulary : कहना—to say, to tell, अनेक वर्षों से—for several years, संघर्ष करना—to struggle, परीक्षा की तैयारी करना—to prepare for the examination, वकालत करना—to practise/advocate/plead as a lawyer, घंटों से—for hours, तैरना—to swim, सेवा करना—to serve, बुखार से पीड़ित होना—to suffer from fever, व्यायाम करना—to take exercise.

Negative Sentences

have/has के बाद not लगाएँ। जैसे—

1. मैं सुबह से नहीं दौड़ रहा हूँ।	I have not been running since morning.
2. वह 2005 ई॰ से इस शहर में नहीं रह रहा है।	He has not been living in this town since 2005.
3. तुम दो दिनों से काम नहीं कर रहे हो।	You have not been working for two days.
4. मैं जनवरी से परीक्षा की तैयारी नहीं कर रहा हूँ।	I have not been preparing for the examination since January.

Interrogative Sentences

Have/Has को Subject के पहले रखें। जैसे—

1. क्या वह सुबह से दौड़ रहा है ?	Has he been running since morning?
2. क्या तुम वर्षों से यह काम नहीं कर रहे हो ?	Have you not been doing this work for years?
3. क्या मैं 2006 ई॰ से तुम्हें नहीं पढ़ा रहा हूँ ?	Have I not been teaching you since 2006?
4. क्या मैं 2004 ई॰ से इस शहर में नहीं रह रहा हूँ ?	Have I not been living in this town since 2004?

5. क्या राम 2006 ई॰ से पढ़ रहा है ?	Has Ram been reading since 2006?
6. क्या वे लोग 9 बजे से व्यायाम नहीं कर रहे हैं ?	Have they not been taking exercise since 9 o'clock?
7. क्या वे देश की सेवा नहीं करते रहे हैं ?	Have they not been serving the country?

Exercise 120

Translate into English—

करीम दो दिनों से इंतजार नहीं कर रहा है। मैं सुबह से काम नहीं कर रहा हूँ। वे वर्षों से अँगरेजी नहीं पढ़ रहे हैं। मैं 2004 ई॰ से इस स्कूल में नहीं आ रही हूँ। गीता गत सोमवार से काम नहीं कर रही है। विद्यार्थी लोग दो घंटों से हो-हल्ला नहीं कर रहे हैं। वह मेरी मदद वर्षों से नहीं कर रहा है। क्या तुम 10 बजे से पढ़ रहे हो ? क्या सोहन सुबह से सो रहा है ? क्या गीता 2004 ई॰ से इस काम को कर रही है ? क्या मैं बचपन से संगीत (music) नहीं सीख रहा हूँ ? क्या वे चार दिनों से बुखार से पीड़ित रहे हैं ? क्या आप गत साल से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं ? क्या सुबह से वर्षा नहीं हो रही है ? क्या मैं आपकी मदद वर्षों से नहीं कर रहा हूँ ? क्या सरकार अनेक वर्षों से हमारी सेवा नहीं कर रही है ? क्या तुम सुबह से पत्र नहीं लिख रहे हो ? क्या वे देश की सेवा अपने विद्यार्थी-जीवन से (since his student life) नहीं कर रहे हैं ?

What/When/Why/Where/How/How long का प्रयोग

प्रश्नवाचक हिन्दी वाक्यों में कब, क्यों, कहाँ, कब से (How long/Since when) इत्यादि रहने पर अँगरेजी वाक्यों की बनावट इस प्रकार हो जाती है—

What Why Where How How long	have/has	subject	(not)	been	+V-ing?

not को have/has के साथ haven't/hasn't के रूप में भी रख सकते हैं।

Note : गुस्सा दिखाने में Since when का प्रयोग होता है। जैसे—

Since when did he listen to me?

Solved Examples:

1. आप क्या करते रहे हैं ?	What have you been doing?
2. सीता एक घंटे से क्या पढ़ रही है ?	What has Sita been reading for an hour?
3. आपका बच्चा एक घंटे से क्यों चिल्ला रहा है ?	Why has your child been crying for an hour?

4. वे लोग 10 बजे से क्या कर रहे हैं ?	What have they been doing since 10 o'clock?
5. सुरेश सुबह से क्यों नहीं पढ़ रहा है ?	Why has Suresh not been reading since morning?
6. तुम इस स्कूल में कब से पढ़ रहे हो ?	How long have you been reading in this school?
7. वह सुबह से कहाँ पढ़ रही है ?	Where has she been reading since morning?
8. वह कैसे पिछले तीन वर्षों से सफलता पाने के लिए कोशिश कर रहा है ?	How has he been trying to get success for last three years?
9. सरकार वर्षों से क्या कर रही है ?	What has the government been doing for years?
10. आप कब से श्याम की मदद कर रहे हैं ?	How long have you been helping Shyam?
11. आप वहाँ कब से नहीं जा रहे हैं ?	How long have you not been going there?
12. सुबह से वर्षा क्यों नहीं हो रही है ?	Why has it not been raining since morning?

Exercise 121

Translate into English—

आप सुबह से क्या पढ़ रहे हैं ? सीता गत सोमवार से कहाँ रह रही है ? वे लोग सुबह से क्यों चिल्ला रहे हैं ? तुम दस दिनों से काम क्यों नहीं कर रहे हो ? आप कब से स्कूल नहीं जा रहे हैं ? वह कैसे परीक्षा की तैयारी करती रही है ? आपका दोस्त सुबह से क्यों दौड़ रहा है ? वह सुबह से क्यों सो रहा है ? आप कैसे वर्षों से देश की सेवा कर रहे हैं ? वह कैसे दो वर्षों से तुम्हारी मदद नहीं कर रहा है ? वह कई दिनों से अपना चश्मा क्यों नहीं लगा रहा है ? आप इन दिनों क्या कर रहे हैं ? आप कब से मेरा इंतजार कर रहे हैं ? आप कब से इस कम्पनी में काम कर रहे हैं ? वह इस शहर में कब से रह रहा है ? आप कल से काम क्यों नहीं कर रहे हैं ? वह दो दिनों से मेरा इंतजार क्यों नहीं कर रही है ? आप सुबह से कहाँ काम कर रहे हैं ? आप सुबह से क्या नहीं कर रहे हैं ?

Vocabulary: चिल्लाना—to cry, to shout, चश्मा लगाना—to use glasses, कम्पनी—company, इंतजार करना—to wait.

Exercise 122 (Miscellaneous)

Translate into English—

वह सुबह से दौड़ रहा है। तुम सुबह से नहीं पढ़ रहे हो। वह बचपन से कुछ

नहीं कर रहा है। वह लापरवाही से पैसे खर्च करता रहा है। क्या राम बाबू 2003 ई॰ से इस विद्यालय में पढ़ा रहे हैं ? क्या तुम गत सोमवार से अँगरेजी नहीं पढ़ रहे हो ? आप 9 बजे से क्या कर रहे हैं ? वह दस दिनों से कहाँ रह रही है ? वह कब से इस मकान में रह रहा है ? वह शाम से क्यों नहीं आ रहा है ? मैं वर्षों से आपका इंतजार कर रहा हूँ। वह रात से खाना क्यों नहीं खा रही है ? आप सुबह से विश्राम क्यों कर रहे हैं ? आप इस नौकरी के लिए कब से कोशिश कर रहे हैं ? क्या वह सुबह से दौड़ रहा है ?

Vocabulary: लापरवाही से—carelessly, thoughtlessly, inconsiderately, खर्च करना—to spend, विश्राम करना—to take rest.

Exercise 123

Translate into English—

राम मेरा दोस्त है। वह दसवें वर्ग में पढ़ता है। वह हिन्दी जानता है, लेकिन अँगरेजी नहीं जानता। मैं उसे अँगरेजी पढ़ाना चाहता हूँ। राम एक तेज विद्यार्थी रहा है, इसलिए उसे अधिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उसे हिन्दी का अच्छा ज्ञान है। उसने वर्षों हिन्दी पढ़ी है। उसने हिन्दी में कविताएँ भी लिखी हैं। वह संस्कृत का भी अध्ययन करने जा रहा है। उसने हमेशा मेरी मदद की है। मैं भी वर्षों से उसकी मदद करता रहा हूँ। मैं आज सुबह से उसे अँगरेजी पढ़ा रहा हूँ। राम के पिता एक हाकिम हैं। उन्हें सुबह से शाम तक काम करना पड़ता है। अतः उनके पास राम के लिए समय नहीं है, लेकिन मेरे पास राम के लिए समय है। राम को अँगरेजी पढ़नी है। वह इसके लिए तैयार है। उसे अँगरेजी का अच्छा ज्ञान होगा। मैंने उसे पढ़ाने का वादा किया है। इसलिए मैंने उसे समय दिया है। परंतु, उसे नियमित होना पड़ेगा। उसे समय पर आना होगा।

Vocabulary: कठिनाई—difficulty, सामना करना—to face, ज्ञान—knowledge, कविता—poem, अध्ययन करना—to study, हमेशा—always, वादा करना—to promise, नियमित—regular, समय पर—in time.

Exercise 124

Translate into English—

क्या तुमने कोशिश की है ? तुमने क्या किया है ? क्या आप राम को जानते हैं ? राम पटना में रहता है। वह एक साड़ी खरीदने जा रहा है। वह साड़ी क्यों खरीदना चाहता है ? वह साड़ी खरीदने कहाँ जा रहा है ? आप इसके बारे में (about) नहीं जानते। क्या आप जानते हैं कि मैंने एक रेडियो खरीदा है ? क्या आपका भाई जानता है कि आप सुबह से खेल रहे हैं ? वे लोग जानते हैं कि मैंने कुछ नहीं किया है। तुम कैसे जानते हो कि सीता कल आ रही है ? वह वर्षों से कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली है। उसने क्या करना चाहा है ? क्या तुम नहीं जानते हो कि सुबह से वर्षा हो रही है ? राम कैसे एक अच्छा विद्यार्थी रहा है ? वह दो वर्षों से अच्छा विद्यार्थी रहा है। उसने कभी अच्छा आदमी बनने की कोशिश नहीं की है। आप उसे कब से जानते हैं ? मैं उसे दो वर्षों से जानता हूँ।

Exercise 125

Translate into English—

क्या तुम मुझे गधा कहते हो (call me an ass)? तुम मेरी शक्ति (power/strength) को नहीं जानते। तुम्हें पछताना पड़ेगा। मैंने तुम्हें दस वर्षों से जाना है। तुम एक बेवकूफ आदमी रहे हो। तुम मेरे विरुद्ध कुछ नहीं करने जा रहे हो। मैं तुम्हें पीटने जा रहा हूँ। मैं तुम्हें गाली दे रहा हूँ। मेरा भाई एक हाकिम है। वह तुम्हें वर्षों से धमका रहा है। क्या तुम भूल गए हो ? वह कल आ रहा है। वह क्यों आ रहा है? वह मुझसे मिलने आ रहा है। वह कुश्तीबाज (wrestler) रहा है। उसने अनेक बदमाशों (scoundrel) को पीटा है। वह तुम्हें पीटनेवाला है। मुझे तुम्हारे विरुद्ध उसे कहना पड़ेगा।

Vocubulary: पछताना—to repent, to regret, मेरे विरुद्ध—against me, गाली देना—to abuse, धमकाना—to threaten, to menace, भूलना—to forget.

Exercise 126 (Advanced Learner's)

Translate into English—

आप वर्षों से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आपको सफलता नहीं मिली है। वह सुबह से तुम्हारा इंतजार कर रही है और तुम उससे मिलना नहीं चाहते। आपकी सरकार वर्षों से क्या कर रही है ? तुम सुबह से रेडियो ठीक करने की कोशिश कर रहे हो और अभी तक ठीक नहीं कर पाए हो। क्या कर रहे हो तुम वर्षों से ? आपको आराम चाहिए, क्योंकि आप चार घंटे दौड़े हैं। वह कोशिश कर रहा है। घंटों से वर्षा हो रही है। आपके पास एक नौकर है जो (who) वर्षों से आपकी सेवा कर रहा है। हमलोग अपने देश के विकास के लिए (for the development of our country) क्या कर रहे हैं ? वे दस बजे से दौड़ रहे हैं, इसलिए थक गए हैं। सीता वर्षों से गाय का दूध पी रही है। क्या तुम एम॰पी॰ बनोगे ? क्या तुम इसके लिए वर्षों से तैयारी कर रहे हो ? उसके पास कलम क्यों नहीं थी ? वह सुबह से क्यों दौड़ रहा है ? उसने 2002 ई॰ से मेहनत की है, लेकिन सफल नहीं रहा है। क्या तुम्हारे पास दिमाग है ? क्या आप सुबह से इसका प्रयोग कर रहे हैं ? तुम्हारे पास कुछ नहीं रहेगा, क्योंकि तुम वर्षों से धन बरबाद करते रहे हो। मेरा कुछ नहीं है, सब भगवान् का है। इसलिए जो हो रहा है, सही है। मुझे पैसों से प्यार नहीं है, इसलिए मैं उसे खर्च कर रहा हूँ। तुमने क्या देखा है ?

Vocabulary: कोशिश करना—to try, सफलता मिलना—to get success, ठीक करना—to repair, आराम—rest, तैयारी करना—to prepare, सफल—successful, दिमाग—mind, sense, brain प्रयोग करना—to use, बरबाद करना—to waste.

Past Indefinite Tense

Past Indefinite Tense की क्रिया से यह पता चलता है कि कार्य भूतकाल में किसी समय समाप्त हो गया। जब हिन्दी वाक्यों की क्रियाओं की बनावट धातु + आ/ई/ए + (था/थी/थे) होती है, तब इन क्रियाओं का अनुवाद प्रायः Past

Indefinite Tense में होता है। Past Indefinite Tense में उपयुक्त क्रिया के V^2 form का प्रयोग किया जाता है। जैसे—

मैंने खाया/मैंने खाया था—I ate. (eat का V^2 ate)

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I ate.	We ate.
Second Person	You ate.	You ate.
Third Person	He She It Ram ate.	They ate. The boys ate. Ram and Shyam ate.

Note : ''मैंने खाया'' या ''मैंने खाया था'' दोनों का अनुवाद "I ate" ही होगा। कुछ लोग ''मैंने खाया था'' का अनुवाद "I had eaten." बना देते हैं जो गलत है। वे गलती से इसकी क्रिया को Past Perfect Tense में होना समझ लेते हैं।

Solved Examples:

1. मैंने खाया/खाया था।	I ate.
2. सीता गई/गई थी।	Sita went.
3. बच्चे गए।	The children went.
4. आग लगी।	A fire broke out.
5. मैं स्कूल गया।	I went to school.
6. वह मेरे पास आया।	He came to me.
7. सीता ने रोटी खाई।	Sita ate bread.
8. उसने एक पक्षी मारा था।	He killed a bird.
9. राम ने मुझे एक पुस्तक दी।	Ram gave me a book.
10. राम ने सुग्रीव की मदद की थी।	Ram helped Sugreev.
11. मोहन पटना गया था।	Mohan went to Patna.
12. उसने मुझे गाली दी थी।	He abused me.
13. उसने एक चिट्ठी लिखी थी।	He wrote a letter.
14. उन्होंने गरीबों की मदद की।	They helped the poor.
15. दशरथ अयोध्या पर राज करते थे।	Dashrath reigned over Ayodhya.

Exercise 127

Translate into English—

मैं गया। तुम रोए। राज ने पढ़ा। गीता ने खेला। मैंने खेला था। उसने पढ़ा था। उसने मेरी सहायता की थी। आपने गाली दी थी। वे पटना गए थे। मैंने उसे

चाहा था। राम स्कूल गया। बच्चे घर आए। मैंने कार्य आरम्भ किया। उसने इनाम पाया। उसने मुझे गाली दी। शिक्षक ने अँगरेजी पढ़ाई। उन्होंने एक प्रश्न किया। छात्रों ने जवाब दिया। वह कल आया। उसने एक कलम खरीदी। उन्होंने अपनी कार बेच दी। उसने मुझे एक कलम दी। राम ने सुग्रीव की मदद की। मैंने स्वप्न देखा। वे पटना गए। मैंने चाय पी। मेरी माँ ने मुझे प्यार किया। मैंने उसे धन्यवाद दिया। वह खुश हो गया। उसने वादा किया। लड़कों ने काम किया। लता ने गाना गाया। गाड़ी खुल गई। उसने तुम्हें देखा। मैंने यह सुना। उसने एक चिट्ठी लिखी। हमलोगों ने मैच जीता।

Vocabulary: गाली देना—to abuse, to revile, चाहना—to like, to prefer, आरम्भ करना—to start, to begin, इनाम पाना—to get a prize/an award, प्रश्न करना—to ask a question, जवाब देना—to reply, to answer, स्वप्न देखना—to dream, चाय पीना—to take tea, धन्यवाद देना—to thank, खुश हो गया—became pleased, वादा करना—to promise, सुनना—to hear.

Infinitive का प्रयोग

इन्हें पढ़ें और समझें—

1. राम ने जाना चाहा।	Ram wanted to go.
2. राम ने पटना जाना चाहा।	Ram wanted to go to Patna.
3. सीता ने गीता की जान बचानी चाही।	Sita wanted to save the life of Geeta.
4. उसने मैच जीतने की कोशिश की।	He tried to win the match.
5. वह एक डॉक्टर बनना चाहता था।	He wanted to be a doctor.
6. वह मुझसे मिलने आया था।	He came to see me.
7. वह राम को देखने गया था।	He went to see Ram.
8. उसने (स्त्री०) मुझे भूल जाना चाहा।	She wanted to forget me.
9. उसने कुछ करना चाहा।	He wanted to do something.
10. वह मुझे पीटना चाहता था।	He wanted to beat me.

उपर्युक्त प्रत्येक हिन्दी वाक्य में दो क्रियाएँ है। अंतिम क्रिया का अनुवाद Past Indefinite Tense में है और ठीक उससे पहलेवाली क्रिया का Infinitive के रूप में। ध्यान दें कि Infinitive में to के बाद Verb का मूल रूप आता है, जैसे—to go. यहाँ to went/to goes/to gone/to going नहीं होगा।

Exercise 128

Translate into English—

उसने मुझे मारना चाहा। मैंने यह काम करना चाहा। मैंने तुम्हें पढ़ाना चाहा। उसने एक पुस्तक खरीदनी चाही। मैंने श्याम की मदद करनी चाही। मैंने पास करने की कोशिश की। तुमने जानना चाहा। राम ने अपने दोस्त की जान बचानी चाही।

वह मुझसे मिलने आया था। राम पटना जाना चाहता था। वह अपने दोस्त को देखने गया। वह एक डॉक्टर बनना चाहता था। सीता एक गाना गाना चाहती थी। उसने चिल्लाने की कोशिश की। उसने भूलना चाहा। शिक्षक ने पढ़ाने की कोशिश की। उसने अवहेलना करने की कोशिश की। उसने जाने की अनुमति दी। मैंने उसे जाने की आज्ञा दी। उसने एक गिलास पानी लाने की आज्ञा दी। मैंने इस काम को करने की कोशिश की। तुमने कुछ करना चाहा। उसने कहना चाहा। आप पढ़ना चाहते थे। मैं यह जानना चाहता था। सीता वापस आना (to come back) चाहती थी। मैं उसे मारना चाहता था। मैं काम करना चाहता था।

Vocabulary : जान—life, बचाना—to save, देखना/मिलना—to see, डॉक्टर बनना—to be a doctor, भूलना—to forget, अवहेलना करना—to avoid, to neglect, अनुमति देना—to allow, to permit, आज्ञा देना—to order, लाना—to bring, कुछ—something.

Negative Sentences

Subject के बाद did not/didn't दें और तब verb का मूल रूप। इस प्रकार Negative Sentence की बनावट होती है—

Subject + did not + V^1.

Solved Examples:

1. उसने नहीं खाया।	He did not/didn't eat.
2. मैंने नहीं पढ़ा।	I did not/didn't read.
3. तुमने नहीं खाया था।	You did not eat.
4. लड़के स्कूल नहीं गए।	The boys did not go to school.
5. उनलोगों ने कोशिश नहीं की।	They did not try.
6. वे मेरी मदद करना नहीं चाहते थे।	They did not want to help me.
7. तुम उसे मारना नहीं चाहते थे।	You did not want to kill him.

Exercise 129

Translate into English—

मैंने नहीं देखा। राम ने नहीं खाया। वह नहीं सोई। तुम स्कूल नहीं गए। वह नहीं आया। तुम्हारे भाई ने काम नहीं किया। मैंने नहीं जाना। उसने नहीं खाया। बच्चों ने नहीं खाया। वह स्कूल नहीं गया। मैं उसे नहीं जानता था। वह मुझसे नफरत नहीं करती थी। मैं स्कूल जाना नहीं चाहता था। उन्होंने कोशिश नहीं की। मैं गीता को भूलना नहीं चाहता था। वे मुझे प्यार नहीं करते थे। तुमने मुझे चेतावनी नहीं दी। मैंने इसे बुरा नहीं माना। आपने देश की सेवा नहीं की। उसने आज्ञा का पालन नहीं किया। तुम स्कूल जाना नहीं चाहते थे। उसने मैच जीतने की कोशिश नहीं की। वह कल पटना नहीं गया। वह कल रात नहीं सोई। बच्चों ने नहीं पढ़ा। उसने तुम्हें गाली नहीं दी। आप अपने गाँव नहीं गए। उसने तुम्हें पुस्तक नहीं दी। आपने पत्र नहीं लिखा। मैंने आपका पत्र नहीं पाया। आपने कुछ भी करना नहीं चाहा। उसने मुझे मारने की कोशिश नहीं की। मैं वहाँ जाना नहीं चाहता था।

Vocabulary: नफरत करना—to hate, to loathe, भूलना—to forget, चेतावनी देना—to warn, to caution, इसे बुरा मानना—to take it ill/amiss, आज्ञा का पालन करना—to obey, सेवा करना—to serve, गाली देना—to abuse/revile.

Interrogative Sentences

यदि वाक्य 'क्या' से शुरू हो, तो वाक्य का अनुवाद Did से शुरू करें। ध्यान रहे कि Did वाक्य में आने पर V^1 का ही प्रयोग होगा। अर्थात्, वाक्य का Structure होगा—

(a) Did + Subject + V^1 ?
(b) Did + Subject + not + V^1?
or, Didn't + Subject + V^1?

Solved Examples:

1. क्या मैंने खाया ?	Did I eat ?
2. क्या लड़के स्कूल गए ?	Did the boys go to school?
3. क्या आपने कोशिश की ?	Did you try ?
4. क्या रामू के पिता ने रामू को पीटा ?	Did Ramu's father beat Ramu?
5. क्या मोहन पढ़ना चाहता था ?	Did Mohan want to read?
6. क्या मोहन ने यह काम नहीं करना चाहा ?	Did Mohan not want to do this work? (*or*, Didn't ..... work?)
7. क्या तुमने गाली नहीं दी ?	Did you not abuse? *or*, Didn't you abuse?

Exercise 130

Translate into English—

क्या मैं गया ? क्या राम सोया ? क्या तुम रोए थे ? क्या राम आया ? क्या बच्चे स्कूल गए ? क्या सीता ने पत्र लिखा था ? क्या मोहन ने एक पुस्तक खरीदी ? क्या रीता ने नृत्य किया ? क्या उन्होंने तुम्हारी मदद की ? क्या राम जाना चाहता था ? क्या तुमने पत्र नहीं पढ़ा ? क्या आपने वह काम नहीं किया ? क्या गीता ने अँगरेजी नहीं सीखी ? क्या आपने मैच जीतने की कोशिश नहीं की ? क्या वे लोग तुम्हारे पास आए ? क्या तुमने उन्हें उस काम को करने की अनुमति दी ? क्या राज अँगरेजी नहीं जानता था ? क्या नीता गाना गाती थी ? क्या आपने कल श्याम को देखा ? क्या आप मुझे भूल गए ? क्या आप उसे नहीं भूले ? क्या अँगरेजों ने भारत छोड़ा ? क्या हमारा देश आजाद नहीं हुआ ? क्या राम ने तुम्हें मारना नहीं चाहा ? क्या तुमने श्याम को गाली देने की कोशिश नहीं की ?

Vocabulary: सीखना—to learn, तुम्हारे पास—to you, अनुमति देना—to allow, to permit, अँगरेज—The English/Englishmen, छोड़ना—to leave, आजाद होना—to become free/independent.

What / When / How / Where / Why का प्रयोग

What When How Where Why	did	subject	(not)	V^1?

not को subject के पहले didn't के रूप में भी रख सकते हैं।

Solved Examples:

1. वह कहाँ गया ?	Where did he go?
2. बच्चे कब आए ?	When did the children come?
3. तुमलोग पटना कब गए थे ?	When did you go to Patna?
4. लड़के स्कूल क्यों नहीं गए ?	Why did the boys not go to school? (*or,* Why didn't the .... ?)
5. उसने क्या करना चाहा ?	What did he want to do?
6. आपने कैसे परीक्षा की तैयारी की ?	How did you prepare for the examination?
7. आपने ध्यान क्यों नहीं दिया ?	Why didn't you mind?
8. तुम्हारे भाई ने तुम्हें क्यों पीटना चाहा ?	Why did your brother want to beat you?
9. उसने तुम्हें क्या दिया ?	What did he give you?

Exercise 131

Translate into English—

मैंने क्या किया ? तुम कब गए ? राम कहाँ गया ? हमलोगों ने क्या देखा ? सीता ने क्या खाया ? आपने कब काम किया ? राम ने श्याम को कब पीटा ? सीता स्कूल क्यों नहीं गई थी ? तुमने पत्र कहाँ भेजा ? आपलोग कब आए ? लड़कों ने क्या किया ? मैंने क्या चाहा ? उसने क्या करना चाहा ? सीता ने क्यों श्याम की मदद की ? उसने मुझे क्या लाने के लिए कहा ? गीता ने क्यों पुस्तक चुराने की कोशिश की ? उसने वहाँ क्यों नहीं जाना चाहा ? आपने कब काम करने की कोशिश की ? उनलोगों ने कैसे मैच जीता ? आपने शादी क्यों नहीं की ? सीता कब और कहाँ गई ? सरकार ने हमलोगों को क्या दिया ? भाग्य ने कैसे तुम्हारा साथ नहीं दिया ? आप क्या चाहते थे ? आपने ऐसा क्यों नहीं चाहा ? आपने यह बात कैसे नहीं जानी ? उसने क्या खाना पसन्द किया ? राम ने सीता को क्यों पसन्द किया ? प्राचार्य ने परीक्षा देने के लिए अनुमति क्यों नहीं दी ?

Vocabulary: भेजना—to send, लाना—to bring, कहना—to say, to tell, चुराना—to steal, शादी करना—to marry, भाग्य—luck, fortune, साथ देना—to favour, खाना—to eat, परीक्षा देना—to appear at the examination.

Exercise 132

Translate into English—

[A]

राम पटना में रहता था। वह श्याम से मिला। उसने श्याम को पसन्द नहीं किया। श्याम अँगरेजी नहीं जानता था। श्याम अँगरेजी क्यों नहीं जानता था ? क्या श्याम ने अँगरेजी नहीं पढ़ी थी ? क्या श्याम ने अँगरेजी पढ़नी नहीं चाही ? राम ने क्या किया ? क्या उसने श्याम को पढ़ाया ? क्या श्याम ने अँगरेजी पढ़नी चाही ?

[B]

अँगरेज भारत आए। उनलोगों ने भारत को देखा और इसकी स्थिति को समझा। वे शासन करना चाहते थे। उनलोगों ने यहाँ एक कम्पनी खोली। उनलोगों ने भारत की एकता को तोड़ा। उन्होंने हमें छोटे-छोटे खंडों में बाँट दिया। फलस्वरूप हम कमजोर हो गए। हम गुलाम हो गए। हमें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हमने अपने अधिकार और शांति खो दिए। ओक लोगों ने इसके विरुद्ध आवाज उठाई। हम एक जुट हुए। महात्मा गाँधी हमारी मदद के लिए आए। उन्होंने हमें एक नई रोशनी दी। हमने सही रास्ता जाना। देश के लिए हजारों लोगों ने अपनी जान की कुरबानियाँ दीं। देश 15 अगस्त 1947 ई॰ को आजाद हो गया।

Vocabulary: अँगरेज—The English, स्थिति—situation, condition, समझना—to understand, शासन करना—to rule, कम्पनी—company, खोलना—to establish, एकता—unity, तोड़ना—to spilit, to break, छोटे-छोटे खंडों में—into small units (sections or groups), बाँटना—to divide, फलस्वरूप—as a reslut, गुलाम—slave, कठिनाई—difficulty, समना करना—to face, अधिकार—right, शान्ति—peace खो देना—to lose, इसके विरुद्ध आवाज उठाई—raised voice against it, एकजुट होना—to become united, मदद के लिए आए—came to help, नई रोशनी देना—to illuminate the new light, सही रास्ता—right/ proper way (direction, path), कुरबानी देना—to sacrifice, आजाद होना—to become independent.

Exercise 133 (Advanced Learner's)

Translate into English—

मैंने यह काम किया। तुमने यह काम क्यों किया ? मैंने यह काम किया, क्योंकि मेरे पास दूसरा (other) काम नहीं था। मैं तुम्हे पीटना चाहता था। तुम मुझे वर्षों से ठग रहे हो। मैंने तुम्हें कभी नहीं ठगा है। मैं किसी को ठगना नहीं जानता। तुम इतनी मेहनत क्यों करते थे ? मैं एक डॉक्टर बनना चाहता था। क्या अब नहीं चाहते ? मैं चाहता हूँ, परंतु मेरे पास कुछ कठिनइयाँ है। इसलिए मैंने अपना इरादा (intention/view/plan) बदल लिया है। अब मैं एक किसान बनूँगा। क्या मैंने ठीक नहीं किया है ? आप मुझे क्या सलाह (what advice) देते हैं ? क्या उस लड़की ने तुम्हारे प्रस्ताव (proposal) को स्वीकार (accept) किया ? उसका कोई विरोध नहीं था (had no objection), परन्तु उसकी माता ने स्वीकार नहीं किया। क्या हुआ तब ? वही हुआ जैसा होता आ रहा है। वह अपने घर में है और मैं अपने घर में। क्या

आप कोई अंतर (any difference) महसूस करते है ? मैं बहुत बड़ा अंतर महसूस करता हूँ। तुम क्या करनेवाले हो ? मैं नहीं जानता कि मैं क्या करनेवाला हूँ (What I am to do)।

Vocabulary: ठगना—to cheat, to dupe, बदलना—to change/vary, होना—to happen, महसूस करना—to feel, to realize.

Some Special Tyeps of Sentences

(I) इन वाक्यों पर विचार करें—

1. मैं वहाँ जाया करता था।
2. वह धूम्रपान किया करती थी।
3. वह उपन्यास पढ़ा करती थी।
4. मैं रोज मंदिर जाया करता था।
5. मैं टहला करता था।
6. वह उनलोगों को ठगा करता था।

उपर्युक्त वाक्यों के भाव से पता चलता है कि कर्ता को कोई खास काम करने की आदत थी। वे ऐसे हमेशा या प्रायः अथवा बार-बार भूतकाल में करते थे। ऐसे वाक्यों का अनुवाद इस प्रकार होता है—

Subject + used to + V^1 + extra words.

ऊपर दिए गए वाक्यों का अनुवाद—

1. I used to go there.
2. She used to smoke.
3. She used to read novels.
4. I used to go to temple everyday.
5. I used to walk.
6. He used to cheat them.

Negative and Interrogative Sentences

'used to' एक Modal Auxiliary है, जैसा कि can, could, may, might इत्यादि हैं। अन्य Modal Auxiliaries की तरह इसका Negative 'not' लगाकर तथा Interrogative 'used' को Subject के पहले रखकर बनाया जाता है। अर्थात्, used to का Negative 'used not to / usedn't to' होता है। बोलचाल की भाषा में didn't use to का भी प्रयोग होता है। didn't use to के प्रयोग को बहुत-से लोग गलत मानते हैं, परन्तु ऐसी बात नहीं है। used not to/usedn't to का प्रयोग standard माना जाता है, परन्तु didn't use to को बोलचाल की भाषा में प्रयोग किया जा रहा है। [*See 'used to' in Oxford Advanced Learner's Dictionary of Current English : A.S. Hornby*]

Solved Examples:

1. मैं टहला नहीं करता था।	I usedn't to walk. *or,* I used not to walk. *or,* I didn't use to walk.

(तीसरे प्रकार से किया गया अनुवाद प्रायः बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त होता है जो **informal** तथा colloquial है।)

2. सीता गाना नहीं गाया करती थी।	Sita used not to sing.
3. क्या राम पढ़ाया करता था ?	Used Ram to teach? or Did Ram use to teach?
4. क्या आप सुबह में नहीं टहला करते थे ?	Used you not to walk in the morning ? or Usedn't you to walk in the morning? or Didn't you use to walk in the morning?
5. वह तुम्हें क्यों पीटता था/पीटा करता था ?	Why used he to beat you?
6. तुम वहाँ क्यों जाया करते थे ?	Why used you to go there? or Why did you use to go there?

Note: अगर वाक्य के भाव से स्पष्ट हो कि कोई काम करने की आदत या कोई स्थिति past में स्थायी रूप से बनी रही, तो ऐसे वाक्यों का अनुवाद Past Indefinite Tense या used to के प्रयोग से करना चाहिए। जैसे—

1. उस जंगल में एक बाघ रहा करता था।	There lived a tiger in that forest. or There used to live a tiger in that forest.
2. उस विद्यालय में शिक्षक बालकों को पीटा करते थे।	The teachers used to beat the students in that school. or The teachers beat the students in that school.

[''मैं जाता हूँ'' या ''मैं जाया करता हूँ'' दोनों का अनुवाद "I go" ही होगा। "I use to go" नहीं होगा। वर्तमानकाल में आदत दिखाने के लिए Present Indefinite Tense की क्रिया ही काफी है। इस प्रकार के वाक्यों में use to/uses to का प्रयोग गलत होगा। ''मैं जाता हूँ'' का अर्थ ही होता है—मैं जाया करता हूँ। past time में आदत दिखाने के लिए used to का प्रयोग आवश्यक होता है।]

Exercise 14

Translate into English—

मैं वहाँ जाया करता था। तुम अपने भाई को पीटा करते थे। मैं श्याम को नहीं पीटा करता था। वह मेरे यहाँ आया करता था। आप सुबह में टहला करते थे। वह धूम्रपान किया करता था। क्या वह धूम्रपान किया करता था ? मैं पढ़ता था। वह तुम्हारे पास क्यों आया करता था ? वह नहीं आया करता था। वह मुझे पढ़ाया करता था। वह मुझे पीटा करता था। सीता गाना गाया करती थी। वे नहीं टहला करते थे। तुम धूम्रपान नहीं किया करते थे। वह कहानियाँ लिखा करता था। क्या

आप अपने भाई को पढ़ाया करते थे ? क्या वह मंदिर नहीं जाया करता था ? क्या तुम अपनी पत्नी को नहीं पीटा करते थे ? सीता कहाँ रहा करती थी ? तुम कैसे अपने दिन बिताया करते थे ? वह अपनी पत्नी की बातें नहीं सुना करता था। वह उसे पीटा करता था। वह पैसा बरबाद किया करता था। वह हमेशा इधर-उधर भटकता रहता था। वह ऐसा क्यों किया करता था ? तुम पढ़ा करते हो। मैं रोज स्कूल जाया करता हूँ। क्या तुम रोज राम के यहाँ जाया करते हो ? सीता कब आया करती है ?

Vocabulary: धूम्रपान करना—to smoke, कहानी—story, tale, मंदिर—temple, बिताना—to spend, to pass, सुनना—to listen (to), to hear, बरबाद करना—to waste, इधर-उधर भटकना—to wander here and there.

(II) इन वाक्यों पर विचार करें—

(a) वह हँसने लगी।
(b) रामू रोने लगा।
(c) गीता काम करने लगी।
(d) वह गाली देने लगा।
(e) रामू हाँफने लगा।
(f) वे लोग दौड़ने लगे।

ऐसी वाक्यों के भाव से स्पष्ट है कि अमुक काम किसी घटना के उपरांत शुरू हुआ। ऐसे वाक्यों का structure होता है—

Subject + began + infinitive.
[infinitive का अर्थ है—to + V^1]

उपर्युक्त वाक्यों का अनुवाद—

(a) She began to laugh.
(b) Ramu began to weep.
(c) Geeta began to wrok.
(d) He began to abuse.
(e) Ramu began to pant.
(f) They began to run.

Negative & Interrogative Sentences

(a) वह नहीं रोने लगी।	She did not begin to weep.
(b) क्या वे लोग गाँव में रहने लगे ?	Did they begin to live in the village?
(c) क्या वह नहीं रोने लगी ?	Did she not begin to weep?
(d) वे लोग क्यों भागने लगे ?	Why did they begin to flee way?
(e) वह तुम्हें क्यों मारने लगा ?	Why did he begin to beat you?

Note : यहाँ ध्यान देनेवाली बात यह है कि वाक्य के भाव से स्पष्ट रहता है कि अभीष्ट काम किसी घटना के उपरांत शुरू हो गया। इसलिए ऐसे वाक्यों का अनुवाद 'to begin' verb से बनता है। 'to begin' का अर्थ है—शुरू होना। ''वह रोने लगी।'' इसका अर्थ है '' उसने रोना शुरू कर दिया।'' इसी प्रकार वाक्य के भाव से यह लगे कि कार्य-व्यापार वर्तमानकाल में शुरू होता है, तो वहाँ भी 'to begin' verb के द्वारा ही अनुवाद किया जाएगा। जैसे—

(a) वह पढ़ने लगता है।	He begins to read.
(b) सीता गाने लगती है।	Sita begins to sing.
(c) तुम रोने लगते हो।	You begin to weep.
(d) वर्षा होने लगती है।	It begins to rain.
(e) मैं संदेह करने लगता हूँ।	I begin to doubt.
(f) वह मारने लगता है।	He begins to beat.
(g) वह नहीं रोने लगता है।	He does not begin to weep.
(h) क्या आप संदेह करने लगते हैं ?	Do you begin to doubt?
(i) क्या वह नहीं गाने लगती है ?	Does she not begin to sing?
(j) आप क्यों संदेह करने लगते हैं ?	Why do you begin to doubt?
(k) तुम क्या सोचने लगते हो ?	What do you begin to think?
(l) वह रोने लगेगा।	He will begin to weep.

Exercise 135

Translate into English—

आप संदेह करने लगते हैं। तुम पढ़ने लगती हो। वर्षा होने लगती है। वह गाने लगा। तुम पीटने लगे। मैं काम करने लगा। बच्चे हँसने लगे। वह नहीं पढ़ने लगता है। क्या वह गाने लगती है ? आप क्या सोचने लगते हैं ? वे लोग कहाँ रहने लगे ? क्यों सीता नहीं रोने लगी ? तुमलोग क्या करने लगे ? वह नहीं रोने लगी। वे क्यों झोपड़ियों में रहने लगे ? क्या वह नहीं जाने लगा ? सीता क्यों पछताने लगी ? क्या बच्चे पढ़ने लगते हैं ? गीता क्यों काम करने लगती है ? तुम क्या सोचने लगे ? तुम्हारे पति क्यों संदेह करने लगते हैं ? वह कैसे पछताने लगी ?

Vocabulary: संदेह करना—to doubt, to suspect, सोचना—to think, to reflect (on/upon), झोपड़ी—cottage, hut, पछताना—to repent, to regret.

(III) इन वाक्यों को ध्यान से देखें—

(a) मैं पढ़ता ही तो हूँ।
(b) मैं लिखता ही तो हूँ।
(c) राज गाता ही तो है।
(d) मैं पढ़ता ही तो था।
(e) मैं लिखता ही तो था।
(f) राज गाता ही तो था।

ऐसे वाक्यों में क्रिया के बाद 'ही तो' का प्रयोग होने से यह बोध होता है कि कार्य-व्यापार पर बहुत जोर दिया जा रहा है। ऐसे वाक्यों का अनुवाद इस प्रकार करें—

$$S + do/does/did + V^1.$$

(a) I do read.
(b) I do write.
(c) Raj does sing.
(d) I did read.
(e) I did write.
(f) Raj did sing.

(IV) इन वाक्यों पर विचार करें—

(a) वह पढ़ता रहता है।
(b) तुम खेलते रहते हो।
(c) राज गाता रहता है।
(d) सीता सोती रहती है।

इन वाक्यों से यह बोध होता है कि कार्य-व्यापार वर्तमानकाल में जारी रहता है। ऐसे वाक्यों का अनुवाद S + go on/goes on + V-ing ढाँचा पर होता है। अभीष्ट वाक्यों का अनुवाद—

(a) He goes on reading.
(b) You go on playing.
(c) Raj goes on singing.
(d) Sita goes on sleeping.

इसी प्रकार यदि वाक्यों से पता चले कि भूतकाल में कोई काम जारी रहा तो अनुवाद S + went on + V-ing के pattern पर बनेगा। जैसे—

(a) मैं पढ़ता रहा।	I went on reading. *or,* I continued to read. *or,* I kept reading.

ऐसे वाक्यों का अनुवाद continued/kept की मदद से भी बनता है, लेकिन continued के बाद infinitive (to + V^1) तथा kept के बाद gerund (V-ing) आता है।

(b) मैं श्याम को घंटों पढ़ाता रहा।	I went on teaching Shyam for hour. *or,* I continued to teach Shyam for hours. *or,* I kept teaching Shyam for hours.

Some More Solved Examples:

(a) क्या मैं खेलता रहता हूँ।	Do I go on playing?
(b) क्या सीता नहीं हँसती रहती है ?	Doesn't Sita go on laughing?
(c) वह क्यों गाती रहती है ?	Why does she go on singing?
(d) वह क्या करती रहती है ?	What does she go on doing?
(e) मैं नहीं रोता रहा।	I did not go on weeping. *or,* I did not keep weeping. *or,* I didn't continue to weep.
(f) तुम क्यों घंटों खड़े रहे ?	Why did you go on standing for hours? *or,* Why did you keep standing for hours? *or,* Why did you continue to stand for hours?

(V) इन वाक्यों पर विचार करें—

(a) वह खेलता ही रहता है।
(b) सीता गाती ही रहती है।
(c) तुम सोते ही रहते हो।
(d) वे लोग हँसते ही रहते हैं।

ऐसे वाक्यों में 'ही' के प्रयोग से यह बोध होता है कि इन वाक्यों के कर्ता सिर्फ एक ही काम करते हैं, कोई दूसरा काम नहीं। जैसे—राम खेलता ही रहता

है—इस वाक्य का अर्थ यह है कि राम सिर्फ खेलने का काम करता है, कोई दूसरा काम नहीं। ऐसे वाक्यों के अनुवाद का pattern होता है—

Subject + do/does + nothing + but + infinitive (without to).

दिए गए वाक्यों का अनुवाद—

(a) He does nothing but play.
(b) Sita does nothing but sing.
(c) You do nothing but sleep.
(d) They do nothing but laugh.

ऐसे भाव को Past Tense में व्यक्त करने के लिए do/does के बदले did दें। जैसे—

(a) मैं खेलता ही रहा।	I did nothing but play.
(b) वे लोग झगड़ते ही रहे।	They did nothing but quarrel.
(c) सीता रोती ही रही।	Sita did nothing but weep.
(d) वह नाचती ही रही।	She did nothing but dance.

ध्यान दें—"मैं खेलता रहा" और 'मैं खेलता ही रहा" दोनों वाक्यों के अर्थ अलग-अलग हैं। अतः अनुवाद में भी बहुत भिन्नता है। 'खेलता रहा' से यह भाव व्यक्त होता है कि खेलने का काम भूतकाल में जारी रहा और 'खेलता ही रहा' से यह भाव व्यक्त होता है कि कर्ता ने past में सिर्फ खेलने का काम किया, दूसरा काम नहीं। इसी प्रकार "मैं खेलता रहता हूँ" और "मैं खेलता ही रहता हूँ" दोनों वाक्यों के अर्थ में अंतर है।

Some More Solved Examples :

(a) क्या राज खेलता ही रहता है ?	Does Raj do nothing but play?
(b) वह क्यों रोती ही रहती है ?	Why does she do nothing but weep?
(c) क्या वे हँसते ही रहे ?	Did they do nothing but laugh?
(d) श्याम क्यों गाता ही रहा ?	Why did Shyam do nothing but sing?

Exercise 136

Translate into English—

मैं पढ़ता ही तो हूँ। राज खेलता ही तो है। वह गाती ही तो है। बच्चे पढ़ते ही तो हैं। तुम जानते ही तो हो। हमलोग पढ़ते ही तो थे। तुम गाते ही तो थे। वे लिखते ही तो थे। मोहन नाचता ही तो था। गीता काम करती ही तो थी। वह हँसती रहती है। वह हँसती ही रहती है। रीता नाचती रहती है। रीता नाचती ही रहती है। क्या वे लोग गाते रहते हैं ? क्या वे लोग गाते ही रहते हैं ? तुम क्यों नाचते रहते हो ? तुम क्यों नाचते ही रहते हो ? तुम क्यों सोते रहते हो ? आप

क्यों सोते ही रहते हैं ? क्या तुम्हारा भाई खेलता रहता है ? तुम्हारे भाई लोग क्यों खेलते रहते हैं ? क्या तुम्हारा भाई खेलता ही रहता है ? क्या तुम्हारे भाई लोग खेलते ही रहते हैं ? वह हँसती रही। वह हँसती ही रही। सीता रोती रही। सीता रोती ही रही। वे नाचते रहे। वे नाचते ही रहे। क्या तुम खेलते रहे ? क्या तुम खेलते ही रहे ? वह क्यों रोती रही ? वह क्यों रोती ही रही ? क्या वे लोग झगड़ते रहे ? क्या वे लोग झगड़ते ही रहे ? तुम क्या करते रहे ? क्या सीता सोती ही रहती है ? क्या सीता सोती ही रही ?

(VI) इन वाक्यों पर विचार करें—

(a) वह रोने ही वाला है।
(b) वह रोने-रोने को है।
(c) वह रोने ही पर है।
(d) वह रोने ही को है।

उपर्युक्त सभी वाक्यों का एक ही अनुवाद है—**He is about to weep.** इन वाक्यों के भाव से स्पष्ट है कि काम बहुत ही शीघ्र शुरू होनेवाला है। आप जानते हैं कि " वह रोनेवाला है" या "वह रोने को है" का अनुवाद **"He is to weep"** है और इससे यह बोध होता है कि अभीष्ट काम भविष्य में होनेवाला है। परन्तु ऊपर दिए गए वाक्यों में 'ही' के प्रयोग से या क्रिया के दोहराने से यह भाव स्पष्ट रूप से व्यक्त हो रहा है कि कार्य-व्यापार शीघ्र (अतिशीघ्र) शुरू होगा। अतः ऐसे वाक्यों का अनुवाद इस Pattern पर होगा—

Subject + am / is / are + about + infinitive.

ऐसे भावों को Past Tense में व्यक्त करने के लिए am/is/are के बदले was/were का प्रयोग करें, इससे यह बोध होगा कि कोई कार्य-व्यापार भूतकाल में अतिशीघ्र शुरू होनेवाला था । जैसे—

(a) मैं जाने को ही था।	I was about to go.
मैं जानेवाला ही था।	
मैं जाने पर ही था।	
(b) सीता रोने-रोने को थी।	Sita was about to weep.
सीता रोने ही वाली थी।	
सीता रोने ही को थी।	
सीता रोने-रोने पर ही थी।	

Solved Examples:

(a) वह क्यों रोने-रोने पर है ?	Why is he about to weep?
(b) क्या रोगी मरने पर ही है ?	Is the patient about to die?
(c) यह बच्चा क्यों हँसने को ही है ?	Why is the child about to laugh?
(d) क्या आप जानेवाले थे ?	Were you to go?
(e) क्या वह तुम्हें मारने-मारने को नहीं था ?	Was he not about to beat you?
(f) वह मरने-मरने को नहीं था।	He was not about to die.

Exercise 137

Translate into English—

सीता रोने-रोने को है। सीता रोने को थी। क्या तुम रोनेवाले थे ? क्या सीता हँसने-हँसने को नहीं है ? वह सोने ही वाला है। वह सोने ही वाला था। तुम क्यों जाने-जाने को हो ? वर्षा होने ही वाली है। मैं बोलनेवाला था। क्या आप नहीं जानेवाले हैं? क्या आप जाने ही वाले हैं? रोगी मरने ही वाला है। रोगी मरने ही वाला था। क्या रोगी मरने ही वाला था? गाड़ी खुलने ही वाली थी। क्या गाड़ी खुलने ही वाली है? आप कहाँ जानेवाले थे? तुम कब जानेवाले हो ? मैं उसकी मदद करने ही वाला था। क्या तुम रोज मंदिर जाया करते हो ? क्या आप धूम्रपान किया करते हैं? मेरा बेटा रोता रहता है। आप पढ़ते ही रहते हैं। वह वहाँ प्रतिदिन जाया करता था। क्या वे रोज आया करते थे ? वह सोता रहा। वह सोता रहता है। वह सोता ही रहता है। आप क्यों संदेह करने लगते हैं ? वर्षा होने लगी। मैं खाता ही तो हूँ। राम पढ़ता ही तो है। वे खेला ही तो थे। क्या रोगी मरने-मरने को नहीं है ? वह क्यों हँसने-हँसने को थी? रम कहाँ जानेवाला था ?

Vocabulary: बोलना—to speak, to talk, रोगी—patient, मरना—to die, खुलना—to start, to leave, to depart, संदेह करना—to doubt, to suspect.

Exercise 138 (Advanced Learner's)

Translate into English—

क्या आप वहाँ रोज जाया करते हैं ? ऐसी बात नहीं है। मैं वहाँ कभी-कभी (sometimes) जाता हूँ। मैं वहाँ खेला करता था लेकिन अब नहीं खेलता हूँ। क्या आप कभी धूम्रपान करते थे ? नहीं, मैंने कभी धूम्रपान नहीं किया। क्या आप उस रोगी को जानते हैं ? वह मरने-मरने पर है। जब मैं उसे मारने गया, वह रोने लगी। जब मैंने उसे गाली दी, वह मुझे मारने लगा। जब वह अपने पति को याद करती है, तब वह रोने लगती है। मैं उससे बात करना (to talk) नहीं चाहता, वह मुझे मारने लगता है। मैं किसी से नहीं मिलती, मेरे पति मुझपर शक करने लगते हैं। जब तुम्हारे पिता तुम्हारे कमरे में आते हैं, तब तुम क्यों पढ़ने लगते हो ? जब वह अपने बीते दिनों को याद करती है, वह आँसू बहाने लगती है (to shed tears)। तुम क्यों खेलते रहते हो ? क्या तुम्हें कोई काम नहीं है ? आपका लड़का खेलता ही रहता है। आप उसे क्यों नहीं पीटते हैं ? मैं उसे पीटता तो हूँ। मैं घंटों तुम्हारा इंतजार करता रहा, परन्तु तुम नहीं आए। मैं दो दिन काम करता रहा। राम पढ़ना नहीं चाहता, वह खेलता ही रहता है। उसने कोई काम नहीं किया। वह खेलता ही रहा। क्या आपने किसी को (anybody/anyone/ someone/somebody) नहीं देखा है? वह दो दिनों से क्यों खेल रहा है ?

Vocabulary: याद करना—to remember, to memorize.

Past Imperfect Tense
or, Past Continuous Tense

Past Imperfect Tense की क्रिया से यह पता चलता है कि कोई काम भूतकाल में हो रहा था। हिन्दी की जिस क्रिया के अन्त में 'रहा था/रहे थे/रही थी/ रही

थीं' रहता है, उसका अनुवाद प्रायः Past Imperfect Tense की उपयुक्त क्रिया द्वारा होता है। Past Imperfect Tense की क्रिया का रूप है—was/were + V-ing.

मैं खा रहा था।	I was eating.
वे लोग खा रहे थे।	They were eating.
लड़के खेल रहे थे।	The boys were playing.

संक्षिप्त सारणी

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I was eating.	We were eating.
Second Person	You were eating.	You were eating.
Third Person	He She It Ram was eating.	They were eating. The boys were eating.

Affirmative Sentences:

[Subject + was/were + V-ing.]

1. मैं खा रहा था।	I was eating.
2. हमलोग पढ़ रहे थे।	We were reading.
3. तुमलोग अपना काम कर रहे थे।	You were doing your work.
4. आप रो रहे थे।	You were weeping.
5. गीता टेनिस खेल रही थी।	Geeta was playing tennis.
6. राम और श्याम पटना जा रहे थे।	Ram and Shyam were going to Patna.
7. लड़के दौड़ रहे थे।	The boys were running.
8. राज अपने भाई को पीट रहा था।	Raj was beating his brother.
9. गायें चर रही थीं।	The cows were grazing.
10. राम प्रतीक्षा कर रहा था।	Ram was waiting.
11. वह गाना गा रही थी।	She was singing a song.

Note : अगर ऐसे वाक्यों में समयसूचक शब्द, जैसे—दो घंटों से, 9 बजे से, मंगलवार से, 2000 ई॰ से इत्यादि रहे, तो उन क्रियाओं का अनुवाद Past Perfect Continuous Tense के उपयुक्त Verb द्वारा होगा। जैसे—

मैं पढ़ रहा था।	I was reading.
मैं दो वर्षों से पढ़ रहा था।	I had been reading for two years.

('दो वर्षों से' आने के कारण Past Perfect Continuous Tense का प्रयोग हुआ है।)

Exercise 139

Translate into English—

मैं जा रहा था। हमलोग जा रहे थे। तुम पढ़ रही थीं। आप सो रहे थे। आपलोग खेल रहे थे। वह खा रहा था। सीता गाना गा रही थी। वह सिलाई कर रही थी। वे लोग इंतजार कर रहे थे। बच्चे सो रहे थे। रीता और गीता उपन्यास (novel) पढ़ रही थीं। दर्शकगण (spectator, audience) ताली बजा रहे थे। शिक्षक हमलोगों को पढ़ा रहे थे। वह भीख माँग रहा था। मैं तुम्हारा इंतजार कर रही थी। वे अपना पाठ याद कर रहे थे। मेरी पत्नी पत्र लिख रही थी। मछुए नदी में मछली पकड़ रहे थे। मैं एक घने जंगल से गुजर रहा था। गीता अपनी पुस्तक पढ़ रही थी। वे निरीक्षण कर रहे थे। मूसलधार वर्षा हो रही थी। बच्चे शोर मचा रहे थे। किसान खेत में हल चला रहे थे। लड़कियाँ नृत्य कर रही थीं। तुमलोगों के भाई लोग वहाँ जा रहे थे। मेरे शिक्षक तुम्हें पीट रहे थे।

Vocabulary: सिलाई करना—to sew, ताली बजाना—to clap, भीख माँगना—to beg, याद करना—to remember, to learn, मछुआ—fisherman, मछली पकड़ना—to catch fish, to fish, एक घने जंगल से गुजरना—to pass through a dense forest, निरीक्षण करना—to inspect, to observe, to supervise, मूसलधार वर्षा होना—to rain cats and dogs, हल चलाना—to plough.

Negative Sentences

(Subject + was/were + not + V-ing.)

1. मैं रोटी नहीं खा रहा था। — I was not eating bread.
2. कुत्ते नहीं भूँक रहे थे। — The dogs were not barking.
3. चिड़ियाँ नहीं चहचहा रही थीं। — The birds were not twittering.
4. मैं नहीं झगड़ रहा था। — I was not quarrelling.
   or, I wasn't quarrelling.
5. वे लोग कुछ नहीं कर रहे थे। — They were doing nothing.
   or, They were not doing anything.
   or, They weren't doing anything.

Exercise 140

Translate into English—

He was doing his work. Was Sohan not laughing? (Wasn't Sohan laughing?) You weren't memorizing your lesson. Why was Sohan going to Patna? Why was Geeta abusing Reeta? What was he going to do? Where were the children going? They were going to their school. Why were my friends not going to their school? (Why weren't my friends going to their school?) Why weren't they trying to complete the work? Was Mohan catching fish? Why was Sita weeping? Why weren't you listening to radio? Many people were working in the fields. Wasn't she waiting for you? All were laughing at me but I wasn't abusing them. Why were they laughing at you? Were you going to Mumbai from Delhi? Were you doing something for the country? What were you doing for me?

Solved Exercise 147

When I met Ram he was reading. What was he reading? I don't know. I didn't need to know it. I know that he wasn't studying but pretending to study. Why had Ram to do this work? Weren't they trying to know this fact? I think that you were sleeping, so you didn't appear at the examination. Indians were trying to get independence. Were they coming here to meet us? Were some boys not throwing stones? (Weren't some boys throwing stones?) Were you dreaming at day time? If you were there, who was sleeping here? One day I was going to meet my friend. It was night. It was raining heavily. It was thundering. I wanted to return but didn't return. I didn't lose courage. I remembered God. I reached my friend's house safely. What have you done? Did you complete that work? What did you want to convince me? What weren't you doing? How did he want to be a doctor?

Solved Exercise 148

Where were you going that day? Were you not going to study? (Weren't you going to study?) He knows that she wasn't coming. Some boys were playing in the house but some were studying. When were you going to do that work? What did you want to do? Did you know that boy? I saw him once. What has Ram's brother been doing for two years? Why haven't you done anything since morning? What has he wanted? Ram is going to Delhi with his brothers. Does Reeta not want to go to Delhi? (Doesn't Reeta want to go to Delhi?) I know that you haven't done anything. If he was doing work, why didn't he tell me? What is the cloud doing in the sky? People were losing their courage, when they had no other alternative. No one was helping anyone. Will you have nothing? You were walking and wasting your time. Weren't you educated? But you used to go to school. You will be a great leader. Where are you to go? Why don't you want to teach your children? Do the cows of Ram not give milk? They give milk but I don't drink milk. Did you want to help the poor? When are you to appear at the examination?

Solved Exercise 154

I had (I'd) reached the station before the train came. He had (He'd) already gone there. I had been in trouble for two years. Mahatma Gandhi had been gentle since his childhood. You hadn't seen the Tajmahal before. He had already finished the work. The patient hadn't died before the doctor came. He hadn't been absent for ten days. Had you reached very early? Had he gone to Patna many times? Hadn't you seen a white elephant before? Why had you been sad since that day? Where had you gone before the rain started? She had (She'd) gone before I came. (I came but she had gone.) She had died before I brought the medicine. People had caught the thief before the S.P. reached the spot of occurrence. Hadn't the train started very early? Where did Ram go? What did Mohan want to do? Why did you do so?

Solved Exercise 155

She had no courage to face the hardships of life. She had already lost her courage. Some years ago, she was trying to fight but there is a limit of everything. She didn't wait for me. She had gone before I came. She had reached there, where every desire dies off. I had been absent for months. When I went, I wanted to convince her. It was very difficult for me to do so, because she had changed her thought. I tried but it was in vain. Crops had died off before it rained. What are you going to do? Is she going to do something? I don't know. Is it your responsibility? The children had slept when I came. Where does Sita want to live? When did you know how to cook then why didn't you cook? I knew how to cook but I didn't want to cook. Were these books not yours? Was it to rain? Why did he want to be an M.P.? What has he done since morning? How long have you been absent? When did he want to beat you? Did you know how to swim? Ram was trying to study. How has he been a good teacher? Did you not want to beat Shyam? (Didn't you want to beat Shyam?) What do they want to do? I know that you have stolen the watch. Doesn't Ram know that he didn't know this fact? How do you know that he had already understood this fact? He has never been my friend.

Solved Exercise 159

One day I went to Ram's house. He was reading English. He had a good knowledge of English but his brother didn't know English. He didn't like reading English. I wanted to meet his brother. But he had gone before I came. I had never met him. Ram had been my friend for years. Ram had been coming to me for four years. Ram knew how to sing a song. I requested him to sing. Do you not know Ram? (Don't you know Ram?) Have you ever heard his song? He is going to Delhi to sing tomorrow. He has been singing for years. He will be a famous singer. He has sufficient time for you. Don't you want to meet Ram?

Note: हमेशा याद रखें—यदि वक्ता और श्रोता किसी noun से पूर्वपरिचित हों या वह noun कोई खास हो, तभी noun के पहले 'The' का प्रयोग होगा, अन्यथा 'a' या 'an' का प्रयोग आवश्यकतानुसार करें। जैसे—

उसने बाघ को मारा है।—He has killed a tiger.
(कोई खास नहीं, किसी बाघ को मारा है।)
उसने बाघ को मारा है।—He has killed the tiger.
(किसी खास बाघ को, जिसे वक्ता और श्रोता पहले से जानते हैं।

Spoken English के लिए ये Short Forms हमेशा याद रखें—

Do not = Don't; Does not = Doesn't; Was not = Wasn't; Were not = Weren't; Have not = Haven't; Has not = Hasn't; Shall not = Shan't; Will not = Won't; Need not = Needn't; I had = I'd; We had = We'd; You had = You'd; He had = He'd; It had = It'd; She had = She'd; They had = They'd) Am I not = Aren't I; (Note : Amn't I नहीं होता।)

* * *

11. The Future Tense & Future Time

English Grammar में Future Tense नहीं होता।

हाँ, **English** में Future Tense नहीं होता। इसे समझने के लिए पहले आप Time (समय) और Tense (काल) के अंतर को समझें। Time और Tense दो भिन्न चीजें हैं। Time से हमारा तात्पर्य बीते हुए समय, गुजर रहे समय/दिन/महीना इत्यादि तथा आनेवाले समय से है। सारे संसर में समय को भूत (past), वर्तमान (present) और भविष्य (Future) से निर्देशित किया जाता है। इसका concept भाषा या व्याकरण से स्वतंत्र है। यह एक non-grammatical चीज है जिसे मानव तब भी महसूस करते थे जब वे कोई भाषा नहीं जाते थे। इसके विपरीत Tense पूर्णतः एक grammatical category है। यह क्रिया के विभिन्न रूपों का अध्ययन है जो विभिन्न समय में क्रिया के संपादन का बोध करती है। Tense का रूप तथा विवेचन प्रत्येक भाषा में भिन्न-भिन्न है, परंतु Time का concept सभी जगह एक ही है। एक-दो वाक्य लें (1) **I am going to buya car next year.** (2) **He leaves tomorrow.**—इन वाक्यों की क्रियाएँ **PresentTense** में हैं, परंतु इनसे बोध होता है—**future time** का। पुनः "प्रधानमंत्री कल आएँगे" में क्रिया सामान्य भविष्यत् काल में है, परंतु इसका अँगरेजी अनुवाद **"The Prime Minister comes tomorrow"** में क्रिया **Present Indefinite Tense** में है। अतः एक ही समय में क्रिया के संपादन के लिए जहाँ हिंदी में भविषत्काल का प्रयोग है, वहीं अँगरेजी में वर्तमानकाल का। अतः यह आवश्यक नहीं कि future time दिखाने के लिए **Future Tense** का ही प्रयोग किया जाए।

अतः यह स्पष्ट है कि **Tense, Verb** के विभिन्न रूपों का अध्ययन है। अब **English Verbs** पर गौर करें। किसी भी **Verb** का Future Tense नहीं है। जैसे, go का विभिन्न रूप goes, going, went और gone हैं, इनमें कोई रूप Future Tense का नहीं है। परंपरागत व्याकरण (taditional grammar) के अनुसार shall/will **Future Tense** को बनानेवाले हैं, अतः shall go/will go Future Tense में हुआ। परंतु shall/will तो खुद **Future Tense** में नहीं है, और न किसी क्रिया का **Future Tense** में परिवर्तित रूप। अतः **shall go/will go Future Tense** में नहीं है। इसलिए modern grammarians ने **Tense Form** का अध्ययन Present Tense तथा **Past Tense** तक ही सीमित रखने का सुझाव दिया है। shall और will को **modal auxiliaries** कहते हैं। इनका प्रयोग विभिन्न परिस्थितियों को व्यक्त करने के लिए होता है। प्रत्येक **modal** के समान इनके भी अनेक प्रयोग हैं जिनमें **future time** को दर्शाना एक है। **will go/slall go** करने से **Future Tense** का निर्माण नहीं हो गया। **shall/will** का प्रयोग नम्र निवेदन के भाव को व्यक्त करने में भी होता है। जैसे, "क्या मैं आपकी कलम का उपयोग करूँ" का अनुवाद **"Shall I use your pen?"** है। इसके अलावा shall/will के अनेक प्रयोग हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि English में मुख्यतः दो Tense हैं—**Present Tense** और **Past Tense**.

चूँकि हिंदी में भविष्यत्काल होता है। अतः आरंभिक अवस्था (starting period) में अँगरेजी अनुवाद सिखाने के लिए हिंदी भाषियों के लिए अध्ययन की सुविधा को देखते हुए future time की विभिन्न स्थितियों को Simple Future Tense,Future Continuous Tense, Future Perfect Tense और Future Perfect Continuous Tense के द्वारा ही दर्शाया जाएगा।

Simple Future Tense

इन वाक्यों को देखें—

(a) वह पढ़ेगा। (b) मैं जाऊँगा। (c) तुम काम करोगे।

इन वाक्यों की क्रियाओं 'पढ़ेगा, जाऊँगा' और 'काम करोगे' से यह बोध होता है कि कार्य भविष्य में सामान्य रूप से होगा। ऐसी क्रियाओं का अनुवाद shall/will + V^1 द्वारा होगा। shall/will + V^1 को हम Simple Future Tense कहेंगे। सामान्यतया I/We के साथ shall का प्रयोग तथा अन्य Subjects के साथ will का प्रयोग होता है। इसे इस तालिका से समझें।

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular Number*	*Plural Number*
First Person	I shall go.	We shall go.
Second Person	You will go.	You will go.
Third Person	He She It Ram } will go.	They will go. The boys will go.

Note: प्रतिज्ञा/दृढ़-निश्चय/आज्ञा/निषेध का भाव दिखाने के लिए First Person के कर्ता के साथ will तथा Second और Third Person के कर्ता के साथ प्रायः Shall का प्रयोग किया जाता है।

Solved Examples:

1. मैं जाऊँगा।	I shall go.
2. राम पढ़ेगा।	Ram will read.
3. तुम काम करोगे।	You will work.
4. बच्चे दौड़ेंगे।	The children will run.
5. मैं काम करूँगा।	I shall work.
6. तुम परीक्षा दोगे।	You will appear at the examination.
7. मैं कल दिल्ली जाऊँगा।	I shall go to Delhi tomorrow.
8. मैं यह काम अवश्य करूँगा।	I will do this work. *or,* I shall definitely do this work.

9. वह अवश्य मरेगा। He shall die.
or, He will definitely die.

10. तुम कुछ नहीं करोगे। You will do nothing.
or, You will not do anyting.
or, You won't do anything.

Exercise 161

Translate into English—

मैं काम करूँगा। तुम पटना जाओगे। आपलोग यह जानेंगे। सीता एक गाना गाएगी। हमलोग काम करेंगे। मैं पटना अवश्य जाऊँगा। सीता अवश्य गाएगी। आपलोग वहाँ अवश्य जाएँगे। तुम अगले साल परीक्षा अवश्य दोगे। मैं तुम्हें अवश्य मारूँगा। मैं आपकी मदद करूँगा। श्याम पटना जाएगा। तुम आज अपना काम पूरा करोगे। मैं आज अपना काम अवश्य पूरा करूँगा। मैं अँगरेजी पढ़ाऊँगा। वह अपना घर बेचेगा। तुम ऐसा करोगे। सीता मेरे पास आएगी। मैं तुम्हें अवश्य हराऊँगा। विद्यार्थी लोग इतिहास पढ़ेंगे। वह कल लंदन से आएगा। मैं आपकी प्रतीक्षा करूँगा। तुमलोग अपने देश की सेवा करोगे। भारतीय किसान इस साल कड़ी मेहनत करेंगे। मैं अच्छे अंक प्राप्त करूँगा। तुम मेरा प्यार पाओगे। मैं अपने देश जाऊँगा। मैं गरीबों की सहायता करूँगा। इतिहास महात्मा गाँधी को स्मरण करेगा। तुम यह काम करोगे। रीता नृत्य करेगी। वह कल आएगा। तुम कुछ (something) करोगे। मैं तुमसे प्यार करूँगा। आप मुझे याद (remember) करेंगे।

Vocabulary: हराना—to defeat, to beat, पाना—to get, to have.

Negative Sentences

Negative Sentence बनाने के लिए shall/will के बाद not दें। shall not के बदले shan't तथा will not के बदले won't भी दे सकते हैं।

S + shall/will + not + V^1.

or, S + shan't/won't + V^1.

Solved Examples:

1. आप अपना काम नहीं करेंगे। You will not do your work.
2. हमलोग परीक्षा नहीं देंगे। We shall not appear at the examination. (*or,* We shan't....)
3. मैं तुम्हारी मदद नहीं करूँगा। I shall not help you.
4. वह तुम्हें गाली नहीं देगा। He will not abuse you.
5. आप कुछ नहीं करेंगे। You will not do anything.
or, You will do nothing.

Exercise 162

Translate into English—

मैं बाजार नहीं जाऊँगा। तुम ऐसा काम नहीं करोगे। हमलोग मैच नहीं खेलेंगे।

सीता आज गाना नहीं गाएगी। आप कुछ नहीं करेंगे। मेरा भाई परीक्षा नहीं देगा। आप अपनी पुस्तक किसी को नहीं देंगे। राम अपने जीवन में कुछ नहीं करेगा। वह सहायता नहीं माँगेगा। वह लड़की परीक्षा पास नहीं करेगी। मैं इस कहानी को आज समाप्त नहीं करूँगा। वह त्यागपत्र नहीं देगा। तुम राम के घर नहीं जाओगे। सीता पश्चाताप नहीं करेगी। अब मैं आपको तंग नहीं करूँगी। भारतीय किसान आराम (take rest) नहीं करेंगे। वह काम नहीं करेगा। वह खाना नहीं बनाएगी। आपलोग कुछ नहीं करेंगे। मैं तुम्हारी मदद नहीं करूँगा। वे लोग काम नहीं करेंगे। राम का भाई काम नहीं करेगा। लड़के नहीं दौड़ेंगे। तुम्हारे बच्चे स्कूल नहीं जाएँगे। हमलोगों के दोस्त लोग काम नहीं करेंगे। मैं नहीं खाता हूँ। मैंने नहीं खाया। मैं नहीं खाऊँगा।

Vocabulary: देना—to give, सहायता—help, माँगना—to ask (for), समाप्त करना—to finish, त्यागपत्र देना—to resign, पश्चाताप करना—to repent.

Interrogative Sentences

Shall/Will को Subject के पहले रखें—

(a) Shall/Will + Subject +V^1?

(b) Shall/Will + Subject + not + V^1?
or, Shan't/Won't + Subject + V^1?

Solved Examples :

1. क्या हमलोग गाना गाएँगे ?	Shall we sing a song?
2. क्या तुम अँगरेजी पढ़ोगे ?	Will you read English?
3. क्या शिक्षक आज पढ़ाएँगे ?	Will the teacher teach today?
4. क्या तुम नहीं जाओगे ?	Will you not go? *or,* Won't you go?

Exercise 163

Translate into English—

क्या तुम स्कूल जाओगे ? क्या वे लोग काम करेंगे ? क्या सीता आएगी ? क्या आप पटना जाएँगे ? क्या सीता एक गाना गाएगी ? क्या हमलोग आम खाएँगे ? क्या आप बच्चों को पढ़ाएँगे ? क्या मैं नहीं पढ़ूँगा ? क्या हमलोग इस बात को नहीं जानेंगे ? क्या तुम परीक्षा नहीं दोगे ? क्या वह अपनी साइकिल नहीं बेचेगा ? क्या वे लोग गरीबों की सहायता नहीं करेंगे ? क्या तुम मुझे कुछ दोगे ? क्या लता और आशा साथ-साथ (together) गाना नहीं गाएँगी ? क्या तुम खेलने नहीं जाओगे ? क्या वह नहीं आएगी ? क्या उनलोगों के दोस्त हमलोगों की मदद नहीं करेंगे ? क्या सीता लता से मिलेगी ? क्या आप मेरी बात सुनेंगे ? क्या आप परीक्षा नहीं देंगे ? क्या तुम उसे तंग नहीं करोगे ? क्या आपके दोस्त लोग इस बात को नहीं जानेंगे ? क्या वह आएगा ? क्या आज वर्षा होगी ?

यदि प्रश्नवाचक वाक्यों में कब, क्या, कैसे, कहाँ इत्यादि रहे, तो वाक्यों की बनावट इस प्रकार होगी—

What Where Why How When	shall/will	Subject	(not)	V^1?

not को Subject के पहले shan't/'won't के रूप में भी दे सकते हैं।

Solved Examples:

1. तुम क्या करोगे ?	What will you do?
2. राम कैसे पढ़ेगा ?.	How will Ram read?
3. वे लोग कहाँ जाएँगे ?	Where will they go?
4. राम इस साल परीक्षा क्यों नहीं देगा ?	Why will Ram not appear at the examination this year ?
5. तुम पटना क्यों नहीं जाओगे ?	Why will you not go to Patna?
6. सरकार गरीबों के लिए क्या करेगी ?	What will government do for the poor?
7. क्या तुम मेरे यहाँ नहीं आओगे ?	Will you not come to me?
8. तुम मेरे यहाँ क्यों नहीं आओगे ?	Why won't you come to me?
9. क्या राम पढ़ेगा ?	Will Ram read?
10. राम क्या पढ़ेगा ?	What will Ram read?

Exercise 164

Translate into English—

मैं क्यों नहीं पढूँगा ? हमलोग कब स्कूल जाएँगे ? तुम कब मेरी मदद करोगे ? आप कहाँ रहेंगे ? सीता कैसे गाना गाएगी ? तुम क्या करोगे ? वह क्यों इस काम को करेगी ? आप कहाँ जाएँगे ? तुम क्यों नहीं पढ़ोगे ? रीता कब लंदन से आएगी ? वह पटना में कहाँ ठहरेगा ? सीता क्या नहीं करेगी ? वे लोग वहाँ क्यों नहीं जाएँगे ? आप अपनी ड्यूटी (duty) पर ध्यान क्यों नहीं देंगे ? वह क्यों तुम्हारे पास आएगी ? आप कब शादी करेंगे ? आप कैसे उसके बिना रहेंगे ? आप कल क्या पढ़ाएँगे ? रीना इस काम को कैसे करेगी ? गरीब क्या करेगा ? मैं क्यों पश्चाताप करूँगा ? आप क्या नहीं करेंगे ? क्या वह तुम्हें पीटेगा ? वह तुम्हें क्यों और कैसे पीटेगा ? तुम शादी क्यों नहीं करोगे ? क्या तुम मुझे पत्र नहीं लिखोगे ?

Vocabulary: ध्यान देना—to mind, to pay attention (to), बिना—without.

Infinitive का प्रयोग

(S + shall/will + V^1 + infinitive.)

1. वह मैच जीतने की कोशिश करेगी।	She will try to win the match.
2. वह पढ़ाने आएगा।	He will come to teach.

3. क्या वह तुम्हें पीटने आएगा ?	Will he come to beat you?
4. तुम क्या करना चाहोगे ?	What will you want to do?

Exercise 165

Translate into English—

मैं यह काम करने की कोशिश करूँगा। मैं उसे पढ़ाने की कोशिश करूँगा। वह स्कूल पढ़ने जाएगी। तुम यह काम नहीं करना चाहोगे। क्या वह कल शादी करने जाएगा ? क्या तुम उसे पढ़ाने जाओगे ? वह क्या करने आएगा ? तुम उसे हराने की कोशिश क्यों नहीं करोगे ? मैं मेहनत करने की कोशिश करूँगा।

Vocabulary: कोशिश करना—to try, हराना—to defeat, to beat.

Note: नीचे दिए गए कुछ वाक्यों में Verb 'to be' का प्रयोग मुख्य क्रिया के रूप में हुआ है। इसे समझें—

1. मैं एक डॉक्टर बनूँगा।	I shall be a doctor.
2. मैं एक अच्छा आदमी बनूँगा।	I shall be a good man.
3. वह एक अच्छा किसान होगा/ बनेगा।	He will be a good farmer.
4. मैं घर पर रहूँगा।	I shall be at home.
5. वह दयालु होगा।	He will be kind.
6. राम पढ़ेगा।	Ram will read.
7. मैं दिल्ली में रहूँगा।	I shall live in Delhi.
8. मैं तकलीफ में रहूँगा।	I shall be in trouble.

Exercise 166

Translate into English—

रीता नर्स बनेगी। तुम किसान बनोगे। मैं कल वहाँ रहूँगा। वह बीमार होगी। वह कल उपस्थित रहेगी। कल वह दुःखी रहेगा। तुम कल कहाँ रहोगी ? आप कल उपस्थित क्यों नहीं रहेंगे ? क्या तुम्हारा भाई दुःखी नहीं रहेगा ? क्या वे खुश नहीं रहेंगे ? गरीब लोग सदा (always) गरीब नहीं रहेंगे। क्या वे खुश रहेंगे ? क्या वह हमेशा बीमार रहेगी ? क्या तुम तकलीफ में नहीं रहोगे ? (Will you not be in trouble?)

अब इन वाक्यों पर विचार करें—

1. यदि वह आएगा, तो मैं उसकी मदद करूँगा।

2. यदि तुम पढ़ोगे, तो पास करोगे।

3. अगर आप पाठ याद नहीं करेंगे, तो शिक्षक आपको पीटेंगे।

ऐसे वाक्यों के दो भाग होते हैं। एक भाग में यदि/अगर का प्रयोग रहता है और इससे शर्त का बोध होता है; दूसरे भाग से परिणाम (result) का भाव व्यक्त होता है। हिंदी के ऐसे वाक्यों के दोनों भाग भविष्यत्काल में रहते हैं, परंतु

अँगरेजी में शर्तवाले आश्रित उपवाक्य की क्रिया का अनुवाद Simple Present Tense में होता है और वह भाग जिससे परिणाम व्यक्त होता है उसका अनुवाद Simple Future Tense की क्रिया से होता है। पिछले पृष्ठ पर दिए गए वाक्यों का अनुवाद—

1. If he comes, I shall help him.
2. If you read, you will pass.
3. If you don't remember your lesson, the teacher will beat you.

Some More Examples:

4. अगर आप दवा लेंगे, तो स्वस्थ हो जाएँगे।
   If you take medicine, you will be healthy.
5. अगर आप देश की सेवा करेंगे, तो देश आपको याद रखेगा।
   If you serve the country, the country will remember you.
6. अगर वे मेहनत करेंगे, तो धनी बन जाएँगे।
   If they work hard, they will be rich.

[नोट—'तो' के लिए 'then' का प्रयोग न करें। सिर्फ comma (,) से काम चल जाएगा।]

Exercise 167

Translate into English—

अगर आप कड़ी मेहनत करेंगे, तो परीक्षा पास करेंगे। यदि आप भीख माँगेंगे, तो ज्यादा पैसे (more money) कमाएँगे। यदि तुम दवा लोगे, तो शीघ्र (soon) अच्छे हो जाओगे (will get well)। अगर वर्षा होगी, तो स्कूल नहीं खुलेगा। यदि राम पटना जाएगा, तो श्याम से मिलेगा। यदि तुम मुझे गाली दोगे, तो मैं तुम्हें मारूँगा। अगर मैं पटना जाऊँगा, तो गोलघर देखूँगा। यदि तुम पढ़ोगे, तो मैं तुम्हारी मदद करूँगा। अगर तुम कोशिश करोगे, तो जीत जाओगे। यदि वर्षा होगी, तो किसान सुखी होंगे। अगर आप तेज दौड़ेंगे, तो जीत जाएँगे। अगर तुम एक पैसा दोगे, तो वह दस लाख देगा। अगर आप बस से जाएँगे, तो शीघ्र (soon) पहुँच जाएँगे।

Vocabulary: भीख माँगना—to beg, कमाना—to earn, दवा लेना—to take medicine, तेज दौड़ना—to run fast, पहुँचन—to reach.

Exercise 168

Translate into English—

आप क्या करेंगे? वे लोग पटना नहीं जाएँगे? क्या गीता खाना बनाएगी? कल तुम कहाँ रहोगे? आप खुश क्यों नहीं रहेंगे? क्या वह अपना घर बेचेगा? तुम श्याम को क्यों गाली दोगे? मैं अपना काम अवश्य करूँगा। वह यह काम कैसे करेगा? तुम परीक्षा क्यों नहीं दोगे? क्या आपका नौकर बाजार नहीं जाएगा? आप क्या करना चाहेंगे? क्या सीता इस काम को करने की कोशिश करेगी?

अगर तुम ऐसा करोगे, तो इनाम पाओगे। यदि मैं दिल्ली जाऊँगा, तो राजीव से मिलूँगा। सीता आएगी, तो मैं उसकी मदद करूँगा। वर्षा होगी, तो फसल अच्छी होगी। राम पढ़ेगा, तो पास करेगा। (इन तीनों वाक्यों का if लगाकर अनुवाद करें।) अब तक राम ने कुछ नहीं किया है। वह कुछ नहीं करेगा। अगर वह कुछ नहीं करेगा, तो मैं उसकी मदद नहीं करूँगा। यदि वह कल परीक्षा देगा तो पास नहीं करेगा; गणित में फेल करेगा। अगर वह नहीं पढ़ेगा तो क्या भगवान् उसकी मदद करेंगे ?

Exercise 169

Translate into English—

राम : तुम पटना कब जाओगे ?

मोहन : क्या बात है ? तुम यह क्यों जानना चाहते हो ? मैं पटना कल जाऊँगा।

राम : मुझे भी पटना जाना है। मैं पटना कभी नहीं गया हूँ। मैं तुम्हारे साथ पटना जाना चाहता हूँ। मै वहाँ गोलघर देखने जाना चाहता हूँ। तुम्हें पटना से कब लौटना है ?

मोहन : मुझे पटना में दस दिन ठहरना है। मैं दस दिनों के बाद लौटूँगा (shall return in ten days)। मैं एक गाड़ी खरीदने जा रहा हूँ।

राम : क्या तुम्हारा एक दोस्त पटना में रहता है ? क्या तुम अपने दोस्त से मिलोगे ?

मोहन : मैं अपने दोस्त से मिलूँगा। क्या तुम मेरे दोस्त से मिलना चाहोगे ?

राम : हाँ, मैं मिलना चाहूँगा।

Exercise 170 (Advanced Learner's)

Translate into English—

तुम मेरे लिए क्या लाओगे ? मैं तुम्हारे लिए ढेर सारी खुशियाँ (a lot of happiness) लाऊँगा। आपके पास मेरे लिए क्या है ? आप मेरे लिए कुछ नहीं लाएँगे। अगर आप यह जान जाएँगे (come to know this), तो मुझसे नफरत करना शुरू कर देंगे (will begin to hate/loathe me)। अगर आप ज्यादा कमाएँगे, तो आपको ज्यादा खर्च करना होगा। मैं क्यों आपके साथ जाऊँगी ? मुझे तो अब आप पर विश्वास (faith, trust) ही नहीं है। तुमने मुझे हमेशा ठगा है। मैं समझता हूँ कि वह अपने जीवन में कुछ नहीं करेगा। अगर आप मुझे एक मौका (chance, opportunity1) देंगे, तो मैं अपने आपको एक अच्छा आदमी साबित करूँगा। आप कभी अच्छा आदमी नहीं बनेंगे। क्या तुम नहीं जानते हो कि वह तुम्हारी मदद नहीं करेगा ? तुमने क्या किया ? अब आप क्या करने जा रहे हैं ? तुमने क्या सोचा है ? तुम्हारी क्या गलती थी ? क्या यह कलम उनलोगों की नहीं है ? क्या आप कार नहीं रखते थे ? आप कब आए ? आप कब आएँ हैं ? आप कब आए थे ? आप चार वर्षों तक कहाँ थे ? तुम इससे पहले दिल्ली क्यों नहीं गए थे ? वह कहाँ जाना चाहता था ? वह वहाँ जाना चाहता था, परंतु नहीं गया।

Vocabulary: खर्च करना—to spend, आपके साथ—with you, ठगना—to cheat, to dupe, साबित करना—to prove, गलती—mistake, error.

Future Continuous Tense

इन वाक्यों पर विचार करें—

(a) मैं पढ़ता रहूँगा। (c) सीता गाना गाती रहेगी।

(b) मैं आपका इंतजार करता रहूँगा। (d) वह सोती रहेगी।

इन वाक्यों की क्रियाओं से बोध होता है कि भविष्य में किसी खास वक्त पर कार्य होता रहेगा। ऐसी क्रियाओं का अनुवाद उपयुक्त Verb के Future Continuous Tense द्वारा अर्थात् shall/will + be + V^4 से होगा। [V^4 का अर्थ है क्रिया का Present Participle रूप—V-ing] हिंदी की ऐसी क्रियाओं के अंत में प्रायः 'ता रहूँगा/ती रहूँगी/ते रहेंगे/ते रहोगे/ता रहेगा/ती रहेगी' रहता है।

संक्षिप्त तालिका

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I shall be eating.	We shall be eating.
Second Person	You will be eating.	You will be eating.
Third Person	He She It Ram] will be eating.	They The boys] will be eating.

Solved Examples:

[S + shall/will + be + V-ing.]

1. मैं पढ़ता रहूँगा।	I shall be reading.
2. सीता गाना गाती रहेगी।	Sita will be singing a song.
3. मैं आपका इंतजार करता रहूँगा।	I shall be waiting for you.
4. वह रोती रहेगी।	She will be weeping.
5. मैं बैठा रहूँगा।	I shall be sitting.
6. वे लोग सोए रहेंगे।	They will be sleeping.

Note: अंतिम दोनों वाक्यों (5 & 6) से भी स्पष्ट है कि अभीष्ट स्थिति/कार्य भविष्य में किसी खास समय पर जारी रहेगी/रहेगा, हालाँकि क्रिया के अंत में 'ता रहूँगा/ते रहेंगे' नहीं है। फिर भी उनकी क्रियाओं का अनुवाद Future Continuous Tense (shall/will + be + V^4) में हुआ है। 'मैं व्यस्त रहूँगा' का अनुवाद I shall be busy होगा और इस अँगरेजी वाक्य में क्रिया Simple Future Tense में है, Future Continuous Tense में नहीं, क्योंकि shall be के बाद V^4 नहीं है जो Future Continuous Tense के लिए आवश्यक है।

Negative Sentences

(Subject + shall/will + not + be + V-ing.)

(ध्यान दें कि not का स्थान be के पहले है।)

1. तुम नहीं पढ़ते रहोगे।	You will not be reading.
2. उस समय मैं काम नहीं करता रहूँगा।	At that time I shall not be working.
3. लड़के वर्ग में हो-हल्ला नहीं करते रहेंगे।	The boys will not be making a noise in the class.
4. हमलोग कुछ नहीं करते रहेंगे।	We shall be doing nothing.

(shall+not के बदले shan't तथा will+not के बदले won't भी दे सकते हैं।)

Exercise 171

Translate into English—

वह पढ़ता रहेगा। रीता खेलती रहेगी। मैं जाता रहूँगा। आपलोग काम करते रहेंगे। आप मेरी प्रतीक्षा करते रहेंगे। हमलोग देश की सेवा करते रहेंगे। अगले रविवार को इस वक्त (At this time on Sunday next) हमलोग पटना जाते रहेंगे। कल इस समय (tomorrow this time) मैं फिल्म देखता रहूँगा। वह बैठा रहेगा। तुम खड़े रहोगे। मैं इंतजार नहीं करता रहूँगा। वे नहीं सोते रहेंगे। हमलोग टी॰ वी॰ नहीं देखते रहेंगे। लड़के वर्ग में हो-हल्ला नहीं करते रहेंगे। सीता गाना नहीं गाती रहेगी। वे लोग काम नहीं करते रहेंगे। वह इस समय नहीं जाता रहेगा। मैं परीक्षा नहीं देता रहूँगा।

टी॰ वी॰/फिल्म देखना—to watch the T.V./film.

Interrogative Sentences

(a) Shall/Will + S + be +V-ing?

(b) Shall/Will + S + not + be + V-ing?
or, Shan't/Won't + S + be + V-ing?

(c)

What Why When How Where	shall/will	S	(not)	be	V-ing?

Solved Examples:

1. क्या वह बैठा रहेगा ?	Will he be sitting?
2. क्या तुम नहीं पढ़ते रहोगे ?	Will you not be reading? *or,* Won't you be reading?
3. राम क्या करता रहेगा ?	What will Ram be doing?

4. वे क्यों खेलते रहेंगे ? Why will they be playing?
5. आप उसकी प्रतीक्षा क्यों नहीं करते रहेंगे ? Why will you not be waiting for him?

Exercise 172

Translate into English—

क्या आप दौड़ते रहेंगे ? क्या सीता गती रहेगी ? क्या आप सोते रहेंगे ? क्या तुम खेलते रहोगे ? क्या बच्चे वर्ग में हो-हल्ला नहीं करते रहेंगे ? क्या लता नहीं पढ़ती रहेगी ? क्या आशा इंतजार नहीं करती रहेगी ? क्या वे नहीं खड़े रहेंगे ? आप क्या करते रहेंगे ? तुम क्या पढ़ती रहोगी ? हमलोग कब जाते रहेंगे ? हमलोग कहाँ खेलते रहेंगे ? वह कैसे परीक्षा की तैयारी करती रहेगी ? तुमलोग क्या करते रहोगे ? वह क्यों रोता रहेगा ? बच्चे वर्ग में क्यों हो-हल्ला नहीं करते रहेंगे ? मैं आपका इंतजार क्यों नहीं करती रहूँगी ? ल्या वह नहीं खेलती रहेगी ? आप कब तक पढ़ाते रहेंगे ? बच्चे रविवार को मैच खेलते रहेंगे। सीता इस वक्त अगले रविवार को क्या करती रहेगी ? क्या आप इस वक्त फिल्म देखते रहेंगे ? आप कहाँ खेलते रहेंगे ? वह क्यों सोता रहेगा? मैं कब परीक्षा देता रहूँगा ? वे क्यों बच्चों को पीटते रहेंगे ?

Future Perfect Tense

अगर हिंदी क्रिया से यह बोध हो कि कार्य भविष्य में किसी निर्धारित समय तक समाप्त हो चुकेगा, तो उसका अनुवाद प्रायः Future Perfect Tense की क्रिया यानी shall/will + have + V^3 से होगा।

हिंदी की ऐसी क्रियाओं के अंत में प्रायः 'चुकूँगा/चुकेंगे/चुकेगा/चुका रहेगा/चुकी रहेगी' रहता है। जैसे—

मैं खा चुकूँगा। I shall have eaten.

संक्षिप्त सारणी

Person	*Singular*	*Plural*
First Person	I shall have eaten.	We shall have eaten.
Second Person	You will have eaten.	You will have eaten.
Third Person	He will have eaten.	They will have eaten.

Solved Examples:

1. तुम अपना पाठ सीख चुकोगे। You will have learnt your lesson.
2. सीता गाना गा चुकेगी। Sita will have sung a song.
3. अगले सोमवार तक मैं इस काम को कर चुका रहूँगा। I shall have finished this work by Monday next.
4. मेरे आने के पहले वह सो चुका रहेगा। He will have slept before I come.

5. डॉक्टर के आने के पहले रोगी मर चुकेगा/चुका रहेगा।	The patient will have died before the doctor comes.
6. पूजा करने के पहले वह स्नान कर चुकेगा।	He will have taken bath before he worships.
7. परीक्षा-भवन में प्रवेश करने के पहले वह अपना धैर्य खो चुकेगा।	He will have lost his patience before he enters the examination hall.
8. परीक्षा शुरू होने के पहले वह अवश्य आ चुकेगा।	He shall have come before the examination starts.

Note: Sentences No. 4, 5, 6, 7 & 8 में आपने देखा कि शर्तवाले उपवाक्यों में Simple Present Tense का प्रयोग हुआ है।

Exercise 173

Translate into English—

मैं पढ़ चुकूँगा। हमलोग जा चुकेंगे। सीता अपना काम कर चुकी रहेगी। तुम परीक्षा दे चुके रहोगे। मैं तुमसे मिल चुका रहूँगा। अगले सोमवार तक मैं (by Monday next) इस काम को समाप्त कर चुकूँगा। दस बजे तक मैं स्कूल पहुँच चुकूँगा। मेरे आने के पहले वह जा चुकेगा। डॉक्टर के आने के पहले रोगी मर चुकेगा। तुम्हारे आने के पहले वह शादी कर चुकी रहेगी। तुम्हारे जाने के पहले सीता अपना काम समाप्त कर चुकी रहेगी। वर्षा शुरू होने के पहले फसलें (crops) बरबाद हो चुकेंगी। इस साल के अंत तक मैं पाँच पुस्तकें लिख चुका रहूँगा। अगले रविवार तक तुम अपना सबक याद कर चुकोगे। तुम्हारे आने के पहले वह जा चुकी रहेगी। मेरे आने के पहले वह मुझे भूल चुकी रहेगी। इस साल के अंत तक मैं एक लाख रुपए कमा चुका रहूँगा। इस माह के अंत तक मैं यहाँ दस वर्ष रह चुकूँगा। तब तक वह जा चुका रहेगा।

Vocabulary: समाप्त करना—to finish, भूलना—to forget, कमाना—to earn.

Negative Sentences

S + shall/will + not + have + V^3.
or, S + shan't/won't + have + V^3.

Interrogative Sentences

(a) Shall/Will + S + (not) + have + V^3?
or, Shan't/Won't + S + have + V^3?

(b)

Why When How Where What	shall/will	S	(not)	have	V^3?

* 'not' को shall/will के साथ shan't/won't के रूप में भी दे सकते हैं।

Solved Examples:

1. मै नहीं जा चुकूँगा।	I shall not have gone. *or,* I shan't have gone.
2. तुम्हारे आने के पहले वह नहीं जा चुकेगी।	She will not (won't) have gone before you come.
3. क्या अगले साल के अंत तक वह एक लाख रुपए कमा चुकेगी ?	Will she have earned one lakh rupees by the end of next year?
4. वह क्या कर चुका रहेगा ?	What will he have done?
5. मेरे आने के पहले वह क्यों सो चुकेगा ?	Why will he have slept before I come?
6. क्या तब तक वह नहीं सो चुकेगा ?	Will he not have slept by then?

Exercise 174

Translate into English—

वह नहीं खा चुकेगा। सीता गाना नहीं गा चुकेगी। मैं दस बजे तक काम नहीं कर चुकूँगा। डॉक्टर के आने के पहले रोगी नहीं मर चुकेगा। इस साल के अंत तक मैं इस काम को पूरा नहीं कर चुका रहूँगा। क्या सीता जा चुकी रहेगी ? क्या घंटी बज चुकी रहेगी ? क्या लता गाना नहीं गा चुकी रहेगी ? क्या छात्रगण परीक्षा नहीं दे चुके रहेंगे ? क्या आपके बच्चे नहीं सो चुके रहेंगे ? वह क्या कर चुकेगा ? तुम कहाँ जा चुके रहोगे ? तुम अपना पाठ क्यों नहीं सीख चुके रहोगे ? तुम अगले रविवार तक इस काम को क्यों समाप्त नहीं कर चुकोगे ? आप दस बजे तक कहानी को पूरा क्यों नहीं कर चुके रहेंगे ? क्या वह नहीं पढ़ चुका रहेगा ? वह क्या कर चुकी रहेगी ? क्या मैं इस काम को नहीं कर चुका रहूँगा ?

Vocabulary: पूरा करना—to complete, to finish.

Exercise 175 (Advanced Learner's)

Translate into English—

अगर आप इस ढंग से (in this way) कोशिश करते रहें, तो एक दिन सफलता (success) आपकी होगी। आप क्यों उसे मारने की कोशिश करेंगे ? उसने आपके विरुद्ध (against you) क्या किया है ? उसे मारने के बाद मैं यह कहूँगा कि इन बच्चों को कौन देखेगा (Who will look after ...)? क्या यह गलती तुम्हारी नहीं होगी ? कुछ लोग काम करते हैं और कुछ लोग खाते हैं। दुनिया इसी ढंग से चलती है। वे लोग अपना काम करते रहेंगे। तुमने क्या किया है ? तुम क्या करते रहोगे ? मैं सोमवार तक इस काम को पूरा कर चुका रहूँगा। आप कब यह काम करने जा रहे हैं ? आप वर्षों से यह काम कर रहे है। लगता है (It seems) कि आप इसे अवश्य पूरा करेंगे। हमलोग काम शुरू करने जा रहे हैं। उसने मुझे बेवकूफ बनाया है (has be fooled me) और इसलिए मैं उसे कभी माफ नहीं करूँगा। तुम्हें यह काम क्यों नहीं करना पड़ा ? तुम इस बात को जान गए हो। उसने सुबह से कुछ नहीं खाया है, इसलिए अब वह रो रहा है। आपने अपने देश के लिए क्या किया

है ? तुम्हें अज्ञानता (ignorance) थी। तुमने अज्ञानता में बहुत-सी गलतियाँ की थीं। क्या भगवान् मुझे माफ करेंगे (forgive me)? अगर तुम अपने आपको बदल लोगे, तो भगवान् तुम्हें अवश्य माफ करेंगे। मैंने तुमसे अनेक बार मिलना चाहा है।

Vocabulary: मारना—to kill, माफ करना—to forgive, बदलना—to change.

Future Perfect Continuous Tense

यदि हिंदी क्रियाओं से यह बोध हो कि कार्य भविष्य में कुछ समय तक जारी रहेगा, तो वैसी क्रियाओं का अनुवाद प्रायः Future Perfect Continuous Tense के उपयुक्त Verb यानी shall/will + have been + V-ing द्वारा होगा। जैसे—

1. मैं खाता हुआ रहूँगा।	I shall have been eating.
2. सीता टहलती हुई रहेगी।	Sita will have been walking.
3. तुम दस दिनों से यह काम करते रहोगे।	You will have been doing this work for ten days.
4. मैं 2030 ई॰ से आपका इंतजार करता रहूँगा।	I shall have been waiting for you from 2030.

Note: period of time के साथ for तथा point of time के साथ from का प्रयोग करें। since का प्रयोग Future Tense के साथ नहीं होता। (देखें 'Since' in Oxford Advanced Learner's Dictionary by A.S. Hornby).

Exercise 176

Translate into English—

मैं पढ़ता रहूँगा। सीता गाती हुई रहेगी। वह सोता हुआ रहेगा। वे टहलते हुए रहेंगे। मेरा भाई परीक्षा की तैयारी करता हुआ रहेगा। वह दो घंटों से सोता रहेगा। वह घंटों से प्रतीक्षा करती रहेगी। मैं एक घंटे से तैरता रहूँगा। हम 2025 ई॰ से देश की सेवा करते रहेंगे। सीता आगामी (next) सोमवार से प्रतीक्षा करती रहेगी। वह दो दिनों से बहस करता रहेगा। कुत्ते रात भर (for the whole night) भूँकते रहेंगे। लड़के घंटों से हो-हल्ला करते रहेंगे। वे लोग वर्षों से काम करते रहेंगे। मैं सुबह से कुछ करता रहूँगा। वे लोग 9 बजे से परीक्षा-भवन में बैठे रहेंगे। तुम कुछ दिनों से कुछ करते रहोगे।

Vocabulary: बहस करना—to discuss, to argue, कुछ दिनों से—for some days, कुछ—something.

Negative Sentences

S + shall/will + not + have been + V-ing.

or, S + shan't/won't + have been + V-ing.

Interrogative Sentences

Shall/Will + S + (not) + have been + V-ing?

or, Shan't/Won't + S + have been + V-ing?

Solved Examples:

1. वह एक घंटे से नहीं पढ़ता रहेगा।	He will not have been reading for an hour.
2. क्या वकील दो घंटों से बहस करता रहेगा ?	Will the pleader have been arguing for two hours?
3. क्या तुम वर्षों से नहीं पछताते रहोगे ?	Will you not have been repenting for years?
4. वह चार दिनों से तुम्हारा इंतजार क्यों नहीं करता रहेगा ?	Why will he not have been waiting for you for four days?

Exercise 177

Translate into English—

तुम 2020 ई॰ से अपना काम नहीं करते रहोगे। क्या मैं 2030 ई॰ से स्कूल में पढ़ाता रहूँगा ? क्या कुत्ते रात भर नहीं भूँकते रहेंगे ? क्या सीता सुबह से गाना नहीं गाती रहेगी ? वे दस बजे से क्या करते रहेंगे ? क्या हमलोग आगामी मंगलवार से परीक्षा की तैयारी नहीं करते रहेंगे ? क्या तुम्हारी पत्नी वर्षों से तुम्हारा इंतजार नहीं करती रहेगी ? आप इसे चार दिनों से क्यों करते रहेंगे ? वह कैसे इस काम को करने के लिए आगामी मंगलवार से कोशिश करता रहेगा ? तुम चार दिनों से होटल में क्यों ठहरी रहोगी ? वे लोग देश की सेवा वर्षों से नहीं करते रहेंगे। मैं आगामी सोमवार से आपका इंतजार नहीं करता रहूँगा। क्या सीता चार दिनों से गाना नहीं गाती रहेगी ? वह आगामी दस दिनों से क्या करता रहेगा ?

Hints : रात भर—for the whole night.

Exercise 178 (Miscellaneous)

Translate into English—

आपने क्या किया है ? आपके बच्चे स्कूल जाना क्यों नहीं चाहते ? मैं दस दिनों से बीमार हूँ। क्या राम दस दिनों से बीमार नहीं है ? क्या राम सुबह से नहीं टहल रहा है ? राम एक गाड़ी खरीदने जा रहा है। प्रधानमंत्री कल यहाँ आएँगे। उसने श्याम की मदद क्यों नहीं की ? क्या वह आपके पास जाया करता था ? मैं अपना काम करने गया था। सूर्य उगने के पहले मैं पटना जा चुका था। क्या वह आपको मारना चाहता था ? वह रोने लगा। वह वर्षों से अनुपस्थित था। तुम सुबह से क्या कर रहे थे ? सोहन कहाँ जाना चाहता था ? वह वर्षों से कैसे एक अच्छा विद्यार्थी नहीं था ? अगर आप मोहन से मिलेंगे, तो वह आपकी मदद करेगा। आप क्या करते रहेंगे ? क्या डॉक्टर के आने के पहले रोगी मर चुकेगा ? वह 2026 ई॰ से क्या करता रहेगा ? वह ऐसा करना क्यों नहीं चाहेगा ? तुमने क्या करना चाहा है ?

Exercise 179

Translate into English—

आप अँगरेजी अच्छी तरह जानते हैं। आपने अँगरेजी कैसे सीखी ? क्या आपके

पिताजी ने आपको अँगरेजी पढ़ाई ? मैंने कभी अँगरेजी सीखनी (to learn) नहीं चाही, परंतु अब मैं अँगरेजी सीखना चाहता हूँ। क्या आप मुझे अँगरेजी पढ़ाएँगे ? क्या आप अँगरेजी पढ़ाना जानते हैं ? अगर मैं मेहनत करूँगा, तो मैं शीघ्र सीख लूँगा। आप वर्षों से अँगरेजी बोलना सिखा (to teach) रहे हैं। मैं कल से आपके यहाँ आ रहा हूँ।

Exercise 180

Translate into English—

रामू मेरा दोस्त है। वह बहुत गरीब है। वह मेरे स्कूल में पढ़ता था, लेकिन अब नहीं पढ़ता है। वह अपने खेत में काम करता है। वह एक अच्छा किसान बनना चाहता है। वह इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। अगले साल वह एक ट्रैक्टर खरीदने जा रहा है। उसने पाँच वर्षों से काम किया है। उसने गत वर्ष बहुत पैसे कमाए। वह मुझसे गत साल मिला था। अब वह गरीब नहीं रहेगा। मैं भी एक व्यापारी बनना चाहता हूँ। मेरे सफल व्यापारी (successful businessman) बनने के पहले वह एक धनी किसान बन चुकेगा। अगर आप रामू से मिलेंगे, तो आप उसे अपना दोस्त बना लेंगे। जब वह धनी किसान बनेगा, तब वह गरीब किसानों की मदद करेगा। क्या आप किसान बनना नहीं चाहते ? क्या आप एक हाकिम बनना चाहते हैं ?

Solved Exercise 170

What will you bring for me? I shall bring a lot of happiness for you. What have you for me? You will not bring anything for me. (You won't bring anything for me. *or,* You'll not bring anything for me. *or,* You'll bring nothing for me.) If you come to know this, you will begin to hate me. If you earn much, you will have to spend much. Why shall I go with you? Now, I have no faith in you. You have always cheated me. I think that he will not do anything in his life. (I think that he won't do anything in his life. *or,* I think that he'll not do anything in his life. *or,* I think that he'll do nothing in his life.) If you give me a chance, I will prove myself a good man. You will never be a good man. Do you not know that he will not help you? (Don't you know that he won't help you?) What did you do? What are you going to do now? What have you thought? What was your fault? Is this pen not theirs? (Isn't this pen thiers?) Had you not a car? (Hadn't you a car? *or,* Did you not have a car? *or,* Didn't you have a car?) When did you come? When have you come? When did you come? Where had you been for four years? Why did you not go to Delhi before? (Why didn't you go to Delhi before?) Where did he want to go? He wanted to go there but he didn't go.

Solved Exercise 175

If you go on trying in this way, one day the success will be yours. Why will you try to kill him? What has he done against you? After killing him I will say this, who will look after these children? Will this mistake not be yours? (Won't this mistake be yours?) Some people work and some eat. The world goes like this way. They will be doing their work. What have you done? What will you be doing? I shall have completed this work by Monday. When are you going to do this work? You have been doing this work for years. It seems that you shall complete this work. We are going to start the work. He has be fooled me and therefore I will never forgive him. Why had you not to do this work? (Why hadn't you to do this work?) You have known this fact. He has eaten nothing since morning, so he is crying now. (He has not eaten anything since morning, so he is crying now. *or,* He hasn't eaten anything since morning, so he is crying now.) What have you done for your country? You had ignorance. You made many mistakes in ignorance. Will God forgive me? If you change yourself, God shall forgive you. (If you change yourself, God will definitely forgive you.) I have wanted to meet you several times.

Solved Exercise 178

What have you done? Why do your children not want to go to school? (Why don't your children want to go to school?) I have been ill for ten days. Has Ram not been ill for ten days? (Hasn't Ram been ill for ten days?) Hasn't Ram been walking since morning? Ram is going to buy a car. The Prime Minister comes here tomorrow. Why did he not help Shyam? (Why didn't he help Shyam?) Did he use to go to you? I went to do my work. I had gone to Patna before the sun rose. Did he want to kill you? He began to weep. (He started weeping.) He had been absent for years. What had you been doing since morning? Where did Sohan want to go? How had he not been a good student for years? (How hadn't he been a good student for years?) If you meet Mohan, he will help you. What will you be doing? Will the patient have died before the doctor comes? What will he have been doing from 2026? Why will he not want to do so? (Why won't he want to do so?) What have you wanted to do?

Hints:

1. रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

2. Spoken English के लिए ये Short Forms हमेशा याद रखें—

Is not = Isn't; Are not = Aren't; Was not = Wasn't; Were not = Weren't; Shall not = Shan't; Will not = Won't; Have not = Haven't; Has not = Hasn't; I have = I've; I will = I'll; It is = It's; That is = That's.

❑❑❑

12. Adjectives of Quantity and Number

(A) few, a few, the few का प्रयोग plural countable nouns (जैसे—cows, boys, pens, etc.) के साथ होता है।

(B) little, a little, the little का प्रयोग singular uncountable nouns (जैसे—water, rice, money, love, etc.) के साथ होता है।

few, little —अल्प, बहुत ही कम—नहीं के बराबर
a few, a little —कुछ, थोड़ा, थोड़ा-सा, not many
the few, the little —जो कुछ, जो थोड़ा-सा, जो अल्प

Solved Examples:

1. मुझे थोड़ा-सा चावल है।	I have a little rice.
2. मुझे कुछ घोड़े हैं।	I have a few horses.
3. मुझे नहीं के बराबर पैसे हैं।	I have little money.
4. मुझे नहीं के बराबर दोस्त हैं।	I have few friends.
5. जो थोड़ी-सी चीनी तुम्हारे पास है, मुझे दो।	Give me the little sugar you have.
6. जो कुछ दोस्त थे, मुझे छोड़ चुके हैं।	The few friends I had, have left me.

Note: some का अर्थ भी 'कुछ' होता है। इसके साथ countable और uncountable दोनों nouns का प्रयोग होता है। जैसे—

मेरे पास कुछ पुस्तकें हैं।	I have some books.
मेरे पास कुछ दूध है।	I have some milk.

a few/a little का प्रयोग 'बहुत कम' का भाव दिखाने के लिए निरपेक्ष ढंग से किया जाता है, जबकि some का प्रयोग प्रायः सापेक्ष ढंग से। Some is generally used for an unspecified number or amount of something (person, animal, thing, etc.) that is less than the total being considered.

Exercise 181

Translate into English—

मेरे पास अल्प समय है। राम के पास थोड़ा-सा चावल था। तुम थोड़ी-सी चाय लेते हो। उसे मेरे लिए थोड़ा-सा प्यार है। कुछ घोड़े सड़क पर दौड़ रहे थे। इस बगीचे में थोड़े-से फूल हैं। मेरे पास कुछ दोस्त हैं। उसके पास नहीं के बराबर दोस्त हैं। मेरे पास नहीं के बराबर दूध है। मेरी गायें नहीं के बराबर दूध देती हैं। राम के बगीचे में नहीं के बराबर फूल हैं। उसे अपनी पत्नी के लिए नहीं के बराबर

प्यार है। जो कुछ कलमें। जो थोड़ा-सा समय। जो कुछ लड़के। जो कुछ पानी। जो कुछ दोस्त थे, अब मुझे छोड़ चुके हैं। उसके पास नहीं के बराबर आशा (hope) है। तुम्हारे पास थोड़ा-सा चावल और कुछ आम हैं। कम ज्ञान खतरनाक चीज है (A little knowledge is a dangerous thing.)।

'बहुत' की अँगरेजी

'बहुत' की अँगरेजी many, much, a lot of, lots of, plenty of, a good deal of, a large number of, a large quantity of, a large amount of, heaps of इत्यादि होती हैं।

(a) Many का प्रयोग plural countable noun तथा Much का प्रयोग singular uncountable noun के साथ होता है। जैसे—

बहुत लड़के/बहुत-से लड़के —many boys
बहुत पानी/बहुत-सा पानी —much water

(b) a lot of, lots of, a good deal of, heaps of का प्रयोग countable और uncountable दोनों प्रकार के nouns के साथ होता है। जैसे—बहुत दूध/आम = a lot of milk/mangoes.

(c) a large number of, a number of के साथ plural countable noun का प्रयोग होता है। जैसे—a number of boys.

(d) a large quantity of, a large amount of के साथ uncountable noun का प्रयोग होता है। जैसे—a large quantity of sand.

Solved Examples:

1. मेरे पास बहुत पैसे हैं। I have a lot of money.
2. बहुत-से लड़के आए। Many/a lot of boys came.

Special Notes: Much और Many के प्रयोग के संबंध में कुछ विशेष बातें ध्यान में रखें—

(a) Much और Many का प्रयोग सामान्यतया Negative और Interrogative Sentences में होता है। जैसे—

I have not much milk. ~ मेरे पास बहुत दूध नहीं है।
I have not many pens. ~ मेरे पास बहुत/अनेक कलमें नहीं हैं।
Have you many cows? ~ क्या तुम्हें बहुत/अनेक गायें हैं ?
Have you much gold? ~ क्या तुम्हारे पास बहुत सोना है ?

(b) Affirmative Sentences में Much और Many का प्रयोग Subject के साथ होता है, परंतु Object के साथ नहीं। ऐसी अवस्था में Object के साथ lots of/a lot of/a good deal of इत्यादि का प्रयोग होता है। जैसे—

I have drunk a lot of water. ~ मैंने बहुत पानी पीया है।
I have not drunk much water. ~ मैंने बहुत पानी नहीं पीया है।
Many boys came to school. ~ बहुत/अनेक लड़के विद्यालय आए।

(c) Affirmative Sentences में much/many का प्रयोग Subject और Object दोनों के साथ होता है, जब much/many के साथ as, how या too आता है। जैसे—

I drank too much of milk.

परंतु I drank lots of milk.

इस संदर्भ में A. S. Hornby की उक्ति को समझें—

There is a tendency for much and many, when not modified by how or too, to occur in negative and interrogative sentences and not normally in purely affirmative sentences. In affirmative sentences such compound determinatives as a lot (of), a large number (quantity, amount) of, and plenty of are preferred. —*A.S. Hornby:* Patterns and Usage in English

Exercise 182

Translate into English—

मेरे पास बहुत पैसे हैं। मेरे पास बहुत-से घोड़े हैं। बहुत-सी किताबें अच्छी हैं। मेरे पास बहुत-सी परेशानियाँ है। बहुत-से छात्र रात में नहीं पढ़ते हैं। मुझे गरीबों के लिए बहुत सहानुभूति है। क्या मेरे पास बहुत दूध नहीं है ? क्या तुम बहुत-सी गायें रखते हो ? क्या आपके पास बहुत-सी पुस्तकें हैं ? आपने बहुत समय बरबाद किया है। आपके पास बहुत पानी क्यों नहीं है ? क्या बहुत-सा सोना तुम्हें शांति देगा ? मेरी गाय बहुत दूध नहीं देती है। तुम्हें ज्यादा घमंड है। क्या मुझमें बहुत-सी बुराइयाँ हैं ?

Vocabulary: पैसे—money, परेशानी—trouble, सहानुभूति—sympathy, बरबाद करना—to waste, to destroy, to spoil, शांति—peace, calmness, घमंड—pride, arrogance, बुराई—evil, wickedness, vice, defect.

Hints: रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

❑ ❑ ❑

13. Some More Hints on Interrogative Sentences

1. Assertive Sentence को Interrogative Sentence में बदलने के लिए Subject के पहले उपयुक्त कोई एक Anomalous Finite रखना पड़ता है। निम्नलिखित को Anomalous Finites कहते हैं—

am, is, are, was, were, have, has, had, do, does, did, shall, should, will, would, can, could, may, might, must, ought, need, dare, used.

यदि Interrogative Sentence में not का प्रयोग करना हो, तो इसके लिए दो उपाय हैं—(a) Subject के बाद not दें या (b) Subject के पहले Anomalous Finite के साथ not दें, परंतु इस स्थिति में not के लघु रूप का प्रयोग होगा। जैसे—

Are you not going? = Aren't you going?
Do I not eat? = Don't I eat?
Will they not go? = Won't they go?
Am I not reading? = Aren't I reading?

निम्नलिखित Anomalous Finite + not के संक्षिप्त रूप (Contracted Forms) को याद रखें। Question Tags में भी Contracted Forms का प्रयोग होता है।

do + not = don't
does + not = doesn't
did + not = didn't
Am I not ...? = Aren't I ...?
is + not = isn't
are + not = aren't
has + not = hasn't
have + not = haven't
had + not = hadn't
was + not = wasn't
were + not = weren't
used + not = usedn't

shall + not = shan't
will + not = won't
can + not = can't
should + not = shouldn't
would + not = wouldn't
could + not = couldn't
may + not = mayn't
might + not = mightn't
ought + not = oughtn't
must + not = mustn't
need + not = needn't
dare + not = daren't

Solved Examples:

(a) क्या मैं चालाक नहीं हूँ ?	Am I not clever? *or,* Aren't I clever?
(b) क्या मैं नहीं जाऊँगा ?	Shall I not go? *or,* Shan't I go?

(c) क्या राम नहीं आएगा ?	Will Ram not come? *or,* Won't Ram come?
(d) वह क्यों नहीं पढ़ता है ?	Why does he not read? *or,* Why doesn't he read?
(e) तुम क्यों नहीं जाओगे ?	Why will you not go? *or,* Why won't you go?

Note: Am I not के बदले जो Aren't I का प्रयोग हुआ है वह सही है।

Exercise 183

Translate into English (use contracted form of the verb)—

क्या मैं अच्छा नहीं हूँ ? क्या मैं नहीं खा रहा हूँ ? क्या तुम नहीं पढ़ते हो ? क्या मैं नहीं जाऊँगा ? क्या सीता सुंदर नहीं है ? क्या वर्षा नहीं हो रही है ? क्या राम और श्याम नहीं जा रहे थे ? तुम क्यों नहीं हँसते हो ? वह क्यों नहीं पढ़ेगा ? तुम्हारे पास कलम क्यों नहीं है ? वह बहुत दिनों से क्यों उपस्थित नहीं है ? तुम वहाँ क्यों नहीं गए ? तुम क्या नहीं करोगे ? मैं क्यों अमीर नहीं हूँ ? वे क्यों नहीं गए ? लता क्यों नहीं पढ़ेगी ? आप क्या नहीं चाहते हैं ? क्या मैं तुम्हारी मदद नहीं कर रहा हूँ ? क्या हमलोग तैयार नहीं हैं ? क्या सीता परीक्षा नहीं देगी ? क्या हमलोग पास नहीं करेंगे ? क्या वर्षा नहीं होगी ? क्या वे लोग उस बच्चे को नहीं मार रहे थे ? क्या मेरे पास काम नहीं है ? क्या राम के पास गायें नहीं थीं ? क्या राम को जाना नहीं है ?

2. यदि प्रश्नसूचक शब्द वाक्य का कर्ता रहे या वाक्य के कर्ता का विशेषण, तो ऐसे वाक्यों का अँगरेजी अनुवाद इस प्रकार होगा—

Interrogative word + (Noun) + Verb + ... ?

ध्यान दें कि वाक्य का ढाँचा Assertive Sentence के ढाँचे जैसा ही रहता है, यानी Affirmative Verb का ही प्रयोग होता है। जैसे—

(a) कौन पढ़ता है ?	Who reads?
(b) किसने इस पुस्तक को लिखा ?	Who worte this book?
(c) कौन खा रहा है ?	Who is eating?
(d) किसने इसे किया है ?	Who has done this?
(e) कौन मेरी मदद करेगा ?	Who will help me?
(f) क्या हुआ ?	What happened?
(g) कौन लड़का आया है ?	Which boy has come?
(h) किस लड़के ने तुम्हें पीटा ?	Which boy beat you?
(i) कौन आदमी मेरी मदद करेगा ?	Which man will help me?
(j) किसका नाम पहले आएगा ?	Whose name will come first?
(k) किसकी पुस्तकें नई हैं ?	Whose books are new?

उपर्युक्त वाक्यों में कौन, किसने, क्या, कौन लड़का, किस लड़के, कौन आदमी,

किसका नाम तथा किसकी पुस्तकें का प्रयोग वाक्य में कर्ता की भाँति हुआ है। अतः अनुवाद में इनके बाद क्रिया (verb) का प्रयोग हुआ है। और, आप देख रहे हैं कि ऊपर के English Sentences Interrogative हैं, लेकिन Verbs Affirmative हैं।

ध्यान दें :

किसने, कौन—who

किस/कौन + संज्ञा = Which + Noun

किसका/किसकी/किनका/किनकी/किनके + संज्ञा = Whose + Noun

3. यदि किसी सरल वाक्य (Simple Sentence) में प्रश्नसूचक शब्द प्रयुक्त रहे, जो न तो वाक्य का कर्ता हो न ही कर्ता का विशेषण, तो अँगरेजी अनुवाद बनाते समय Interrogative Verb का प्रयोग करना पड़ेगा, जैसा कि इन उदाहरणों से स्पष्ट है—

(a) किस लड़के को तुमने पसंद किया ?	Which boy did you like? (you वाक्य का subject है।)
परंतु, किस लड़के ने तुम्हें पसंद किया ?	Which boy liked you? (Which boy वाक्य का subject है।)
(b) यह क्या है ?	What is this?
(c) ये किसके हैं ?	Whose are these?
(d) वे कौन हैं ?	Who are they?
(e) किसका काम तुम पसंद करती हो ?	Whose work do you like?

Exercise 184

Translate into English—

कौन खा रहा है ? कौन पढ़ता है ? किसने रावण को मारा ? वहाँ कौन गया ? किसने इस पुस्तक को लिखा ? कौन अंदर आने की कोशिश कर रहा है ? किसने मुझे गाली दी है ? किसे जाने की हिम्मत है ? कौन तुम्हें पीटता है ? कौन इस सवाल को बना सकता है ? कौन मेरी मदद करेगा ? कौन जानेवाला है ? किसे एक कलम है ? कौन एक अच्छा आदमी बनेगा ? किस लड़के ने तुम्हें पीटा है ? किसकी गाय काली है ? किसका घर नया है ? किसकी माँ दो दिनों से बीमार है ? किसके पिता एक एस॰ डी॰ ओ॰ हैं ? कौन खुश है ? किसे कोई समस्या (problem) नहीं है ? कौन नहीं पढ़ता है ? कौन नहीं गया ? कौन नहीं आएगा ? कौन मुझे नहीं जानता है ? कौन उससे प्यार नहीं करता है ? किसने काम नहीं किया है ? तुम किसके भाई को पढ़ाते हो ? किस लड़के से तुम प्रेम करती हो ? कौन लड़का तुम्हें प्यार करता है ? ये किसकी पुस्तकें हैं ? ये क्या हैं ? कौन गाय उनलोगों की है ? कौन मेरा है ? कौन गाय तुम्हारी है ? किसकी कलम लाल है ? किसका नाम रतन कुमार है ? रतन कुमार कौन है ?

Vocabulary : अंदर आना—to come in, कोशिश करना—to try, हिम्मत—courage, spirit, सवाल बनाना—to solve the sum.

4. कितना/कितनी/कितने + संज्ञा का अनुवाद (How much/How many + Noun) होता है। जैसा कि आपने पढ़ा है, much का प्रयोग uncountable noun के साथ और many का प्रयोग plural countable noun के साथ होता है।

Solved Examples:

(a) आपकी गाय कितना दूध देती है ?	How much milk does your cow give?
(b) कितने लड़के इस स्कूल में पढ़ रहे हैं ?	How many boys are reading in this school?
(c) तुमने कितनी गायें खरीदीं ?	How many cows did you buy?
(d) पेड़ पर कितने बंदर हैं ?	How many monkeys are there in the tree?
(e) तुम्हें मेरे लिए कितना प्यार है ?	How much love do you have for me?
(f) तुम कितनी पुस्तकें खरीदोगे ?	How many books will you buy?

5. कितना / कितनी + चौड़ा / ऊँचा / गहरा / पुराना .... का अनुवाद How + adjective (wide/high/tall/deep/old ...) होता है।

(a) यह कितना चौड़ा है ?	How wide is this?
(b) यह लड़का कितना लंबा है ?	How tall is this boy?
(c) यह मकान कितना पुराना है ?	How old is this building?
(d) यह लड़का कितना बहादुर है ?	How brave is this boy?

Exercise 185

Translate into English—

आप कितना दूध पीते हैं ? तुम कितनी पुस्तकें पढ़ चुके हो ? राम के कितने दोस्त हैं ? सीता ने कितनी पुस्तकें खरीदीं ? कितने लड़के कल आ रहे हैं ? कितना पानी बह रहा है ? तुम मुझसे कितना प्यार करते हो ? तुम कितना पैसा कमाना चाहते हो ? कितना धन (wealth) तुम्हें शांति देगा ? तुम्हारे पास कितनी हिम्मत (courage) है ? तुमने बिना पानी के कितने दिन बिताए हैं ? हमारे नेतागण में कितनी ईमानदारी (honesty) है ? तुमने कितनी कलमें खरीदीं ? आपने कितनी पुस्तकें लिखी हैं ? आपकी गायें कितना दूध देती हैं ? यह कितना चौड़ा (wide) है ? यह मकान कितना पुराना है ? लता की आवाज कितनी मधुर है ? यह दीवार कितनी ऊँची है ? तुम कितने धनी हो ? वह कितना महान् है ? तुम्हारी पत्नी कितनी मोटी है ? तुम कितने बेवकूफ हो ? तुम्हारा स्वास्थ्य कितना कमजोर है ?

Vocabulary: बहना—to flow, कमाना—to earn, बिताना—to spend, to pass, आवाज—voice, मधुर—sweet, melodious, melodic, दीवार—wall, महान्—great, बेवकूफ—foolish, stupid, स्वास्थ्य—health.

Note: वह कितना महान् है !—इस वाक्य के अंत में Note of Exclamation

(!) है । अत: इसका अनुवाद How great he is! होगा और यह एक Exclamatory Sentence कहलाएगा ? यदि वाक्य के अंत में Interrogation Mark (?) रहे, तो अनुवाद How great is he? होगा।

6. इन वाक्यों के अनुवाद पर ध्यान दें—

(a) सीता कैसी है ? (देखने में)	What does Sita look like?
(b) यह आम कैसा है ? (खाने में)	How does this mango taste like?
(c) यह कैसा है ? (सुनने में)	How does it sound like?
(d) आप कैसे हैं ? (स्वास्थ्य/हाल-चाल)	How are you?
(e) चावल कैसे है ?	How much is rice?
(f) इस पुस्तक की क्या कीमत है ?	How much is this book?
(g) तुम्हारी क्या उम्र है ?	How old are you?
(h) आप कब तक इंतजार करेंगे ?	How long will you wait?

Exercise 186

Translate into English—

वह कैसी है (देखने में) ? यह आम कैसा है (खाने में) ? ये मिठाइयाँ कैसी हैं (खाने में) ? यह गाना कैसा है (सुनने में) ? यह आवाज (sound) कैसी है ? आप कैसे हैं ? माँ कैसी है ? तुम्हारा भाई कैसा है ? दूध कैसे है ? चीनी कैसे है ? गेहूँ की दर क्या है ? दुलहन कैसी है ? दुलहा कैसा है ? कश्मीर की सुंदरता कैसी है ? लता की आवाज (voice) कैसी है ? उसका घर कैसा है ? मेरी योजना (plan) कैसी है ? आपकी क्या उम्र है ? राम की कितनी उम्र है ? यह पेड़ कितने वर्षों का है ? यह बच्चा कितने दिनों का है ?

Vocabulary: दुलहन—bride, दुलहा—bridegroom, सुंदरता—beauty.

7. Some More Solved Examples:

(a) कौन है ?	Who is it?
(b) मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ ?	What can I do for you?
(c) आप कब तक इंतजार करेंगे ?	How long will you wait?
(d) कैसे आना हुआ ?	What brings you here?
(e) क्या आप कभी हवाईजहाज पर चढ़े हैं ?	Have you ever been in an aeroplane?
(f) क्या आप कभी दिल्ली गए हैं ?	Have you ever been to Delhi?
(g) आपको और क्या चाहिए ?	What else do you want?
(h) तुम्हें और कौन मदद करेगा ?	Who else will help you?
(i) क्या बात है ?	What is the matter?
(j) मैं आपकी क्या सेवा करूँ ?	What should I do for you?

Exercise 187

Translate into English—

कौन है ? वह कितने साल का है ? तुम्हारे भाई की क्या उम्र है ? मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ ? आप कब तक (How long) यहाँ ठहरेंगे ? आपका कैसे आना हुआ ? क्या आप कभी दिल्ली गए हैं ? क्या आप कभी हवाईजहाज पर बैठे हैं ? मुझे और क्या चाहिए ? तुम्हें और क्या चाहिए ? सीता की और कौन मदद करेगा ?

8. अब कुछ वाक्य दिए जा रहे हैं जिनमें प्रश्नसूचक शब्दों के साथ विभक्तियों का प्रयोग किया गया है। अनुवाद बनाते समय Prepositon को या तो Interrogative Word के पहले रखें या वाक्य के अंत में। जैसे—

(a) आप किस वर्ग में पढ़ते हैं ?	In which class do you read? *or,* Which class do you read in?
(b) तुम किससे बातें कर रहे थे ?	To whom were you talking? *or,* Who were you talking to?

ध्यान दें कि whom के बदले who आया है जब preposition का प्रयोग वाक्य के अंत में हुआ है।

(c) वह किसके लिए रो रही है ?	For whom is she weeping? *or,* Who is she weeping for?
(d) यह शब्दकोश किसके लिए व्यवहार में आता है ?	For whom is this dictionary used? *or,* Who is this dictionary used for?
(e) तुम किसके साथ भ्रमण का इरादा रखते हो ?	With whom do you intend to travel? *or,* Who do you intend to travel with?
(f) आप किसके साथ गए ?	With whom did you go? *or,* Who did you go with?
(g) किस आलमारी में तुमने पुस्तक रख दी ?	In which almirah did you keep the book? *or,*Which almirah did you keep the book in?
(h) वह किस होटल में ठहरा हुआ है ?	At which hotel is he staying? *or,* Which hotel is he staying at?
(i) आप किस देश में रहते हैं ?	In which country do you live? *or,* Which country do you live in?
(j) वह किस चीज को देख रही है ?	At which is she looking? *or,* What is she looking at?

(k) आप किसके बारे में सोच रहे हैं ?	About whom are you thinking? *or,* Who are you thinking about?
(l) आप किस चीज को लेकर इतने नाराज हैं ?	About what are you so angry? *or,* What are you so angry about?
(m) तुम किस चीज से भयभीत हो ?	Of what are you afraid? *or,* What are you afraid of?
(n) वह किस ट्रेन से आ रही है ?	By which train is she coming? *or,* Which train is she coming by?

यदि Verb 'to be' मुख्य क्रिया हो, तो Preposition प्रायः अंत में ही आएगा, जैसे—

यह किसके लिए है ?	Who is it for?

(इसका अनुवाद "**for whom is it?**" नही होगा।)

Note: ऊपर बताए गए तरीकों से Preposition का वाक्य के अंत में प्रयोग प्रायः बोलचाल की भाषा या informal speech में किया जाता है। Interrogative Word के पहले Preposition का प्रयोग formal/औपचारिक/विधिवत्/official है।

Exercise 188

Translate into English—

आप किस वर्ग में पढ़ते हैं ? तुम किस शहर में रहते हो ? तुम किससे बातें कर रहे हो ? तुमने किस दराज (drawer) में किताब रखी थी ? तुम किसके साथ पटना गए ? तुमने किस पते (which address) पर पत्र भेजा ? तुम किसके लिए रो रही थी ? तुम्हें किसे कलम देनी थी ? तुम किसके साथ टहल रहे थे ? आप कहाँ से आ रहे हैं ? तुम किसके बारे में सोच रही थी ? वह किस बस से आ रही है ? तुम किसके साथ जाना चाहते हो ? वह किस होटल में ठहरा हुआ है ? आप किस कमरे में रहते हैं ? आप किस कॉलेज में पढ़ते है ? आप किसे देख रहे है ? आप किस चीज को देख रहे हैं ? आप किसके बारे में सोच रहे हैं ? आप किस चीज के बारे में सोच रहे हैं ? आप किस चीज से भयभीत (afraid, frightened) हैं ? आप किस (व्यक्ति) से भयभीत हैं ? ये किसके लिए हैं ? यह कार किसके लिए है ? तुम किसके साथ भ्रमण का इरादा रखते थे ? तुम किस (व्यक्ति) में/पर (in) विश्वास रखते हो ? तुम किसलिए रो रहे हो ?

Vocabulary: बातें करना—to talk, सोचना—to think/reflect (on/upon), भ्रमण करना—to travel, इरादा रखना—to intend, विश्वास रखना—to believe.

Note: Preposition को अंत में रखना Modern English, खासकर Spoken English का विशेष Style है। अतः इस प्रकार के प्रयोग का अभ्यास डालें।

9. Double Questions:

(I) यदि दो प्रश्नवाचक वाक्य 'और' से जुड़े हों, तो दोनों वाक्यों का अनुवाद प्रश्नात्मक ढाँचे पर बनेगा और बीच में 'and' आएगा। जैसे—

(a) वह क्या पढ़ता है और क्या लिखता है ?	What does he read and what does he write?
(b) तुम कहाँ से आए हो और क्या चाहते हो ?	Where have you come from and what do you want?
(c) वह कौन है और क्या चाहता है ?	Who is he and what does he want?

(II) नीचे दिए गए वाक्यों में आप पाएँगे कि प्रत्येक के दो भाग हैं। पहला भाग main clause है और दूसरा भाग subordinate clause। Main clause का अनुवाद interrogative pattern पर बनता है, परंतु subordinate clause का अनुवाद assertive pattern पर। दोनों के बीच के 'कि' का अनुवाद 'that' नहीं होता है।

(a) क्या तुम जानते हो कि राम कहाँ रहता है ?	Do you know where Ram lives?
(b) क्या तुम जानते हो कि मेरा क्या नाम है ?	Do you know what my name is?
(c) क्या बच्चे जानते हैं कि पृथ्वी कैसे घूमती है ?	Do children know how the earth moves?
(d) तुम कैसे जानते हो कि वह कहाँ रहती है ?	How do you know where she lives?
(e) क्या राम कभी नहीं जानेगा कि उसकी कलम किसने चुराई है?	Will Ram never know who has stolen his pen?

Note: यदि main clause की क्रिया Past Tense में हो, तो subordinate clause की क्रिया के Tense में परिवर्तन होगा। इस प्रकार के परिवर्तन को हम "Narration" chapter में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे।

10. Indirect Questions: Indirect Question के शब्दों का वही क्रम रहता है जो Assertive Sentence के शब्दों का रहता है। जैसे—

(a) मैं जानता हूँ कि तुम क्या जानते हो।	I know what you know.

इसका अनुवाद "I know what do you know" करना गलत होगा।

(b) वह जानता है कि उसका दोस्त क्यों नहीं आया।	He knows why his friend did not come.
(c) मैं जानना चाहता हूँ कि वह क्यों नहीं पढ़ेगी।	I want to know why she will not read.
(d) मैं जानता हूँ कि तुम कहाँ से आए हो।	I know where you have come from.
(e) मैं जानता हूँ कि तुम कौन हो।	I know who you are.

(f) राम जानता है कि तुम्हारा क्या नाम है।	Ram knows what your name is.
(g) सीता जानती है कि मेरे पिता कौन है।	Sita knows who my father is.
(h) मैं जानता हूँ कि किसने इस पुस्तक को लिखा।	I know who wrote this book.
(i) मैं जानती हूँ कि तुम मुझे क्यों प्यार करते हो।	I know why you love me.

Note: ऊपर दिए गए वाक्यों में 'कि' की अँगरेजी that न दें। वाक्य का पहला भाग जो Main Clause है, उसकी क्रिया Present या Future Tense में रहे, तो दूसरे भाग (subordinate clause) की क्रिया के अनुवाद में Tense परिवर्तन नहीं होगा। परन्तु Main clause की क्रिया का अनुवाद Past Tense में हो, तो subordinate clause की क्रिया के Tense में परिवर्तन होगा। जैसे—"मैं जानता था कि तुमने क्या किया है" का अनुवाद "I knew what you had done" होगा। इस प्रकार के परिवर्तन का वर्णन Narration chapter में विस्तारपूर्वक किया गया है।

Exercise 189

Translate into English—

तुम कौन हो और क्या चाहते हो ? तुम्हारा क्या नाम है और तुम कहाँ से आए हो ? तुम कब पढ़ते हो और कब सोते हो ? आप कौन हैं और कहाँ रहते हैं ? तुम्हारे पिताजी का क्या नाम है और वे क्या करते हैं ? तुम कब जाओगे और वह कब आएगी ? क्या तुम जानते हो कि राम कहाँ रहता है ? क्या सीता कह सकती है कि वह कल क्यों नहीं आई ? क्या आप जानती हैं कि वह आपको क्यों प्यार करता है? क्या तुम जानते हो कि वह कौन है ? क्या राम जानता है कि मैं क्या करने जा रहा हूँ ? क्या वे लोग जानते हैं कि राजेश आज स्कूल क्यों नहीं आया है ? क्या तुम जानते हो कि वह क्या करनेवाला है ? क्या आप जानते हैं कि उसकी सुंदरता का राज क्या है ? क्या तुम जानते हो कि सोना इतना कीमती क्यों है (why gold is so costly) ? कौन कह सकता है कि भारत के राष्ट्रपति का क्या नाम है ? कौन जानता है कि ईश्वर कहाँ रहते हैं? क्या तुम जानते हो कि वह कब आएगी ? क्या आप नहीं जानते हैं कि उसने क्यों आपको पीटने की कोशिश की है ? मैं जानता हूँ कि तुम कौन हो। राम जानता है कि तुम क्या चाहते हो। वे लोग जानते हैं कि मैं कल क्यों नहीं जा रहा हूँ। राज जानना चाहता है किसने उसके भाई को पीटा है। मैं जानता हूँ कि उसने क्या किया है। वे लोग जान गए हैं कि तुम वहाँ क्यों नहीं गए। मैं जानता हूँ कि वह क्यों नहीं आएगा। मैं जानता हूँ कि तुम्हारा क्या नाम है।

Hints: उसकी सुंदरता का राज—the secret of her beauty, इतना—so.

Note: यदि main clause प्रश्नवाचक न हो, तो वाक्य के अंत में पूर्ण विराम (full stop) आएगा।

❑ ❑ ❑

14. Question Tags

इन वाक्यों पर विचार करें—

1. तुम राम को जानते हो न ?	You know Ram, don't you?
2. वह घर गया था न ?	He went home, didn't he?
3. तुम राम के भाई हो न ?	You are Ram's brother, aren't you?
4. तुम मांस नहीं खाते हो न ?	You don't eat meat, do you?
5. आप मेरी मदद करेंगे न ?	You will help me, won't you?
6. तुमने ऐसा किया है न ?	You have done so, haven't you?

इस प्रकार के वाक्य ज्यादातर बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त होते हैं। वक्ता ऐसे वाक्यों से अपने अनुमान, विचार आदि व्यक्त करते हैं, परंतु साथ ही अपनी जिज्ञासा, शक या संदेह के कारण इसकी पुष्टि श्रोता से चाहते हैं। ऐसे English Sentences का एक भाग Assertive/Imperative तथा दूसरा भाग Interrogative होता है; यह दूसरा भाग Question Tag कहलाता है।

Question और Question Tag में अंतर है। Question पूर्ण वाक्य होता है तथा इसका प्रयोग स्वतंत्र रूप से होता है। Question Tag का प्रयोग स्वतंत्र रूप से नहीं होता; इसे किसी वाक्य के अंत में जोड़कर प्रयोग किया जाता है।

यदि हम किसी बात को नहीं जानते, तो Question का प्रयोग करते हैं। परंतु, जब हमारे सामने कोई ऐसा तथ्य/अनुमान/विचार आता है जिसपर हम पूर्णतः आश्वस्त नहीं होते, तो इसकी पुष्टि के लिए Question Tag का प्रयोग करते हैं। Question Tag का प्रयोग करनेवाला व्यक्ति श्रोता से यह उम्मीद रखता है कि वह उसके कथन की पुष्टि करेगा। Question Tag का प्रयोग आम बोलचाल की भाषा में अनौपचारिक रूप से किया जाता है।

Question tags are short additions to sentences, to ask for confirmation of something we are not sure about, or to ask for agreement. Question tags are not full questions. They cannot stand by themselves like other questions. The use of question tags is colloquial.

Question Tags बनाने के लिए Anomalous Finite का प्रयोग किया जाता है। अतः आप निम्नलिखित 24 Anomalous Finites तथा Anomalous Finite + not के संक्षिप्त रूप (Contracted Forms) को अवश्य याद कर लें—

do + not = don't
does + not = doesn't
did + not = didn't
is + not = isn't
are + not = aren't
has + not = hasn't

Am I not ... ? = Aren't I ... ?
had + not = hadn't
was + not = wasn't
were + not = weren't
shall + not = shan't
will + not = won't
can + not = can't
should + not = shouldn't
would + not = wouldn't

have + not = haven't
could + not = couldn't
may + not = mayn't
might + not = mightn't
ought + not = oughtn't
must + not = mustn't
used + not = usedn't
need + not = needn't
dare + not = daren't

QUESTION TAGS के PATTERN

1. Anomalous Finite + Subject?

2. Anomalous Finite + n't + Subject?

Note:

(a) Questions Tag बनाने में **lexical** verb (जैसे—go, eat, laugh, etc.) का प्रयोग नहीं होता है।

(b) यदि किसी statement के अंत में Question Tag का प्रयोग करना होता है, तो Question Tag के Anomalous Finite का चयन statement में प्रयुक्त Anomalous Finite पर निर्भर करता है। अगर statement में कोई Anomalous Finite न रहे, तो Question Tag में do/does/did का प्रयोग होगा। Question Tag का Anomalous Finite, Singular Number में होगा कि Plural Number में, इसका चयन Question Tag में प्रयुक्त Subject के अनुसार होगा न कि statement में प्रयुक्त Subject के अनुसार।

(c) Question Tag का Subject सिर्फ Pronoun या Introductory 'There' ही हो सकता है। Question Tag में Noun का प्रयोग नहीं होता है।

Question Tags बनाने के नियम :

1. यदि मूलकथन positive हो, तो Negative Question Tag का और यदि मूलकथन negative हो, तो Positive Question Tag का प्रयोग होगा। जैसे—

You take tea, don't you?
You don't take tea, do you?
She is beautiful, isn't she?
She is not beautiful, is she?
Ram went home, didn't he?
Ram did not go home, did he?
He will help me, won't he?
He will not help me, will he?
I am right, aren't I?

Note: एक बात याद रखें कि negative statement का अर्थ यह नहीं है कि वाक्य में negative verb का प्रयोग अवश्य हो। आपको अनेक ऐसे वाक्य मिलेंगे जिनमें positive verb का प्रयोग है, परंतु negative Subject/Object/Complement/Adverb के प्रयोग से वाक्य में नकारात्मक भाव है। ऐसे वाक्यों के साथ भी Positive Question Tag का प्रयोग होता है। यदि neither, no, none, no one, nobody, nothing, few, little, hardly, rarely, scarcely या seldom किसी clause में प्रयुक्त हो, तो अभीष्ट clause negative statement कहलाएगा। जैसे—

They had no friend, had they?

No one knows this, do they?

Nobody is allowed to come, are they?

Nothing is perfect, is it?

They have nothing, have they?

A barking dog seldom bites, does it?

Few people will come, will they?

Neither of them helped you, did they?

He knows little about her, does he?

परंतु, a few तथा a little जो positive expressions हैं, उनके साथ Negative Question Tag का प्रयोग होता है। जैसे—

They have a little money, haven't they?

Only a few students will get the awards, won't they?

2. request / command के साथ प्राय: will you/won't you Question Tag के रूप में आता है। Negative request/command के साथ will you का प्रयोग होता है। लेकिन Positive request/command के साथ will you तथा won't you दोनों में से किसी एक का प्रयोग हो सकता है। जैसे—

Don't go there again, will you?

Don't forget, will you?

Open the window, will you?

or, Open the window, won't you?

Please pass me your notebook, will you?

or, Please pass me your notebook, won't you?

Note:

(a) ज्यादा urgency दिखाने के लिए Positive request/command के साथ 'won't you' Question Tag का ही प्रयोग होता है। जैसे—

Remember to shut the door, won't you?

Be careful while counting rupees, won't you?

(b) जब Imperative Verb से डाँट/फटकार का भाव व्यक्त होता है, तब 'can't you' Question Tag का प्रयोग होता है। जैसे—

Use your own pen, can't you?

Use your own sense, can't you?

3. Let's (let us ...) के साथ 'shall we' Question Tag का प्रयोग होता है।

Let us dance, shall we?

Let's go, shall we?

Let us play together, shall we?

परंतु Let him/her/them/Ram/Sita इत्यादि के साथ 'will you' Question Tag आता है। जैसे—

Let him do that, will you?

Let them go, will you?

Question Tag के Subject का चयन :

1. अगर मूलकथन का Subject कोई Personal Pronoun हो, तो Question Tag का Subject भी वही Personal Pronoun होगा। अगर मूलकथन का Subject कोई Noun हो, तो Question Tag का Subject उक्त Noun के Number और Gender के अनुसार he/she/it/they होगा। जैसे—

They read, don't they?
She reads, doesn't she?
You know it, don't you?
We saw him, didn't we?
I have not cheated you, have I?
It is true, isn't it?
Ram and Shyam are fast friends, aren't they?
Ram was absent, wasn't he?
Reeta is not beautiful, is she?
The boys are not going tomorrow, are they?
The chair is not strong enough, is it?

2. यदि मूलकथन के Subjects—There, One, This/That, These/Those हो, तो Question Tags के Subjects क्रमशः there, one, it और they होंगे। जैसे—

There is beauty in it, isn't there?
One can't do this, can one?
This is mine, isn't it?
That is enough, isn't it?
These are his cows, aren't they?
Those are good examples, aren't they?

Note: यदि one, this, that, these और those का प्रयोग Adjective की तरह

हो यानी इनके तुरंत बाद Noun प्रयुक्त रहे, तो Question Tag का Subject, Noun के अनुसार he/she/it/they होगा। जैसे—

One boy can lift it, can't he?
This girl came yesterday, didn't she?
Those pens are mine, aren't they?
This chair is useless, isn't it?
That woman has no sense, has she?

3. अगर मूलकथन का Subject—no one, anyone, someone, everyone, everybody, somebody या nobody हो, तो Question Tag का Subject 'they' होगा। जैसे—

No one could do so, could they?
Everyone helped you, didn't they?
Somebody stole my pen, didn't they?
Anyone can do so, can't they?
Nobody has seen God, have they?
Someone may come today, mayn't they?
Everybody is your enemy, aren't they?

4. यदि no, any, every, some इत्यादि के साथ thing लगा रहे यानी nothing, anything, something या everything मूलकथन का Subject रहे, तो Question Tag के Subject के रूप में it का प्रयोग होगा, they का नहीं। जैसे—

Everything is clear to you, isn't it?
Nothing could be done, could it?
Something is to be done, isn't it?
Anything can be done for you, can't it?

5. यदि statement का Subject—All of us/None of us/One of us/ Anyone of us/ Some of us/Most of us/Everyone of us/Either of us/ Neither of us रहे, तो Question Tag के subject के रूप में we आएगा। यदि us के बदले you या them रहे, तो Question Tag के Subject के रूप में क्रमशः you और they आएगा। जैसे—

All of us can do this, can't we?
All of you can do this, can't you?
All of them can do this, can't they?
Most of us have read the book, haven't we?
Most of you have read the book, haven't you?
Most of them don't know this, do they?
Neither of you has done this, have you?
Either of you is guilty, aren't you?
None of us have seen the Tajmahal, have we?

Some Special Notes:

1. I am your best friend, aren't I? यहाँ 'aren't I' सही Question Tag है। इसके बदले 'amn't I' न लिखें।

2. Negative Question Tag में anomalous finite + not के संक्षिप्त रूप (contracted form) का ही प्रयोग होगा।

3. dare/need का प्रयोग Full Verb तथा Auxiliary Verb दोनों ही प्रकार से होता है। यदि मूलकथन में dare/need का प्रयोग Auxiliary Verb की तरह हो, तो Question Tag में dare/need का ही प्रयोग होगा। यदि मूलकथन में dare/need का प्रयोग Full Verb के रूप में हो, तो Question Tag में dare/need का प्रयोग न होकर कोई अन्य उपयुक्त Anomalous Finite का प्रयोग होगा। जैसे—

He dare not go there, dare he?
He doesn't dare to go there, does he?
They have dared to beat him, haven't they?
I needn't ask him, need I?
I don't need to ask him, do I?
He dares to go there, doesn't he?
He needs a book, doesn't he?
I will need nothing, will I?
No students dare disobey, dare they?
You need have no fear, need you?
Nobody will dare to beat us, will they?

(Auxiliary Verb के रूप में dare/need का प्रयोग मुख्यतः Negative और Interrogative Sentences में ही होता है।)

4. अगर मूलकथन में 'used to' का प्रयोग हो, तो Question Tag में usedn't/didn't का प्रयोग होगा। अगर usedn't to का प्रयोग हो, तो used/did का प्रयोग होगा। जैसे—

He used to go there, usedn't he?
or, He used to go there, didn't he?
They usedn't to go there, used they?
or, They usedn't to go there, did they?

Solved Examples:

Fill in the blanks with suitable question tags—

1. I am right, ...? aren't I
2. I am not guilty, ...? am I
3. You are going their, ...? aren't you
4. You are not vexing her, ...? are you
5. She has done this, ...? hasn't she

6. It is raining, ...? isn't it
7. They are guilty, ...? aren't they
8. I have helped you several times, ...? haven't I
9. We have not seen that, ...? have we
10. She has love for me, ...? hasn't she
11. We have to go there, ...? haven't we
12. They had gone there, ...? hadn't they
13. She had not a car, ...? had she
14. I am going to school, ...? aren't I
15. Ram is playing there, ...? isn't he
16. Sita will be there, ...? won't she
17. Gita will not help me, ...? will she
18. Mohan may not come, ...? may he
19. The boys could pass, ...? couldn't they
20. It might rain today, ...? mightn't it
21. I shall live there, ...? shan't I
22. My dog is ill, ...? isn't it
23. Sita's sister is coming today, ...? isn't she
24. The girls wouldn't dance, ...? would they
25. Your brother can't do this, ...? can he
26. John is to come here, ...? isn't he
27. Ram knows me, ...? doesn't he
28. I don't know you, ...? do I
29. They teach him, ...? don't they
30. They don't beat you, ...? do they
31. Rajesh doesn't come to school, ...? does he
32. My father doesn't smoke, ...? does he
33. They help us, ...? don't they
34. Reeta loves you, ...? doesn't she
35. The boys know English, ...? don't they
36. I went there, ...? didn't I
37. Manoj came to see you, ...? didn't he
38. The boys went to the zoo, ...? didn't they
39. Sita laughed at you, ...? didn't she
40. Mohan and Sohan didn't go there, ...? did they
41. She had told me, ...? hadn't she
42. They have been cheating us, ...? haven't they
43. He was sleeping there, ...? wasn't he
44. It had been raining for two hours, ...? hadn't it
45. They did not like us, ...? did they
46. You don't smoke, ...? do you

47. She should help her, ...?	shouldn't she
48. Sita shouldn't tease him, ...?	should she
49. We ought to respect our teachers, ...?	oughtn't we
50. You dare not touch it, ...?	dare you
51. You don't dare to touch it, ...?	do you
52. He dares to touch it, ...?	doesn't he
53. I daren't go there, ...?	dare I
54. I don't dare to go there, ...?	do I
55. I dare to go there, ...?	don't I
56. She dared to beat her, ...?	didn't she
57. The boys dared to stay there, ...?	didn't they
58. We dare not face him, ...?	dare we
59. We need not go there, ...?	need we
60. We don't need to go there, ...?	do we
61. We need to go there, ...?	don't we
62. We needed your help, ...?	didn't we
63. Sita need not come here, ...?	need she
64. I needn't read, ...?	need I
65. I don't need to read, ...?	do I
66. I need to read it, ...?	don't I
67. I need money, ...?	don't I
68. You don't need a pen, ...?	do you
69. Nobody was ready, ...?	were they
70. Neither of them was ready, ...?	were they
71. Nobody can harm me, ...?	can they
72. No one is to be blamed, ...?	are they
73. Nothing is perfect, ...?	is it
74. He has little knowledge, ...?	has he
75. Few persons were present there, ...?	were they
76. It is rarely found, ...?	is it
77. She seldom goes there, ...?	does she
78. I know a little about her, ...?	don't I
79. She has a few good books, ...?	hasn't she
80. Shut the door, ...?	will/won't you
81. Open the gate, ...?	will/won't you
82. Don't go there, ...?	will you
83. Please do me a favour, ...?	will/won't you
84. Don't cheat her, ...?	will you
85. Help that person, ...?	will/won't you
86. Don't be disappointed, ...?	will you
87. Please give me more money, ...?	will/won't you

88. Don't pluck flowers, ...?	will you
89. Shut up, ...?	won't you
90. Do come tomorrow, ...?	will/won't you
91. Don't close the gate, ...?	will you
92. Let's dance, ...?	shall we
93. Let us play together, ...?	shall we
94. Let's up help him, ...?	shall we
95. Let him do that, ...?	will you
96. Let them laugh, ...?	will you
97. Let the boys go out, ...?	will you
98. There are two boys in the class, ...?	aren't there
99. There is no doubt, ...?	is there
100. There were four boys, ...?	weren't there
101. There is no hope here, ...?	is there
102. There was truth in that, ...?	wasn't there
103. There will be no poverty in the country, ...?	will there
104. There are not three cows there, ...?	are there
105. One can't beat him, ...?	can one
106. This book is torn, ...?	isn't it
107. That was not for me, ...?	was it
108. These are his, ...?	aren't they
109. Those are not for her, ...?	are they
110. One man will do, ...?	won't he
111. One man can lift it, ...?	can't he
112. This boy knows this, ...?	doesn't he
113. That boy came yesterday, ...?	didn't he
114. Those pens are useless, ...?	aren't they
115. Those were mine, ...?	weren't they
116. This chair is useless, ...?	isn't it
117. This can't do, ...?	can it
118. This boy is reading well, ...?	isn't he
119. No one can do this, ...?	can they
120. No one would come, ...?	would they
121. Anyone will do this, ...?	won't they
122. Anyone can enter the room, ...?	can't they
123. Someone might come, ...?	mightn't they
124. Everybody is ready now, ...?	aren't they
125. Everybody must be loved, ...?	mustn't they
126. Somebody will beat you, ...?	won't they
127. Nobody can challenge me, ...?	can they
128. Nothing is being done, ...?	is it
129. Anything can be sold, ...?	can't it

130. Everything is bright and beautiful, ...? isn't it
131. Something must be done, ...? mustn't it
132. All of us are present, ...? aren't we
133. All of you can be beaten, ...? can't you
134. All of them had gone there, ...? hadn't they
135. None of us have fault, ...? have we
136. Some of us can do that, ...? can't we
137. Neither of you is responsible, ...? are you
138. Either of us can cheat him, ...? can't we
139. Neither of us had deceived you, ...? had we
140. Everyone of them can buy this, ...? can't they
141. I am going to help you, ...? aren't I
142. He used to go there, ...? usedn't/didn't he
143. She used to beat her children, ...? usedn't/didn't she
144. She usedn't to go there, ...? used/did she
145. He hasn't seen it, ...? had he
146. They didn't know the way, ...? did they
147. My father needn't beat me, ...? need he
148. He did last year, ...? didn't he
149. It's hot, ...? isn't it
150. They will have nothing, ...? will they
151. Your father teaches well, ...? doesn't he
152. He broke his leg, ...? didn't he
153. He can't read English, ...? can he
154. You are my best friend, ...? aren't you
155. I am free now, ...? aren't I
156. She used to live in that forest, ...? usedn't/didn't she
157. He leaves for Mumbai tomorrow, ...? doesn't he
158. You aren't angry, ...? are you
159. None of you can defeat him, ...? can you
160. Each of us is free now, ...? aren't we
161. The people of India are very poor, ...? aren't they
162. India was under the foreign rule, ...? wasn't it
163. Mahatma Gandhi was great, ...? wasn't he
164. The poor are honest, ...? aren't they
165. She knows her duty well, ...? doesn't she
166. She dare not face me, ...? dare she
167. She can dare to face me, ...? can't she
168. She lived there, ...? didn't she
169. No one is your friend, ...? are they
170. This is enough, ...? isn't it
171. You leave for Delhi tomorrow, ...? don't you?

Some More Solved Examples:

1.	राम चावल खाता है न ?	Ram eats rice, doesn't he?
2.	राम और श्याम चावल नहीं खाते हैं न ?	Ram and Shyam do not eat rice, do they?
3.	तुम गाते हो न ?	You sing, don't you?
4.	तुम गाते नहीं न हो ?	You don't sing, do you?
5.	मैं बुद्धिमान् हूँ न ?	I am wise, aren't I?
6.	बच्चे कल आए थे न ?	The children came yesterday, didn't they?
7.	तुम मेरी मदद करोगे न ?	You will help me, won't you?
8.	लड़के स्कूल गए थे न ?	The boys went to school, didn't they?
9.	आप अच्छे तो हैं न ?	You are well, aren't you?
10.	आप मुझसे प्यार करते हैं न ?	You love me, don't you?
11.	राम पढ़ सकता है न ?	Ram can read, can't he?
12.	तुमने कलम नहीं चुराई है न ?	You have not stolen the pen, have you?
13.	वह सुबह से कुछ नहीं कर रहा है न ?	He has not been doing anything since morning, has he?
14.	चाय में चीनी है न ?	There is sugar in the tea, isn't there?

Exercise 190

Translate into English—

तुम गाना गाते हो न ? तुम गाना नहीं गाते हो न ? रीता मछली खाती है न ? बच्चे रोते तो नहीं हैं न ? आप कल आ रहे हैं न ? राम और श्याम जा रहे हैं न ? उसने काम पूरा तो किया है न ? तुमने कुरसी तो नहीं तोड़ी है न ? मैं अच्छा हूँ न ? आपके पास काम नहीं है न ? वे लोग गए तो हैं न ? वह सुबह से खेल रही है न ? लड़के वापस आ गए न ? गीता ने गाना नहीं गाया न ? तुम वहाँ गए थे न ? गीता गाना गा रही थी न ? बच्चे शोर मचा रहे थे न ? आप दिल्ली जाएँगी न ? तुम मेरी मदद करोगे न ? मैं सही हूँ न ? आपके पास गाड़ी नहीं है न ? आप खुश तो हैं न ? आप दवा लेते हैं न ? सीता वहाँ थी न ? यह राम है न ? तुम मैच जीतोगे न ? वह मेरी मदद करेगा न ? हमलोग मिठाई खाएँगे न ? रतन अँगरेजी पढ़ता है न ? छात्रगण यह जानते हैं न ? वह मरने-मरने को है न ? वर्षा हो रही है न ? तुम अँगरेजी नहीं पढ़ सकते हो न ? मैं आपकी मदद करता हूँ न ?

Vocabulary: पूरा करना—to complete, to finish, तोड़ना—to break, वापस आना—to come back, to return, शोर मचाना—to make a noise, to make a din, दवा लेना—to take medicine, मरना—to die.

Exercise 191

Add Question Tags—

1. Ram eats, ...
2. Ram does not eat, ...
3. I go, ...
4. I don't go, ...
5. I am going, ...
6. I am not going, ...
7. The boys are not going, ...
8. I have done this, ...
9. They have not gone, ...
10. I went, ...
11. I did not laugh, ...
12. The boys came, ...
13. I was ill, ...
14. I am ill, ...
15. They were going, ...
16. I had gone, ...
17. The boys had not gone, ...
18. Ram and Sita are good, ...
19. I shall go, ...
20. Ram will go, ...
21. I shall not do, ...
22. I like it, ...
23. I would go, ...
24. You would go, ...
25. I play, ...
26. I did, ...
27. I can do that, ...
28. You must go, ...
29. He dare not go there, ...
30. He used to go, ...
31. I ought to go there, ...
32. Open the door, ...
33. Do this, ...
34. Let us dance, ...

35. Let us go, ...
36. Neither of them did that, ...
37. None can save you, ...
38. Nobody knows you, ...
39. Nothing is impossible, ...
40. He hardly knows how to swim, ...
41. He seldom speaks the truth, ...
42. Everyone should do this, ...
43. Someone has beaten him, ...
44. I can't do this, ...
45. They went there, ...
46. You were laborious, ...
47. This is yours, ...
48. Those are beautiful eyes, ...
49. Students ought to respect their teachers, ...
50. You have been doing for years, ...
51. I am right, ...
52. Someone gave me a book, ...
53. Nobody is responsible, ...
54. That dog seldom bites, ...
55. He hardly walks, ...
56. Nothing is helpful, ...
57. No one is my friend, ...
58. Let's dance together, ...
59. I am your best friend, ...
60. There is a cow, ...
61. Mind your own business, ...
62. That is fine, ...
63. This is mine, ...
54. These are not his pens, ...

Exercise 192 (Miscellaneous)

Translae into English—

किसने मेरी मदद करनी चाही है ? कौन परीक्षा पास करना नहीं चाहेगा ? आपने पानी के बिना कितने दिन बिताए हैं ? कौन इस काम को करेगा ? किस आदमी ने तुम्हारी कलम चुराने की कोशिश की है ? किस कलम को तुम खरीदना चाहते हो ? किसका नाम रतन कुमार है ? कौन तुम्हारी मदद करने आएगा ? किसने तुम्हें इस काम को करने की राय दी है ? कौन मरना चाहता है ? आप कितना दूध बेचना

चाहते हैं ? आपने कितनी पुस्तकें खरीदीं ? यह कितना ऊँचा है ? सीता कैसी (देखने में) है ? कौन है ? आप कितनी बार दिल्ली गए ? क्या आपने कभी ताजमहल देखा है ? तुम्हें और क्या चाहिए ? आपकी क्या उम्र है ? मैं जानता हूँ कि आप क्या जानते हैं। क्या राम जानता है कि उसका भाई दिल्ली से कब आ रहा है ? क्या मैं नहीं जानता हूँ कि वह कब आई ? क्या आप जानते है कि मेरा क्या नाम है ? कौन जानता है कि कौन कब मरेगा ? आप यह काम करना चाहते हैं न ? तुमने इसे किया है न ? आपने कुछ नहीं देखा है न? कोई तुम्हारी मदद करना नहीं चाहता है न ? मैं तुम्हें प्यार करता हूँ न ? आप अच्छे तो हैं न ? तुम मेरी मदद करोगे न ? मैं अच्छा हूँ न ? यह किसके लिए है? तुम किस पर ताक रहे हो ? तुम किस देश में रहते हो ?

Vocabulary: बिना—without, बिताना—to spend, to pass, कोशिश करना—to try, कितनी बार—how often, how many times, ताकना—to look at.

Exercise 193 (Advanced Learner's)

Translate into English—

कभी-कभी (Sometimes) मैं सोचता हूँ कि इस दुनिया को किसने बनाया और कौन इसे नष्ट करेगा। क्या तुम जानते हो वि यह दुनिया कितने वर्षों की है ? तुम नहीं जानते हो न ? कुछ वैज्ञानिकों (scientists) ने उस समय का पता लगाया है जब से पृथ्वी का अस्तित्व रहा है। मैं यह जानना चाहता हूँ कि वैज्ञानिकों ने इसे कैसे पता लगाया है। उनलोगों ने इसे कैसे जाना ? मैं सोचता हूँ कि कोई कैसे इसकी गणना करता है। इसके लिए तुम्हें विज्ञान पढ़ना होगा। अगर आप विज्ञान का अध्ययन करेंगे, तो इसे समझ जाएँगे। क्या आप जानते हैं कि कौन शिक्षक विज्ञान पढ़ाने आ रहे हैं ? क्या आप जानते हैं कि वे कौन-सा पाठ पढ़ाएँगे ? मैं नहीं जानता हूँ कि वे कौन-सा पाठ पढ़ाएँगे। क्या आप मुझे बताएँगे कि वे कितने पाठ पढ़ा चुके हैं और वे आज कौन-सा पाठ पढ़ाएँगे? आज वे वही पाठ पढ़ाने जा रहे हैं जिसमें आपकी रुचि है (the lesson you are interested in)। शिक्षक महोदय को इस विषय का इतना ज्ञान है कि वे आपके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देंगे।

Vocabulary: बनाना—to create, to make, to build, नष्ट करना—to destroy, to spoil, अस्तित्व रखना—to exist, पता लगाना—to find out, to discover, to trace, गणना करना—to calculate, अध्ययन करना—to study.

Solved Exercise 192

Who has wanted to help me? Who will not want to pass the examination? (Who won't want to pass the examination?) How many days have you spent without water? Who will do this work? Which person has tried to steal your pen? Which pen do you want to buy? Whose name is Ratan Kumar? Who will come to help you? Who has advised you to do this work? Who wants to die? How much milk do you want to sell? How many books did you buy? How high is this? How does Sita look like? Who is it? How many times did you go to Delhi? Have you ever seen the Tajmahal? What else do you want? What is your

age? I know what you know. Does Ram know when his brother is coming from Delhi? Do I not know when she came? (Don't I know when she came?) Do you know what my name is? Who knows when who will die? You want to do this work, don't you? You have done it, haven't you? You have seen nothing, have you? (You have not seen anything, have you? *or,* You haven't seen anything, have you? *or,* You've not seen anything, have you?) None (No one/nobody) wants to help you, do they? I love you, aren't I? You are fine, aren't you? You will help me, won't you? I am good, aren't I? Who is it for? What are you looking at? (At what are you looking?) Which country do you live in? (In which country do you live?)

Solved Exercise 193

Sometimes, I think, who created this world and who will destroy it. Do you know what the age of this world is? (Do you know how old this world is?) You don't know, do you? Some scientists have found out the time since when the earth has been in existence. I want to know this how scientists have found it out. How did they know it? I think how one calculates it. For this, you will have to study science. If you study science, you will understand it. Do you know which teacher is coming to teach science? Do you know which lesson he will teach? I don't know which lesson he will teach. Will you tell me how many lessons he has taught and which lesson he will teach today? Today, he is going to teach the lesson you are interested in. The teacher has that much of knowledge of this subject that he will answer each of your questions.

Hints:

1. रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

2. Spoken English में Accuracy एवं Fluency बढ़ाने के लिए Solved Exercises को बार-बार पढ़ें।

❑❑❑

15. Introductory 'There'

1. हिंदी का वाक्य ''एक लड़का है'' अर्थ और बनावट की दृष्टि से complete है, परंतु इसका अँगरेजी अनुवाद "A boy is" अर्थ और बनावट की दृष्टि से incomplete। यहाँ is के बाद कोई पूरक (complement) का रहना आवश्यक है। हिंदी के ऐसे वाक्यों का अनुवाद there लगाकर किया जाता है। जैसे—

एक लड़का है।	There is a boy.
दो लड़के हैं।	There are two boys.
पानी है।	There is water.
एक राजा था।	There was a king.
एक राजा होगा।	There will be a king.

इन वाक्यों में असली Subjects 'There' के बाद हैं और Verbs भी असली Subjects के अनुसार प्रयुक्त हुए हैं। a boy के लिए is तथा two boys के लिए are का प्रयोग हुआ है। स्पष्टतः इन वाक्यों में There का कोई विशेष अर्थ नहीं है, परंतु sentence की बनावट की दृष्टि से इसका प्रयोग आवश्यक है। यहाँ 'There' subject को introduce करता है, अतः इस प्रकार के प्रयोग की दृष्टि से इसे Introductory 'There' कहते हैं। 'there' एक adverb भी है जिसका अर्थ 'वहाँ' होता है। जैसे—

वहाँ एक लड़का है।	There is a boy there.
वहाँ दो लड़के थे।	There were two boys there.

2. Introductory 'There' का प्रयोग किसी अनिश्चित व्यक्ति/वस्तु की स्थिति/अस्तित्व या मौजूदगी दिखाने के लिए किया जाता है। अगर विधिवाचक हिंदी वाक्यों की मुख्य क्रिया 'है/हैं/था/थी/थे/गा/गी/गे' रहे और उस क्रिया का कर्ता उससे सटा हुआ ठीक पहले आए, तो ऐसे वाक्यों का अनुवाद Introductory 'There' के प्रयोग से होगा। नकारात्मक वाक्यों में कर्ता और क्रिया के बीच में 'नहीं' रहता है। जैसे—

एक लड़का है।	There is a boy.
एक लड़का नहीं है।	There is not a boy.

इसके अलावा भी Introductory 'There' का प्रयोग अनेक परिस्थितियों में होता है।

3. ऐसे वाक्यों, जैसा कि (1) और (2) में बताए गए हैं, में विभक्ति + स्थानसूचक शब्दों का भी प्रयोग होता है, जैसे—

टेबुल पर एक किताब है।	There is a book on the table.
छत पर बिल्लियाँ हैं।	There are cats on the roof.

ऐसे वाक्यों का अनुवाद भी Introductory 'There' के प्रयोग से होता है। इन वाक्यों का अनुवाद इस प्रकार भी संभव है।

(i) A book is on the table. (ii) Cats are on the roof.

इस प्रकार के अनुवाद असामान्य (uncommon) हैं, परंतु बनावट की दृष्टि से गलत नहीं हैं। आप ऐसे वाक्यों का अनुवाद Introductory 'There' से करें, तो अच्छा रहेगा।

Solved Examples:

1. एक गाय है।	There is a cow.
2. दो गायें हैं।	There are two cows.
3. वहाँ दो गायें हैं।	There are two cows there.
4. यहाँ गायें है।	There are cows here.
5. एक राजा था।	There was a king.
6. वहाँ कुछ बंदर थे।	There were some monkeys there.
7. यहाँ शांति रहेगी।	There will be peace here.
8. मेरे गाँव में चार हाथी हैं।	There are four elephants in my village.
9. उसके दिमाग में कुछ नहीं है।	There is nothing in his mind.
10. मंदिर के सामने एक बड़ा तालाब है।	There is a big pond in front of the temple.
11. मन और शरीर में घनिष्ठ संबंध है।	There is a close relationship between mind and body.
12. इसमें कोई बुराई नहीं है।	There is no evil in it.
13. स्कूल में दस लड़के थे।	There were ten boys in the school.
14. यहाँ कुछ नहीं रहेगा।	There will be nothing here.
15. मेरे गाँव में एक पुस्तकालय होगा।	There will be a library in my village.

Exercise 194

Translate into English—

[A]

एक लड़का है। दो लड़के हैं। लड़के हैं। यहाँ एक लड़का है। वहाँ एक लड़का है। वहाँ कुछ गायें हैं। एक घोड़ा था। दस घोड़े थे। वहाँ कुछ घोड़े थे। एक स्कूल था। वहाँ एक मंदिर था। यहाँ एक तालाब था। एक किसान है। पानी है। एक लड़की और एक लड़का हैं। यहाँ शांति है। वहाँ पानी था। यहाँ एक तालाब होगा। यहाँ शांति रहेगी। वहाँ कुछ बंदर रहेंगे। एक सड़क होगी। यहाँ एक पुल होगा। एक पुस्तकालय होगा।

[B]

मेरे गाँव में एक मंदिर है। पेड़ पर बहुत-से बंदर हैं। कुएँ में एक साँप है। उनलोगों के गाँव में एक साधु है। पेड़ के नीचे गायें हैं। दुनिया में शांति है। राम और श्याम के बीच दोस्ती थी। जंगल में एक सिंह था। मेरे स्कूल में चार सौ लड़के थे। सप्ताह में सात दिन होते हैं। चाय में चीनी है। टेबुल पर पुस्तकें थीं। हरिश्चंद्र नाम का (named) एक राजा (king) था। भारत में ईमानदारी थी। मेरे गाँव में एक मंदिर होगा। हमलोगों के बीच (among us) प्यार रहेगा। यहाँ कुछ नहीं (nothing) रहेगा। इस पेड़ पर कुछ बंदर रहेंगे। इस नदी में हमेशा (always) पानी रहेगा।

Vocabulary: कुछ—**some,** मंदिर—**temple,** तालाब—**pond, tank,** शांति—**peace, calmness,** सड़क—**road,** पुल—**bridge,** पुस्तकालय—**library,** कुआँ—**well,** साँप—**snake,** साधु—**saint,** नीचे—**under, below,** दुनिया—**world,** बीच (दो के)—**between,** दोस्ती—**friendship,** जंगल—**forest, woods,** सिंह—**lion,** सप्ताह—**week,** दिन—**day,** ईमानदारी—**honesty,** प्यार—**love,** नदी—**river.**

Negative Sentences

is/are/was/were के बाद not/no लगाएँ। यदि अभीष्ट Noun के पहले Article या संख्यासूचक शब्द हो, तो not लगाएँ; यदि Article या संख्यासूचक शब्द न हो, तो no लगाएँ जैसा कि इन उदाहरणों से स्पष्ट है। यदि वाक्य में will आए, तो will के बाद not दें; तब be और अन्य पद दें। जैसे—

1. नदी में पानी नहीं है।	There is no water in the river.
2. वहाँ लड़के नहीं थे।	There were no boys there.
3. वहाँ चार गायें नहीं थीं।	There were not four cows there.
4. कुएँ में साँप नहीं है।	There is not a snake in the well. *or,* There is no snake in the well.
5. यहाँ पेड़ नहीं रहेंगे।	There will not be trees here.
6. यहाँ पुल नहीं होगा।	There will not be a bridge here.

Interrogative Sentences

is/are/was/were/will को Subject के पहले रखें। जैसे—

1. क्या आपके गाँव में एक मंदिर है ?	Is there a temple in your village?
2. क्या वहाँ पानी नहीं था ?	Was there no water there?
3. क्या वहाँ एक राजा नहीं था ?	Was there not a king there?
4. क्या यहाँ शांति रहेगी ?	Will there be peace here?
5. वहाँ पानी क्यों नहीं था ?	Why was there no water there?
6. इस बगीचे में फूल क्यों नहीं हैं ?	Why are there no flowers in this garden?

7. तुम्हारे गाँव में स्कूल कब था ? When was there a school in your village?
8. दुनिया में शांति क्यों नहीं रहेगी ? Why will there not be peace in the world?

Exercise 195

Translate into English—

क्या वहाँ एक लड़का था ? वहाँ एक लड़का नहीं था ? क्या लड़के थे ? यहाँ पुस्तक नहीं है। जीवन में शांति नहीं है। चाय में चीनी नहीं है। क्या नदी में पानी है ? क्या दुनिया में शांति रहेगी ? क्या बाजार में आम हैं ? पेड़ पर बंदर नहीं थे। मेरे दिल में शांति नहीं है। वर्ग में लड़के नहीं हैं। क्या वर्ग में लड़के नहीं थे ? क्या इस नदी में पानी नहीं रहेगा ? क्या तुम्हारे जीवन में आशा नहीं है ? क्या वहाँ कोई नहीं (nobody) था ? मेरे गाँव में डाकू कब था ? नदी में पानी कैसे नहीं है ? तुम्हारे गाँव में डाकघर कब था ? क्या वहाँ चालीस लड़के हैं ? तुम्हारे स्कूल में लड़के क्यों नहीं हैं ? चाय में चीनी कैसे नहीं है ? क्या भारत में अनेक नदियाँ नहीं हैं ? वहाँ शांति क्यों नहीं थी ? तुम्हारे परिवार में शांति क्यों नहीं है ? बच्चों के बीच प्यार क्यों नहीं है ? आपके मन में ईमानदारी कैसे है ? क्या कमरे में अँधेरा है ? मेरे जीवन में कोई प्रकाश नहीं है। क्या हमारे देश में शांति रहेगी ? इस शहर में कोई आदमी क्यों नहीं रहेगा ?

Vocabulary: शांति—peace, calmness, दिल—heart, आशा—hope, जीवन—life, प्रकाश—light.

Exercise 196

Translate into English—

क्या चाय में चीनी है ? चाय में चीनी नहीं है। दुनिया में शांति क्यों नहीं है ? दुनिया में ईमानदारी नहीं है। आपके परिवार में कितने बच्चे हैं ? इस नदी में कितना पानी है ? (How much water is there in this river?) इस स्कूल में कितने लड़के हैं ? तुम्हारे स्कूल में कितने कमरे हैं ? मेरे स्कूल में दस कमरे हैं। इस फुलवारी में कोई गुलाब क्यों नहीं है ? यहाँ सभी प्रकार के फूल हैं। भारत में कितने राज्य हैं ? तुम्हारे मुँह में कितने दाँत हैं ? मेरे स्कूल में एक तालाब (pond) है। पानी में मछली नहीं है। यहाँ कुछ शक है। यहाँ शक (doubt) कैसे है ? आपके प्यार में सचाई (truthfulness) नहीं है। क्या मेरे लिए यहाँ कोई scope नहीं है ? इसमें कोई भविष्य (future) नहीं है। इस व्यापार (business) में कोई फायदा (profit) नहीं है। क्या ईमानदारी के लिए कोई जगह नहीं है ? आपके घर में कोई कुत्ता नहीं था। मेरे दिल में कोई शक नहीं रहेगा। इस विषय (subject) पर बाजार में अच्छी पुस्तकें नहीं हैं। यहाँ कुछ नहीं है। आपके लिए समय नहीं रहेगा। मेरे लिए समय क्यों नहीं रहेगा ?

Vocabulary: परिवार—family, गुलाब—rose, राज्य—state, मुँह—mouth, दाँत—tooth.

Introductory 'There' का प्रयोग अन्य क्रियाओं के साथ :

1. There का प्रयोग can be, could be, will be, shall be, should be, must be, ought be इत्यादि के साथ भी होता है। जैसे—

(a) हमारे देश में शांति रहनी चाहिए।	There should be peace in our country.
(b) यहाँ कोई आशा नहीं हो सकती।	There can be no hope here.
(c) हमलोगों के बीच में समझदारी अवश्य रहनी चाहिए।	There must be understanding among us.

इसी प्रकार—There could be/may be/might be/shall be/will be peace in our country.

2. कभी-कभी 'रहना' क्रिया रहने पर भी Introductory 'There' का प्रयोग होता है। जैसे—

(a) किसी गाँव में एक गरीब किसान रहता था।	There lived a poor farmer in a village.
(b) मेरे गाँव में एक अंधा आदमी रहता था।	There lived a blind man in my village.

3. यदि वाक्य का Subject कोई अनिश्चित संज्ञा (indefinite noun) हो और क्रिया के अनुवाद में Verb 'to be' किसी रूप में आता हो, तो अनेक परिस्थितियों में वाक्य का अनुवाद दो प्रकार से हो सकता है। जैसे—

(a) कुछ लड़के रो रहे हैं।	Some boys are weeping. *or,* There are some boys weeping.
(b) एक लड़का पूरे वर्ग को अशांत कर रहा था।	A boy was disturbing the whole class. *or,* There was a boy disturbing the whole class.
(c) एक लड़का वहाँ इंतजार करता रहेगा।	A boy will be waiting there. *or,* There will be a boy waiting there.
(d) कुछ अच्छा अवश्य होना चाहिए।	Something must be good. *or,* There must be something good.
(e) कुछ लोग देश के विरुद्ध काम करते रहे हैं।	Some persons have been working against the country. *or,* There have been some persons working against the country.

(f) मेरी मदद के लिए कोई तैयार नहीं था।	No one was ready to help me. *or,* There was no one ready to help me.

ध्यान दें कि इन सभी वाक्यों में Verb 'to be' (am, is, are, was, were, been, be) verb phrase में प्रयुक्त हैं।

Special Note: यदि वाक्य का कर्ता निश्चित संज्ञा या सर्वनाम हो, तो Introductory 'There' का प्रयोग इस प्रकार न करें—

घर में सीता है।	There is Sita in the house.
घर में वह है।	There is she in the house.

इन वाक्यों का सही अनुवाद होगा—Sita (She) is in the house.

Exercise 197

Translate into English (जहाँ संभव हो वहाँ Introductory 'There' का प्रयोग करें)—

घर में राम है। घर में एक लड़का है। एक बस आ रही थी। कुछ लड़के हो-हल्ला कर रहे हैं। एक भिखारी भीख माँग रहा था। एक बच्चा सुबह से रो रहा है। कुछ ईमानदार व्यक्ति देश की सेवा करते रहे हैं। उस बेसहारे बच्चे (helpless child) की मदद करनेवाला कोई न था। एक गाँव में एक किसान रहता था। देश में शांति रहनी चाहिए। हमारे देश में शांति अवश्य रहेगी।

Exercise 198 (Advanced Learner's)

Translate into English—

आजकल (These days) कहीं शांति नहीं है। मैं जानता हूँ कि इस कुएँ में पानी नहीं है। आप कैसे समझते हैं कि ईमानदार व्यक्ति के लिए इस दुनिया में कोई जगह नहीं है? हमलोगों के बीच सहयोग की भावना (feeling of co-operation) रहनी चाहिए। तभी (only then) हमलोग उन्नति करेंगे (progress), परंतु ऐसी भावना हमलोगों के बीच नहीं है। क्या वाद-विवाद (discussion, debate) के लिए कोई विषय नहीं है? ऐसे व्यक्तियों के लिए हमारी संस्था (institution) में कोई जगह नहीं है। कहा जाता है कि राम-राज्य में कोई दुःखी नहीं था। हर जगह सुख और शांति थी। तुम्हारे प्यार में कितनी ताकत (strength, power) है? कौन ईमानदार बनना चाहेगा जहाँ ईमानदारी के लिए कोई जगह नहीं है? यहाँ कैसे शांति हो सकती है? तुम्हारी सलाह (advice) में कोई दम (strength) नहीं है। कहने के लिए (to say) कुछ नहीं है। सोचने का समय नहीं है। यह निर्णय करने (to decide) का समय है। वह कहाँ गया था? तुम कब से बीमार हो? इस डिब्बे में कोई जगह नहीं है (There is no room in this compartment.)। क्या भारतीय रात में भात नहीं खाते हैं? ऐसा कोई नियम (rule) भारत में नहीं है।

Exercise 199 (Advanced Learner's)

Translate into English—

क्या हमलोग नेता नहीं बनेंगे ? वह क्यों तैयार नहीं था ? इन प्रश्नों का कोई जवाब नहीं है (no answer to these questions) । वे लोग क्यों यह काम करनेवाले हैं ? वहाँ कोई मददगार (helper) नहीं होगा। मुझे यह काम करना पड़ेगा। कोई दबाव (pressure) नहीं है। तुम्हारे कमरे में तसवीर क्यों नहीं है ? मुझे काम करने के लिए समय नहीं है। इसका कोई इलाज नहीं (no remedy for it) है। इसके लिए क्या कोई perfect law है ? वे गरीबों की मदद करना चाहते हैं। क्या इसमें खामियाँ (demerits) हैं ? प्रधानमंत्री कब आएँगे ? क्या तुम वर्षों से अँगरेजी नहीं सीख रहे हो ? क्या आज कोई कार्यक्रम (programme) नहीं है ? वह कुछ करने नहीं गया है। वह एक अज्ञात जगह (unknown place) गया। सूर्य के उदय होने के पहले वह जा चुका था। करीम अँगरेजी पढ़ना चाहता है, परंतु पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक नहीं है। पैसे की जरूरत (need of money) नहीं है। इसके पीछे (behind) कुछ है। कमरे में राम है। कमरे में बंदर क्यों है ? एक गाँव में एक विधवा (widow) रहती थी। आपने कितने बच्चों को पढ़ाया है ? सीता कितना दूध पीना चाहती है ? जब वह आएगा तो मेरे लिए क्या लाएगा ? मैंने कैसे कुछ नहीं करना चाहा ? क्या राम तुमसे मिलना चाहता था ? क्या हमारे देश में सैकड़ों नदियाँ नहीं हैं ? किसने तुम्हें मारने की कोशिश की है ? कौन तुम्हारी मदद करने आएगा ? क्या राम के पास कार नहीं होगी ? आप कब जानेवाले हैं ? आप कब जाना चाहते हैं ? तुम वहाँ नहीं गए थे न ? तुम इस काम को करोगे न ? मेरे सामने (before me) कैसे कोई समस्या नहीं है ? तुम किस चीज को देख रहे हो ?

Solved Exercise 198

There is no peace anywhere these days. (No peace is anywhere these days.) I know there is no water in this well. (I know no water is in this well.) How do you understand that there is no place in this world for an honest man? (How do you understand that no place is in this world for an honest man?) There should be the feeling of co-operation among us. (The feeling of co-operation should be among us.) Only then we will progress but there is no such feeling among us. Is there no topic for the discussion? There is no place for such persons in our institution. It is said that no one was sad in Ram's kingdom. There were happiness and peace everywhere. How much strength is there in your love? Who will want to be honest where there is no place for honesty? How can there be peace here? There is no strength in your advice. There is nothing to say. There is no time to think. This is the time to decide. Where did he go? How long have you been ill? There is no room in this compartment. Do Indians not eat rice at night? (Don't Indians eat rice at night?) There is no such rule in India.

Solved Exercise 199

Shall we not be leaders? (Shan't we be leaders?) Why was he not ready? (Why wasn't he ready?) There is no answer to these questions. *or,* No answer is to these questions. Why are they to do this work? There will not be any helper there. (There won't be any helper there. *or,* There will be no helper there. *or,* No helper will be there.) I shall have to do this work. There is no pressure. Why is there no picture in your room? I have no time to work. There is no remedy for it. Is there a perfect law for it? They want to help the poor. Are there demerits in it? When will the Prime Minister come? Have you not been learning English for years? (Haven't you been learning English for years?) Is there not any programme today? (Isn't there any programme today? *or,* Is there no programme today? *or,* Is today no progamme?) He hasn't gone to do anything. (He has gone to do nothing.) He went to an unknown place. He had gone before the sun rose. Karim wants to study English, but there is no teacher to teach. (Karim wants to study English, but no teacher is to teach.) There is no need of money. There is something behind it. Ram is in the room. Why is there a monkey in the room ? (Why is a monkey in the room?) There lived a widow in a village. (A widow lived in a village.) How many children have you taught? How much milk does Sita want to drink? When he comes, what will he bring for me? How did I not want to do anything? (How didn't I want to do anything? *or,* How did I want to do nothing?) Did Ram want to meet you? Are there not hundreds of rivers in our country? (Aren't there hundreds of rivers in our country? *or,* Are hundreds of rivers not in our country? *or,* Aren't hundreds of rivers in our country?) Who has tried to kill you? Who will come to help you? Will Ram not have a car? (Won't Ram have a car?) When are you to go? When do you want to go? You didn't go there, did you? You will do this work, won't you? How is there not any problem before me? (How isn't there any problem before me? *or,* How is there no problem before me? *or,* How is no problem before me?) What (thing) are you looking at? [At which (thing) are you looking?]

Hints:

1. रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

2. Spoken English में Accuracy एवं Fluency बढ़ाने के लिए Solved Exercises को बार-बार पढ़ें।

❑❑❑

16. Introductory 'It'

आप जानते हैं कि It एक Pronoun है जिसका प्रयोग निर्जीव पदार्थों, छोटे-छोटे पशुओं तथा बहुत छोटे बच्चों के लिए किया जाता है।

Introductory 'It' का प्रयोग समय, दिन, महीना, साल, ऋतु, तिथि इत्यादि बताने के लिए भी किया जाता है। इन वाक्यों को समझें—

[A]

1. अब आठ बजने ही वाला है।	It is just on eight.
2. आठ बजा है।	It is eight o'clock.
3. सवा आठ बजा है।	It is a quarter past eight.
4. साढ़े आठ बजा है।	It is half past eight.
5. पौने आठ बजा है।	It is a quarter to eight.
6. आठ बजने में आठ मिनट बाकी है।	It is eight minutes to eight.
7. आठ बजकर तीन मिनट हुआ है	It is three minutes past eight.
8. नौ बजकर दस मिनट हुआ है।	It is ten past nine.

उपर्युक्त हिंदी वाक्यों में समयसूचक शब्द ही वाक्य में कर्ता हैं। ऐसे वाक्यों का अनुवाद Introductory 'It' के प्रयोग से होता है।

इन वाक्यों में to का अर्थ है—कम या बाकी तथा past का अर्थ है—बजकर। जब minutes की संख्या पाँच का गुणज/अपवर्त्य (multiple) होती है, तब अभीष्ट संख्या के बाद minutes शब्द लिखना आवश्यक नहीं होता। जैसे—

चार बजकर पाँच मिनट	five past four
दस बजकर बीस मिनट	twenty past ten
तीन बजने में पाँच मिनट बाकी	five to three
बारह बजने में पचीस मिनट बाकी	twenty-five to twelve

[B]

1. सुबह है। या, सुबह का समय है।	It is morning.
2. अभी सुबह है।	It is morning now.
3. सोमवार था। या, सोमवार का दिन था।	It was Monday.
4. सन् 1947 था।	It was 1947.
5. गरमी का दिन था।	It was summer.

6. जाड़े का दिन था।	It was winter.
7. आज बहुत गरमी है।	It is very hot today.
8. आज सोमवार है।	It is Monday today.
9. चाँदनी रात है।	It is a moonlit night.
10. वसंत का समय था।	It was spring.
11. दोपहर का समय था।	It was midday.
12. बहुत गरमी पड़ रही थी।	It was terribly hot.
13. वहाँ बहुत गरमी पड़ती है।	It is very hot over there.
14. कश्मीर में बहुत सर्दी पड़ती है।	It is very cold in Kashmir.

[C]

1. वर्षा होती है।	It rains.
2. बर्फ गिर रही है।	It is snowing.
3. जोर से हवा चल रही थी।	It was blowing hard.
4. रिमझिम वर्षा हो रही थी।	It was drizzling.
5. मेघ गरज रहे थे।	It was thundering.
6. जोर से वर्षा हो रही है।	It is raining heavily.

Exercise 200

Translate into English—

[A]

सात बजा है। साढ़े दस बजा है। सवा नौ बजा है। पौने बारह बजा है। सात बजने में दस मिनट बाकी है। नौ बजकर सात मिनट हुआ है। पौने आठ बजा है। सवा चार बजा है। साढ़े तीन बजा है। दस बजने में दस मिनट बाकी है। दस बजकर पाँच मिनट हुआ है। तीन बजने में दस मिनट बाकी है। चार बजकर बारह मिनट हुआ है।

[B]

1930 का वर्ष था। सुबह का समय है। शाम का वक्त था। आज सोमवार है। फरवरी महीना था। अभी दोपहर है। आधी रात थी। आज बहुत गरमी है। यहाँ बहुत गरमी है। भारत में बहुत गरमी नहीं पड़ती है। वसंत महीना था। जाड़े का समय है। आज पहली जनवरी है। चाँदनी रात है। गोधूलि की वेला (twilight) थी। आज बहुत सुहावनी सुबह है। अच्छा मौसम है। सन् 1857 था। गरमी का दिन था। बहुत गरमी पड़ रही थी।

[C]

वर्षा होती है। आज जोरों से वर्षा हो रही है। बर्फ गिर रही है। हवा चल रही है। मेघ गरजते हैं। वर्षा बरस रही है। रिमझिम वर्षा हो रही है। बर्फ गिरती है। आज बर्फ गिर रही है। वर्षा हो रही थी। आज मेघ गरजेगा। वर्षा होगी। बर्फ गिरेगी। जोर से वर्षा होगी।

Vocabulary: दोपहर—midday, noon, आधी रात—midnight, गरमी—hot, वसंत—spring, जाड़ा—winter, चाँदनी रात—moonlit night, सुहावनी—pleasant, सुबह—morning, मौसम—weather, season, वर्षा होना—to rain, जोर से—heavily, बर्फ गिरना—to snow, हवा चलना—to blow, मेघ का गरजना—to thunder, रिमझिम वर्षा होना—to drizzle.

Negative and Interrogative Sentences

1. सात नहीं बजा है।	It is not seven o'clock.
2. क्या सात बजा है ?	Is it seven o'clock?
3. कैसे पौने आठ बजा है ?	How is it a quarter to eight?
4. क्या सन् 1947 था ?	Was it 1947?
5. सन् 1947 नहीं था।	It was not 1947.
6. सन् 1980 कैसे नहीं था ?	How was it not 1980?
7. क्या आज बहुत गरमी नहीं है ?	Is it not very hot today?
8. दक्षिण में बहुत गरमी क्यों पड़ती है ?	Why is it very hot in the south?
9. क्या हवा जोर से नहीं बह रही है ?	Is it not blowing hard?
10. वर्षा क्यों और कैसे होती है ?	Why and how does it rain?

Exercise 201

Translate into English—

क्या अभी सुबह है ? क्या सवा आठ बजा है ? आठ बजकर दस मिनट नहीं हुआ है। क्या साढ़े नौ बजा है ? कैसे पौने एक बजा है ? कैसे आठ बजने में तीन मिनट बाकी नहीं है ? क्या दस नहीं बजा है ? सन् 1946 नहीं था। क्या 1947 ई॰ था ? क्या सुबह का समय नहीं था ? कैसे आज गरमी नहीं है ? क्या कल चाँदनी रात थी ? क्या फरवरी महीना था ? क्या आज सोमवार नहीं है ? वहाँ बहुत सर्दी क्यों पड़ती है ? कैसे बहुत गरमी पड़ रही है ? क्या अभी दोपहर नहीं है ? वर्षा नहीं होती है। बर्फ क्यों गिर रही है ? मेघ क्यों नहीं गरज रहे हैं ? क्या अभी नौ नहीं बजा है ? आज पहली जुलाई कैसे नहीं है ? क्या अभी वसंत नहीं है ? क्या आज बर्फ नहीं गिरेगी ? क्या प्रातःकाल का समय नहीं था ?

Exercise 202 (Advanced Learner's)

Translate into English—

सन् 1947 था जब भारत आजाद हुआ। भारत ने 1947 ई॰ में आजादी पाई। अभी सुबह है और आप ऑफिस जा रहे हैं। रात्रि के तीन बज रहे थे जब यह घटित हुआ (occurred)। आपकी घड़ी में कितना बजा है ? (What is the time by your watch?) क्या साढ़े तीन बजा है ? क्या घंटों से तेज वर्षा हो रही है ?

यहाँ वर्षा क्यों नहीं होती है ? मुझे चाँदनी रात पसंद है। वह चाँदनी रात थी और बादल चाँद के साथ खेल रहा था। खेलने के लिए यह अच्छा समय है। सामान्यतः अफ्रीका में बहुत गरमी पड़ती है जबकि कश्मीर में बहुत सर्दी। बहुत ही सुहाना (pleasant) समय था जब मैं पटना आया। लगता है (It seems), आज बर्फ गिरेगी। मुझे आशा (I hope) है, वर्षा होगी। मुझे आशा है, वर्षा नहीं होगी। हमारे देश में अनेक ऋतुएँ हैं। बिहार में भारी वर्षा नहीं होती है। वर्षा कब हुई ? वर्षा कैसे होती है ? क्या आप कुछ महसूस करते हैं ? आपको ऐसे प्रश्न क्यों करने पड़ते हैं ? मुझे यह कहना पड़ेगा। हमने ऐसा हिमपात (snowfall) पहले कभी नहीं देखा था। मैं दस दिनों से अनुपस्थित था, क्योंकि मौसम ने आने की अनुमति नहीं दी। क्या आपने कुछ करना चाहा है ? तुम्हें वहाँ क्यों जाना पड़ेगा ? मुझे वहाँ जाना पड़ेगा, क्योंकि कोई दूसरा उपाय (alternative) नहीं है। आपने श्याम से क्यों मिलना चाहा ? मैंने उससे मिलना चाहा क्योंकि मुझे उसकी मदद की आवश्यकता थी (needed his help)।

Vocabulary: आजादी पाना—to get independence, घटित होना—to occur, ऋतु—season, महसूस करना—to feel, अनुमति देना—to allow, to permit.

Solved Exercise 202

It was 1947 when India became independent. India got its freedom in 1947. It is morning now and you are going to office. It was 3 a.m. when it occurred. What is the time by your watch? Is it half past three? Has it been raining heavily for hours? Why does it not rain here? (Why doesn't it rain here?) I like a moonlit night. It was a moonlit night and the cloud was playing with the moon. It is a good time to play. It is usually very hot in Africa while it is very cold in Kashmir. It was a very pleasant time when I came to Patna. It seems it will be snowfall today. I hope, it will rain. (I hope, it'll rain.) I hope, it will not rain. (I hope, it won't rain.) There are many seasons in our country. (Many seasons are in our country.) It doesn't rain heavily in Bihar. When did it rain? How does it rain? Do you feel something? Why have you to put such questions? I shall have to say this. We didn't see such snowfall ever before. I had been absent for 10 days because the weather didn't allow to come. Have you wanted to do something? Why will you have to go there? I shall have to go there because there is no alternative. Why did you want to meet Shyam? I wanted to meet him because I needed his help.

Hints: Spoken English में Accuracy एवं Fluency बढ़ाने के लिए Solved Exercises को बार-बार पढ़ें।

❑❑❑

17. Use of Can, May, Should, Must & Ought

Can = सकना ⇒ सामर्थ्य/क्षमता का बोध कराने के लिए
May = सकना ⇒ संभावना/अनुमति/अनुरोध का बोध कराने के लिए

Solved Examples:

सामर्थ्य/क्षमता का बोध :

मैं यह काम कर सकता हूँ।	I can do this work.
वह अँगरेजी बोल सकता है।	He can speak English.
तुम उसे पीट सकते हो।	You can beat him.
वह कलम से लिख सकती है।	She can write with a pen.
वह नेता हो सकता है।	He can be a leader.
आप महान् बन सकते हैं।	You can be great.

अनुमति का बोध :

तुम घर जा सकते हो।	You may go home.
आप अंदर आ सकते हैं।	You may come in.
तुम अब खेल सकते हो।	You may play now.
इस महीने की दस तारीख तक आवेदन पत्र दिए जा सकते हैं।	Applications may be submitted by the 10th instant.

अनुरोध का बोध :

क्या मैं अंदर आ सकता हूँ?	May I come in?
क्या मैं आपकी कलम ले सकता हूँ?	May I take your pen?
क्या मैं आपसे कल मिल सकता हूँ?	May I see you tomorrow?

संभावना का बोध :

आज वर्षा हो सकती है।	It may rain today.
मेरा भाई आज आ सकता है।	My brother may come today.

Exercise 203

Translate into English—

मैं दौड़ सकता हूँ। वह अँगरेजी बोल सकता है। मैं तैर सकती हूँ। मैं आपकी मदद कर सकता हूँ। मैं सुन सकता हूँ। हमलोग देख सकते हैं। मैं उसे हरा सकता हूँ। आप एक डॉक्टर बन सकते हैं। हमलोग अच्छे खिलाड़ी बन सकते हैं। वह महान् बन सकता है। अब आप जा सकते हैं। तुम इसे ले सकते हो। आप इस आम को खा सकते हैं। आप कल मुझसे मिल सकते हैं। क्या मैं अंदर आ सकता हूँ? क्या मैं बाहर जा सकता हूँ? क्या मैं आपकी किताब ले सकता हूँ? क्या

मैं इसका इस्तेमाल कर सकता हूँ ? आज वर्षा हो सकती है। पिताजी आज आ सकते हैं। वह मुझे पीट सकता है।

Vocabulary: बोलना—to speak, तैरना—to swim, सुनना—to hear, देखना—to see, हराना—to defeat, खिलाड़ी—player, लेना—to take, मिलना—to see, अंदर आना—to come in, बाहर जाना—to go out, इस्तेमाल करना—to use.

Should = चाहिए ⇒ सलाह/उपदेश/कर्तव्य का बोध कराने के लिए

उसे पढ़ना चाहिए।	He should read.
आपको सुबह में टहलना चाहिए।	You should walk in the morning.
आपको सवेरे जगना चाहिए।	You should get up early.
हमें गरीबों की मदद करनी चाहिए।	We should help the poor.
हमें ईमानदार बनना चाहिए।	We should be honest.
तुम्हें एक डॉक्टर बनना चाहिए।	You should be a doctor.
हमें अच्छा नागरिक बनना चाहिए।	We should be good citizens.

Must = अवश्य चाहिए⇒जोरदार सलाह/बाध्यता का बोध कराने के लिए

आपको यह दवा अवश्य लेनी चाहिए।	You must take this medicine.
तुम्हें वहाँ अवश्य जाना चाहिए।	You must go there.
आपको यह काम अवश्य करना चाहिए।	You must do this work.
हमें प्रतिदिन व्यायाम अवश्य करना चाहिए।	We must take exercise everyday.
हमें समयनिष्ठ अवश्य होना चाहिए।	We must be punctual.

Ought to = चाहिए ⇒ नैतिक बाध्यता का बोध कराने के लिए

हमें अपने माता-पिता का कहना मानना चाहिए।	We ought to obey our parents.
आपको दयालु होना चाहिए।	You ought to be kind.

Note:

(i) सामान्यतया 'चाहिए' के लिए should तथा 'अवश्य चाहिए' के लिए must का प्रयोग होता है।

(ii) Ought to का प्रयोग वैसी बाध्यता के लिए होता है जो नैतिक/सामाजिक हो, न कि कानूनी। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने माता-पिता का कहना मानें। इसके लिए कानूनी बाध्यता नहीं है। अतः इस प्रकार के अर्थ के लिए ought to का प्रयोग होगा। आप चाहें तो ought to के बदले should का भी प्रयोग कर सकते हैं।

Exercise 24

Translate into English—

आपको वहाँ जाना चाहिए। राम को पढ़ना चाहिए। हमें प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। आपको कठिन परिश्रम करना चाहिए। मुझे अब जाना चाहिए। हमें सदा सत्य बोलना चाहिए। उसे मेरी मदद करनी चाहिए। हमें ईमानदार होना चाहिए। आपको एक अच्छा विद्यार्थी बनना चाहिए। हमें व्यायाम अवश्य करना चाहिए। हमें ईमानदार अवश्य होना चाहिए। हमें सत्य अवश्य बोलना चाहिए। तुम्हें यह काम अवश्य करना चाहिए। उसे दवा खानी चाहिए। उसे दवा अवश्य खानी चाहिए। हमें बड़ों (elders) का आदर करना चाहिए। में अपने माँ-बाप का कहना मानना चाहिए।

Vocabulary: प्रतिदिन—everyday, व्यायाम करना—to take exercise, कठिन परिश्रम करना—to work hard, सदा—always, सत्य बोलना—to speak the truth, दवा खाना—to take medicine, आदर करना—to respect, कहना मानना—to obey, to carry out the instruction.

Negative & Interrogative Sentences

Can / May / Should / Must / Ough के बाद not लगाकर Negative Sentences तथा इसे Subject के पहले रखक Interrogative Sentences बनाए जाते हैं। जैसे—

1. वह नहीं देख सकता है।	He cannot see.
2. गूँगे नहीं बोल सकते हैं।	The dumb cannot speak.
3. मैं नहीं दौड़ सकता हूँ।	I cannot run.
4. वह कार नहीं खरीद सकता है।	He cannot buy a car.
5. वह आज नहीं आ सकता है।	He may not come today.
6. आपको यह काम नहीं करना चाहिए।	You should not do this work.
7. तुम्हें यह काम जरूर नहीं करना चाहिए।	You must not do this work.
8. हमें गरीबों को तंग नहीं करना चाहिए।	We ought not to vex the poor.
9. क्या आप अँगरेजी पढ़ सकते हैं?	Can you read English?
10. क्या आज वर्षा हो सकती है?	May it rain today?
11. क्या आपको यह करना चाहिए?	Should you do this?
12. क्या मुझे वहाँ अवश्य जाना चाहिए?	Must I go there?
13. क्या हमें बड़ों का आदर नहीं करना चाहिए?	Ought we not to respect elders?

Exercise 205

Translate into English—

मैं अँगरेजी नहीं बोल सकता हूँ। अंधे नहीं देख सकते हैं। आप उसे नहीं समझ सकते हैं। वह नेता नहीं बन सकता है। वे लोग कभी ईमानदार नहीं हो सकते हैं। क्या आप इस समस्या (problem) का समाधान कर सकते हैं ? क्या आप अँगरेजी नहीं बोल सकते हैं ? आप आज नहीं जा सकते हैं। क्या मैं यह ले सकता हूँ ? उसे यह काम नहीं करना चाहिए। आपको उसे चोट नहीं पहुँचानी चाहिए। क्या आपको उसकी मदद नहीं करनी चाहिए ? क्या उसे मुझे गाली देनी चाहिए ? विद्यार्थियों को वर्ग में शोरगुल अवश्य नहीं करना चाहिए। क्या मुझे यह अवश्य करना चाहिए ? आपको अपने माता-पिता (parents) की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। क्या मुझे अपने माता-पिता की आज्ञा नहीं माननी चाहिए ?

Vocabulary: बोलना—to speak, अंधे (लोग)—the blind, समझना—to understand, कभी नहीं—never, समाधान करना—to solve, लेना—to take, चोट पहुँचाना—to hurt, अवहेलना करना—to neglect, आज्ञा मानना—to obey, to carry out orders, माता या पिता (एक व्यक्ति)—parent.

What/Where/When/How/Why का प्रयोग

What Where When How Why	can/may should/must/ought	subject	(not)	verb?

Solved Examples:

1.	वह क्या कर सकता है ?	What can he do?
2.	तुम क्यों नहीं तैर सकते हो ?	Why can you not swim?
3.	आप उसे कैसे हरा सकते हैं ?	How can you defeat him?
4.	तुम एक डॉक्टर क्यों नहीं हो सकते हो ?	Why can you not be a doctor?
5.	मैं अंदर क्यों नहीं आ सकता हूँ ?	Why may I not come in?
6.	मुझे क्या करना चाहिए ?	What should I do?
7.	हमलोगों को शराब क्यों नहीं पीनी चाहिए ?	Why should we not drink?
8.	हमें वहाँ क्यों अवश्य जाना चाहिए ?	Why must we go there?
9.	हमें क्या जरूर (अवश्य) नहीं करना चाहिए ?	What must we not do?

Exercise 206

Translate into English—

हमलोग आपके लिए क्या कर सकते हैं ? वह कैसे कार खरीद सकता है ? आप उसे कैसे हरा सकते है ? मैं इस नदी को पार क्यों नहीं कर सकता हूँ ? वह कब आ सकता है ? यह बच्चा क्यों नहीं दौड़ सकता है ? रोगी कब मर सकता है ? उसे क्या करना चाहिए ? हमें व्यायाम क्यों करना चाहिए ? हमें क्यों झूठ नहीं बोलना चाहिए ? उनलोगों को कहाँ खेलना चाहिए ? हमें क्यों ईमानदार होना चाहिए ? तुम एक अच्छे नेता क्यों नहीं बन सकते हो ? मुझे उससे कैसे बातें करनी चाहिए ? हमें क्यों व्यायाम अवश्य करना चाहिए ? मुझे आपके लिए क्या करना चाहिए ?

Vocabulary: हराना—to defeat, नदी पार करना—to cross the river, बात करना—to talk (to), व्यायाम करना—to take exercise.

Exercise 207 (Advanced Learner's)

Translate into English—

अगर आप बेईमान हैं तो आप अपने जीवन में कुछ नहीं कर सकते। क्या कोई आदमी है जो (who can) बाघ को मार सकता है ? वह आज आ सकता है, इसलिए मैं सुबह से उसका इंतजार कर रहा हूँ। वह जीत भी सकता है और हार भी सकता है। (वह जीत भी सकता है या नहीं भी।) क्या आज वर्षा हो सकती है ? मैं यह कैसे कह सकता हूँ ? अगर तुम इस काम को कर सकते हो तो क्यों नहीं करते ? क्या चाहिए तुम्हें ? मुझे एक कलम चाहिए (I need ...)। उसे आपके पास जाना चाहिए। अगर वह नहीं जाता है तो यह उसकी भूल होगी और उसे पछताना पड़ेगा। वह आ गया है। क्या मैं उससे मिलने जाऊँ (may I ...)? हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम क्या हैं। किसी को वहाँ अवश्य रहना चाहिए। आप उस काम को अवश्य करें जो आपको करना चाहिए।

Vocabulary: कुछ नहीं—nothing, इंतजार करना—to wait (for), जीतना—to win, भूल—mistake, पछताना—to repent, भूलना—to forget.

Solved Exercise 207

If you are dishonest, you can't do anything in your life. (If you are dishonest, you can do nothing in your life.) Is there a man who can kill a tiger? He may come today, so I have been waiting for him since morning. He may either win or lose. May it rain today? How can I say this? If you can do this work, why don't you do? What do you want? I need a pen. He should go to you. If he doesn't go, it will be his mistake and he will have to repent. He has come. May I go to meet him? We should never forget this, what we are. Someone must be there. (There must be someone there.) You must do that work what you should do.

Hints: रेखांकित शब्दों के पहले 'The' का प्रयोग करें।

❑❑❑

18. Forms of Subjects

हम यहाँ वाक्य के कर्ता के विभिन्न रूपों पर विचार करेंगे। कर्ता कोई Noun, Pronoun, Adjective, Infinitive, Gerund, Phrase या Clause हो सकता है।

1. Noun as subject:

(a) राम खाता है। Ram eats.

(b) लड़के पढ़ते हैं। The boys read.

(c) ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है। Honesty is the best policy.

यहाँ Ram, Boys और Honesty 'Noun' हैं जो वाक्यों में Subject के रूप में आए हैं।

2. Pronoun as subject:

(a) मैं पढ़ता हूँ। I read.

(b) वे लोग दौड़ते हैं। They run.

(c) वह खाती है। She eats.

(d) प्रत्येक के पास कलम है। Everyone has a pen.

इन वाक्यों में I, They, She और Everyone 'Pronouns' हैं जो Subject के रूप में आए हैं।

3. Adjective as subject:

(a) धनी प्रसन्न हैं। The rich are happy.

(b) गरीब दुःखी रहते हैं। The poor are sad.

(c) बूढ़े कमजोर होते हैं। The old are weak.

(d) युवा भ्रमित हैं। The young are confused.

(e) रोगी लाचार होते हैं। The sick are helpless.

(f) क्या रोगी लाचार होते हैं? Are the sick helpless?

यहाँ धनी, गरीब, बूढ़े, युवा और रोगी विशेषण (Adjectives) हैं जो वाक्य में कर्ता के रूप में आए हैं। ऐसे कर्ता का अनुवाद Adjective के पहले the लगाकर किया जाता है।

Note:

(i) Adjective के पहले the लगाना आवश्यक है।

(ii) rich का riches, poor का poors इत्यादि बनाकर यहाँ प्रयोग न करें, अर्थात् The poors are sad लिखना गलत होगा।

(iii) The rich, the poor, the youth इत्यादि सदा plural number में रहते हैं। इनके साथ हमेशा Plural Verb का प्रयोग होगा।

Exercise 208

Translate into English—

बूढ़े लाचार (helpless) हैं। धनी बेईमान हैं। गरीब ईमानदार होते हैं। अंधे नहीं देखते है। बहरे नहीं सुनते हैं। गूँगे नहीं बोल सकते हैं। गरीब मर रहे हैं। धनी गरीब का शोषण करते हैं। रोगी लाचार होते है। गरीब उन्नति नहीं करेंगे। क्या धनी हमेशा धनी रहेंगे ? जवान बूढ़े की मदद क्यों नहीं करते हैं ? क्या गरीब हमेशा गरीब रहेंगे ? क्या बहरे नहीं बोल सकते हैं ? क्या शिक्षित अशिक्षित को धोखा दे रहे है ? जवान और बूढ़े एक साथ काम क्यों नहीं करते ? क्या गरीब वास्तव में गरीब हैं ? क्या गरीब इस समाज में नहीं रह सकते हैं ? क्या बूढ़े बेकार होते हैं ? धनी क्यों घमंडी हैं ? युवा कैसे भ्रमित हैं ?

Vocabulary: देखना—to see, बहरा—deaf, सुनना—to hear, गूँगा—dumb, बोलना—to speak, शोषण करना—to exploit, उन्नति करना—to progress, जवान—the young, (अ)शिक्षित—(un) educated, धोखा देना—to cheat, एक साथ—together, वास्तव में—really, actually, in reality, समाज—society, बेकार—useless, घमंडी—proud, arrogant, भ्रमित—confused.

Hints: उपर्युक्त Exercise के प्रत्येक वाक्य में 'The' का प्रयोग करें, सिर्फ एक वाक्य को छोड़कर।

4. Infinitive and Gerund as subject:

Infinitive: Verb के पहले to लगाकर Infinitive बनाया जाता है। जैसे—to go, to dance, to walk, etc.

Gerund: verb में ing जोड़कर Gerund बनाया जाता है। जैसे—dancing, eating, playing, etc. जब हिंदी के वाक्यों के कर्ता, क्रिया से बने होते हैं, तब ऐसे वाक्यों के अनुवाद में Infinitive या Gerund का प्रयोग Subject के रूप में किया जाता है। जैसे—

(a) खेलना लाभदायक है।	To play is useful. or, Playing is useful.
(b) अँगरेजी सीखना आसान है।	To learn English is easy. or, Learning English is easy.
(c) झूठ बोलना पाप है।	To tell a lie is a sin. or, Telling a lie is a sin.

ऐसे वाक्यों का अनुवाद इस प्रकार भी होता है—

खेलना लाभदायक है। It is useful to play.

अर्थात्, अगर हिंदी वाक्यों के कर्ता, क्रिया से बने हों, तो ऐसे वाक्यों का अनुवाद उपर्युक्त तीनों विधियों से किया जा सकता है। जैसे—

सच बोलना कठिन है। (a) To speak the truth is difficult.
(b) Speaking the truth is difficult.
(c) It is difficult to speak the truth.

Exercise 209

Translate into English (तीनों विधियों से बनाएँ)—

दौड़ना लाभदायक (useful, advantageous) है। शराब पीना (to drink) बुरा है। झूठ बोलना पाप (sin) है। चोरी करना अपराध (crime/offence) है। गाली देना बुरी बात है। टहलना एक व्यायाम है। सोना आवश्यक है। सिगरेट पीना हानिकारक है। खेलना आवश्यक है। रामू को पीटना आवश्यक है। वहाँ जाना जरूरी है। यह करना कठिन है। अँगरेजी बोलना आसान है। गरीब की मदद करना अच्छा है। बेसहारों को सहारा देना एक महान् कार्य है। बाघ मारना आसान नहीं है। वादा करना आसान है, परंतु पूरा करना कठिन। कुछ भी करना मेरे लिए आवश्यक है। आत्महत्या पाप है। क्या दूध पीना लाभदायक नहीं है ? अँगरेजी बोलना कैसे कठिन नहीं है ? तैरना कैसे एक अच्छा व्यायाम है ? क्या ताश खेलना अच्छा नहीं है ? क्या शराब पीना तुम्हारे लिए जरूरी है ?

Vocabulary: झूठ बोलना—to tell a lie, चोरी करना—to steal, गाली देना—to abuse, to revile, बुरी बात—bad thing, टहलना—to walk, व्यायाम—exercise, सिगरेट पीना—to smoke, हानिकारक—injurious, harmful, आवश्यक/जरूरी—necessary/essential, कठिन—difficult, आसान—easy, बेसहारा—helpless, महान् कार्य—great act/deed, वादा करना—to promise, पूरा करना—to fulfil/complete, आत्महत्या करना—to commit suicide, ताश खेलना—to play cards, शराब पीना—to drink, तुम्हारे लिए—for you.

5. Phrase as subject:

Phrase कुछ words से बने होते हैं जो वाक्य का एक part होता है। Phrase को group of words समझें; ऐसे words के group जिनमें आपसी पकड़ तथा विशेष संबंध रहता है, परंतु इसमें subject और verb का वह मेल नहीं होता जो clause या sentence में होता है। इन वाक्यों को देखें—

(a) क्या खाएँ यह एक समस्या है।
(b) कैसे पढ़ें यह एक प्रश्न है।
(c) कहाँ जाएँ यह विचाराधीन है।
(d) क्या करें यह पता नहीं है।
(e) क्या नहीं करें यह पता नहीं है।

इन वाक्यों में 'यह' का प्रयोग हुआ है। इस 'यह' के पहले phrase 'क्या खाएँ', 'कैसे पढ़ें', 'क्या नहीं करें' इत्यादि का प्रयोग है। इन वाक्यों के कर्ता वे phrases हैं जो 'यह' के पहले आए हैं। ऐसे वाक्यों के कर्ता का अनुवाद इस ढाँचे पर बनाएँ—

Question word + (not) + to + V^1

क्या खाएँ	What to eat
कैसे पढ़ें	How to read
क्या नहीं करें	What not to do

अब कर्ता के बाद वाक्य की क्रिया तथा अन्य पद दें। 'यह' की अँगरेजी this नहीं दें। 'यह' की अँगरेजी लुप्त रहेगी।

Solved Examples:

1. क्या खाएँ यह एक समस्या है।	What to eat is a problem.
2. कैसे पढ़ें यह एक प्रश्न है।	How to read is a question.
3. क्या करें यह पता नहीं है।	What to do is not known.
4. कब जाएँ यह अनिश्चित है।	When to go is uncertain.
5. क्या नहीं करें यह पता नहीं है।	What not to do is not known.
6. क्या कहाँ जाएँ यह विचाराधीन है ?	Is where to go under consideration?
7. क्यों कहाँ ठहरें यह तय नहीं है ?	Why is where to stay not decided?

Note: ऐसा अनुवाद करना गलत होगा—

क्या खाएँ यह एक समस्या है।	What to eat this is a problem.

Exercise 210

Translate into English—

कहाँ जाएँ यह एक समस्या है। कैसे गरीबों की मदद करें यह एक कठिन समस्या है। कब व्यायाम करें यह तय नहीं है। क्या करें यह पता नहीं है। कैसे शुरू करूँ यह समस्या है। कैसे तुम्हें समझाउं (How to make you understand /How to convince you?) यह एक समस्या है। कब पटना जाएँ यह तय नहीं है। यह काम कैसे करें यह पता नहीं है। आपके साथ कैसे बर्ताव करें यह मुझे पता नहीं है। उसे कैसे पहचानूँ यह एक समस्या है। कहाँ मैच खेलें यह विचाराधीन (under consideration) है। कैसे इंतजार करें यह एक समस्या है। क्या नहीं करें यह विचाराधीन है। क्या कैसे पढ़ें यह एक समस्या नहीं है ? उसकी मदद कैसे की जाए यह क्यों मालूम नहीं है ? कैसे यहाँ कब तक ठहरें (how long to stay here) यह तय नहीं है ? कैसे व्यायाम करें यह एक समस्या है। कैसे खुश रहें यह जानना कठिन नहीं है। कहाँ ठहरें यह तय नहीं है।

Vocabulary: समस्या—problem, व्यायाम करना—to take exercise, तय नहीं है—is not decided, पता नहीं है—is not known, शुरू करना—to start, to begin, बर्ताव करना—to behave (towards somebody), to treat, to deal (with somebody) पहचानना—to recognise, to identify, खुश रहना—to be happy, ठहरना—to stay.

6. Clause (उपवाक्य) as subject:

उपवाक्य (Clause) वाक्य का एक भाग होता है। Clause के पास अपना Subject और Verb होता है। परंतु, Clause एक complement meaning नहीं दे पाता जो एक Sentence देता है। Where she lives is not known एक Sentence है जिसमें Where she lives एक Clause है जो Subject के रूप में आया है। इन वाक्यों के अनुवाद को देखें—

(i) वह क्या करती है यह मालूम नहीं।	What she does is not known.

(ii) वह क्यों इंतजार करती है यह एक रहस्य है। Why she waits is a mystery.

ऐसे वाक्यों में 'यह' के पहले आनेवाला उपवाक्य, वाक्य का असली Subject होता है। ऐसे वाक्यों के अनुवाद में 'यह' की अँगरेजी लुप्त हो जाती है। यह भी ध्यान रखें कि उपवाक्य का अनुवाद प्रश्नबोधक शब्द से शुरू होने के बावजूद Assertive Sentence के pattern पर ही बनता है। प्रश्नबोधक शब्द से शुरू नहीं होने पर That से Clause शुरू करना आवश्यक है। ऐसा अनुवाद न करें—

वह कहाँ जाती है यह एक रहस्य है।

(a) Where does she go is a mystery. ☒

(b) Where she goes this is a mystery. ☒

पुनः ऐसा न लिखें—

रामू गरीब है यह पता है।—Ramu is poor is known. ☒

यहाँ That Ramu is poor is known सही अनुवाद होगा।

Some Solved Examples:

1. तुम कहाँ रहते हो यह मुझे पता है।	Where you live is known to me.
2. राम कहाँ गया यह एक रहस्य है।	Where Ram went is a mystery.
3. वह कब आएगा यह अनिश्चित है।	When he will come is uncertain.
4. पृथ्वी गोल है यह सबको पता है।	That the earth is round is known to all.
5. वह निर्दोष है यह एक तथ्य है।	That he is innocent is a fact.
6. वह जो कहता है वह सही है।	What he says is right.
7. वह जो/क्या करता है यह एक रहस्य है।	What he does is a mystery.
8. वह कब आएगा यह कोई नहीं जानता।	When he will come is known to nobody.

[जो—What, जहाँ—Where]

Exercise 211

Translate into English—

वह कहाँ रहती है यह पता है। तुम क्या करते हो यह मुझे पता है। वह कब लौटेगी यह अनिश्चित (uncertain) है। वह कब मरा यह पता नहीं है। रीता कब नाचेगी यह तय नहीं है। राम पटना क्यों गया यह एक रहस्य है। राम कैसे पढ़ता है यह जानना कठिन है। वह कब मरेगा कोई नहीं जानता है। तुम जो लिखते हो

वह स्पष्ट नहीं है। मैं क्या करूँगा यह तय नहीं है। वह क्यों हँस रही है यह एक रहस्य है। वह क्या सोचता है यह मुझे पता है। पृथ्वी गोल है यह सभी जानते हैं। ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है यह सर्वमान्य तथ्य (an admitted fact) है। गाँधीजी ईमानदार थे यह संदेह से बाहर है। भगत सिंह बहुत वीर थे यह किताबों में लिखा है। मैं तुम्हारी मदद करूँगा यह तय नहीं है। राम ईमानदार है यह स्पष्ट है। गीता सुंदर है यह सत्य है। तुम तेज हो यह गलत नहीं है। जीवन का कोई अर्थ नहीं यह कहना गलत है। भारत महान् है यह सभी जानते हैं।

Vocabulary: पता है—is known, लौटना—to return, मरना—to die, तय नहीं है—is not decided, रहस्य—mystery, secret, जानना कठिन है—is difficult to know, स्पष्ट—clear/vivid, सोचना—to think, to reflect (on/upon), संदेह से बाहर—out of doubt, किताबों में लिखा है—is written in books, अर्थ—meaning, कहना—to say, to tell, सभी जानते हैं—is known to all.

Relative Clauses

इन वाक्यों के अनुवाद को समझें—

1. जो लड़का खेल रहा है वह मेरा भाई है।	The boy who is playing is my brother.
2. जो लड़के खेल रहे हैं वे मेरे दोस्त हैं।	The boys who are playing are my friends.
3. जो लड़का चोरी करता है वह सजा पाता है।	The boy who steals gets punishment.
4. जो कठिन परिश्रम करता है वह सफलता पाता है।	One who works hard gets success.
5. जो कठिन परिश्रम करते हैं वे सफलता पाते हैं।	Those who work hard get success.

उपर्युक्त वाक्यों में "who is playing", "who are playing" इत्यादि Relative Clauses हैं। 'who' relative pronoun है जो clause का subject है और इसका प्रयोग persons के लिए हुआ है। who के बदले that भी दे सकते हैं, परंतु who का प्रयोग ज्यादा होता है। निर्जीव पदार्थों के लिए Relative Clause में which/that का प्रयोग Subject के रूप में किया जाता है। जैसे—

6. जो पुस्तक टेबुल पर है वह मेरी है।	The book that/which is on the table is mine.
7. जो पुस्तकें टेबुल पर हैं वे तुम्हारी हैं।	The books that/which are on the table are yours.

Note:

(a) मात्र 'जो' रहने पर one/those का प्रयोग होता है। यह ध्यान देना पड़ता है कि 'जो' का प्रयोग singular अर्थ में है या plural अर्थ में।

(b) वह/वे की अँगरेजी लुप्त हो जाती है।

Exercise 212

Translate into English—

जो बच्चा दौड़ रहा है वह मेरा बेटा है। जो बच्चे खेल रहे हैं वे मेरे बेटे हैं। जो गाय काली है वह मेरी है। जो गायें काली हैं वे मेरी हैं। जो पुस्तक लाल है वह उनलोगों की है। जो पुस्तकें काली हैं वे उसकी हैं। जो लड़का कल नहीं आया वह आज आया है। जो लड़के मैदान में दौड़ रहे थे वे मेरे दोस्त थे। जो लड़के झूठ बोलते हैं वे सजा पाते हैं। जो लड़का झूठ बोलता है वह सजा पाता है। जो कुत्ता भूँकता है वह नहीं काटता। जो ईमानदार होते हैं वे सम्मान पाते हैं। जो कठिन परिश्रम करते हैं वे सफलता पाते हैं। जो अँगरेजी जानते हैं वे इज्जत पाते हैं। जो वहाँ जाता है वह भगवान् का आशीर्वाद पाता है। जो हरिद्वार जाते हैं वे शांति महसूस करते हैं। जो इस पुस्तक को पढ़ता है वह ज्ञान पाता है। जो पढ़ रहे हैं वे पास कर जाएँगे। जो पुस्तक वहाँ है वह अच्छी है। जो मकान पुराना था वह मेरा था। जो मेरे जेब में है वह बहुत कीमती है।

Vocabulary: झूठ बोलना—to tell a lie/to tell lies, सजा पाना—to get punishment, भूँकना—to bark, काटना—to bite, सम्मान पाना—to get respect, कठिन परिश्रम करना—to work hard, सफलता पाना—to get success, आशीर्वाद पाना—to get blessings, शांति महसूस करना—to feel peace/calmness, ज्ञान—knowledge, कीमती—costly, precious, valuable.

अब इस वाक्य के अनुवाद को समझें—

जिस लड़के से मैं कल मिला था वह आज आया है।

The boy **whom I met yesterday** has come today.

The boy **who I met yesterday** has come today.

The boy **that I met yesterday** has come today.

इन वाक्यों में Relative Clauses को bold type में दर्शाया गया है। इनमें Relative Pronoun whom, who और that का प्रयोग है और ये relative clauses के verbs के object के रूप में आए हैं। ध्यान दें कि 'whom/who/that' clause का subject नहीं है। अतः relative pronoun का object form प्राणिवाचक संज्ञा के लिए whom/who/that है। आप चाहें तो इस प्रकार के वाक्यों का अनुवाद बिना relative pronoun दिए ही कर सकते हैं, अर्थात् आप लिख सकते हैं—

The boy I met yesterday has come today.

इसी प्रकार, 'जिस लड़की को मैं पसंद करता हूँ वह मुझे पसंद नहीं करती।' इसका अनुवाद होगा—

The girl whom I like does not like me.

The girl who I like does not like me.

The girl that I like does not like me.

The girl I like does not like me.

ऐसे वाक्यों में निर्जीव पदार्थों के लिए that/which का प्रयोग करें या Relative Pronoun का प्रयोग ही न करें। जैसे—

जो टेबुल मैंने कल खरीदा वह बहुत कीमती है।

The table that I bought yesterday is very costly.

The table which I bought yesterday is very costly.

The table I bought yesterday is very costly.

Some More Hints:

1. ऐसे वाक्यों में यदि Preposition का प्रयोग करना आवश्यक हो, तो इसे Relative Pronoun के पहले कर सकते हैं।लेकिन, इस स्थिति में persons के लिए सिर्फ whom का प्रयोग होगा, that/which/ϕ का नहीं। अगर Preposition का प्रयोग Verb के बाद करते हैं, तो what/that/ϕ का प्रयोग होगा। यहाँ ϕ का अर्थ है—zero relative pronoun यानी कोई भी Relative Pronoun नहीं। अब इन वाक्यों के अनुवाद को समझें—

(a) जिस दोस्त के साथ तुम यात्रा कर रहे थे वे तुमसे मिलने आए हैं।

The friend with whom you were travelling has come to see you.

The friend who you were travelling with has come to see you.

The friend that you were travelling with has come to see you.

The friend you were travelling with has come to see you.

(b) क्या तुम उस आदमी को जानते हो जिससे वह बोला ?

Do you know the man to whom he spoke?

Do you know the man who he spoke to?

Do you know the man that he spoke to?

Do you know the man he spoke to?

2. ऐसे वाक्यों में निर्जीव पदार्थों के लिए सिर्फ which के ही पहले Preposition का प्रयोग कर सकते हैं। यदि Preposition को Verb के बाद देना हो,तो which/that/ϕ का प्रयोग कर सकते हैं। जैसे—

(a) जिस टेबुल पर मैं बैठा था वह बहुत पुराना था।

The table on which I was sitting was very old.

The table which I was sitting on was very old.

The table that I was sitting on was very old.

The table I was sitting on was very old.

(b) यह वही घर है जिसके बारे में मैंने तुम्हें लिखा था।

This is the house about which I wrote to you.

This is the house which I worte to you about.

This is the house that I wrote to you about.

This is the house I wrote to you about.

पिछले पृष्ठ के सभी तथ्यों को इस प्रकार समझें—

(a) The man $\left[\begin{array}{l}\text{who/whom}\\ \text{that}\\ \phi\end{array}\right]$ I met ....

(b) The table $\left[\begin{array}{l}\text{that}\\ \text{which}\\ \phi\end{array}\right]$ I bought .....

(c) The man with whom I was travelling ....

The man $\left[\begin{array}{l}\text{who}\\ \text{that}\\ \phi\end{array}\right]$ I was travelling with ...

(d) The table on which I was sitting was .....

The table $\left[\begin{array}{l}\text{that}\\ \text{which}\\ \phi\end{array}\right]$ I was sitting on was ...

Note: ϕ का अर्थ है zero relative pronoun यानी कोई relative pronoun का प्रयोग नहीं।

Whose का प्रयोग Relative Clause में

Whose एक Possessive Relative Word है।

इन वाक्यों के अनुवाद को ध्यान से समझें—

(a) वह आदमी जिसका स्वभाव मधुर होता है आदर पाता है।	The man whose nature is sweet (mild) gets respect.
(b) वह कलम जिसका रंग लाल है सुंदर लगती है।	The pen whose colour is red looks beautiful.

Exercise 213

Translate into English—

जिस व्यक्ति को मैंने कल देखा था वह आज मेरे यहाँ आया है। जिस बच्चे को मैंने कल मिठाई दी थी वह रो रहा है। जिस कलम को तुमने खरीदा था वह अच्छी नहीं है। जिस कमरे में (in) तुम पढ़ रहे थे वह सुंदर नहीं है। जिस लड़की के साथ (with) तुम यात्रा कर रहे थे वह शिक्षित (educated) नहीं थी। जिस सीढ़ी (ladder) पर (on) तुम खड़े थे वह कमजोर थी। जिस घर में (in) तुम रहोगे वह आरामदायक (comfortable) नहीं है। जिस व्यक्ति से (from) तुमने कार खरीदी है उसने तुम्हें ठगा है। जिस व्यक्ति से (to) तुम बोले वह तुमसे बोलना नहीं चाहता

था। जिस टेबुल को तुम खरीदना चाहते थे वह मजबूत नहीं है। वह औरत जिसको तुम मारना चाहते थे तुम्हारी पत्नी है। वह कहानी जिसमें तुम्हारी रुचि थी (you were interested in) वह मेरे जीवन की कहानी है। वह बच्चा जिसपर (at) तुम ताक रहे थे वह तुम्हारा अपना बच्चा है। जिस देश में (in) आप रहते हैं वह महान् है। जिस ट्रेन से वह आ रही थी वह देर से आई। जिस आलमारी में (in) तुमने सोना रखा था वह बंद नहीं थी (not locked)। जिस डाकू को तुम मारना चाहते थे वह पकड़ा गया है (has been caught/arrested)। वह आदमी जिसकी ऊँचाई 6 फुट है वह इस काम के लिए उपयुक्त (suitable) है। वह कार जिसकी कीमत दस लाख रुपए है उसे मैं नहीं खरीद सकता।

Defining and Non-defining Relative Clauses

अभी तक जिन Relative Clauses का आपने अध्ययन किया है वे defining/identifying relative clauses कहलाते हैं। defining/identifying relative clause का कार्य यह है कि यह अपने antecedent जो अनिश्चित noun/pronoun है, उसे परिभाषित करता है, निश्चित बनाता है। जैसे—

The man **who helped you** has come today.

इस वाक्य में who helped you एक defining/identifying relative clause है, क्योंकि इसके बिना यह स्पष्ट नहीं होगा कि कौन आदमी आज आया है और किस आदमी के बारे में बात की जा रही है। ध्यान दें कि antecedent, Relative Pronoun के पहले आता है। ऊपर के वाक्य में 'man' antecedent है। यह भी ध्यान रखें कि defining relative clause के पहले comma का प्रयोग नहीं होता है।

अब आप non-defining relative clause को समझें। non-defining relative clause का प्रयोग उस noun के बाद किया जाता है जो पहले से निश्चित (definite) है, जैसे—Ram, **who is a good singer,** will sing today.

इस वाक्य में who is a good singer एक non-defining relative clause है, क्योंकि यह अपने antecedent Ram को define नहीं करता; Ram तो पहले से ही definite है। यहाँ clause Ram के बारे में केवल extra information दे रहा है। अगर इस clause को वाक्य से निकाल भी दिया जाए तो भी वाक्य का अर्थ स्पष्ट रहेगा। परंतु defining relative clause वाक्य के antecedent के पूर्ण परिचय के लिए आवश्यक होता है जिसे निकाल देने से antecedent के बारे में स्पष्टीकरण नहीं होगा।

पुनः ध्यान दें कि non-defining clause के पहले comma का प्रयोग आवश्यक है और clause के अंत में भी comma आवश्यक हो जाता है अगर वहाँ कोई दूसरा verb आए।

Relative Pronouns in Non-defining Relative Clauses:

(a) अगर Relative Pronoun, clause का subject हो, तो person के लिए who और thing के लिए which आएगा। जैसे—

(i) राम, जो वर्ग का सबसे तेज लड़का है, आज अनुपस्थित है।
Ram, who is the most intelligent boy of the class, is absent today.

(ii) मेरा भाई, जो लंदन में रहता है, आज आ रहा है।
My brother, who lives in London, is coming today.

(iii) राजेंद्र प्रसाद, जो भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे, एक ईमानदार राजनीतिज्ञ थे।
Rajendra Prasad, who was the first President of India, was an honest politician.

(iv) मेरी कलम, जिसे मैंने कल खरीदी, बहुत सुंदर है।
My pen, which I bought yesterday, is very beautiful.

(v) वह कलम जिसे मैंने कल खरीदी, बहुत सुंदर है।
The pen which/that I bought yesterday is very beautiful.

Sentence (iv) में non-defining relative clause का प्रयोग है, क्योंकि My pen एक definite noun है। परंतु (v) में Pen को definite बनाने के लिए, उसे define करने के लिए defining relative clause का प्रयोग किया गया है।

(b) यदि Relative Pronoun, clause के verb का object हो, तो person के लिए whom और thing के लिए which आएगा। यहाँ whom/which को लुप्त नहीं किया जा सकता। जैसे—

(i) मेरे पिताजी, जिन्हें तुम अच्छी तरह जानते हो, तुमसे मिलना चाहते हैं।
My father, whom you know very well, wants to see you.

(ii) राम, जिन्हें तुम पूजते हो, एक आदर्श मानव हैं।
Ram, whom you worship, is an ideal man.

(iii) मेरा घर, जिसे मैं बहुत पसंद करता हूँ, वास्तव में एक मंदिर है।
My home, which I like very much, is, as a matter of fact, a temple.

(iv) ताजमहल, जिसे मैं बहुत पसंद करता हूँ, मेरे लिए आकर्षण का केंद्र रहा है।
The Tajmahal, which I like very much, has been a centre of attraction for me.

(c) जब relative pronoun, relative clause के preposition के object के रूप में रहता है, तब person के लिए whom/who आता है। whom तब आता है जब preposition को इसके पहले रखना होता है। जब preposition, verb के बाद आता है, तब who का प्रयोग होता है। things के लिए दोनों ही स्थितियों में which आता है। जैसे—

(i) राम, जिसके साथ मैं खेल रहा था, मुझे मारने लगा।
Ram, with whom I was playing, began to beat me.
Ram, who I was playing with, began to beat me.

(ii) मेरा दोस्त, जिसके लिए मैं काम कर रहा था, मेरी मदद नहीं चाहता था।
My friend, for whom I was working, did not want my favour.
My friend, who I was working for, did not want my favour.

(iii) मेरा घर, जिसमें मैं रह रहा हूँ, बहुत सुंदर है।
My house, in which I am living, is very beautiful.
My house, which I am living in, is very beautiful.

(d) Non-defining relative clause में relative pronoun का possessive form 'whose' है।

(i) रीता, जिसके पति काम नहीं करते, एक काम पाने की कोशिश कर रही है।
Rita, whose husband does not work, is trying to get a job.

(ii) मेरी पुस्तकें, जिनके पृष्ठ फटे हैं, बेकार हैं।
My books, whose pages are torn, are useless.

(iii) अँगरेजी व्याकरण, जिसके नियम सरल हैं, मेरे लिए बहुत कठिन है।
English grammar, whose rules are simple, is very difficult for me.

आवश्यक नोट—defining relative clause और non-defining relative clause के प्रयोग के अंतर को आपने देखा है। इनमें comma का प्रयोग विशेष अर्थ रखता है। मात्र comma के प्रयोग से अर्थ में बहुत अंतर आ जाता है। इन दो वाक्यों को देखें—

(i) **My husband, who lives in Mumbai, is coming today.**

(ii) **My husband who lives in Mumbai is coming today.**

दोनों ही वाक्य same words से बने हैं तथा शब्दों का क्रम भी same है। परंतु मात्र comma के प्रयोग से अर्थ में बहुत अंतर आ गया है। पहले वाक्य में non-defining relative clause का प्रयोग है, अर्थात् यहाँ husband कोई निश्चित person है जिसे परिभाषित करना आवश्यक नहीं है और यह भी स्पष्ट है कि husband कोई एक ही व्यक्ति है। परंतु दूसरे वाक्य में defining relative clause के प्रयोग से यह भाव व्यक्त होता है कि वक्ता के अनेक husbands हैं, उनमें से वे husband जो मुंबई में रहते हैं आ रहे हैं, क्योंकि यहाँ husband को define किया गया है। किसी person को define करने की जरूरत तब पड़ती है जब हम उस श्रेणी में आनेवाले सभी persons में से किसी विशेष पर जोर देना चाहते हैं। इसी प्रकार,

(a) **My brother, who lives in London, is coming next month.**
(वक्ता का सिर्फ एक भाई है, अत brother को define करना आवश्यक नहीं है। इसलिए non-defining relative clause का प्रयोग हुआ है।

(b) My brother who lives in London is coming next month. (वह भाई जो लंदन में रहता है; स्पष्टतः अन्य भाई भी हैं। वक्ता अपने अनेक भाइयों में से उस भाई की बात कर रहा है जो लंदन में रहता है। अतः defining relative clause का प्रयोग आवश्यक हो गया है।)

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि defining relative clause के पहले comma का प्रयोग नहीं होता और इसका प्रयोग तब होता है जब किसी अनिश्चित person/thing को define करना होता है। अर्थात्, defining relative clause अपने antecedent को definite/selected type बनाता है।

non-defining relative clause के पहले comma का प्रयोग आवश्यक है। यह clause एक extra information है। इसका antecedent पहले से ही definite/selected type रहता है; इसे वाक्य में से निकाल देने पर भी antecedent के परिचय (identification) पर कोई अंतर नहीं पड़ता।

Exercise 214

Translate into English—

जो लड़का खेल रहा है वह मेरा भाई है। जो लड़के खेल रहे हैं वे मेरे दोस्त हैं। जो गाय काली है वह मेरी है। जो गायें काली हैं वे मेरी हैं। जिस लड़के ने तुम्हारी कलम चुराई है वह मोहन है। जो बच्चा सो रहा है वह मेरा पुत्र है। जो बेईमान होते हैं वे आदर नहीं पाते। राम, जो दिल्ली में रहता है, कल आ रहा है। आपके पिताजी, जो एक एस॰ डी॰ ओ॰ हैं, एक ईमानदार ऑफिसर हैं। मेरे पति, जो मुझे बहुत प्यार करते हैं, मेरे लिए कल एक साड़ी खरीद रहे हैं। मेरे शिक्षक, जो मुझे अँगरेजी पढ़ाते हैं, कल नहीं आएँगे। रीता, जिससे तुम कल मिले थे, लंदन गई है। राज, जिसे तुमने पीटा था, आज तुम्हें पीटेगा। पटना, जो बिहार की राजधानी है, गंगा नदी के किनारे बसा हुआ है (is situated on the bank of the Ganges)। यह लड़का, जिसे तुम अच्छी तरह (well) जानते हो, एक चोर है। राम, जिनके साथ तुम भ्रमण कर रहे थे, एक अच्छे लेखक रहे हैं। रीता, जिसको तुम देख रहे थे, तुमसे नफरत करती है। शेक्सपियर, जो सबसे बड़े नाटककार (dramatist) थे, एक कवि भी थे। मेरा घर, जिसमें मैं रह रहा हूँ, एक अच्छा घर है। जिस घर में मैं रह रहा हूँ वह एक अच्छा घर है। मेरा दोस्त, जिसका बेटा कोई काम नहीं करता, हमेशा उदास रहता है। गीता, जिसके पति दिल्ली में रहते हैं, अपने पति के पास जाना चाहती है। पटना, जिसकी आबादी (population) बहुत घनी है, एक व्यस्त शहर है। मेरा भाई, जो दिल्ली में रहता है, कल आ रहा है। मेरा भाई जो दिल्ली में रहता है वह कल आ रहा है। रीता, जिसे तुम चाहते हो, तुमसे प्यार नहीं करती। वह लड़की जिसे तुम चाहते हो तुमसे प्यार नहीं करती। मोहन, जो तुम्हारा दोस्त है, ने यह काम किया है। जो लड़का तुम्हारा दोस्त है उसने यह काम किया है। जिस लड़के के साथ मैं खेल रहा था वह मोहन है। मोहन, जिसके साथ मैं खेल रहा था, तुमसे मिलना चाहता है। राम, जिसकी गायें अच्छी हैं, तुम्हें एक गाय देना चाहता है। मेरी पुस्तकें, जिनके पन्ने फटे (torn) हैं, बेकार हैं। ताजमहल, जो आगरा में है, देखने में बहुत सुंदर (very beautiful to look at) है।

Vocabulary: राजधानी—capital, भ्रमण करना—to travel, to visit, ताकना—to look/to stare, घना—dense, बेकार—useless.

Exercise 215

Correct these sentences—

1. The boy, who is playing he is my brother.
2. My father who lives in London is coming today.
3. My husband who I love so much is coming today.
4. Rajiv Gandhi who was the Prime Minister of India was working hard to regain his chair.
5. The book who is on the table is mine.
6. One who work hard get success.
7. The boy which I saw yesterday is coming today.
8. The table on that I was sitting was broken.

Hints: रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

❑❑❑

19. Voice

Voice दो प्रकार के होते हैं—

1. Active Voice
2. Passive Voice

1. Active Voice: यदि किसी वाक्य का कर्ता क्रिया का संपादन करता हो, तो उस वाक्य में प्रयुक्त Verb को Active Voice में होना समझा जाता है।

2. Passive Voice: यदि वाक्य का कर्ता सक्रिय नहीं है, क्रिया का संपादन नहीं करता, बल्कि क्रिया उसी पर संपादित होती हो, तब प्रयुक्त Verb को Passive Voice में होना समझा जाता है।

इन वाक्यों पर विचार करें—

1. राम पढ़ाता है।	Ram teaches.
2. राम पढ़ाया जाता है।	Ram is taught.

यहाँ प्रथम वाक्य में कर्ता (Ram) पढ़ाने का काम करता है, अर्थात् वह अभीष्ट क्रिया का संपादन करता है। अतः प्रयुक्त Verb 'teaches' Active Voice में हुआ। दूसरे वाक्य में कर्ता (Ram) अभीष्ट क्रिया का संपादन नहीं करता, बल्कि उसी पर पढ़ाने का काम संपादित होता है। अतः इस वाक्य में प्रयुक्त Verb 'is taught' Passive Voice में हुआ।

इसलिए किसी वाक्य का अनुवाद करने से पहले आप यह देखें कि कर्ता क्रिया का संपादन करता है या कर्ता पर ही क्रिया संपादित होती है। अगर कर्ता संपादन करता है, तो Active Voice का प्रयोग होगा और अगर क्रिया उसी पर संपादित होती है, तो Passive Voice का।

Passive Voice के कुछ उदाहरण :

1. मोहन को प्रतिदिन पीटा जाता है—इस वाक्य में कर्ता मोहन है जो क्रिया का संपादन नहीं करता, बल्कि पीटने का काम उसी पर संपादित होता है। अतः इस वाक्य की क्रिया का अनुवाद Passive Voice में होगा।

2. पेड़ लगाया जा रहा है—इस वाक्य में कर्ता 'पेड़' है जो कुछ नहीं कर रहा है, बल्कि उसपर ही लगाने का काम संपादित हो रहा है। अतः इस वाक्य की क्रिया का अनुवाद Passive Voice में होगा।

3. खिड़कियाँ तोड़ी जा रही हैं—यहाँ कर्ता 'खिड़कियाँ' है जो तोड़ने का काम नहीं कर रही हैं, बल्कि उन्हें ही तोड़ा जा रहा है। अतः Passive Voice का प्रयोग होगा।

4. मेरे द्वारा पत्र लिखा जा रहा है—इस वाक्य में कर्ता 'पत्र' है जो क्रिया का

संपादन नहीं कर रहा है, बल्कि उसी पर क्रिया संपादित हो रही है। अतः इस वाक्य की क्रिया का अनुवाद Passive Voice में होगा।

Active Voice तथा Passive Voice के कुछ अन्य उदाहरण :

मैं प्यार कर रहा हूँ।	Active Voice
मुझे प्यार किया जा रहा है।	Passive Voice
उसने तंग किया है।	Active Voice
उसे तंग किया गया है।	Passive Voice
मै मदद करूँगा।	Active Voice
मेरी मदद की जाएगी।	Passive Voice

Exercise 216

निम्नलिखित वाक्यों में से Active Voice और Passive Voice की पहचान कर उनके सामने सिर्फ Active/Passive Voice लिखें—

मोहन पढ़ा रहा है। मोहन को पढ़ाया जा रहा है। उसे पीटा गया है। उसने पीटा है। उसने हमें सम्मानित किया है। हमें सम्मानित किया गया है। नाश्ता तैयार किया गया है। चोर पीटे जाते हैं। पुलिस चोर को पीटती है। लड़के बुलाए गए हैं। हमसे नफरत की जाती है। उसने तंग किया है। आज मैच नहीं खेला जाएगा। राम के द्वारा यह काम किया जाएगा। यहाँ हिंदी पढ़ाई जाती है। कुछ आम तोड़े गए हैं। हमने कुछ आम तोड़े हैं। उसके द्वारा आम तोड़े गए हैं। मैंने इसे किया है। मेरे द्वारा वह पीटा गया है।

1. Present Indefinite Tense : Passive Voice

Verb Form : am/is/are + V^3

1. पेड़ लगाए जाते हैं।	Trees are planted.
2. गेहूँ उपजाया जाता है।	Wheat is grown.
3. यहाँ घोड़े बेचे जाते हैं।	Horses are sold here.
4. हिंदी पढ़ाई जाती है।	Hindi is taught.
5. मिठाइयाँ बाँटी जाती हैं।	Sweets are distributed.
6. बच्चे पढ़ाए जाते हैं।	Children are taught.
7. राम को प्यार किया जाता है।	Ram is loved.
8. हमलोगों को पीटा जाता है।	We are beaten.
9. तुम्हें प्यार किया जाता है।	You are loved.
10. मुझे पढ़ाया जाता है।	I am taught.
11. सारे संसार में अँगरेजी बोली जाती है।	English is spoken all over the world.
12. हमलोगों के द्वारा पत्र लिखे जाते है।	Letters are written by us.

नोट : कर्ता के बाद am/is/are लगा है और उसके बाद मुख्य क्रिया का V^3 रूप।

Exercise 217

Translate into English—

राम पढ़ाता है। राम को पढ़ाया जाता है। मैं प्यार करता हूँ। मुझे प्यार किया जाता है। वह पीटता है। उसे पीटा जाता है। वे लोग पेड़ काटते हैं। पेड़ काटा जाता है। शिक्षक अँगरेजी पढ़ाते हैं। अँगरेजी पढ़ाई जाती है। लड़के पढ़ाए जाते हैं। धान (paddy) उपजाया जाता है। भिखारी खिलाए जाते हैं। सड़कें मरम्मत की जाती हैं। पेड़ लगाए जाते हैं। घोड़े बेचे जाते हैं। हमारी मदद की जाती है। सीता की प्रशंसा की जाती है। अच्छे छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है। हमलोग क्रिकेट खेलते हैं। हमलोगों के द्वारा किक्रेट खेला जाता है। राम मुझे पढ़ाता है। मैं राम के द्वारा पढ़ाया जाता हूँ। हमारे देश में गेहूँ उपजाया जाता है। बंगाल में चाय हर जगह मिलती है। नेपाल में भी हिंदी बोली जाती है।

Vocabulary: काटना—to cut, उपजाना—to grow, भिखारी—beggar, खिलाना—to feed, मरम्मत करना—to repair, लगाना—to plant, प्रशंसा करना—to priase, to admire, पुरस्कृत करना—to reward, to award, गेहूँ—wheat, पाना/मिलना—to find, हर जगह—everywhere, बोलना—to speak, भी—also.

Negative Sentences

1. उसे नहीं पीटा जाता है। He is not beaten.
2. यहाँ अँगरेजी नहीं पढ़ाई जाती है। English is not taught here.
3. हरे पेड़ नहीं काटे जाते हैं। Green trees are not cut.
4. गरीबों की सहायता नहीं की जाती। The poor are not helped.

Interrogative Sentences

5. क्या उसे पढ़ाया जाता है ? Is he taught ?
6. क्या मुझे नहीं पीटा जाता है ? Am I not beaten ?
7. क्या बच्चों को पढ़ाया जाता है ? Are the children taught?
8. क्या हमारे देश में लोहा तैयार नहीं किया जाता है ? Is iron not manufactured in our country ?

Exercise 218

Translate into English—

मुझे प्यार नहीं किया जाता है। हरे (green) पेड़ नहीं काटे जाते हैं। हमारे गाँव में धान नहीं उपजाया जाता है। कमजोर छात्र पुरस्कृत नहीं किए जाते हैं। उसे नहीं पीटा जाता है। उनलोगों की मदद नहीं की जाती है। क्या आपको पढ़ाया जाता है ? क्या भिखारी खिलाए जाते हैं ? क्या आपको तंग नहीं किया जाता है ? क्या चोर को नहीं पीटा जाता है ? क्या यह काम नहीं किया जाता है ? क्या आपके स्कूल में अँगरेजी पढ़ाई जाती है ? क्या सीता आपके द्वारा नहीं पढ़ाई जाती है ? क्या गायें सभी जगहों पर नहीं पाई जाती है ? क्या विद्वान् लोग सभी जगह (everywhere) सम्मानित नहीं होते हैं ?

Vocabulary: तंग करना—to vex, काम—work, विद्वान् लोग—the learned, scholars, सम्मानित करना—to respect, to honour.

What/When/How/Why/Where का प्रयोग

What When How Why Where	am/is/are	Subject	(not)	V^3 ?

Solved Examples :

1. हमें क्या दिया जाता है ?	What are we given?
2. तुम्हें क्यों पीटा जाता है ?	Why are you beaten?
3. लोहा कैसे तैयार किया जाता है ?	How is iron manufactured?
4. सोना कहाँ पाया जाता है ?	Where is gold found?
5. आपलोगों को कब पढ़ाया जाता है?	When are you taught ?
6. मुझे क्यों नहीं पढ़ाया जाता है ?	Why am I not taught?

Exercise 219

Translate into English—

गायों को क्या खिलाया जाता है ? आपलोगों को क्या पढ़ाया जाता है ? उसे कब पीटा जाता है ? मिठाइयाँ क्यों बाँटी जाती हैं ? आपको कैसे तंग किया जाता है ? नमक कैसे तैयार किया जाता है ? बच्चों को कैसे पढ़ाया जाता है ? उजला हाथी कहाँ पाया जाता है ? अंगूर कहाँ उपजाए जाते हैं ? सोना कहाँ पाया जाता है ? उसे क्यों नहीं पढ़ाया जाता है ? हमलोगों को क्यों धमकाया जाता है ? गरीब लोगों की मदद क्यों नहीं की जाती है ? आपको कैसे कुछ नहीं दिया जाता है ? पेड़ कैसे काटे जाते हैं ? मिठाइयाँ कैसे तैयार की जाती हैं ? मुझे क्यों नहीं पढ़ाया जाता है ? हमारे गाँव की सड़कों की मरम्मत क्यों नहीं की जाती है ?

Vocabulary: खिलाना—to feed, मिठाइयाँ—sweets, बाँटना—to distribute, तंग करना —to vex, नमक—salt, तैयार करना—to prepare,to produce, अंगूर—grapes, उपजाना—to grow, to cultivate, to produce, पाना—to find, धमकाना—to threaten, to menace, कुछ नहीं—nothing, मरम्मत करना—to repair.

2. Present Continuous Tense : Passive Voice

Verb Form : am/is/are + being + V^3

1. पत्र लिखा जा रहा है।	A letter is being written.
2. एक पुल बनाया जा रहा है।	A bridge is being built.
3. दुकानें बंद की जा रही हैं।	The shops are being closed.
4. हमलोगों को पढ़ाया जा रहा है।	We are being taught.
5. मुझे तंग किया जा रहा है।	I am being vexed.

6. सड़कें मरम्मत की जा रही हैं। The roads are being repaired.
7. हमलोगों के द्वारा काम किया जा रहा है। The work is being done by us.

Note: Subject के बाद am/is/are + being लगा है और उसके बाद मुख्य क्रिया का V^3 form.

Exercise 220

Translate into English—

मैं पढ़ा रहा हूँ। मुझे पढ़ाया जा रहा है। हमलोग पढ़ा रहे हैं। हमलोगों को पढ़ाया जा रहा है। तुम तंग कर रहे हो। तुम्हें तंग किया जा रहा है। राज पीट रहा है। राज को पीटा जा रहा है। वे लोग श्याम को पीट रहे हैं। श्याम को पीटा जा रहा है। वे लोग पेड़ काट रहे हैं। पेड़ काटा जा रहा है। पेड़ काटे जा रहे हैं। एक पेड़ रोपा जा रहा है। कुछ पत्र लिखे जा रहे हैं। मिठाइयाँ बाँटी जा रही हैं। सड़कें मरम्मत की जा रही हैं। गायें खिलाई जा रही हैं। एक चिट्ठी टंकित की जा रही है। विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जा रहा है। राम श्याम को पढ़ा रहा है। श्याम राम द्वारा पढ़ाया जा रहा है। चोर को पीटा जा रहा है। गरीब शोषित हो रहे हैं। कुछ किया जा रहा है। कुछ योजनाएँ बनाई जा रही हैं। हमलोगों की मदद हो रही है।

Vocabulary: रोपना—to plant, to sow, बाँटना—to distribute, टंकित करना—to type, शोषण करना—to exploit, कुछ—something, योजना—plan, planning, बनाना—to make.

Negative Sentences

Subject + am/is/are + not + being + V^3 + ……

1. गायों को नहीं खिलाया जा रहा है। The cows are not being fed.
2. मैच आज नहीं खेला जा रहा है। The match is not being played today.
3. पेड़ नहीं काटे जा रहे हैं। The trees are not being cut.
4. मेरी मदद नहीं की जा रही है। I am not being helped.

Interrogative Sentences

Am/Is/Are + Subject + (not) + being + V^3 + …… ?

1. क्या खेत जोते जा रहे हैं ? Are the fields being ploughed?
2. क्या पुराने वृक्ष काटे जा रहे हैं ? Are the old trees being cut ?
3. क्या राम को पढ़ाया जा रहा है ? Is Ram being taught?
4. क्या सड़कें मरम्मत नहीं की जा रही हैं ? Are the roads not being repaired?
5. क्या उनलोगों को आज कुछ नहीं दिया जा रहा है ? Are they not being given anything today?

Exercise 221

Translate into English—

मुझे प्यार नहीं किया जा रहा है। नई किताबें नहीं खरीदी जा रही हैं। विद्यार्थियों को नहीं पढ़ाया जा रहा है। कुरसियाँ नहीं बनाई जा रही हैं। तुम्हें गाली नहीं दी जा रही है। मोहन को चेतावनी नहीं दी जा रही है। क्या आपको तंग किया जा रहा है ? क्या गरीबों को शिक्षित नहीं किया जा रहा है ? क्या राम की मदद नहीं की जा रही है ? क्या प्याले नहीं धोए जा रहे हैं ? क्या रोगी (patient) की जाँच नहीं की जा रही है ? क्या एक कुआँ (well) खोदा जा रहा है ? क्या आपकी मदद नहीं हो रही है ? हमारे लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। किसी की मदद नहीं हो रही है। क्या गरीब लोग शोषित नहीं हो रहे हैं ? क्या विद्यार्थियों का जीवन बरबाद नहीं किया जा रहा है ?

Vocabulary: गाली देना—to abuse, to revile, चेतावनी देना—to warn, to caution, तंग करना—to vex, शिक्षित करना—to educate, धोना—to wash, जाँच करना—to examine, to test, खोदना—to dig, कुछ नहीं—nothing, शोषण करना—to exploit, जीवन—life, बरबाद करना—to spoil, to ruin.

What/When/Why/Where/How का प्रयोग

What When Where How Why	am/is/are	Subject	(not)	being	V^3 + ...?

1. उनलोगों को क्या दिया जा रहा है ?	What are they being given?
2. दुकानें क्यों बंद की जा रही हैं ?	Why are the shops being closed?
3. पार्सल कहाँ भेजा जा रहा है ?	Where is the parcel being sent?
4. बच्चों को कैसे पढ़ाया जा रहा है ?	How are the children being taught?
5. पेड़ क्यों नहीं लगाए जा रहे हैं ?	Why are trees not being planted?
6. तुम्हारी कैसे मदद नहीं की जा रही है ?	How are you not being helped?

Exercise 222

Translate into English—

घोड़ों को क्या खिलाया जा रहा है ? आपको क्या पढ़ाया जा रहा है ? उसे क्यों पीटा जा रहा है ? खिड़कियाँ क्यों तोड़ी जा रही हैं ? गरीब लोग क्यों शोषित हो रहे हैं ? पुल कहाँ बनाया जा रहा है ? फुटबॉल कहाँ खेला जा रहा है ? तुम्हें

कैसे पढ़ाया जा रहा है ? लड़कों को कैसे दंडित किया जा रहा है ? मुझे प्यार क्यों नहीं किया जा रहा है ? उसे क्यों नहीं पीटा जा रहा है ? दुकानें क्यों हटाई जा रही हैं ? उनलोगों को क्या पढ़ाया जा रहा है ? क्या किया जा रहा है हमलोगों के लिए? किसे गाली दी जा रही है (who is...) ? नई सड़क क्यों बनाई जा रही है ? गरीबों के लिए कुछ क्यों नहीं किया जा रहा है ? हमें कैसे प्रोत्साहित किया जा रहा है ?

Vocabulary: खिड़की—window, तोड़ना—to break, पुल—bridge, बनाना—to build, to construct, दंडित करना—to punish, दुकान—shop, हटाना—to remove, प्रोत्साहित करना—to encourage.

3. Present Perfect Tense : Passive Voice

Verb Form : have/has + been + V^3

1. लड़के पढ़ाए जा चुके हैं।	The boys have been taught.
2. मोहन को दंडित किया गया है।	Mohan has been punished.
3. किताब छापी जा चुकी है।	The book has been printed.
4. पार्सल भेजा जा चुका है।	The parcel has been sent.
5. मुझे ठगा गया है।	I have been cheated.
6. उनलोगों को पुरस्कृत किया गया है।	They have been rewarded.
7. यह सुना गया है।	It has been heard.
8. कुछ किया गया है।	Something has been done.
9. मेरे द्वारा यह काम किया गया है।	This work has been done by me.

Exercise 223

Translate into English—

मैंने पढ़ाया है। मुझे पढ़ाया गया है। उसने मुझे ठगा है। मुझे ठगा गया है। उसे ठगा गया है। मैंने प्यार किया है। मुझे प्यार किया गया है। तुमने पीटा है। तुम पीटे गए हो। इतिहास पढ़ाया जा चुका है। खिलौने खरीदे गए हैं। घोड़े को खिलाया जा चुका है। उसे भेजा जा चुका है। एक कार खरीदी गई है। यह काम पूरा हो चुका है। राज को दंडित किया गया है। उसे पीटा गया है। छात्रों को पीटा गया है। दुकानें बंद कर दी गई हैं। पार्सल भेजा जा चुका है। चोर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। राम ने तुम्हें पीटा है। तुम राम के द्वारा पीटे गए हो। मैंने उसे पढ़ाया है। वह मेरे द्वारा पढ़ाया गया है। चार लोग मारे गए हैं। आपके पुत्र का चयन हो गया है। गरीबों के लिए कुछ (something) किया गया है।

Vocabulary: ठगना—to cheat, to dupe, इतिहास—history, खिलौना—toy, खरीदना—to buy/purchase, भेजना—to send, पूरा करना—to complete/finish, दंडित करना—to punish, बंद करना—to close, to shut, पार्सल—parcel, गिरफ्तार करना—to arrest, मारना—to kill, चयन करना/होना—to select.

Negative Sentences

Subject + have/has + not + been + V^3.

1. वह नहीं मारा गया है। He has not been killed.
2. पत्र नहीं लिखा गया है। The letter has not been written.
3. पेड़ नहीं काटे जा चुके हैं। The trees have not been cut.
4. कुछ नहीं किया गया है। Nothing has been done.

Interrogative Sentences

1. Have/has + Subject + (not) + been + V^3 ?
2.

What					
When					
Why	have/has	Subject	(not)	been	V^3?
Where					
How					

1. क्या खेत जोते जा चुके हैं ? Have the fields been ploughed?
2. क्या पार्सल नहीं भेजा गया है ? Has the parcel not been sent ?
3. चोरों को कहाँ गिरफ्तार किया गया है ? Where have the thieves been arrested ?
4. छात्रों को क्यों नहीं पढ़ाया गया है ? Why have the students not been taught ?
5. मुझे क्यों ठगा गया है ? Why have I been cheated?
6. तुम्हें क्या पढ़ाया गया है ? What have you been taught?

Exercise 224

Translate into English—

मेरी पिटाई नहीं की गई है। आपको नहीं पढ़ाया गया है। काम पूरा नहीं किया गया है। कुछ भी नहीं किया गया है। गायों को नहीं खिलाया गया है। उनलोगों को गाली नहीं दी गई है। क्या कविताएँ लिखी जा चुकी हैं ? क्या मैच खेला जा चुका है ? क्या सड़कें मरम्मत नहीं की गई हैं ? क्या आपको चेतावनी नहीं दी गई है ? आपलोगों को क्या पढ़ाया गया है ? उसे कहाँ पीटा गया है ? तुम्हें कैसे अपमानित किया गया है ? कार्य को पूरा क्यों नहीं किया गया है ? कपड़े क्यों नहीं धोए गए हैं ? यह मकान क्यों बनाया गया है ? हमलोगों के लिए क्या किया गया है (what has been...) ? तुम्हें निमंत्रित क्यों नहीं किया गया है ? मेरे साथ बुरा (बुरे ढंग से) बर्ताव क्यों किया गया है ?

Vocabulary: पूरा करना—to complete, to finish, चेतावनी देना—to warn, अपमानित करना—to insult, कपड़ा—cloth, धोना—to wash, निमंत्रण देना—to invite, बर्ताव करना—to treat, to behave, बुरे ढंग से—badly.

4. Past Indefinite Tense : Passive Voice

Verb Form : was/were + V^3

1. उसे पीटा गया/गया था। He was beaten.
2. मुझे पढ़ाया गया/गया था। I was taught.
3. कुछ कलमें खरीदी गईं। Some pens were bought.
4. एक घर बनाया गया। A house was built.
5. घोड़ा बेचा गया। The horse was sold.
6. उनलोगों को आदेश दिया गया। They were ordered.
7. राम के द्वारा एक पक्षी मारा गया। A bird was killed by Ram.
8. मुझे एक कलम दी गई। I was given a pen.
9. उसे यह काम करने को कहा गया। He was asked to do this work.

Exercise 225

Translate into English—

उसने पढ़ाया/पढ़ाया था। उसे पढ़ाया गया/गया था। उसने मारा। वह मारा गया। मैंने आदेश दिया। मुझे आदेश दिया गया। एक कुआँ खोदा गया। एक पुल बनाया गया। लड़के पढ़ाए गए। उसे पीटा गया। कुछ पेड़ लगाए गए। एक गाड़ी खरीदी गई। वह पेड़ काटा गया। मुझे प्यार किया गया। आपको आदेश दिया गया। उनसे अनुरोध किया गया। राम ने हमलोगों को पढ़ाया। हमलोग पढ़ाए गए। राम पढ़ाया गया। उसने एक चोर को देखा। एक चोर उसके द्वारा देखा गया। पुराने वृक्ष काटे गए। उसने पुराने वृक्षों को काटा। यह कहा गया। आपको मिठाइयाँ दी गईं। मुझे पटना जाने को कहा गया। उसपर त्यागपत्र देने के लिए दबाव डाला गया। मुझे गाने के लिए अनुरोध किया गया।

Vocabulary: आदेश देना—to order, to instruct, कुआँ—well, खोदना—to dig, पुल—bridge, बनाना—to build, to construct, लगाना—to plant, अनुरोध करना—to request, to appeal, चोर—theif, देखना—to see, कहना—to say, त्यागपत्र देना—to resign, , दबाव डालना—to force, to press.

Negative Sentences

Subject + was/were + not + V^3.

1. मुझे नहीं पढ़ाया गया। I was not taught.
2. उसे नहीं पीटा गया। He was not beaten.
3. पत्र नहीं लिखे गए। Letters were not written.
4. खेत नहीं जोता गया। The field was not ploughed.
5. वे लोग दंडित नहीं किए गए। They were not punished.
6. पेड़ नहीं काटा गया। The tree was not cut.

Interrogative Sentences

1. Was/Were + Subject + (not) + V^3?

2. What				
When				
Why	was/were	Subject	(not)	V^3?
Where				
How				

1. क्या दरवाजा तोड़ा गया ?	Was the door broken?
2. क्या मोहन को दंडित नहीं किया गया ?	Was Mohan not punished?
3. क्या अँगरेजी नहीं पढ़ाई गई ?	Was English not taught?
4. क्या लड़के पढ़ाए गए ?	Were the boys taught?
5. क्या घोड़े नहीं बेचे गए ?	Were the horses not sold?
6. उससे क्या पूछा गया ?	What was he asked?
7. उनलोगों को क्या दिया गया ?	What were they given?
8. उसे क्यों पीटा गया ?	Why was he beaten?
9. बक्से को कहाँ छिपाया गया ?	Where was the box hidden ?
10. उसे प्रोत्साहित क्यों नहीं किया गया ?	Why was he not encouraged ?

Exercise 226

Translate into English—

मुझे नहीं पीटा गया। आपको गाली नही दी गई। सीता को नहीं पढ़ाया गया। साँप (snake) नहीं मारा गया। काम पूरा नहीं किया गया। उसे सजा नहीं दी गई। गायों को नहीं खिलाया गया। घोड़ा नही बेचा गया। क्या पेड़ काटे गए ? क्या डकैत (dacoit, robber) मारा गया ? क्या उसे नहीं पीटा गया ? क्या फीस दे दी गई ? क्या आपलोगों को नहीं पढ़ाया गया ? तुम्हें क्या पढ़ाया गया ? राज को कहाँ पीटा गया ? आपसे क्या पूछा गया ? उसे क्यों पीटा गया ? चोर को कैसे पकड़ा गया ? उनलोगों को पुरस्कृत क्यों नहीं किया गया ? गाना कब गाया गया ? झोंपड़ियाँ कब जलाई गईं ? उसकी मदद क्यों नहीं की गई? आपको कैसे ठगा गया ? मुझे कब कलम दी गई ? आपको जाने के लिए कब कहा गया ?

Vocabulary: सजा देना—to punish, पूछना—to ask, पकड़ना—to catch, to arrest, पुरस्कृत करना—to reward, to award, झोंपड़ी—hut, cottage, जलाना—to burn, to set on fire, ठगना—to cheat, to dupe.

5. Past Imperfect Tense : Passive Voice

Verb Form : was/were + being + V^3

1. चोर को पीटा जा रहा था।	The theif was being beaten.

2. मिठाइयाँ बाँटी जा रही थीं।	Sweets were being distributed.
3. चिट्ठी टंकित की जा रही थी।	The letter was being typed.
4. खिलौने बेचे जा रहे थे।	Toys were being sold.
5. मुझे तंग किया जा रहा था।	I was being vexed.
6. कार्य किया जा रहा था।	The work was being done.

Exercise 227

Translate into English—

मैं पढ़ा रहा था। मुझे पढ़ाया जा रहा था। वह मदद कर रहा था। उसकी मदद की जा रही थी। पुलिस चोर को पीट रही थी। चोर को पीटा जा रहा था। कमरा साफ किया जा रहा था। मुझे गाली दी जा रही थी। जंगल काटा जा रहा था। मैच खेला जा रहा था। पुस्तकें छापी जा रही थीं। सड़कों की मरम्मत की जा रही थी। पेड़ लगाए जा रहे थे। मकान की पुताई की जा रही थी। राम सोहन को पीट रहा था। सोहन राम के द्वारा पीटा जा रहा था। खेत जोते जा रहे थे।

Vocabulary: पुलिस—police, साफ करना—to clean, जंगल—forest, woods, छापना—to print, मरम्मत करना—to repair , पुताई करना—to white wash, to daub, (खेत) जोतना—to plough, to cultivate.

Negative Sentences

Subject + was/were + not + being + V^3.

1. खेत नहीं जोते जा रहे थे।	The fields were not being ploughed.
2. पेड़ नहीं काटे जा रहे थे।	The trees were not being cut.
3. गाना नहीं गाया जा रहा था।	The song was not being sung.
4. काम नहीं किया जा रहा था।	The work was not being done.
5. मुझे नहीं पढ़ाया जा रहा था।	I was not being taught.

Interrogative Sentences

1. Was/Were + Subject + (not) + being + V^3 ?

2. What When Why Where How	was/were	Subject	(not)	being	V^3?

1. क्या खेत सींचा जा रहा था ?	Was the field being irrigated ?
2. क्या मिठाइयाँ बाँटी जा रही थीं ?	Were sweets being distributed?
3. क्या तुम्हें नहीं पीटा जा रहा था ?	Were you not being beaten?

4. गायों को क्या खिलाया जा रहा था ?	What were the cows being fed?
5. तुम्हें कब पढ़ाया जा रहा था ?	When were you being taught?
6. उसे क्यों पीटा जा रहा था ?	Why was he being beaten?
7. उसे क्यों नहीं पढ़ाया जा रहा था ?	Why was he not being taught?
8. उसे कहाँ ले जाया जा रहा था ?	Where was he being taken?

Exercise 228

Translate into English—

उसकी मदद नहीं की जा रही थी। काम नहीं किया जा रहा था। कुछ नहीं किया जा रहा था। घर नहीं बेचा जा रहा था। हमलोगों को नहीं पढ़ाया जा रहा था। पेड़ नहीं काटे जा रहे थे। गाना नहीं गाया जा रहा था। क्या आपलोगों को पढ़ाया जा रहा था? क्या आपको धमकाया जा रहा था? क्या अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा था? क्या पत्र नहीं लिखा जा रहा था? आपको क्या पढ़ाया जा रहा था? राम को क्या दिया जा रहा था? उसे गाली क्यों दी जा रही थी? मैच कहाँ खेला जा रहा था? चिट्ठियाँ क्यों बाँटी जा रही थीं? आपको क्यों गिरफ्तार किया जा रहा था? आपलोगों के लिए क्यों कुछ नहीं किया जा रहा था?

Vocabulary: धमकाना—to threaten, to menace, अपराधी—criminal, guilty, गिरफ्तार करना—to arrest, बाँटना—to distribute.

6. Past Perfect Tense : Passive Voice

Verb Form : had been + V^3

Affirmative Sentences: Subject + had been + V^3.

Negative Sentences: Subject + had + not + been + V^3.

Interrogative Sentences:

1. Had + Subject + (not) + been + V^3 ?

2. What When How Why Where	had	Subject	(not)	been	V^3?

Solved Examples :

1. मैच खेला जा चुका था।	The match had been played.
2. मैच नहीं खेला जा चुका था।	The match had not been played.
3. क्या मैच खेला जा चुका था।	Had the match been played?

4. क्या मैच नहीं खेला जा चुका था ? Had the match not been played?
5. मैच क्यों खेला जा चुका था ? Why had the match been played?
6. मैच क्यों नहीं खेला जा चुका था ? Why had the match not been played?

Exercise 229

Translate into English—

राम पढ़ा चुका था। राम को पढ़ाया जा चुका था। काम पूरा किया जा चुका था। चोर को गिरफ्तार किया जा चुका था। पेड़ रोपे जा चुके थे। गायें खिलाई जा चुकी थीं। किताबें खरीदी जा चुकी थीं। कविताएँ लिखी जा चुकी थीं। पेड़ नहीं रोपे जा चुके थे। क्या गायें खिलाई जा चुकी थीं ? क्या तुमलोग पढ़ाए जा चुके थे ? क्या उसे सजा दी जा चुकी थी ? क्या खेत नहीं जोते जा चुके थे ? उसे क्यों गिरफ्तार किया जा चुका था ? बकरियाँ घर वापस आ चुकी थीं।

Vocabulary: पूरा करना—to complete, to finish, खिलाना—to feed, सजा देना—to punish, जोतना—to plough, to cultivate.

7. Future Indefinite Tense : Passive Voice

Verb Form : shall/will + be + V^3

1. लड़का पढ़ाया जाएगा। The boy will be taught.
2. कुछ आम खरीदे जाएँगे। Some mangoes will be bought.
3. मुझे आमंत्रित किया जाएगा। I shall be invited.
4. भिखारियों को खिलाया जाएगा। Beggars will be fed.
5. इस कार को बेचा जाएगा। This car will be sold.
6. पत्र लिखे जाएँगे। Letters will be written.
7. उनलोगों के द्वारा एक पक्षी मारा जाएगा। A bird will be killed by them.
8. उसे जाने के लिए कहा जाएगा। He will be asked to go.

Exercise 230

Translate into English—

मैं पढ़ाऊँगा। मुझे पढ़ाया जाएगा। पुलिस चोर को गिरफ्तार करेगी। चोर को गिरफ्तार किया जाएगा। मैं इसे करूँगा। यह किया जाएगा। हमलोग उसे याद करेंगे। उसे याद किया जाएगा। वह पीटेगा। उसे पीटा जाएगा। एक कार खरीदी जाएगी। कपड़े धोए जाएँगे। दीवार रँगी जाएगी। उसे सजा दी जाएगी। पेड़ रोपे जाएँगे। मैच जीता जाएगा। खेत पटाया जाएगा। गाय दूही जाएगी। उनलोगों को

पुरस्कृत किया जाएगा। यहाँ एक पुल बनाया जाएगा। इस काम को पूरा किया जाएगा। कल मैच खेला जाएगा। वह राम को पढ़ाएगा। राम उसके द्वारा पढ़ाया जाएगा। उसे खेलने के लिए कहा जाएगा। उनलोगों पर त्यागपत्र देने के लिए दबाव डाला जाएगा। सीता को गाने के लिए अनुरोध किया जाएगा। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

Vocabulary: याद करना—to remember, to memorize, दीवार—wall, रँगना—to paint, जीतना—to win, पटाना—to water, to irrigate, दूहना—to milk, पुरस्कृत करना—to reward, to award, त्यागपत्र देना—to resign, दबाव डालना—to press, to force, अनुरोध करना—to request, to appeal, कड़ी मेहनत करना—to work hard, प्रोत्साहित करना—to encourage.

Negative Sentences

Subject + Shall/will + not + be + V^3.

1. तुम्हें नहीं पढ़ाया जाएगा।	You will not be taught.
2. आज अँगरेजी नहीं पढ़ाई जाएगी।	Today, English will not be taught.
3. दुकानें बंद नहीं की जाएँगी।	The shops will not be closed.
4. हमलोगों को मिठाइयाँ नहीं दी जाएँगी।	We shall not be given sweets.

Interrogative Sentences

1. Shall/Will + Subject + (not) + be + V^3 ?

2. What When Why Where How	shall/will	Subject	(not)	be	V^3?

1. क्या यहाँ एक पुल बनाया जाएगा ?	Will a bridge be built here ?
2. क्या हमें नहीं पढ़ाया जाएगा ?	Shall we not be taught?
3. गायों को क्या खिलाया जाएगा ?	What will the cows be fed?
4. उसे क्यों पीटा जाएगा ?	Why will he be beaten?
5. पार्सल कब भेजा जाएगा ?	When will the parcel be sent ?
6. यह काम क्यों नहीं किया जाएगा ?	Why will this work not be done?

Exercise 231

Translate into English—

गायों को नहीं खिलाया जाएगा। यह नहीं सुना जाएगा। उसे याद नहीं किया

जाएगा। उसे नहीं पीटा जाएगा। छात्रों को नहीं पढ़ाया जाएगा। कार नहीं खरीदी जाएगी। क्या आपको पढ़ाया जाएगा ? क्या मुझे पीटा जाएगा ? क्या तुम्हें गिरफ्तार किया जाएगा ? क्या सड़कें मरम्मत नहीं की जाएँगी ? क्या पुल नहीं बनाया जाएगा ? क्या आपकी मदद नहीं की जाएगी ? यहाँ कुआँ कब खोदा जाएगा ? हमें क्या दिया जाएगा ? उसे क्यों गिरफ्तार किया जाएगा ? मैच कहाँ खेला जाएगा ? पुल कब बनाया जाएगा ? ये सड़कें मरम्मत क्यों नहीं की जाएँगी ? आपको क्यों तंग किया जाएगा ? तुम्हें क्या करने को कहा जाएगा ? किसी को कुछ नहीं कहा जाएगा। गरीबों के लिए क्या किया जाएगा ?

Vocabulary: मरम्मत करना—to repair, कुआँ—well, खोदना—to dig, देना—to give, गिरफ्तार करना—to arrest, to seize.

8. Modal Verbs : Passive Voice

shall, will, can, could, may, might, should, would, must, ought इत्यादि modal auxiliaries हैं। जब इनके बाद active verb प्रयुक्त रहता है, तब उस verb को passive में बदलने हेतु निम्नलिखित verb form का प्रयोग किया जाता है—

modal auxiliary + be + V^3

Active	*Passive*
1. They will kill the bird.	The bird will be killed (by them).
2. I can lift it.	It can be lifted by me.
3. They could solve the problem.	The problem could be solved.
4. He may defeat you.	You may be defeated by him.
5. You must help your brother.	Your brother must be helped.
6. One should keep one's promises.	Promises should be kept.
7. He could kill the bird.	The bird could be killed by him.
8. Anybody can break this stick.	This stick can be broken.
9. We should help the poor.	The poor should be helped.
10. None can challenge him.	He cannot be challenged.
11. We shall take her to hospital tomorrow.	She will be taken to hospital tomorrow.
12. You must write the answers in ink.	The answers must be written in ink.
13. Everyone will blame us.	We shall be blamed by everyone.
14. One cannot gather grapes from thistles.	Grapes cannot be gathered from thistles.

Solved Examples :

1. उसे पीटा जा सकता है।	He can be beaten.
2. काम समाप्त हो जाना चाहिए।	The work should be finished.
3. उसे ठगा जा सकता है।	He may be cheated.
4. गरीबों की मदद अवश्य होनी चाहिए।	The poor must be helped.
5. रोगी को नहीं बचाया जा सकता।	The patient can't be saved.
6. यह कार्य नहीं किया जाना चाहिए।	This work should not be done.
7. क्या उसे गाली दी जानी चाहिए ?	Should he be abused?
8. उसे क्यों नहीं हराया जा सकता ?	Why can he not be defeated?
9. यह काम कब किया जाना चाहिए ?	When should this work be done?

Exercise 232

Translate into English—

वह पढ़ा सकता है। उसे पढ़ाया जा सकता है। वह मदद कर सकता है। उसकी मदद की जा सकती है। उसे हराया जा सकता है। इस दीवार को तोड़ा जा सकता है। यह काम किया जाना चाहिए। उसकी मदद की जानी चाहिए। उसकी मदद अवश्य की जानी चाहिए। मुझे नहीं पीटा जा सकता। उस रोगी को नहीं बचाया जा सकता। चोर की मदद नहीं की जानी चाहिए। यह नहीं किया जाना चाहिए। क्या बाघ को मारा जा सकता है ? क्या कार्य आरंभ किया जाना चाहिए ? क्या इसकी अवहेलना नहीं की जानी चाहिए ? उसे क्यों नहीं हराया जा सकता ? चोर को कैसे पकड़ना चाहिए ? गरीबों को कैसे शिक्षित किया जा सकता है ? उसे क्या दिया जाना चाहिए ?

Vocabulary: हराना—to defeat, दीवार—wall, तोड़ना—to break, बचाना—to save, आरंभ करना—to start, to begin, अवहेलना करना—to neglect, शिक्षित करना—to educate, देना—to give.

Exercise 233

Translate into English—

काम हो रहा है। हमें कुछ नहीं दिया जाएगा। क्या उसे नहीं पीटा गया ? खेत जोते जा चुके थे। मिठाइयाँ क्यों बाँटी जा रही हैं ? क्या बिहार में गेहूँ नहीं उपजाया जाता ? क्या उसकी मदद हो सकती है ? उसकी मदद क्यों की जानी चाहिए ? हमें क्या दिया जा सकता है ? मुझे वहाँ जाने के लिए कहा गया है। मुझे क्या आदेश दिया गया है ? उसे कब पुरस्कृत किया गया ? मेले में चार हाथी बेचे गए। आपको कैसे तंग किया जा रहा था ? पूरे विश्व में (All over the world) अँगरेजी बोली जाती है। क्या मुझे अँगरेजी नहीं पढ़ाई जाएगी ? तब (then) क्या किया जा सकता है ? वही किया जा सकता है जो किया जाना चाहिए।

Note: जब what, who, how many/much आदि किसी वाक्य का subject हो, तब अनुवाद इस प्रकार होगा :

1. क्या खाया जाता है ?	What is eaten?
2. क्यों खाया गया ?	Why was eaten?
3. क्या खाया जा रहा था ?	What was being eaten?
4. कब खाया जाएगा ?	When will be eaten?
5. क्या खाया जाना चाहिए ?	What should be eaten?
6. क्या खाया जा सकता है ?	What can be eaten?
7. किसे पढ़ाया जाता है ?	Who is taught?
8. यहाँ किसे नहीं पढ़ाया जाता है ?	Who is not taught here?
9. कितना दूध बेचा जा चुका था ?	How much milk had been sold?
10. इस विद्यालय में कितने छात्र पढ़ाए जाते हैं ?	How many students are taught in this school?

Exercise 234 (Advanced Learner's)

Translate into English—

अगर आप ईमानदार आदमी हैं तो हर जगह आपकी इज्जत होगी। बेईमान आदमी को कोई नहीं चाहता। हर जगह उसकी उपेक्षा की जाती है। इसलिए हमें ईमानदार बनने की कोशिश करनी चाहिए। हमें क्यों तंग किया जा रहा है ? क्या इसलिए कि हम गरीब हैं ? उसे पीटा जा सकता है, परन्तु हमें उसे नहीं पीटना चाहिए क्योंकि वह भी हमें पीट सकता है जब उसे मौका मिलेगा। हम किस चीज के लिए कोशिश कर रहे हैं ? क्या हम नहीं बहकाए जा रहे हैं ? हमें क्या कहा गया और हम क्या कर रहे हैं ? क्या कोई नहीं है जिससे मदद माँगी जा सकती है ? आप क्यों चुप थे जब (when) आपसे प्रश्न किया जा रहा था ? आप क्या करने लगे थे ? आपके लिए अब कुछ नहीं किया जाना चाहिए। उसे जब आना होगा तब आएगा। क्या मुझको वह चीज नहीं दी गई है जिसमें मेरी रुचि रही है ?

Solved Exercise 234

If you are an honest man, you will be respected everywhere. Nobody likes a dishonest man. He is ignored everywhere. Therefore, we should try to be honest. Why are we being vexed? Is it because we are poor. He can be beaten but we shouldn't beat him, because he can also beat us, when he gets a chance. What are we trying for? Aren't we being misled? What were we told and what are we doing? Is there nobody who can be asked for help? Why were you silent when you were being questioned? What had you started doing? Nothing should be done for you now. (Anything should not be done for you now. *or,* Anything shouldn't be done for you now.) When he will have to come, he will. Haven't I been given the thing, I have been interested in?

Hints: रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले 'The' का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार 'a' एवं 'an' का भी प्रयोग करें।

❑❑❑

20. Direct & Indirect Speech/Narration

Direct Speech—यदि किसी वक्ता के कथन को उसी के शब्दों में दोहराया जाए, तो वह Direct Speech कहलाएगा। Direct Speech को Inverted Commas के बीच में रखा जाता है।

Indirect Speech—यदि किसी वक्ता के कथन को उसी के शब्दों में न दोहरा कर उसके आशय या सारांश को अपने शब्दों में व्यक्त किया जाए, तो वह Indirect Speech कहलाएगा। Indirect Speech को Inverted Commas के भीतर नहीं रखा जाता।

Direct Speech	Indirect Speech
1. उसने कहा, "मैं तैयार हूँ।"	उसने कहा कि मैं तैयार हूँ।
He said, "I am ready."	He said that he was ready.
2. राम ने मुझसे कहा, "तुम मेरे दोस्त हो।"	राम ने मुझसे कहा कि तुम मेरे दोस्त हो।
Ram said to me, "You are my friend."	Ram told me that I was his friend.
3. उसने मुझसे पूछा, "क्या तुम बीमार हो?"	उसने मुझसे पूछा कि क्या तुम बीमार हो।
He asked me, "Are you ill?"	He asked me if I was ill.

इन उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि हिंदी में Speech परिवर्तन के नियम एकदम सरल हैं। Indirect Speech में Inverted Commas के बदले 'कि' का प्रयोग किया जाता है। सर्वनाम, काल तथा वाक्य की बनावट को बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ती, परंतु अँगरेजी भाषा में ऐसी बात नहीं है। Speech परिवर्तन के बाद वाक्य में बहुत भिन्नता आ जाती है। अतः Indirect Speech वाले वाक्य का अनुवाद करते समय काफी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है।

पहले हम हिंदी के ऐसे वाक्यों के अनुवाद पर विचार करें जो Direct Speech में हैं और जिनका अनुवाद भी Direct Speech में करना है। ऐसा करना एकदम आसान है क्योंकि अनुवाद हू-ब-हू किया जाता है, जैसा कि इन उदाहरणों से स्पष्ट है—

1. राम कहता है, "मैं स्कूल नहीं जाऊँगा।"
   Ram says, "I shall not go to school."
2. वह मुझसे कहता है, "मैं तुम्हारी मदद करूँगा।"
   He says to me, "I shall help you."
3. मैंने उससे कहा, "मैं तुम्हारा सच्चा दोस्त हूँ।"
   I said to him, "I am your true friend."

4. वह मुझसे कहेगा, ''मुझे आपकी मदद की जरूरत है।''
He will say to me, "I need your help."
5. उसने मुझसे कहा,''तुम कहाँ से आए हो ?
He said to me, "Where have you come from?"
6. मैंने उससे पूछा, ''तुम्हारा क्या नाम है?''
I asked him, "What is your name?"
7. उसने मुझसे कहा, ''कृपया मेरी मदद करें।''
He said to me, "Please help me,"
8. मेरे पिताजी ने मुझसे कहा, ''समय बरबाद नहीं करो।''
My father said to me, "Don't waste time."

Note: say/said के बाद to का प्रयोग होगा यदि इसके बाद कोई Object आए।

जैसे—

He said to me.
He says to me.
I say to him.

परंतु tell/told/ask/asked के बाद to का प्रयोग नहीं होता। जैसे—

He told me.
She tells me.
I shall tell them.
Ram asked me.

Exercise 235

Translate into English—

वह कहता है, ''मैं वहाँ नहीं जाऊँगा।'' राम मुझसे कहता है, ''तुम मुझे नहीं हरा सकते।'' वह कहती है, ''मैं तैयार रहूँगी।'' उसने मुझसे कहा, ''मैं आपका दुश्मन नहीं हूँ।'' मैंने उससे कहा, ''तुम्हें यह काम नहीं करना चाहिए।'' उसने मुझसे कहा, ''मेरे पिताजी तुमसे मिलना चाहते हैं।'' मैंने उससे कहा, ''मैं तुमसे प्यार करता हूँ।'' उनलोगों ने मुझसे कहा, ''हमलोग वहाँ नहीं गए थे।'' वह मुझसे कहेगा, ''मैं आपको नहीं जानता हूँ।'' राम मुझसे कहेगा, ''क्या आप इसके लिए तैयार हैं ?'' उसने मुझसे कहा, ''क्या आप बीमार हैं ?'' मैंने अपने दोस्त से कहा,''तुम कब जा रहे हो ?'' उसने मुझसे पूछा, ''तुम वहाँ क्यों नहीं गए ?'' मैंने उस लड़की से पूछा, ''तुम कहाँ रहती हो?'' शिक्षक ने हमलोगों से कहा, ''वर्ग में हो-हल्ला मत करो।'' मैंने अपने नौकर से कहा, ''एक गिलास पानी लाओ।'' मैंने अपने पिताजी से कहा,''कृपया मुझे एक साइकिल खरीद दें।''

Vocabulary: कहना—to say, to tell, हराना—to defeat, दुश्मन—enemy, मिलना—to see, to meet, पूछना—to ask, हो-हल्ला/शोरगुल करना—to make a noise/a din, एक गिलास पानी—a glass of water, खरीदना—to buy/purchase.

अब हम हिन्दी के ऐसे वाक्यों के अनुवाद पर विचार करें जो Indirect Speech में हैं। ऐसे वाक्यों का अनुवाद आप Direct Speech में भी कर सकते हैं, क्योंकि ऐसा करना आपके लिए ज्यादा आसान होगा। निम्नलिखित वाक्यों से यह स्पष्ट है—

1. वह कहता है कि मैं आज तैयार नहीं हूँ।
   (= वह कहता है, ''मैं आज तैयार नहीं हूँ।'')
   He says, "I am not ready today."
2. राम कहता है कि मैं कल जाऊँगा।
   (= राम कहता है, ''मैं कल जाउँगा।'')
   Ram says, "I shall go tomorrow."
3. उसने मुझसे कहा कि मैंने तुम्हारे भाई को नहीं पीटा है।
   (= उसने मुझसे कहा, ''मैंने तुम्हारे भाई को नहीं पीटा है।'')
   He said to me, "I have not beaten your brother."
4. मैं उनसे कहूँगी कि मैं आपसे प्यार करती हूँ।
   (= मैं उनसे कहूँगी, ''मैं आपसे प्यार करती हूँ।'')
   I shall say to him, "I love you."
5. उसने कहा कि तुम कौन हो।
   (= उसने कहा,''तुम कौन हो ?'')
   He said, "Who are you?"
6. उसने मुझसे पूछा कि तुम कहाँ रहते हो।
   (= उसने मुझसे पूछा, ''तुम कहाँ रहते हो ?'')
   He asked me, "Where do you live?"
7. उसने मुझसे कहा कि यहाँ मत खेलो।
   (= उसने मुझसे कहा, ''यहाँ मत खेलो।'')
   He said to me, "Don't play here."
8. वह मुझसे कहता है कि वहाँ जाओ।
   (= वह मुझसे कहता है, ''वहाँ जाओ।'')
   He says to me, "Go there."
9. उसने मुझसे कहा कि कृपया मेरी मदद करें।
   (= उसने मुझसे कहा, ''कृपया मेरी मदद करें।'')
   He said to me, "Please help me."

Note : इन उदाहरणों में आपने देखा कि वाक्य में प्रयुक्त 'कि' को हटा दिया गया है और वहाँ पर Comma का प्रयोग हुआ है तथा आगे आनेवाले भाग को Double Inverted Commas से घेर दिया गया है।

Exercise 236

Translate into English using direct form of speech—

वह कहती है कि मैं इस काम को कर सकती हूँ। मोहन कहता है कि मैं वहाँ नहीं गया था। उसने मुझसे कहा कि आपको यह काम नहीं करना चाहिए। उसने कहा कि मैं दोषी नहीं हूँ। राम ने मुझसे कहा कि तुम मेरे दोस्त नहीं हो। उसने कहा कि मैं वहाँ नहीं जाऊँगा। वह मुझसे कहेगा कि मैंने आपकी कलम नहीं चुराई है। उसने मुझसे पूछा कि क्या आप बीमार हैं। मैंने उससे कहा कि क्या आप अँगरेजी जानते हैं। राम ने मुझसे कहा कि तुम कब जाओगे। वह तुमसे पूछेगी कि तुम कहाँ से आए हो। उसने मुझसे कहा कि वहाँ जाओ। राम ने मुझसे कहा कि कृपया मेरी मदद करें। शिक्षक ने हमलोगों से कहा कि बेंच पर खड़े हो जाओ। वह मुझसे कहेगा कि वहाँ मत जाओ। वह मुझसे कहता है कि यह काम मत करो।

Vocabulary: दोषी—guilty, faulty, चुराना—to steal, बेंच पर खड़ा होना—to stand up on the bench, काम—work, करना—to do.

अब ऐसे वाक्यों पर विचार करें जिनका अनुवाद Indirect Form of Speech में करना है। ऐसे वाक्यों का अनुवाद मौखिक या रफ के रूप में पहले आप Direct Speech में करें, फिर Rules of Narration को ध्यान में रखकर Direct Speech को Indirect Speech में बदल दें। अतः आपको यहाँ यह जानना आवश्यक है कि Direct Speech को Indirect Speech में कैसे परिवर्तित किया जाता है। इसके कुछ नियम हैं जिन्हें समझने के पहले कुछ पारिभाषिक शब्दों को समझ लें।

(a) Reporting Verb: Inverted Commas के बाहर एक वाक्य रहता है जिसके Verb को Reporting Verb कहते हैं। He said, "I am ill." यहाँ 'said' Reporting Verb है।

(b) Reported Speech : Inverted Commas के भीतर जो वाक्य रहता है, उसे Reported Speech कहते हैं। He said, "I am ill." यहाँ "I am ill" Reported Speech है।

(c) Verb of the Reported Speech : Inverted Commas के भीतर जो वाक्य रहता है, उसे Reported Speech कहते हैं और उसमें प्रयुक्त Verb को Verb of the Reported Speech कहते हैं। He said, "I am ill". यहाँ 'am' Verb of the Reported Speech है।

Direct Speech को Indirect Speech में बदलने के लिए कुछ General और Speical Rules हैं। General Rules उन नियमों को कहते हैं जो प्रत्येक प्रकार के वाक्यों के साथ लागू होते हैं। General Rules को हम तीन भागों में इस प्रकार बाँट सकते हैं—

1. Change of Person
2. Change of Tense
3. Change of other Parts of Speech

1. Change of Person

Direct Speech को Indirect Speech में बदलने के लिए Reported Speech में प्रयुक्त Pronouns को हम इस प्रकार परिवर्तित करते हैं—

1. First Person—Reporting Verb के Subject के अनुसार
2. Second Person—Reporting Verb के Object के अनुसार
3. Third Person—No Change

इसके लिए इस सूत्र को ध्यान में रखें—

1	2	3
S	O	N

1 का अर्थ है First Person	S का अर्थ है Subject
2 का अर्थ है Second Person	O का अर्थ है Object
3 का अर्थ है Third Person	N का अर्थ है No Change

इस प्रकार आपको याद रखना है—

First Person	Subject के अनुसार
Second Person	Object के अनुसार
Third Person	No Change

Note :

1. यदि Reporting Verb, Present या Future Tense में रहता है, तो Indirect Speech में कहीं भी Tense में कोई परिवर्तन नहीं होता।
2. यदि Inverted Commas के भीतर Assertive Sentence रहता है, तो Indirect Speech में Inverted Commas के बदले that का प्रयोग होता है।
3. यदि Reporting Verb say/says/said रहे और उसके बाद Object रहे, तो आप यहाँ इसे Indirect Speech में tell/tells/told में बदल दें।

Solved Examples :

1. वह कहता है कि मैं तैयार हूँ।

He says, "I am ready."

He says that he is ready.

यहाँ Inverted Commas के बदले that का प्रयोग हुआ है। पुनः I (First Person) को Subject (He) के अनुसार बदल दिया गया है, क्योंकि First Person Subject के अनुसार बदलता है।

2. वह कहती है कि मैं गरीब हूँ।

She says, "I am poor."

She says that she is poor.

यहाँ भी I (First Person) को Subject (She) के अनुसार बदल दिया गया है।

3. बच्चे कहते हैं कि हमलोग तैयार हैं।
The children say, "We are ready."
The children say that they are ready.

यहाँ we (First Person) को Subject (the children) के अनुसार बदल दिया गया है। The children के लिए Pronoun 'they' का प्रयोग होता है।

4. वह मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारा दोस्त हूँ।
He says to me, "I am your friend."
He tells me that he is my friend.

यहाँ says to को tells में बदल दिया गया है। I (First Person) को Subject (He) के अनुसार तथा your (Second Person) को Object (me) के अनुसार बदल दिया गया है। यहाँ Reporting Verb 'says' का Subject 'He' तथा Object 'me' है।

5. सीता कहती है कि मैं एक गरीब लड़की हूँ।
Sita says, "I am a poor girl."
Sita says that she is a poor girl.

6. रीता मुझसे कहती है कि मैं तुमसे प्यार करती हूँ।
Reeta says to me, "I love you."
Reeta tells me that she loves me.

7. राम मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारी मदद करूँगा।
Ram says to me, "I shall help you."
Ram tells me that he will help me.

8. वह मुझसे कहेगा कि मैं तुम्हारा दोस्त हूँ।
He will say to me, " I am your friend."
He will tell me that he is my friend.

9. वह कहता है कि मैं वहाँ नहीं गया था।
He says, "I did not go there."
He says that he did not go there.

10. सीता मुझसे कहती है कि मैं तुम्हारी मदद कर सकती हूँ।
Sita says to me, "I can help you."
Sita tells me that she can help me.

Exercise 237

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

वह कहता है कि मैं तैयार हूँ। वह कहती है कि मैं तैयार हूँ। तुम कहते हो कि मैं दोषी नहीं हूँ। राम कहता है कि मैं एक किसान हूँ। रीता कहती है

कि मैं अँगरेजी जानती हूँ। वह कहती है कि मैं पढ़ रही हूँ। वे लोग कहते हैं कि हमलोग भूखे है। राम कहता है कि मैं वहाँ नहीं गया। वह कहती है कि मैं स्कूल जाऊँगी। गीता कहती है कि मैंने पढ़ लिया है। वे लोग कहते हैं कि हमलोग खेल रहे थे। रहीम कहता है कि मैं अँगरेजी पढ़ सकता हूँ। वह कहती है कि मैं भारत में रहती हूँ। वे कहते हैं कि हमलोग कल जाएँगे। मैं कहता हूँ कि मैंने उसे नहीं पीटा है। वह मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारा पड़ोसी (neighbour) हूँ। वह मुझसे कहती है कि मैं तुम्हें जानती हूँ। राम सीता से कहता है कि मैं तुम्हें जानता हूँ। सीता राम से कहती है कि मैं तुम्हें जानती हूँ। वह मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूँ। राम मुझसे कहता है कि सीता तुम्हारी बहन नहीं है। वह मुझसे कहती है कि मैं तुमसे प्यार करती हूँ। वह मुझसे कहता है कि मैं तुम्हें पढ़ाऊँगा। वह कहेगा कि मैं तैयार हूँ। वह मुझसे कहेगा कि मैं तुम्हारे लिए तैयार हूँ। वे लोग मुझसे कहते हैं कि हमलोग आपके दोस्त हैं। मैं उनलोगों से कहता हूँ कि मैं आपलोगों का दोस्त हूँ। वह कहता है कि मैं उसका दोस्त नहीं हूँ।

अब आप एक ही बार में Indirect Speech में अनुवाद करना सीखें। अनुवाद करते समय काफी सतर्कतापूर्वक Rules of Narration को ध्यान में रखेंगे।

Solved Examples :

1. वह कहता है कि मैं एक कवि हूँ।
   He says that he is a poet.
2. सीता कहती है कि मैं अनुपस्थित नहीं थी।
   Sita says that she was not absent.
3. वह मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारा नेता हूँ।
   He tells me that he is my leader.
4. मैं राम से कहता हूँ कि मैं तुम्हारी मदद करूँगा।
   I tell Ram that I shall help him.
5. वह मुझसे कहती है कि मैं तुम्हें पढ़ा सकती हूँ।
   She tells me that she can teach me.
6. वह कहता है कि मैं अँगरेजी जानता हूँ।
   He says that he knows English.
7. वे लोग कहते हैं कि हमलोग ईमानदार हैं।
   They say that they are honest.
8. मैं कहता हूँ कि वह बेईमान नहीं है।
   I say that he is not dishonest.

Exercise 238

Translate into English using indirect form of speech—

वह कहता है कि मैं भूखा हूँ। वह कहती है कि मैं सुन्दर हूँ। राज कहता है कि मैं एक गायक हूँ। रीता कहती है कि मैं एक नर्तकी (dancer) थी। वे लोग

कहते हैं कि हमलोग काम कर रहे हैं। लड़के कहते हैं कि हमलोग खेलनेवाले हैं। राम कहता है कि मैं वहाँ नहीं गया। शारदा कहती है कि मैं कल स्कूल नहीं जाऊँगी। मोहन कहता है कि मेरे पास एक कार है। राधा कहती है कि मैं इस काम को कर सकती हूँ। वह मुझसे कहता है कि मैंने तुम्हें गाली नहीं दी। राम मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारा दोस्त हूँ। रीता मुझसे कहती है कि मैं तुमसे प्यार करती हूँ। वह मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारी मदद करूँगा। वे लोग मुझसे कहेंगे कि हम आपके लिए तैयार हैं।

2. Change of Tense

(i) यदि Reporting Verb, Present/Future Tense में रहता है, तो Indirect Speech में कहीं भी Tense में कोई परिवर्तन नहीं होता। अभी तक दिए गए उदाहरणों से यह पूर्णतः स्पष्ट है।

(ii) यदि Reporting Verb, Past Tense में रहता है, तो Inverted Commas के भीतर प्रयुक्त Tense में परिवर्तन इस प्रकार होता है।

Direct	Indirect
Simple Present	Simple Past
Present Continuous	Past Continuous
Present Perfect	Past Perfect
Present Perfect Continuous	Past Perfect Continuous
Simple Past	Past Perfect
Past Continuous	Past Perfect Continuous
Past Perfect	No change of Tense
Past Perfect Continuous	No change of Tense
shall/will	should/would
can	could
may	might
am/is/are	was/were
have/has	had
was/were	had been
had	had had/had
could/should/would/might	generally no change

Solved Examples :

1. उसने कहा कि मैं तैयार हूँ।
   He said, ‘I am ready.”
   He said that he was ready.

यहाँ Pronoun के साथ-साथ Verb में भी परिवर्तन हुआ है क्योंकि Reporting Verb ‘said’ Past Tense में है।

2. उसने कहा कि मुझे कलम नहीं है।
He said, "I have no pen."
He said that he had no pen.
3. सीता ने कहा कि मैंने उसे देखा है।
Sita said, "I have seen him."
Sita said that she had seen him.
4. राम ने मुझसे कहा कि मैं तुमसे प्यार करता हूँ।
Ram said to me, "I love you."
Ram told me that he loved me.
5. उसने मुझसे कहा कि मैं तुम्हारा दोस्त हूँ।
He said to me, "I am your fiend."
He told me that he was my friend.
6. लड़कों ने कहा कि हमलोग स्कूल जा रहे हैं।
The boys said, "we are going to school."
The boys said that they were going to school.
7. उसने कहा कि मैं जाऊँगा।
He said, "I shall go."
He said that he would go.
8. सीता ने कहा कि मैं तैर सकती हूँ।
Sita said, "I can swim."
Sita said that she could swim.
9. उनलोगों ने कहा कि हमें जाना है।
They said, "We have to go."
They said that they had to go.
10. उसने मुझसे कहा कि मैं तुम्हारे यहाँ जा रहा हूँ।
He said to me, "I am going to you."
He told me that he was going to me.

Note :

(i) ऊपर दिए गए उदाहरणों में आपने देखा है कि Reported Speech में प्रयुक्त Present Tense को Corresponding Past Tense में परिवर्तित कर दिया गया है।

(ii) said to को told में बदल दिया गया है।

Exercise 239

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

उसने कहा कि मैं बीमार नहीं हूँ। सीता ने कहा कि मैं एक गरीब लड़की हूँ। राम ने कहा कि मैं काम कर रहा हूँ। मोहन ने कहा कि मैं सोहन को जानता हूँ। उसने कहा कि मुझे कलम नहीं है। हमलोगों ने कहा कि हमें जाना है। गोपी ने

कहा कि मैंने पक्षी को मारा है। उनलोगों ने कहा कि हमलोग घंटों (for hours) से काम कर रहे हैं। शीला ने कहा कि मैं वहाँ जाऊँगी। मदन ने कहा कि मैं दौड़ सकता हूँ। उसने मुझसे कहा कि तुम मेरे दोस्त हो। सीता ने राम से कहा कि आपने मेरी मदद की है। लड़कों ने शिक्षक से कहा कि हमलोग आपका इंतजार कर रहे हैं। मैंने कहा कि मैं काम करूँगा। उसने मुझसे कहा कि मैं तुम्हें अँगरेजी पढ़ाऊँगा। मैंने राम से कहा कि तुम अपने जीवन में कुछ नहीं (nothing) करोगे।

Solved Examples:

1. उसने कहा कि मैं वहाँ गया था।
   He said, "I went there."
   He said that he had gone there.
2. रहमान ने कहा कि मैं सो रहा था।
   Rehman said, "I was sleeping."
   Rehman said that he had been sleeping.
3. शीला ने कहा कि मैं सो चुकी थी।
   Sheela said, " I had slept."
   Sheela said that she had slept.
4. राम ने मुझसे कहा कि मैंने तुम्हारी मदद की थी।
   Ram said to me, "I helped you."
   Ram told me that he had helped me.

Exercise 240

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

उसने कहा कि मैं वहाँ गया था। उसने मुझसे कहा कि मैंने तुमसे मिलना चाहा। उसने कहा कि मैं स्कूल गया था। उनलोगों ने कहा कि हमलोगों ने कोशिश की थी। उसने कहा कि मैं खेल रहा था। मैंने कहा कि मै जा रहा था। घनश्याम ने कहा कि मैं कोशिश कर रहा था। लता ने कहा कि मैं पढ़ चुकी थी। मोहन ने कहा कि मैं पहले ही (already) खा चुका था। उसने मुझसे कहा कि मैंने तुम्हें देखा था। राम ने मुझसे कहा कि मैं तुम्हारी किताब पढ़ रहा था। उसने कहा कि मैं सुबह से दौड़ रहा था। सीता ने मुझसे कहा कि मैं दो वर्षों से तुम्हारा इंतजार कर रही थी।

Vocabulary: मिलना—to see, to meet, कोशिश करना—to try.

Note : अगर 'कि' के बाद आनेवाले clause में ऐसा कथन हो जिससे चिरंतन सत्य (universal truth) या प्राकृतिक नियम (natural law) का बोध हो, तो उस clause के Verb के Tense में कोई परिवर्तन नहीं होगा। जैसे—

1. शिक्षक ने कहा कि पृथ्वी गोल है।
   The teacher said, "The earth is round."
   The teacher said that the earth is round.

यहाँ the earth was round लिखना गलत होगा क्योंकि पृथ्वी गोल है यह एक चिरंतन सत्य है।

2. उसने कहा कि सूर्य पूरब में उगता है।
He said, "The sun rises in the east."
He said that the sun rises in the east.

3. शिक्षक ने कहा कि ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है।
The teacher said, "Honesty is the best policy."
The teacher said that honesty is the best policy.

Exercise 241

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

उसने कहा कि पृथ्वी गोल है। राम ने कहा कि दो और दो चार होता है। उसने कहा कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। शिक्षक ने कहा कि काम ही पूजा है। शिक्षक ने कहा कि मानव मरणशील है। उसने कहा कि सभी चमकनेवाली चीजें सोना नहीं होतीं। पिताजी ने कहा कि दोस्त वही है जो समय पर काम आए। शिक्षक ने कहा कि कम ज्ञान खतरनाक होता है। मेरी माँ ने कहा कि ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है। शिक्षक ने कहा कि तेल पानी पर तैरता है।

Vocabulary: पृथ्वी—earth, गोल—round, चारों ओर—around, घूमना—to move, काम—work, पूजा—worship, मानव—man, मरणशील—mortal, सभी चमकनेवाली चीजें सोना नहीं होतीं—all that glitters is not gold, दोस्त वही जो समय पर काम आए—A friend in need is a friend indeed, कम ज्ञान खरतनाक होता है—A little knowledge is a dangerous thing, ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है—Honesty is the best policy, तेल पानी पर तैरता है—Oil floats on water.

3. Change of other Parts of Speech

जब Reporting Verb Past Tenst में रहता है, तब Reported Speech में जितने भी निकटतासूचक शब्द रहते हैं, वे सब-के-सब Indirect Speech में दूरी-सूचक शब्दों में बदल जाते हैं।

Direct	Indirect
this	that
these	those
here	there
hence	thence
now	then
thus	so
today	that day
yesterday	the day before/the previous day
tomorrow	the next day/the following day

Solved Examples:

1. उसने कहा कि मैं आज नहीं खेलूँगा।
   He said, "I shall not play today."
   He said that he would not play that day.
2. रीता ने कहा कि मैं कल नाचूँगी।
   Reeta said, "I shall dance tomorrow.
   Reeta said that she would dance the next day.
3. उसने कहा कि यह मेरा है।
   He said, "This is mine."
   He said that that was his.
4. मोहन ने कहा कि मैं यहाँ खुश रहूँगा।
   Mohan said, "I shall be happy here."
   Mohan said that he would be happy there.

Exercise 242

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

राम ने कहा कि आज मैं व्यस्त हूँ। उसने कहा कि आज मैं स्कूल नहीं जाऊँगी। उसने कहा कि यह कलम मेरी नहीं हैं। उसने कहा कि मेरा बैग यहाँ नहीं है। मैंने कहा कि ये पुस्तकें मेरी नहीं हैं। उसने कहा कि मैं कल जाऊँगा। राम ने कहा कि मैं कल उपस्थित नही रहूँगा। उसने कहा कि कल मैं खेल रहा था।

Exercise 243

Translate into English using indirect form of speech—

उसने मुझसे कहा कि मैं तुम्हारी मदद करना चाहता हूँ। उसने कहा कि मैं चोर नहीं हूँ। सीता ने मुझसे कहा कि तुम मुझे नहीं पढ़ा सकते । मैंने उससे कहा कि मैं तुम्हारी मदद करूँगा। उसने मुझसे कहा कि आज मैं तैयार नहीं हूँ। उसने मुझसे कहा कि कल मैं स्कूल नही जाऊँगा। राम ने कहा कि मेरा कुत्ता यहाँ है। उसने कहा कि मैं यहाँ खेल रहा हूँ। उसने कहा कि कल मैं वहाँ गया था। सोहन ने कहा कि मैं खेल रहा था। तुम कहते हो कि मैं शराब नहीं पीता। वह कहता है कि मैं वहाँ जाऊँगा। वह मुझसे कहेगा कि मैंने यह काम नहीं किया है।

Vocabulary: मदद करना—to help, to assist, चाहना—to want, to like, to prefer, शराब पीना—to drink.

Interrogative Sentences : Indirect speech

यदि Inverted Commas के भीतर Interrogative Sentence हो, तो उसे Indirect Speech में बदलने के लिए निम्मलिखित नियमों की सहायता लें—

(a) Reporting Verb को ask में बदल दें।

(b) Inverted Commas के बदले that का प्रयोग नहीं करें। अगर Sentence Question Word (When, What, Why, Where, How, Who, Which, etc.) से शुरू हो, तो that की जगह पर प्रयुक्त Question word ही दें।

(c) यदि Interrogative Sentence किसी Anomalous Finite (am, is, are, was, were, have, has, do, does, did, can, could, should, shall, will, etc.) से शुरू हो, तो Inverted Commas के बदले if/whether का प्रयोग करें।

(d) प्रयुक्त Interrogative Verb Form को Assertive Verb Form में बदल दें और Indirect Speech के जो सामान्य नियम हैं, उन्हें apply कर पूरे वाक्य को Indirect Speech में बदल दे।

Note : Interrogative Verb Form को Assertive Verb Form में इस प्रकार बदलें—

1.	Do you eat?	You eat.
2.	Does he laugh?	He laughs.
3.	Do you not go?	You do not go.
4.	Does he not read?	He does not read.
5.	Did he go?	He went.
6.	Did she not come?	She did not come.
7.	Are you ill?	You are ill.
8.	Have you no cow?	You have no cow.
9.	Who are you?	Who you are.
10.	What have you done?	What you have done.
11.	When does he come?	When he comes.
12.	What is your name?	What your name is.
13.	Where do you live?	Where you live.

Solved Examples :

1. उसने मुझसे कहा कि क्या तुम बीमार हो।
He said to me, "Are you ill?"
He asked me if I was ill.

2. सीता ने मुझसे कहा कि क्या तुम राम को जानते हो।
Sita said to me, "Do you know Ram?"
Sita asked me if I knew Ram.

3. उसने मुझसे कहा कि क्या तुम नहीं पढ़ रहे हो।
He said to me, "Are you not reading?"
He asked me if I was not reading.

4. मोहन ने सोहन से कहा कि क्या तुम वहाँ नहीं गए।
Mohan said to Sohan, "Did you not go there?"
Mohan asked Sohan if he had not gone there.

5. राम ने मुझसे कहा कि तुम कौन हो।
Ram said to me, "Who are you?"
Ram asked me who I was.

6. उसने मुझसे पूछा कि तुम कहाँ रहते हो।
He asked me, "Where do you live?"
He asked me where I lived.

7. उसने मुझसे पूछा कि तुम्हारा क्या नाम है।
He asked me, "What is your name?"
He asked me what my name was.

8. राम ने मुझसे कहा कि तुम उदास क्यों हो।
Ram said to me, "Why are you sad?"
Ram asked me why I was sad.

9. उसने मुझसे पूछा कि तुम कब जाओगे।
He said to me "When will you go?
He asked me when I would go.

Exercise 244

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

[A]

उसने मुझसे कहा कि क्या तुम तैयार हो। राधेश्याम ने मुझसे पूछा कि क्या आप गरीब हैं। उसने मुझसे कहा कि क्या तुम पढ़ रहे हो। उसने राधा से पूछा कि क्या तुम अँगरेजी जानती हो। उसने मुझसे कहा कि क्या तुम दौड़ सकते हो। उसने मुझसे कहा कि क्या आप राम को नहीं जानते। उसने मुझसे कहा कि क्या तुम पढ़ोगे। उसने राधा से कहा कि क्या आपने यह किया है। उसने मुझसे कहा कि क्या आप नहीं पढ़ रहे हैं। राम ने मुझसे कहा कि क्या आपके पास कलम है। उसने मुझसे कहा कि क्या तुमने काम किया। उनलोगों ने मुझसे कहा कि क्या आप नहीं रो रहे थे।

[B]

राम ने सीता से कहा कि तुम क्या चाहती हो। उसने मुझसे पूछा कि तुम कहाँ रहते हो। उसने मुझसे कहा कि तुम क्यों रो रहे हो। रामू ने मुझसे कहा कि तुम क्या कर सकते हो। मैंने उससे कहा कि तुमने उसे क्यों पीटा है। उसने मुझसे कहा कि तुम कौन हो। सीता ने मुझसे कहा कि तुम्हारा क्या नाम है। उसने मुझसे कहा कि यह क्या है। उसने रीता से पूछा कि तुम तैयार क्यों हो। रीता ने मुझसे पूछा कि आप कहाँ जा रहे हैं। मैंने अपने दोस्त से कहा कि मुझे क्या करना चाहिए। उसने मुझसे पूछा कि तुम क्या करोगे। मैंने राम से कहा कि तुम क्यों नहीं पढ़ते रहे थे।

Imperative Sentences : Indirect Speech

Imperative Sentence से प्राय: order (आदेश), advice (सलाह) या

request (अनुरोध) का बोध होता है। इसे Indirect Speech में बदलने के लिए निम्नलिखित उपाय करें—

1. Reporting Verb को अर्थ के अनुसार tell/ask/order/command/request/suggest/advise में बदल दें।
2. Direct Speech में Reporting Verb के बाद Object रहे या न रहे, Indirect Speech में Reporting Verb के बाद Object अवश्य दें।
3. Please, Kindly आदि शब्दों का लोप कर दें।
4. Inverted Commas को to/not to में बदल दें।

Solved Examples :

1. उसने मुझसे कहा कि एक गिलास पानी लाओ।
   He said to me, "Bring a glass of water."
   He ordered me to bring a glass of water.
2. उसने मुझसे कहा कि वहाँ मत जाओ।
   He said to me, "Don't go there."
   He told me not to go there.
3. राम ने मोहन से कहा कि कृपया मुझे एक कलम दें।
   Ram said to Mohan, "Please give me a pen."
   Ram requested Mohan to give him a pen.
4. डॉक्टर ने मुझसे कहा कि समय से दवा लो।
   The doctor said to me, "Take medicine in time."
   The doctor advised me to take medicine in time.
5. मेरे पुत्र ने मुझसे कहा कि कृपया मुझे एक कोट खरीद दीजिए।
   My son said to me, "Please buy me a coat."
   My son requested me to buy him a coat.
6. मैंने अपने नौकर से कहा कि बाजार जाओ।
   I said to my servant, "Go to market."
   I order my servant to go to market.
7. शिक्षक ने लड़कों से कहा कि हो-हल्ला मत करो।
   The teacher said to the boys, 'Don't make a noise."
   The teacher told the boys not to make a noise.

Exercise 245

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

उसने मुझसे कहा कि बाजार जाओ। मैंने अपने नौकर से कहा कि एक गिलास दूध लाओ। राम ने सीता से कहा कि कृपया मुझे दस रुपए दीजिए। मैंने मोहन से कहा कि कृपया मेरी मदद कीजिए। मैंने पिताजी से कहा कि मुझे एक साइकिल खरीद दीजिए। उसने मुझसे कहा कि प्रतिदिन व्यायाम करो। डॉक्टर ने

मुझसे कहा कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दो। पिताजी ने कहा कि सदा सच बोला करो। शिक्षक ने हमलोगों से कहा कि वर्ग में मत हँसो। मैंने उससे कहा कि वहाँ मत जाओ। राम ने मुझसे कहा कि उसे मत पीटो। उसने मुझसे कहा कि मुझे गाली नहीं दो।

Vocabulary: बाजार—market, एक गिलास दूध—a glass of milk, लाना—to bring, साइकिल—bicycle, प्रतिदिन—everyday, व्यायाम करना—to take exercise, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दो—Take care of your health, गाली देना—to abuse, to revile.

Exercise 246

Translate into English using indirect form of speech—

उसने मुझसे कहा कि क्या आप मेरे दोस्त नहीं हैं। मैंने उससे पूछा कि क्या आप मेरे भाई को जानते हैं। राम ने मुझसे पूछा कि क्या तुम परीक्षा नहीं दोगे। उसने मुझसे कहा कि क्या आप नहीं सो रहे थे। मैंने उससे कहा कि क्या तुम्हें यह काम करना चाहिए। उसने मुझसे कहा कि तुम कहाँ जाना चाहते हो। उनलोगों ने मुझसे पूछा कि तुम कहाँ से आ रहे हो। मैंने उससे पूछा कि तुम्हारा क्या नाम है। राम ने मुझसे कहा कि तुम क्या हो। मेरे पिताजी ने मुझसे कहा कि प्रतिदिन व्यायाम किया करो। मैंने उससे कहा कि कृपया मेरी मदद करें।

Vocabulary: परीक्षा देना—to appear at the examination, व्यायाम करना—to take exercise.

Exclamatory Sentences : Indirect Speech

Exclamatory Sentences से प्रायः हर्ष, विषाद, क्रोध, घृणा, आश्चर्य या प्रशंसा के भाव व्यक्त होते हैं। इन्हें Indirect Speech में बदलने के लिए निम्नलिखित उपाय करें—

(a) Reporting Verb को Reported Speech के अर्थानुसार exclaim with joy / sorrow / surprise / anger / contempt / applause / regret में बदल दें।

हर्ष / खुशी / उल्लास के लिए	exclaim with joy
दुःख / शोक के लिए	exclaim with sorrow
आश्चर्य / विस्मय के लिए	exclaim with surprise
क्रोध के लिए	exclaim with anger
तिरस्कार / घृणा के लिए	exclaim with contempt
प्रशंसा के लिए	exclaim with applause
पश्चाताप / अफसोस के लिए	exclaim with regret

(b) Inverted Commas के बदले that दें।

(c) Ah, Oh, Alas इत्यादि शब्दों का लोप कर दें।

(d) Exclamatory Sentences को Assertive Sentences में बदल दें। अगर Inverted Commas के भीतर अधूरे वाक्य हों, तो उनमें Verb तथा अन्य शब्द अपनी ओर से जोड़ दें ताकि अभीष्ट निहित भाव सहजता से प्रकट हो सके।

पहले आप Exclamatory Sentencesको Assertive Sentences में बदलना सीखें। इसके लिए कुछ Examples दिए जा रहे है, जिन्हें पढ़ें और समझें—

1. What a beautiful girl she is!
   She is a very beautiful girl.
2. What a place it is!
   It is a very fine place.
   or, It is a very strange place.
3. What a fool I was!
   I was a big fool.
4. How fast the boy runs!
   The boy runs very fast.
5. What a fool!
   What a fool he is!
   or, He is a great fool.
6. What a fall!
   It is a big fall.
7. How dark the night is!
   The night is very dark.
8. Nonsense!
   It is nonsense.
9. Oh! Enough!
   It is enough.
10. What an idea!
    It is an extraordinary idea.

Solved Examples:

1. उसने कहा, ''हाय ! मैं बरबाद हो गया।''
   He said, "Alas! I am ruined."
   He exclaimed with sorrow that he was ruined.
2. उसने कहा, ''कितनी सुंदर यह लड़की है !''
   He said, "How beautiful the girl is!"
   He exclaimed with joy that the girl was very beautiful.
3. उसने कहा, ''कितनी तेजी से मेरा बच्चा दौड़ता है !''
   She said, "How fast my baby runs!"
   She exclaimed with joy that her baby ran very fast.

4. उसने कहा, ‘‘कैसी जगह है !’’
He said, “What a place!”
He exclaimed with joy that it was a very fine place.
or, He exclaimed with surprise that it was a very strange place.

5. उसने कहा, ‘‘कैसा मूर्ख हूँ मैं !
He said, “What a fool I am!”
He exclaimed with sorrow/regret that he was a big fool.

6. राम ने कहा, ‘‘क्या आइडिया है !’’
Ram said, “What an idea!”
Ram exclaimed with joy that it was an extraordinary idea.

Exercise 247

Translate into English (at first into direct speech and then into indirect speech)—

1. उसने कहा, ‘‘हाय ! मेरा कुत्ता मर गया है।’’
2. उसने कहा, ‘‘कितना मजबूत आदमी है यह !’’
3. राम ने कहा, ‘‘कितना सुंदर घर है !’’
4. सीता ने कहा, ‘‘कितना सुंदर फूल है यह !’’
5. मैंने कहा, ‘‘कितनी तेजी से मेरा बच्चा दौड़ रहा है !’’
6. उसने कहा, ‘कितना सुंदर दृश्य (scene, scenery) है !’’
7. उसने कहा, ‘‘कैसा बेवकूफ़ (fool, stupid) हूँ मैं !’’
8. उनलोगों ने कहा, ‘‘कितना बड़ा पतन (fall, decline, downfall) !”

Hints: रेखांकित प्रत्येक शब्द के पहले ‘The’ का प्रयोग करें, साथ-ही-साथ आवश्यकतानुसार ‘a’ एवं ‘an’ का भी प्रयोग करें।

* * *

21. Short Forms for Spoken & Written English

Full forms	*Short forms*	*Negative short forms*
'be' present tense		
I am	I'm	I'm not
we are	we're	we aren't/we're not
you are	you're	you aren't/you're not
they are	they're	they aren't/they're not
he is	he's	he isn't/he's not
she is	she's	she isn't/she's not
it is	it's	it isn't/it's not
'be' past tense		
I was	—	I wasn't
we were	—	we weren't
you were	—	you weren't
they were	—	they weren't
he was	—	he wasn't
she was	—	she wasn't
it was	—	it wasn't
'have ' present tense		
I have	I've	I haven't/I've not
we have	we've	we haven't/we've not
you have	you've	you haven't/you've not
they have	they've	they haven't/they've not
he has	he's	he hasn't/he's not
she has	she's	she hasn't/she's not
it has	it's	it hasn't/it's not
'have' past tense *(all persons)*		
I/you had etc.	I'd/you'd etc.	I hadn't/you hadn't etc.
'do' present tense		
I/we/you/they do	—	I/we/you/they don't
he/she/it does	—	he/she/it doesn't
'do' past tense *(all persons)*		
I did	—	I didn't
etc.	—	etc.

Examples ('be' present tense)—

Full Forms : I am tired. We/You/They are tired. He/She/It is tired.

Short Forms : I'm tired. We're/You're/They're/He's/She's/It's tired.

Negative S.F. : I'm not tired. We aren't/We're not tired. You aren't/You're not tired. He isn't/He's not tired.

Examples ('be' past tense)—

Full Forms : I/He/She/It was tired. We/You/They were tired.

Short Forms : इस Tense में इन सबके Short Forms नहीं होते।

Negative S.F. : I/He/She/It wasn't tired. We/You/They weren't tired.

Examples ('have' present tense)—

Full Forms : I have a pen. I have eaten. We/You/They have eaten/a pen. He/She/It has eaten/a pen.

Short Forms : I've/We've/You've/They've eaten. He's/She's/It's eaten.

Negative S.F. : I haven't a pen. I've not eaten. I haven't eaten.

Examples ('have' past tense)—

Full Forms : I had a pen. I had eaten. We/You/He/She/It had eaten.

Short Forms : I'd eaten. We'd/You'd/He'd/She'd/It'd eaten.

Negative S.F. : I hadn't a pen. I/We/You/He/She/It/They hadn't eaten.

Examples ('do' present tense)—

Full Forms : I/We/You/They do. He/She/It does.

Short Forms : इस Tense में इन सबके Short Forms नहीं होते।

Negative S.F. : I/We/You/They don't do. He/She/It doesn't do.

Examples ('do' past tense)—

Full Forms : I/We/You/They/He/She/It did.

Short Forms : इस Tense में इन सबके Short Forms नहीं होते।

Negative S.F. : I/We/You/They didn't do. He/She/It didn't do.

नोट :

1. जब Have/Has/Had किसी वाक्य में Main Verb के रूप में हो, तब Subject के साथ Short Form का प्रयोग प्रायः नहीं होता; जैसे—
   I have/had a pen. (I've/I'd a pen.—Wrong)
   I have/had eaten. (I've/I'd eaten.—Right)
2. अन्य Subjects के साथ Short Form ('s) को जोड़ा जा सकता है; जैसे—
   Ram's ill = Ram is ill.
   Ram's at Raj's = Ram is at Raj's home.
   A customer's at Raj's = A customer is at Raj's shop.
   The bike's been damaged = The bike has been damaged.

देखें : *Oxford Advanced Learner's Dictionary*, Page No. 81, 117, 667, R3.

* * *

22. Exercises for Revision

Exercise 248

Translate into English—

आपके दोस्त लोग क्यों तैयार नहीं हैं? उन्हें आज नहीं जाना है, इसलिए (so) वे तैयार नहीं हैं। ये लड़के अच्छे खिलाड़ी हैं। मैं इन्हें अच्छी तरह जानता हूँ। क्या आप इन्हें नहीं जानते ? आपके भाई लोग आपकी मदद क्यों नहीं करते ? वे मेरी मदद नहीं करते, क्योंकि (because) वे गरीब हैं। क्या वह कल उपस्थित था? हाँ, वह उपस्थित था। वे लोग कब गरीब थे? मैं यह नहीं जानता। अगर (If) आपको जाना है तो आप क्यों नहीं जाते ? आपको कैसे जाना पड़ता है? मुझे पैदल जाना पड़ता है। क्या आपके पास घड़ी है? नहीं, मुझे घड़ी नहीं है। आपके पास घड़ी क्यों नहीं है? मेरे पास पैसे नहीं हैं और इसलिए (and so) मैं घड़ी नहीं खरीद सकता। ये किसके है? ये मेरे हैं। ये कैसे आपके हैं?

Hints: आज—today, खिलाड़ी—player, अच्छी तरह—very well, जानना—to know, मदद करना—to help, to assist, उपस्थित—present, पैदल—on foot, पैसा—money, खरीदना—to buy, to purchase, किसका—whose.

Exercise 249

Translate into English—

आपको क्या खरीदना था? मुझे एक साइकिल (bicycle) खरीदनी थी। क्या आपने खरीदी? नहीं, मैंने नहीं खरीदी। आपने क्यों नहीं खरीदी? क्या कारण था ? क्या आपके पास पैसे नहीं थे? मेरे पास पर्याप्त पैसे नहीं थे। क्या तुम्हें अच्छे दोस्त हैं? हाँ, मेरे सभी दोस्त अच्छे हैं। क्या वे तुम्हारी मदद करेंगे? हाँ, वे करेंगे। आप वहाँ क्यों नहीं गए? मेरे पास समय नहीं था, इसलिए (so) मैं वहाँ नहीं गया। परंतु (but), मैं कल अवश्य जाऊँगा। वह कब आनेवाली है? वह आनेवाली थी, पर अब (but now) वह नहीं आएगी। बच्चे कहाँ हैं? वे कहाँ गए हैं? वे कब आएँगे? लड़के क्यों हो-हल्ला कर रहे हैं? वर्ग में शिक्षक नहीं है, इसलिए (so) वे हो-हल्ला कर रहे हैं। शिक्षक क्यों नहीं आए हैं? वे बीमार हैं, इसलिए नहीं आए हैं।

Hints: कारण—cause, पर्याप्त—sufficient, enough, सभी—all, समय—time, हो-हल्ला/हल्ला-गुल्ला/शोरगुल करना—to make a noise/a din.

Exercise 250

Translate into English—

आपलोग सुबह से क्यों दौड़ रहे हैं? हमलोग दौड़ नहीं रहे है, हमलोग खेल रहे हैं। वह कहाँ खेल रहा था? वह सड़क पर (on the road) खेल रहा था।

आपने उसे क्यों नहीं पीटा? क्या आप मेरे यहाँ (to me) आएँगे? मैं अवश्य आऊँगा। क्या चाहते हो तुम? तुमने क्या सोचा है? आपको यह काम करना पड़ेगा। आप उसे पीट सकते हैं, लेकिन आपको उसे नहीं पीटना चाहिए। आप कैसे इस काम को कर सकते हैं? चाय अच्छी नहीं है। इसमें चीनी क्यों नहीं है? क्या आपके स्कूल में पुस्तकालय है ? हाँ, है। आपके स्कूल में कितने लड़के (how many boys) हैं? मेरे स्कूल में चार सौ लड़के हैं। क्या समय हुआ है? चार बजकर बारह मिनट हुआ है।

Hints: पीटना—to beat, चाहना—to want, to like, to prefer, सोचना—to think/reflect (on/upon), पुस्तकालय—library.

Exercise 251

Translate into English—

इस गाँव के लोग (people) नेक हैं। भारत की राजधानी नई दिल्ली है। आपके दोस्त लोग हमारे दुश्मन (enemy, adversary) नहीं हैं। मैं उनलोगों की मदद अवश्य करूँगा। अभी चार बजा है। शाम (evening) में आओ। मुझे एक बगीचा है, परंतु (but) उसमें फूल नहीं हैं। सिर्फ पौधे हैं। तब तो वह बेकार है। उसके पति एक हाकिम थे, फिर भी (yet) वह खुश नहीं थी। वहाँ दस लड़के थे। मैंने उन्हें देखा। क्या आप पटना गए थे? आपने अपना पाठ (lesson) क्यों नहीं याद कर लिया है? वह इसे क्यों नहीं कर सकता ? आपको वर्ग में नहीं हँसना चाहिए। हमें कोई शिकायत नहीं है। आप जा सकते हैं। मैं 1991 ई॰ से इस शहर में रह रहा हूँ। आप कैसे रहते हैं? मैं सुखपूर्वक रहता हूँ। क्या आप उससे मिले? नहीं, मेरे आने के पहले वह जा चुका था।

Hints: नेक—gentle, good, virtuous, राजधानी—capital, बगीचा—garden, orchard, पौधा—plant, तब—then, बेकार—useless, पति—husband, हाकिम/पदाधिकारी—officer, याद करना—to remember/memorize/learn, शिकायत—complaint, रहना—to live, सुखपूर्वक—comfortably, happily.

Exercise 252

Translate into English—

लड़के नटखट हैं। लड़के नटखट होते हैं। पानी गंदा है। मैं इसे नहीं पी सकता। क्या आपके पास स्याही है? हाँ, है। आपको क्या करना है? आप क्या करनेवाले थे? आपको हमलोगों की मदद करनी चाहिए। मुझे आपलोगों की मदद क्यों करनी चाहिए? हो-हल्ला मत करो। शिक्षक आ रहे हैं। तुम कब खेलते हो? मैं शाम में खेलता हूँ। क्या आप अँगरेजी जानते हैं? हाँ, जानता हूँ। आपलोग क्यों लड़ रहे हैं? इसने मेरी कलम चुरा ली है, इसलिए (so) मैं इसे पीट रहा हूँ। मैंने इसकी कलम नहीं चुराई है। यह झूठ बोलता है। शिक्षक ने कल क्या पढ़ाया? उन्होंने हमलोगों को अँगरेजी पढ़ाई। वह कहाँ पढ़ रहा था? क्या वह नहीं सो रहा था? डॉक्टर के आने के पहले रोगी मर चुका था। राम एक महान् आदमी बनेगा। वह देश की सेवा करेगा।

Hints: नटखट—naughty, mischievous, गंदा—dirty, polluted, पीना—to drink, हो-हल्ला/हल्ला-गुल्ला/शोरगुल करना—to make a noise, to make a din, लड़ना—to fight, चुराना—to steal, झूठ बोलना—to tell a lie, रोगी—patient, मरना—to die, महान्—great, देश—country, सेवा करना—to serve.

Exercise 253

Translate into English—

टहलना एक अच्छी आदत (habit) है। आपको प्रतिदिन टहलना चाहिए। क्या अँगरेजी बोलना कठिन नहीं है? हाँ, यह बिलकुल कठिन नहीं है। आप अँगरेजी बोल सकते हैं। क्या करें यह तय नहीं है। कैसे परीक्षा पास करें यह एक समस्या है। कहाँ ठहरें यह विचाराधीन है। वह कहाँ रहती है यह पता नहीं। वह कहाँ गया यह एक रहस्य है। वे लोग कब आएँगे यह पता नहीं। तुम मुझे क्यों नहीं चाहते यह मुझे पता है। पृथ्वी गोल है यह सबको पता है। राम एक ईमानदार लड़का है यह मुझे पता है। मैं जो (what) कहता हूँ वह सही है। जो लड़का दौड़ रहा है वह मेरा भाई है। जो लड़के दौड़ रहे हैं वे मेरे दोस्त हैं। जो कलम उसके जेब में है वह मेरी है। जो कलमें मेरे जेब में हैं वे उसकी हैं।

Hints: प्रतिदिन—everyday, अँगरेजी बोलना—to speak English, कठिन—difficult, बिलकुल—at all, तय नहीं है—is not decided, परीक्षा पास करना—to pass the examination, समस्या—problem, ठहरना—to stay, विचाराधीन—under consideration, पता नहीं है—is not known, रहस्य—mystery, secret, चाहना—to like, गोल—round, सही—right, correct, जेब—pocket.

Exercise 254

Translate into English—

आपको क्या पढ़ाया जाता है? मुझे अँगरेजी पढ़ाई जाती है। क्या उसे पीटा जाता है? नहीं, उसे नहीं पीटा जाता है। क्या पेड़ काटे जा रहे हैं? हाँ, कुछ पेड़ काटे जा रहे हैं। हमें क्या दिया गया है? हमें कुछ नहीं (nothing) दिया गया है। क्या यह काम किया जा चुका है? नहीं, यह काम नहीं किया जा चुका है। कितने आदमी (how many persons) मारे गए? चार आदमी मारे गए। उन्हें क्यों मारा गया? यह ज्ञात नहीं है। क्या उनलोगों को पढ़ाया जा रहा था? नहीं, उन्हें पढ़ाया जा चुका था। क्या उसे दंडित किया जाएगा? नहीं, उसे पुरस्कृत किया जाएगा। उसे कब पुरस्कृत किया जाएगा? हमें क्या आदेश दिया जाएगा? अब क्या किया जा सकता है?

Hints: काटना—to cut, कुछ—some, देना—to give, काम—work, करना—to do, मारना—to kill, दंड देना—to punish, पुरस्कार देना—to reward, to award, आदेश देना—to order, to command, to instruct.

Exercise 255

Translate into English—

राम कहता है कि मैं नहीं जाऊँगा। वह कहती है कि मैं काम कर रही हूँ। राम मुझसे कहता है कि मैं तुम्हारी मदद करूँगा। सीता मुझसे कहती है कि मैं आपको अच्छी तरह (very well) जानती हूँ। वह मुझसे कहता है कि मैं आपका दोस्त हूँ। रामू ने कहा कि मैं बहुत गरीब हूँ। उसने कहा कि मैं श्याम को जानता हूँ। मोहन ने कहा कि मैंने पढ़ लिया है। उनलोगों ने कहा कि हमलोग पटना जाएँगे। उसने मुझसे कहा कि मैं तुम्हारा दुश्मन नहीं हूँ। उसने सीता से कहा कि मैं आपकी मदद कर सकता हूँ। उसने मुझसे कहा कि क्या तुम बीमार हो। राम ने मुझसे कहा कि आप कब जा रहे हैं। उसने मुझसे कहा कि तुम कौन हो। उनलोगों ने मुझसे पूछा कि तुम्हारा क्या नाम है। मैंने उससे कहा कि एक गिलास पानी लाओ। डॉक्टर ने कहा कि समय से दवा लो। उसने कहा कि पृथ्वी गोल है। उसने मुझसे कहा कि मैं कल जाऊँगा।

Hints: दुश्मन—enemy, adversary, बीमार—ill, sick, एक गिलास पानी—a glass of water, लाना—to bring, समय से दवा लो—take medicine in time, पृथ्वी—earth, गोल—round.

Exercise 256

Translate into English—

आप पटना कब जा रहे हैं ? तुम यह जानना क्यों चाहते हो कि मैं पटना कब जा रहा हूँ ? मैं यह जानना चाहता हूँ, क्योंकि मुझे भी पटना जाना है। मैं पटना आज जा रहा हूँ। आप किस ट्रेन से पटना जा रहे हैं ? मैं पटना ट्रेन से नहीं बल्कि मोटर-साइकिल से जा रहा हूँ। मुझे अपर इंडिया एक्सप्रेस से जाना था, परंतु यह लेट है, इसलिए मोटर-साइकिल से जा रहा हूँ। मैं कल लौट रहा हूँ। मैं भी आपके साथ जाना चाहता हूँ। अगर मैं आपके साथ चलूँ तो क्या आपको कोई दिक्कत (any difficulty) होगी ? मुझे कोई दिक्कत नहीं होगी, अगर आप पेट्रोल के लिए पैसा दें (pay for petrol)। अगर आप पेट्रोल के लिए कहते हैं, तो मैं समझता हूँ कि मेरे लिए ट्रेन से जाना अच्छा रहेगा।

Exercise 257

Translate into English—

मैं वर्षों से कोशिश कर रहा हूँ, परंतु मुझे सफलता नहीं मिली है। मैं अब अपना धैर्य खो रहा हूँ (losing my patience)। क्या यह आवश्यक है कि अगर हम कोशिश करते रहें, तो सफलता एक दिन हमारी होगी ? मैं समझता हूँ कि इसमें बहुत ज्यादा सचाई (much truth) नहीं है। यह सिर्फ हमें प्रोत्साहित करने के लिए (to encourage us) है। परंतु प्रश्न यह नहीं है कि (whether) हम सफल होंगे या नहीं। प्रश्न यह है कि हमारा प्रयास (effort, attempt), इरादा (intention, desire) तथा काम करने का तरीका (the way of working) सही है या नहीं। अगर

हमारा प्रयास सही है, तो हम संतुष्टि महसूस करेंगे उस स्थिति में भी (even in that case) जब हम असफल रहेंगे (we fail)। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि सही प्रयास ही सफलता है।

Hints: कोशिश करना—to try, सफलता—success, संतुष्टि—satisfaction.

Exercise 258

Translate into English—

तुम कहाँ गए थे ? मैं अपनी नानी (grandmother) के पास उस राजा की कहानी सुनने गया था जिसे कोई संतान (issue, offspring) नहीं थी। क्या तुम कहानी सुनना पसंद करते हो ? हाँ, मैं पसंद करता हूँ। क्या तुम कहानी कहना (to narrate) जानते हो ? हाँ, मैं जानता हूँ। अगर तुम कहानी कहना जानते हो, तो उस राजा की कहानी कहो (narrate the story of the king) जो तुमने नानी से सुनी है। ठीक है (well), मैं तुम्हें कहानी कह रहा हूँ। एक राजा था। उसे संतान नहीं थी। इसलिए वह बहुत दुःखी था। वह एक बहादुर पुत्र पाना चाहता था। वह इतना दुःखी था कि उसका जीवन उसके लिए एक बोझ हो गया था (became a burden for him)। उसने अनेक चिकित्सक तथा ओझा (necromancer, sorcerer, wizard) से परामर्श किया, परंतु सभी व्यर्थ (useless) सिद्ध हुए (proved)। एक दिन वह राजा शिकार के लिए जंगल गया। वहाँ उसने एक साधु को देखा। साधु बहुत बूढ़ा और कमजोर था। फिर भी वह कड़ी धूप में (in the scorching sun) काम कर रहा था। राजा ने कहा, "आप बहुत बूढ़े और कमजोर हैं। धूप बहुत झुलसानेवाली (scorching) है। फिर भी आप काम क्यों कर रहे हैं ? क्या आप बहुत गरीब हैं ? अगर आप अभाव में (in need/scarcity) हैं, तो मैं आपकी मदद करूँगा।" साधु ने जवाब दिया, "क्या एक बूढ़ा और कमजोर व्यक्ति जो धूप में काम कर रहा हो, अभाव में हो सकता है ? चूँकि मैं बूढ़ा हूँ, मैं ज्यादा-से-ज्यादा काम करना चाहता हूँ ताकि (so that) मुझे जो जीवन मिला है उसकी कीमत चुका दूँ (I may pay for the life I have been blessed with)। तुम मेरी मदद कैसे कर सकते हो, राजन ?" राजा जवाब न दे सका (couldn't reply)। कुछ देर के बाद राजा ने पूछा, "महात्मा, जब आप इतनी मेहनत करते हैं तो अभी तक आपने क्या पाया है ?" साधु ने कहा, "मैंने अपने जीवन में इतना पाया है कि तुम जो भी माँगोगे, मैं तुम्हें दे सकता हूँ। मेरे पास सब कुछ है।" राजा ने कहा, "अगर यह सही है तो मुझे एक संतान दे दो, जिसके बिना मेरा भविष्य अंधकार में है।" साधु ने जवाब दिया, "मैं तुम्हें वह दे सकता हूँ जो तुम्हारे पास नहीं है, परंतु तुम्हें तो हजारों संतानें हैं। वह माँगो जो तुम्हारे पास नहीं है (ask for what you don't have)।" राजा की आँखें खुल गईं (The king felt the truth)। वह समझ गया कि उसकी प्रजा (subjects) ही उसकी संतानें हैं। अब उसे कोई समस्या नहीं थी।

Hints: पसंद करना—to like, to prefer, परामर्श करना—to advise, चूँकि—since, माँगना—to ask, भविष्य—future, अंधकार में—in dark.

Exercise 259

Translate into English—

वह झूठ बोला करता है। क्या वह नहीं जानता कि झूठ बोलना पाप है? वह जानता है, फिर भी (even then/so) वह झूठ बोलता है, क्योंकि यह उसकी आदत बन गई है। एक दिन उसे इसके लिए पछताना पड़ेगा। क्या सच बोलना कठिन है? सच बोलना उनके लिए कठिन नहीं जो अच्छे हैं। जो सच बोलते हैं वे आदर पाते हैं। वे आंतरिक (internal/inner) संतुष्टि महसूस करते हैं। सच बोलना अपने आप में (in itself) एक इनाम (reward/award) है। क्या आप कभी झूठ बोले हैं? एक बार मैं झूठ बोला था। इसके लिए पिताजी ने मुझे पीटा था। तब से मैं झूठ नहीं बोलता।

Hints: झूठ बोलना—to tell a lie, पाप—sin, आदत—habit, पछताना—to repent, सच बोलना—to speak the truth, कठिन—difficult, आदर—respect, honour, महसूस करना—to feel, तब से—since then.

Exercise 260

Translate into English—

आपके कितने दोस्त थे? मुझे याद नहीं है कि मेरे कितने दोस्त थे। सच तो यह है कि मेरा कोई दुश्मन नहीं रहा है। अतः सभी लोग मेरे दोस्त थे और हैं। क्या यह आवश्यक है कि अगर तुम मेरे दुश्मन नहीं हो तो तुम मेरे दोस्त हो? एक अपरिचित (stranger) जो तुम्हारा दुश्मन नहीं है, तुम्हारा दोस्त भी नहीं है। तुम अपने रास्ते से सही हो। मैं अपने रास्ते से (in my own way) सही हूँ। क्या तुम उस अपरिचित की मदद नहीं करते जो अभाव में रहता है और तुम्हारे अनुसार (according to you) तुम्हारा दोस्त नहीं है? एक मनुष्य जन्म और स्वभाव से प्रत्येक मनुष्य का दोस्त है। अगर वह किसी का दुश्मन बनता है, तो इसके लिए उसे प्रयास करना पड़ता है। दोस्ती (friendship) के लिए हमें प्रयास की जरूरत नहीं है। हम सभी दोस्त हैं। हम सभी एक ही ईश्वर (God) की संतान हैं।

Hints: याद करना—to remember, सच—truth, fact, आवश्यक—essential, necessary, दुश्मन—enemy, adversary, जन्म और स्वभाव से—by birth and nature, प्रयास करना—to try, to make an effort.

Exercise 261

Translate into English—

तुमने क्या किया है? तुमने सुबह से क्या किया है? मैंने सुबह से कुछ नहीं किया है। क्या करने के लिए कुछ नहीं है? करने के लिए बहुत कुछ है, परंतु उनके लिए जो कुछ करना चाहते हैं। मैं कुछ करना नहीं चाहता। तुम कुछ करना क्यों नहीं चाहते? मुझे कुछ करने की जरूरत नहीं है। मेरा भाई हमेशा खेलता और खाता रहता है। अगर वह काम नहीं करेगा, तो मैं

भी काम नहीं करूँगा। तुम्हारा भाई भी यही कहता है। वह काम नहीं करता है, क्योंकि तुम काम नहीं करते। मैं तुमसे कुछ सवाल (question) करता हूँ। तुम दोनों (both of you) काम क्यों नहीं करते? तुम पहले शुरू क्यों नहीं करते ? तुम गलत कार्य की नकल क्यों करते हो? क्या तुम मर जाओगे अगर वह मर जाए?

Hints: (सवाल) करना—to ask, नकल करना—to imitate.

Exercise 262

Translate into English—

तुम वर्षों से क्या कर रहे हो ? मैं वर्षों से अध्ययन कर रहा हूँ। क्या तुमने कभी (ever) मुंबई जाने को सोचा है ? हाँ, मैंने सोचा है, परंतु मैं कभी नहीं जा पाऊँगा। तुम्हारे दोस्त क्या करना चाहते हैं? वे इस वर्ष परीक्षा देना चाहते हैं। क्या तुमने गत वर्ष परीक्षा दी ? मैंने परीक्षा नहीं दी। क्या आप नहीं जानते कि श्याम का भाई कल दिल्ली से आ रहा है ? किसी ने मुझसे नहीं कहा है कि वह कल आ रहा है। लोग कहते हैं कि तुम एक बुरे आदमी हो, परंतु जैसा कि (as) मैं समझता हूँ तुझमें कोई बुराई (evil, vice) नहीं है। किसमें खामियाँ नहीं हैं ? कौन इस बात को नहीं जानना चाहता है ? तुमने किससे बात की ? क्या तुम जानते हो कि वह किस ट्रेन से आ रही है ? क्या यह सही नहीं है कि इस दुनिया में कोई गरीब नहीं रहेगा ? तुम जैसा करोगे, वैसा पाओगे। तुम्हें यह काम अवश्य करना पड़ेगा। तुम कुछ नहीं जानते, परंतु तुम्हें यह जानना पड़ेगा। आप पटना कब जानेवाले हैं ? मैं जानेवाला नहीं हूँ, परतु मुझे जाना होगा। क्या इस समाज में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो ईमानदार बनना चाहता हो ? अगर आप जानना चाहते हैं कि किसने इस काम को किया है, तो आपको इसके लिए मेरे भाई से मिलना होगा। अगर तुम अच्छे अंक प्राप्त करना चाहते हो, तो तुम्हें मेहनत करनी होगी। क्या मेरे आने के पहले घंटी बज चुकी थी ? क्या वे अच्छे विद्यार्थी नहीं रहे है ? क्या तुम सुबह से व्यस्त हो ? हाँ, मैं व्यस्त रहा हूँ, क्योंकि मेरी परीक्षा निकट (at hand) है।

Hints: अध्ययन करना—to study, सोचना—to think, नहीं जा पाऊँगा—shall not be able to go, खामियाँ—demerits, बात करना—to talk.

Exercise 263

Translate into English—

क्या वह आएगा तो तुम्हारे लिए कुछ लाएगा ? वह कुछ अवश्य लाएगा। चूँकि वह मुझे बहुत प्यार करता है, वह उस चीज को लाएगा जो मैं पसंद करता हूँ। क्या तुम कल जाना चाहते हो ? अगर मौसम अच्छा रहा, तो मैं अवश्य जाना चाहूँगा। तुम यह जानते हो कि यह काम ठीक नहीं है, फिर क्यों यह करते हो? क्या तुमने कभी पढ़ने की कोशिश की? मैं समझता हूँ कि वह बहुत तेज रहा है, लेकिन उसने अपने जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं किया है (has obtained nothing)। वह सभी को ठगता रहा है, लेकिन सच तो यह है कि उसने अपने आपको ठगा है। किसने उसे पीटने की कोशिश की है ? कौन आया ? कौन जाएगा ? तुम कितना पानी पीओगे ? कितने दिन मुझे तुम्हारे बिना बिताने पड़ेंगे ? कौन जानता है कि इस देश में कितने आदमी हैं ? कौन जानता है कि भगवान् कहाँ रहते हैं ? तुमने कैसे सोचा है कि मैं तुम्हें ठगता रहा हूँ ? तुम कुछ नहीं कर रहे हो। मैं तुमसे मिलना चाहता था, परंतु नहीं मिला क्योंकि मेरे जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं थी। क्या कहने के लिए कुछ है ? तुम किस होटल में ठहरने जा रहे हो ?

Hints: पसंद करना—to like/to prefer, मौसम—weather, ठगना—to cheat, to deceive, to dupe, बिताना—to pass, to spend, ठहरना—to stay.

Exercise 264

Translate into English—

वह गाय क्यों नहीं रखता है ? तुमने कुछ नहीं किया है न ? अगर कोई आएगा, तो मैं तुम्हें खबर करूँगा (shall inform you)। अगर वर्षा होगी, तो किसान खुश रहेंगे। अगर तुम कुछ करना चाहते हो, तो तुम्हारे पास काम का अभाव (lack of work) नहीं रहेगा। तुम वर्षों से मेहनत कर रहे हो, परंतु मैं समझता हूँ कि तुम्हारा तरीका गलत रहा है, क्योंकि तुम सफल नहीं रहे हो। क्या किया जाए यह तय नहीं है। क्या खाएँ यह एक समस्या है। राम ईमानदार है यह गलत नहीं है। क्या जो बच्चा तुम्हारे घर में सो रहा है तुम्हारा बेटा नहीं है ? जो पढ़ता है सो पास करता है। अगर तुम अच्छे हो, तो एक दिन तुम्हें इनाम मिलेगा। क्या जिस मेज पर तुम खा रहे हो वह मेरी नहीं है ? राम, जो कल लंदन से आ रहा है, तुमसे मिलना चाहेगा। मेरे पति, जो कल आ रहे हैं, मेरे लिए साड़ियाँ लाएँगे।

Hints: तरीका—manner, method, practice, the way of doing.

Exercise 265

Translate into English—

एक दिन मैं सुबह में टहल रहा था। मेरे सिवा (except me/apart from me) सड़क पर कोई नहीं था। कुछ पक्षी पेड़ों पर गा रहे थे। मै बहुत प्रसन्न था, क्योंकि मेरे चारों ओर (all around, on all/every sides) शांति थी। मैं भी गाना गाना चाहता था। मेरे साथ मेरा कुत्ता भी टहल रहा था। मैं मधुर गाना गाना नहीं जानता था। मेरी आवाज मीठी नहीं थी। मैं लोगों के सामने गाना नहीं गाता था। जब मैंने देखा कि कोई नहीं है, तो मैं गाने लगा। ज्योंही मैंने गाना गाना शुरू किया, मेरा कुत्ता भूँकने लगा। हो सकता है कि मेरा कुत्ता यह नहीं समझ सका कि मैं ही तो गाना गा रहा था। यह भी हो सकता है कि उसे मेरा गाना पसंद नहीं आया, इसलिए वह भूँकने लगा।

Hints: शांति—peace, calmness, मधुर—sweet, melodious, pleasant.

Exercise 266

Translate into English—

क्या तुम तैयार होना नहीं चाहते ? क्या तुम स्कूल में पढ़ने के लिए नहीं जाओगे ? अगर तुम स्कूल नहीं जाओगे, तो तुम्हारे पिताजी तुम्हें पीटेंगे। अगर तुम नहीं पढ़ोगे, तो तुम्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा (will have to face difficulties)। आखिर (after all) तुम पढ़ना क्यों नहीं चाहते ? क्या तुम नहीं जानते कि जो शिक्षित (literate) नहीं हैं, वे वास्तव में आदमी नहीं हैं ? एक अनपढ़ (illiterate) आदमी बिना पूँछ का जनवर होता है। अगर तुम पढ़ना नहीं चाहते, तो तुम क्या करना चाहते हो ? मात्र खेल जिसे तुम पसंद करते हो तुम्हें कुछ नहीं देगा। यह सही है कि खेलना आवश्यक है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं (It does not mean that) कि तुम नहीं पढ़ो (you should not read)। जीवन का लक्ष्य (aim) ज्ञान की प्राप्ति करना (to acquire knowledge) है।

Exercise 267

Translate into English—

मैं यह हमेशा सोचता हूँ कि आदमी, आदमी को क्यों मारता है। हम किसी को मारकर क्या पाते हैं ? क्या पैसा ही हर चीज है ? एक आदमी जो किसी दूसरे को मारने जा रहा है, क्यों नहीं सोचता कि वह कितना दर्द (pain) महसूस करेगा जब कोई उसे मारेगा ? इस बात को कोई नहीं समझता कि किसी को जान से मारना गलत है। अगर हम किसी मरे हुए व्यक्ति का जीवन वापस नहीं ला सकते, तो हमें किसी को मारने का भी अधिकार (right) नहीं है।

Exercise 268

Translate into English—

तुम क्यों रो रहे हो ? तुम किसके लिए रो रहे हो ? क्या तुम जानते हो कि रोना अच्छी बात नहीं है ? अगर तुम रोओगे, तो कुछ नहीं पाओगे। तुमने क्या खोया है ? तुमने सुबह से कुछ खाया है या नहीं ? तुम स्कूल क्यों नहीं गए हो ? क्या तुम सुबह से रो रहे हो ? मैं रो रहा हूँ, क्योंकि मैंने अपनी किताब खो दी है। तुमने किताब कहाँ रखी थी ? तुमने कब खोई ? मैंने कल खोई है। तुम कहाँ जा रहे थे ? मैं जा नहीं रहा था; मैं सोहन के साथ खेल रहा था। मैंने किताब घास पर रख दी थी। जब खेल समाप्त हो गया, मैंने देखा कि किताब वहाँ नहीं है। मैं चिल्लाया, रोया, परंतु किताब नहीं मिली। क्या तुम सोचते हो कि अगर तुम रोओगे तो किताब वापस आ जाएगी ? चूँकि तुम एक लापरवाह (careless) लड़के हो, तुमने अपनी किताब खो दी है। यह तुम्हारी अपनी गलती है।

Hints: खोना—to lose, समाप्त होना—to end/over, चिल्लाना—to cry, मिलना—to get back.

Exercise 269

Translate into English—

कौन तुम्हारी पुस्तक है ? कौन तुम्हारा भाई है ? क्या ये तुम्हारी हैं ? मेरा क्या है ? यह उसकी है। यह कैसे हमलोगों की नहीं है ? क्या तुम अपना काम करना नहीं चाहते ? क्या लता गाना गाना जानती है ? क्या वह आज गाएगी ? लता भारत की सबसे अच्छी गायिका कैसे है ? उस लड़के को कौन पीटेगा ? कौन जानता है कि कौन आएगा ? क्या पेड़ पर बंदर नहीं हैं ? कितने लड़के इस स्कूल में हैं ? चार बजकर दस मिनट हुआ है। क्या तुझमें और मुझमें कोई अंतर (difference) नहीं है ? तुमने कौन-सी पुस्तक खरीदी है ? क्या दूध गरम नहीं है ? क्या लड़के तुम्हें पीटने आ रहे हैं ? क्या वह नहीं खेलता रहेगा ? नहीं, वह खेल चुका रहेगा। मैं जानता हूँ कि तुम परीक्षा नहीं दोगे। अगर तुम परीक्षा दोगे तो पास नहीं करोगे। क्या भगवान् हमलोगों को प्यार नहीं करते ? क्या तुम ईश्वर में विश्वास नहीं करते (believe in God) ?

Exercise 270

Translate into English—

क्या तुम मछली खाना पसंद करते हो ? अगर मैं कहूँ कि मैं मछली खाना पसंद करता हूँ, तो क्या तुम मुझे खाने के लिए मछली दोगे ? नहीं, मैं तो सिर्फ यह जानना चाहता हूँ। मैं तुम्हें मछली नहीं देने जा रहा हूँ। अगर तुम मछली खाना पसंद करते हो, तो मैं तुम्हारे सामने (before you) मछली नहीं खाऊँगा। अच्छा, तो यह बात है। क्या घर में मछली है ? नहीं, मैं मछली खरीदने जा रहा हूँ। यहाँ कुछ नहीं है। क्या आज वर्षा होगी ? क्या आज सोमवार है ? कल तुमने क्या खाया ? कल से मैंने कुछ नहीं खाया है। तुम झूठ तो नहीं बोल रहे हो, न ? मैं झूठ नहीं बोलता। और, सच तो यह है कि मैं झूठ बोलना नहीं जानता। जो झूठ बोलते हैं, मैं उन्हें पसंद नहीं करता।

Exercise 271

Translate into English—

आप क्या बनने जा रहे हैं ? क्या तुम एक किसान बनने की कोशिश करोगे ? क्या लोग जानते हैं कि मैं नेता बनूँगा ? तुम कैसे नहीं जानते कि वह तैयार क्यों नहीं है ? कौन आएगा ? किसने यह काम किया है ? क्या वे तैयार नहीं थे ? क्या चाय गरम नहीं थी ? क्या तुम्हारे पिता एक एस॰ डी॰ ओ॰ नहीं थे ? क्या तुम्हारे पास मेरे लिए समय नहीं है ? क्या कक्षा में लड़के नहीं हैं ? तुम किस घर में रहना चाहते हो ? तुम किस ट्रेन से जानेवाले हो ? क्या तुम जानते हो कि वह किस ट्रेन से आई ? तुम्हारे पास कितनी कलमें थीं ? तुम्हें वहाँ कब और क्यों जाना पड़ा ? आपको कल कहाँ जाना था ? क्या बच्चे मेरे आने के पहले सो चुके थे ? वह मुझसे मिलने के पहले क्यों हिम्मत हार चुकी थी (had lost her heart)? क्या वह तुमसे मिली ? कितने दिन बीत चुके हैं (have passed)? तुम कब से यह काम कर रहे हो ? क्या तुम जानते हो कि श्याम एक तेज विद्यार्थी रहा है ? क्या तुम

एक अच्छे विद्यार्थी नहीं रहे हो ? वह कैसे वर्षों से व्यस्त रही है ? क्या आपका बेटा पढ़ना नहीं चाहता ? अगर वह पढ़ना नही चाहता, तो क्या करना चाहता है ? मैं नहीं जानता कि वह क्या करना चाहता है और क्यों नहीं पढ़ना चाहता। क्या तुम चाय बनाना जानती हो ? मैं चाय बनाना जानती हूँ, किंतु तुम्हारे लिए चाय नहीं बनाऊँगी।

Exercise 272

Translate into English—

क्या वहाँ साँप नहीं था ? वहाँ एक साँप था, मगर मैंने कुछ नहीं देखा। तब तुम कैसे जानते हो कि वहाँ एक साँप था ? लोग कहते हैं कि वहाँ एक साँप रहता था। मैंने नहीं देखा, इसका अर्थ यह नहीं है (it does not mean) कि वहाँ साँप नहीं था। इस कप में कितना पानी है ? इस कप में 5 ग्राम पानी है। क्या इस समाज में कोई बहादुर व्यक्ति नहीं है ? इस फिल्म की हिरोइन कौन थी ? क्या तुमने उसे पसंद किया ? मैंने उसे पसंद किया, मगर उसके अभिनय (acting) को पसंद नहीं किया। तुम्हारे परिवार में कितने बच्चे हैं ? मेरे परिवार में एक भी बच्चा नहीं है। क्या आप वहाँ जाया करते थे ? क्या आप रामायण पढ़ा करते हैं ? क्या तुम नहीं जानते कि चोरी करना अपराध है ? जो चोरी करते हैं वे जीवन में कुछ नहीं कर सकते। वे बराबर चोरी ही करते रहेंगे और अंत में पाएँगे कि उन्होंने अपने जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं किया है।

Hints: साँप—snake, समाज—society, चोरी करना—to steal, प्राप्त करना—to obtain.

Exercise 273

Translate into English—

क्या गरीब गरीब रहेंगे ? क्या कोई उनकी मदद नहीं करेगा ? मैं जानता हूँ कि तुम गरीब नहीं हो। इस दुनिया में कोई गरीब नहीं है। तुम गरीब हो, क्योंकि तुम सोचते हो कि तुम गरीब हो। अगर तुम कड़ी मेहनत करोगे, तो तुम गरीब नहीं रहोगे। दो साल पहले (ago) मैं बहुत गरीब था, परंतु अब मैं धनी हूँ। मुझे कोई कठिनाई नहीं है। क्या तुम नहीं जानते कि भगवान् उसकी मदद करते हैं जो स्वयं की मदद करते हैं ? अगर तुम मेहनत करते रहे, तो सफलता तुम्हारी होगी। तुम्हें धनी बनने से कोई नहीं रोक सकता अगर तुम अपनी मदद करते हो। तुम जानते हो कि किसी ने मेरी मदद नहीं की, फिर भी (yet) मैंने सफलता हासिल की। अगर तुम बैठे रहोगे, तो तुम्हें क्या मिलेगा ? तुम कुछ नहीं पाओगे। क्या आप यह काम करने के लिए वहाँ रहेंगे ? क्या मेहनती के लिए कोई जगह नहीं है ?

Exercise 274

Translate into English—

आपको मुझे काम देना पड़ेगा। आपको जाना था। आप कब जाने को थे ? क्या सीता और गीता काम कर रही थीं ? उन्होंने क्या किया है ? तुमने कितनों

को पीटा है ? क्या मेरे आने के पहले वे जा चुके थे ? आपके पास क्या रहेगा ? कौन जानेगा कि तुमने उसके लिए अपनी जान दी है ? महात्मा गाँधी को कौन याद नहीं करेगा ? कौन मुझे धमकी देगा (will threaten/menace) ? सप्ताह में कितने दिन होते हैं ? क्या कोई खतरा (danger) है ? क्या भारत में कोई अच्छा नेता नहीं है ? क्या भारत के नेता ईमानदार नहीं हैं ? क्या भारत को एक अच्छा नेता नहीं होगा ? मैंने सुना है कि वे भारत की प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रही हैं। क्या तुम नहीं जानते कि मेरा क्या नाम है और मैं क्या करता हूँ ?

Exercise 275

Translate into English—

कौन है ? मैं ही तो हूँ। तुम कौन हो ? क्या तुम नहीं जानते कि मैं कौन हूँ ? मैं तुमसे अनेक बार मिल चुका हूँ। मैं तुम्हारे दोस्तों में से एक हूँ। तुम क्यों आए हो ? मैं तुम्हारी मदद करने आया हूँ। मुझे किसी की मदद की जरूरत नहीं है। मैं जानता हूँ कि तुम मेरी मदद करने नहीं आए हो। तुम मुझसे मदद लेने आए हो। अगर तुम यह समझते हो कि मैं तुम्हारी मदद करने नहीं आया हूँ तो यह तुम्हारी भूल है। तुम कैसे समझते हो कि मैं तुम्हारी मदद नहीं करूँगा ? कोई भी किसी की मदद कर सकता है। तुमने कितनों की मदद की है ? क्या तुम्हारे पास उन सभी व्यक्तियों की सूची है जिनकी तुमने मदद की है ? क्या तुम जानते हो कि मैं क्या चाहता हूँ ? क्या तुमने कभी सोचा है कि तुम उनकी मदद कैसे करोगे जिन्हें तुम्हारी मदद की जरूरत नहीं है ? क्या मेरे आने के पहले वह नहीं सो चुकेगा ? क्या वह तुम्हारी है ? ये किसके हैं ? मैं यह जानना चाहता हूँ कि इस शब्द का क्या अर्थ है। क्या तुम वह जानना नहीं चाहते जो तुम नहीं जानते हो ?

Exercise 276

Translate into English—

तुम अँगरेजी जानते हो न ? सीता गई न ? आप आएँगे न ? क्या करने के लिए कुछ नहीं है ? तुमने कैसे जाना है कि मैं तुम्हें पीटना चाहता हूँ ? मैं तुमसे यह पूछना चाहता हूँ कि तुम क्या हो। सीता यह क्यों जानना चाहती है कि मैं वहाँ क्यों गया ? मैं नहीं जानता कि वह कहाँ रहती है और क्या करती है। क्या तुम जानते हो कि इस नदी में कितना पानी है ? मैं कैसे जान सकता हूँ कि इस नदी में कितना पानी है ? तुम्हें वहाँ क्यों जाना पड़ेगा ? क्या उसे एक दिन पछताना पड़ेगा ? यह कहना मुश्किल है (it is difficult to say) कि वह क्या करने जा रहा है। तुमने जो करना चाहा है वह उचित (proper/right) नहीं है।

Hints: कितना पानी—how much water, पछताना—to repent.

Exercise 277

Translate into English—

कल मैं आपके यहाँ जाना चाहता था, किंतु नहीं गया क्योंकि जोर से (heavily)

